3 राजधानी
पुलिस कमिश्नर को जान से मारने की धमकी

6 अभिमत
केरल में घटा कांग्रेस का जनाधार

10 स्पोर्ट्स
विहारी की जगह ले सकते हैं जडेजा

11 विदेश
रक्षा बजट बढ़ाएगा जापान

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 64
लखनऊ, मंगलवार, 22 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



सारा अली खान अपने कॅरियर से संतुष्ट
विविध-12

www.dailypioneer.com

# भारत समेत 12 देशों ने ब्रिटेन आने जाने वाली उड़ानों पर लगाई रोक

## कोरोना के नए स्वरूप से दहशत

● 23 से 31 दिसंबर तक रहेगी पाबंदी, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा- हालात पर नजर, घबराने की जरूरत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोनो** वायरस के एक नए स्ट्रेन के फैलने से पैदा हुए डर के बीच भारत समेत 12 देशों ने ब्रिटेन से आने और जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी है। फ्लाइट पर ये प्रतिबंध 23 से 31 दिसंबर तक लागू रहेंगे। कोरोना का यह नया रूप पहले वाले से 70 प्रतिशत अधिक खतरनाक बताया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि अधिकारी मामले में कड़ी नजर रख रहे हैं और किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार इसे लेकर पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार रात 11 बजकर 59 मिनट तक ब्रिटेन से भारत आने वाले सभी यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही अनिवार्य रूप से आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना होगा। इसमें जो लोग पॉजिटिव पाए जाएंगे, उन्हें संस्थागत क्वॉरंटीन भेजा जाएगा जबकि अन्य लोगों को सात दिन तक होम आइसोलेशन में रहना होगा। फ्रांस, कनाडा, जर्मनी, बेल्जियम, इटली, नीदरलैंड, आस्ट्रिया, आयरलैंड, बुल्गारिया, डेनमार्क, स्वीडन, स्विटजरलैंड जैसे कई बड़े यूरोपीय देशों के साथ कनाडा, कुवैत, कोलंबिया, मोरक्को, ईरान, तुर्की और इजराइल आदि ने भी ब्रिटेन से सभी तरह की उड़ानों पर ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

### कोरोना के नए प्रकार पर भी प्रभावी होगा टीका

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के महानिदेशक शेखर मांडे ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस का टीका वायरस के बदले स्वरूप के खिलाफ भी उतना ही कारगर होगा और घबराने की कोई वजह नहीं है।उन्होंने कहा कि वायरस के नए प्रकार एन501वाई तुलनात्मक रूप से 'तेजी से फैलता' है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह ज्यादा घातक है और लोगों की यह जान ले लेगा। मांडे ने कहा, 'ऐसी संभावना है कि एंटीबॉडीज जैसे कुछ पहलुओं पर अंतर होगा लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि टीका निष्प्रभावी हो जाएगा। वायरस के स्वरूप में बदलाव के बावजूद टीका समान रूप से प्रभावी ( शेष पेज 9 )

# प्रदेश में 28 नई नगर पंचायतों का सृजन

● 12 नगर पंचायतों, 9 नगर पालिका परिषदों का भी सीमा विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पंचायत** चुनाव से पहले सरकार अपने सभी समीकरण दुरुस्त करना चाहती है। इसके लिए सरकार ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए 58 निर्णय लिए जिसमें 28 नई नगर पंचायतों का गठन किया गया और 12 नगर पंचायतों, 9 नगर पालिका परिषदों का भी सीमा विस्तार करने के फैसले का मंजूरी दी गई। सरकार ने गोरखपुर शहर की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए गोरखपुर विकास क्षेत्र की सीमा बढ़ाने का फैसला किया है। इसमें तीन नगर पंचायतों पीपीगंज, मुंडेरा बाजार व पिपराईच के साथ 233 गांवों को शामिल किया गया है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण सीमा में अक्तूबर 1975 में कुल 180 गांव शामिल गए गए थे। सितंबर 2019 में 17 राजस्व गांव विकास प्राधिकरण के औद्योगिक विकास प्राधिकरण गोरखपुर में चले गए। इसके बाद गोरखपुर विकास सीमा क्षेत्र में शेष 163 गांव बचे। प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने बताया कि नगर विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अभूतपूर्व निर्णय लिए गए हैं और बढ़ते शहरीकरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कैबिनेट की बैठक में 28 नई नगर पंचायतों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा 12 नगर पंचायतों की सीमा में विस्तार को मंजूरी दी गई है तथा 9 नगर पालिका परिषदों का सीमा विस्तार भी स्वीकृत किया गया है। उन्होनें बताया है कि राज्य के दो प्रमुख नगरों गोरखपुर और वाराणसी के सीमा में भी विस्तार प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है।

यूपी में दिसम्बर 2019 से पूर्व कुल 652 नगरीय स्थानीय निकाय थीं। जिनमें 17 नगर निगम, 198 नगर पालिका परिषद एवं 437 नगर पंचायते थी। दिसम्बर 2018 में 56 नई नगर पंचायतों का सृजन किया गया एवं 41 नगर निकायों का सीमा-विस्तार किया गया तथा 2 नगर पंचायतों सिसवा बाजार महराजगंज एवं नगर पंचायत मंझनपुर कौशाम्बी का उच्चीकरण कर नगर पालिका परिषद का गठन कर शहरी क्षेत्र में वृद्धि की गई। इसी प्रकार दिसम्बर 2020 में कुल 276 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए 28 नई नगर पंचायतों का सृजन किया गया। 77 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए 12 नगर पंचायतों का सीमा विस्तार किया गया। कुल 102 राजस्व ग्रामों को नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित करते हुए 9 नगर पालिका परिषदों की सीमा का विस्तार किया गया तथा नगर निगम गोरखपुर के 1 राजस्व ग्राम एवं नगर निगम वाराणसी में 9 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुए नगर निगम की सीमा का विस्तार किया गया। इस प्रकार वर्तमान में प्रदेश में 518 नगर पंचायतों, 200 नगर पालिका परिषदों एवं 17 नगर निगमों को मिलाकर कुल नगरीय निकायों की संख्या 735 हो गई है। नए निकायों के गठन, विस्तारीकरण के पश्चात नगरीय जनसंख्या में 905700 की वृद्धि तथा नगर निकायों के क्षेत्रफल में 57474 हेक्टेअर की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 31.16 प्रतिशत शहरी क्षेत्र है तथा उत्तर प्रदेश राज्य में मात्र 22 प्रतिशत शहरी क्षेत्र है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 के सर्वे में विश्व स्तर पर नगरीकरण 54 प्रतिशत है। इस पृष्ठ भूमि में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शहरीकरण की वृद्धि पर बल दिया जा रहा है ताकि शहरी क्षेत्रों में ( शेष पेज 9 )


# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र


पत्रांक–मु0चि0अ0 / आयु0यो0–विज्ञापन / 2020–21 / 697    दिनांक–21 दिसम्बर. 2020



मा0 प्रधानमंत्री
भारत सरकार

national health authority

## आयुष्मान भारत
### प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
### जनपद सोनभद्र



मा0 मुख्यमंत्री
उ0प्र0 सरकार

## जानिये आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना क्या है व कैसे मिलेगा लाभ

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष, 2011 के मतगणना के आधार पर सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र/परिवारों को प्रतिवर्ष 5–लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सालय/अस्पताल द्वारा प्रदान किया जाता है।

### कैसे पता करें अपनी पात्रता
- वर्ष, 2011 का राशन कार्ड को लेकर नजदीकी सूचीबद्ध सरकारी, प्राईवेट अस्पताल एवं जनसेवा केन्द्रों पर अपनी पात्रता पता करवा सकते हैं।
- स्मार्टफोन मोबाईल / कम्प्यूटर पर वेबसाईट mera.pmjay.gov.in पर जाकर भी अपनी पात्रता स्वयं पता की जा सकती है।
- टोल फ्री नं0–14555 एवं 180018004444 पर कॉल कर अपनी पात्रता की जानकारी ली जा सकती है।

### गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज
- माननीय प्रधानमंत्री जी का पत्र
- माननीय मुख्यमंत्री जी का पत्र
- राशन कार्ड
- आधार कार्ड

### गोल्डेन कार्ड कहाँ एवं कैसे बनवायें
- योजना से जुड़े सभी अस्पताल पर आयुष्मान भारत का गोल्डेन कार्ड निःशुल्क आरोग्य मित्र द्वारा बनाया जाता है।
- गाँव / शहर के नजदीकी जनसेवा केन्द्रों पर प्रति गोल्डेन कार्ड 30–रूपये शुल्क लिया जाता है।

### जनपद सोनभद्र में अपना ईलाज कहाँ करायें
- चयनित सरकारी एवं प्राईवेट अस्पतालों पर आरोग्य मित्र की तैनाती की गई है, केन्द्र पर आरोग्यमित्र का नाम व मोबाईल नं0
- सरकारी अस्पताल–1. जिला संयुक्त चिकित्सालय, लोढी, सोनभद्र, 2. सा0स्वा0के0–घोरावल, 3. सा0स्वा0के0–बभनी, 4. सा0स्वा0के0 म्योरपुर, 5. सा0स्वा0के0 दुद्धी, 6. सा0स्वा0के0–चोपन, 7. सा0स्वा0के0–नगवां, 8. प्रा0स्वा0के0–चतरा, 9, प्रा0स्वा0के0–ककराही, जनपद सोनभद्र।
- प्राईवेट अस्पताल – 1. आदित्य हास्पिटल राबर्टसगंज, 2. श्रेया हास्पिटल, राबर्टसगंज, 3. कीर्तिपाली हास्पिटल, राबर्टसगंज, 4. साई हास्पिटल, राबर्टसगंज, 5. साईनाथ हालिस्टिक हास्पिटल, 6. गुप्ता आईकेयर हास्पीटल, 7. नेशनल हास्पिटल, धर्मशाला रोड, राबर्टसगंज, 8. लाल बाल चिकित्सालय, राबर्टसगज, 9. सहारा हास्पिटल, राबर्टसगंज, 10. जनसेवा मसीहा हास्पिटल, 11. जीवनदीप हास्पिटल, राबर्टसगंज, 12. प्रभव हास्पिटल, राबर्टसगंज, 13. श्वेता हास्पिटल, राबर्टसगंज, जनपद सोनभद्र।

जनपद सोनभद्र में सहायता व असुविधा की स्थिति में आयुष्मान टीम गठित है, जिनसे सम्पर्क कर अपना ईलाज कराया जा सकता है।

डा0 स्नेहा मंजुल मो0–7017487171
श्री रजत मिश्रा मो0–6307777670
श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाहा मो0–9616356386

स्वास्थ्य आपका, साथ हमारा



डॉ.एस.के.उपाध्याय
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र



डॉ.अमित पाल शर्मा (IAS)
मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र



एस.राजलिगंम (IAS)
जिलाधिकारी, सोनभद्र


## भातखंडे संगीत संस्थान की कुलपति को राज्यपाल ने किया बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल व कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितता के आरोप में भातखंडे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. श्रुति सडोलिकर काटकर को कुलपति पद से बर्खास्त कर दिया है। प्रो. काटकर पर लगे आरोपों की जांच के लिए गठित कमेटी ने कुलपति को दोषी ठहराया है। कार्रवाई करते हुए राज्यपाल ने प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग को निर्देश जारी कर लगे आरोपों के एवज में अग्रतर आपराधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वैसे भी भातखंडे की कुलपति का कार्यकाल विवादास्पद रहा है। उनके ऊपर तमाम वित्तीय अनियमितता समेत अनुशासनहीनता आदि के आरोप लगे थे। जिसके बाद गवर्नर ने जांच होने तक उनको कार्य से विरत कर दिया था। संस्कृति विभाग द्वारा उनके खिलाफपर्याप्त साक्ष्य पाये गये थे। जिसके बाद 15 बिंदुओं पर जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी। जिसने अपनी रिपोर्ट ( शेष पेज 9 )

# पूर्वांचल को जल्द देंगे बाढ़ की समस्या का स्थाई हल: योगी

● मऊ में 136 करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा।** मऊ/लखनऊ

**पूर्वांचल** को एक से दो साल में बाढ़ की समस्या से स्थाई निदान मिल जाएगा। जल शक्ति विभाग 15 जनवरी 2021 से बाढ़ प्रभावित इन संवदेशनील इलाकों में समस्या का स्थाई निदान शुरू करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मऊ में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मऊ की जनसभा में कहा कि नदियों को एक व्यवस्थित चैनल देने की तैयारी है, ताकि वह अपने मार्ग से बह सकें। मुख्यमंत्री ने सोमवार को मऊ के विकास के लिए 136 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकापर्ण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मऊ ने अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व राजनेता दिए हैं। यह परियोजनाएं उनको ही समर्पित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान व महिलाओं को सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सरकार उत्तर प्रदेश को सबसे बड़े विकसित प्रदेश के रूप में बनाने का काम कर रही है। 6 से 4 लेन की सड़कों की प्रदेशवासी पहले कल्पना करते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस परिकल्पना को साकार करके दिखाया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे विकास की रीढ़ साबित होगा। एक्सप्रेस वे बनने के बाद पूर्वांचल के युवाओं को रोजगार के लिए अपना शहर छोड़कर कहीं जाना नहीं पड़ेगा। उनको अपने ही जिले में रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा ( शेष पेज 9 )

# भाजपा सांसद की पत्नी तृणमूल में गई, पति भेजेंगे तलाक का नोटिस

● सुजाता मंडल का आरोप चुनाव में पति सौमित्र खान को जिताने के लिए कई जोखिम उठाने के बावजूद पहचान नहीं मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**भाजपा** सांसद सौमित्र खान की पत्नी सुजाता मंडल खान भगवा खेमे को छोड़कर सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गईं। उनका दावा है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने पति को जिताने के लिए कई जोखिम उठाने के बावजूद उन्हें वाजिब पहचान नहीं मिली। इसके कुछ देर बाद ही सौमित्र खान ने कहा कि वह अपनी पत्नी सुजाता मंडल को तलाक का नोटिस भेज रहे हैं और उनसे अनुरोध किया कि वह अब उनका उपनाम इस्तेमाल नहीं करें। इससे पहले, पत्रकार वार्ता में, सुजाता मंडल ने आरोप लगाया कि भाजपा में नए-नए शामिल हुए, बेमेल और भ्रष्ट नेताओं को निष्ठावानों से ज्यादा तरजीह मिल रही है। टीएमसी सांसद सौगत रॉय और पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष की मौजूदगी में तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद सुजाता मंडल ने कहा, पति को संसद के लिए निर्वाचित कराने के वास्ते शारीरिक हमले झेलने समेत ( शेष पेज 9 )



कोलकाता में सुजाता मंडल (मध्य में) ने सांसद सौगत राय (दाएं) और वरिष्ठ नेता कुणाल घोष की उपस्थिति में थामा तृणमूल कांग्रेस का झंडा

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा नहीं रहे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा का कोरोना वायरस संक्रमण के बाद हुई स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण सोमवार को निधन हो गया। वह 93 साल के थे। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि यूरिनरी इंफेक्शन के बाद उन्हें एस्कॉर्ट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था, जहां वह वेंटिलर पर थे। सोमवार को उनका निधन हो गया। रविवार (20 दिसंबर) को ही वोरा का जन्मदिन था। वह गत अक्टूबर महीने में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे और कई दिनों तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती रहने के बाद उन्हें छुट्टी भी मिल गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति रामनाथ कोविद, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित अनेक नेताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। वोरा ने अपने पांच दशकों ( शेष पेज 9 )

# यूपी को वर्ष 2021 तक बनाएं फाइलेरिया मुक्त

## चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने किया मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2021 तक फाइलेरिया रोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने के लिए हम सबको एमडीए अभियान में फाइलेरिया रोधी दवाएं अवश्य खाना है। स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के 8 चयनित जनपदों में चलाये जा रहे इस अभियान का शुभारंभ सोमवार को सुल्तानपुर से किया।

स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी में प्रदेश सरकार कोविड.19 से लड़ने हेतु हर संभव कार्य निरंतर कर रही है, साथ ही हर व्यक्ति तक अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु वचनबद्ध भी हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया, जिसे हाथीपांव भी कहा जाता है, एक घातक रोग है जो कि मच्छर के काटने से फैलता है। फाइलेरिया के संक्रमण से सभी को, खासतौर से बच्चों को खतरा है। लेकिन इसकी रोकथाम संभव है और बचने का समाधान भी सरल है और सामुदायिक भागीदारी से ही हाथीपांव को हराकर कर हम अपने बच्चों को उज्जवल भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन जनपदों में एमडीए कार्यक्रम आज से शुरू किया जा रहा है, उन स्थानों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोविड.19 के आदर्श मानकों और दो गज की दूरी का अनुपालन करते हुए समुदाय के सभी लाभार्थियों को घर-घर जा कर नि:शुल्क दवाइयाँ खिलाई जायेगी। यह दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमें याद रखना है किए 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर, सभी को स्वास्थ्य कर्मी के सामने एमडीए दवाओं का सेवन करना है। इसी के साथ उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया कि अपने क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने में मदद करें ताकि लोग इन दवाओं को स्वीकार करें। स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने खुद फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर और लाभार्थियों को दवा का सेवन करवाकर अभियान का शुभारंभ किया, इसके साथ ही बैठक में उपस्थित विधायकों और जिलाधिकारी सहित सभी लोगों ने भी दवा का सेवन किया।

# राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत पांच लाख से अधिक परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में वर्ष 2017 से अब तक 1527.64 करोड़ की धनराशि व्यय करते हुए 5,09,213 परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सोमवार को यह जानकारी समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने दी है।

उन्होने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे निवासरत परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया महिला या पुरूष जिसकी आयु 18 वर्ष से 59 वर्ष तक हो अर्थात मृत्यु की तिथि तक आयु 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो की मृत्यु हाने पर मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता दिये जाने का प्राविधान है। उन्होने बताया कि इस योजना के तहत 30 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि विभागीय अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि इस योजना के तहत कोई भी आवेदन प्राप्त होता है तो उस पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए निराकरण कराया जाये।

शास्त्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को नि:शुल्क भोजन, आवासीय, वस्त्र, चिकित्सा, मनोरंजन आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होने बताया कि वर्ष 2016-17 में उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों में वृद्धाश्रम संचालित थे परन्तु वर्तमान सरकार वृद्धजनों के प्रति गम्भीर है और वृद्धजनों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नही होने पाये इसको ध्यान में रखते हुए वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में वृद्धाश्रम की स्थापना कर दी गयी है जिसमें वृद्वजनों को सभी आवश्यक सुविधाये प्रदान की जा रही हैं।

# किसान दिवस के रूप में मनेगा चरण सिंह का जन्मदिन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह का जन्मदिवस 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर सभी जनपदों में पार्टी की जिला इकाईयों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, हवन पूजन, विचार गोष्ठियां, चौपाल आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा अस्पतालों में फल वितरण व गरीबों को कम्बल आदि के वितरण का कार्यक्रम भी किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि इस सम्बन्ध में पार्टी की सभी जिला एवं महानगर इकाईयों को निर्देशित किया जा चुका है। चौ. साहब के जन्मदिवस पर प्रात: 10 बजे पार्टी मुख्यालय पर हवन पूजन तथा 11 बजे विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रालोद कार्यकर्ता अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं राज्यपाल ने मोतीलाल बोरा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा के आकस्मिक निधन की जानकारी मिलने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक की लहर दौड़ गयी और पार्टी मुख्यालय का ध्वज झुका दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, सचिन नाईक एवं बाजीराव खाड़े सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक सभा आयोजित कर स्व. मोतीलाल वोरा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई को मंजूरी

### ● सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के तहत लिए कई अहम निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य सरकार** ने सोमवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए उप्र कारागार प्रशासन एवं सुधार कार्यपालक अराजपत्रित सेवा नियमावली 1980 में तृतीय संशोधन नियमावली 2020 का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड स्थित होटल अलकनंदा परिसर में 100 कक्षों के नवीन पर्यटक आवास गृह के निर्माण की परियोजना के अंतर्गत उच्च विशिष्ठियों के तहत मंजूरी दी गई है। तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा संजीव कुमार सिंह के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई को मंजूरी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के फेज-2 के तहत संचालित की जाने वाली योजनाओं के धनराशि को अवमुक्त कराए जाने को मंजूरी, उप्र राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड को अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग के नियंत्रणधीन किए जाने का निर्णय, पुलिस विभाग में पूर्व निर्मित अवासीय और अनावसीय भवनों की निष्प्रयोज्य घोषित कर ध्वस्तीकरण कराए जाने की अनुमति और प्रदेश के कलेक्ट्रेट व तहसीलों तथा अन्य पुराने जर्जर राजस्व भवनों के पुनिर्माण कराए जाने के लिए ध्वस्तीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# निर्माण कार्य पूरा कराने को सम्बन्धित विभाग करें नोडल अधिकारी नामित

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा ईपीसी मोड के अन्तर्गत 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत के शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि धर्मार्थ कार्य विभाग के अन्तर्गत 386.70 करोड़ रुपये की लागत से श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर वाराणसी का सौंदर्यीकरण एवं विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक 28 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों के लिए समय-सारिणी निश्चित की जाए जिसके अनुसार सम्बन्धित नोडल अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक समीक्षा कर कार्य में प्रगति लायी जाए। जिन निर्माण कार्यों में डीपीआर के गठन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है।

# खुले में न सोये कोई, रैन बसेरों में कराएं गरीब व निराश्रितों के लिए इंतजाम: सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए आईजीआरएस के निस्तारण की स्थिति, राजस्व, खाद्य एवं रसद, कृषि, पशुधन व पर्यावरण आदि विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि इस समय भीषण शीतलहरी चल रही है। अत: कोई भी व्यक्ति खुले में न सोये। रैनबसेरों की व्यवस्थाएं दुरूरत रखें तथा उनका प्रचार-प्रसार कराएं कि यह नि:शुल्क व्यवस्था है कि जोकि गरीब व निराश्रितों के लिए शासन द्वारा की गयी है। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों एवं गौशालाओं का भी नियमित निरीक्षण कराया जाए बड़ी गौशालाओं का निरीक्षण जिलाधिकारी स्वयं करें तथा वहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर ठण्ड से बचाव व उनके इलाज की समुचित व्यवस्था रहे। गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि उन्हें गौ आश्रय स्थलों के लिए जो धन उपलब्ध कराया जाता है उसका समय से उपभोग प्रमाण पत्र भिजवाएं ताकि मांग प्राप्त होने पर तत्काल धन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जरूरी होने पर राज्य वित्त आयोग के बजट से गौ सेवक रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए गौशालाओं की स्थापना के लिए 147 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं जिससे 120 गौशालाएं खोली जा सकती हैं जिसके लिए जिलाधिकारी प्रस्ताव भिजवाएं। धान क्रय केन्द्रों के संचालन एवं धान व मक्के की खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक किसानों का धान क्रय केन्द्रों में आ रहा है सभी क्रय केन्द्र चालू रहेंगे। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि वह टास्क फोर्स गठित कर क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराते रहें तथा धान क्रय केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं व किसानों को सुविधाएं कराएं।

उन्होंने 15 दिसम्बर से प्रारंभ निर्विविवादित वरासत के मामलों को दर्ज करने के अभियान की प्रगति, वेटलैण्ड्स से कब्जा हटवाने के अभियान की प्रगति, एनजीटी के आदेशों के अनुपालन की स्थिति, समाज कल्याण व अल्पसंख्यक कल्याण के कार्यक्रमों की भी विस्तार से समीक्षा की।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कांग्रेस करेगी किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन

**लखनऊ।** किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश मध्यजोन के अध्यक्ष तरूण पटेल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि आगामी 23 दिसम्बर 2020 को किसान कांग्रेस द्वारा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश स्तरीय किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत को कांग्रेस के केन्द्रीय एवं प्रदेशीय वरिष्ठ नेता एवं किसान संगठनों से जुड़े किसान नेता सम्बोधित करेंगे। तरूण पटेल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हितों के खिलाफ अलोकतांत्रिक तरीके से पारित किये गये तीनों कृषि कानूनों से देश और प्रदेश का किसान आहत है और लगातार इन काले कानूनों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहा है। उन्होने कहा कि लगभग एक माह से देश भर के किसान दिल्ली सीमा पर इस भीषण ठंड में आन्दोलन कर रहे हैं।

# अडानी-अम्बानी के उत्पादों का बहिष्कार करें किसान: रामगोविंद

### ● किसान और कारपोरेट की लड़ाई में समाजवादी पार्टी हर कदम पर किसानों के साथ: नेता प्रतिपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि देश के प्रथम किसान प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसम्बर को समाजवादी साथी और किसान जहां कहीं हों, वहीं संकल्प लें कि खेती बारी और किसानीं को निगलने वाले कृषि कानून जब तक वापस नहीं होते हैं, हम अम्बानी अडानी समूह के उत्पादों का उपयोग नहीं करेंगे और इन समूहों के पेरोल पर निर्भर नेताओं के किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे।

अपने आवास पर सोमवार को मिलने आए समाजवादी पार्टी के नेताओं और किसानों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि भारत किसानों का देश है। इसे कारपोरेट का देश बनाने के लिए अडानी अम्बानी समूह और उनकी सरकार खेती बारी और किसानी को निगलने वाले कृषि कानून लाई है। इसे ध्यान में रखकर इन समूहों ने पहले से कम्पनियां गठित कर रखी हैं और गोदाम भी बनवा लिए हैं। इससे स्पष्ट है कि खेती बारी और किसानी को निगलने वाले इन कानूनों की जानकारी अम्बानी अडानी समूह को पहले से थी। नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि हम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में अडानी अम्बानी और उनकी सरकार के इस अभियान को किसी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। कारपोरेट और किसानों के बीच चल रहे इस समर में समाजवादी पार्टी हर कदम पर किसानों के साथ है।

# किसानों को डराना चाहती है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को संतकबीरनगर में हुई वर्चुअल रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसानों को डराना चाहती है। पर किसान डरने वाला नहीं है। तीन कृषि कानूनों के विरूद्ध किसानों का देश व्यापी आंदोलन जारी है। उनके साथ अन्याय हो रहा है। समाजवादी पार्टी भी उनके संघर्ष में साथ है। भाजपा जो कानून लाई है वह किसान विरोधी है और उससे कुछ पूंजीपतियों को ही लाभ मिलेगा। इस सरकार से किसान, नौजवान, व्यापारी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी परेशान है। भाजपा सरकार अब अंतिम सांसे ले रही है। जनता का सहयोग समाजवादी पार्टी के साथ है।

सन 2022 में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। श्री यादव ने रात में रैली के संयोजक सुनील सिंह की गिरफ्तारी को अवैध और निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करने से बाज आए। भाजपा का लोकतंत्र पर भरोसा नहीं है। हिरासत में मौतों और फर्जी एनकाउण्टरों पर मानवाधिकार आयोग राज्य सरकार को कई नोटिसें जारी कर चुका है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं से पूरे देश में बदनामी हो रही है। नौजवानों को नौकरी मिली नहीं। 4 लाख करोड़ का निवेश कहा हुआए पता नहीं। गोरखपुर में एम्स आयुर्विज्ञान संस्थान अभी तक बन नहीं पाया। अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ भाजपा ने बड़ा धोखा किया है। एमएसपी मिली नहीं। आय दुगनी हुई नहीं। धान की कीमत 1100 रूपये से ज्यादा नहीं मिली। क्रय केन्द्रों में खरीद नहीं हो रही है। लागत का ड्योढ़ा दाम भी नहीं मिला। किसान को मंहगी खादए डीजलए कृषि उपकरण खरीदने पड़ रहे हैं। धान की लूट हुई है। गन्ना किसानों को 4 वर्ष में भी बकाया राशि नहीं मिली। बिजली मंहगी है। भाजपा सरकार ने अपने शासन काल में एक यूनिट विद्युत उत्पादन नहीं किया। रोजगार नहीं है। कारखाने बंद हैं। विकास कार्य धुआं हो गए हैं। मुख्यमंत्री जी का किसानों से कोई मतलब नहीं है। भाजपा धोखे से सत्ता में आई है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जाति के आधार पर निर्णय लेती है। झूठे मुकदमें लगाती है। बदले की भावना से उत्पीड़न करती है। समाजवादी नेताओं को जेल में रखकर द्वेषवश पीड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों का सीधा सम्बंध खेती से है। समाजवादी झुकने या डरने वाले नहीं है। समाजवादी पार्टी अन्याय के विरूद्ध संघर्षरत है।

# छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना से प्रेरणा ले यूपी सरकार

### ● ललितपुर में गायों की मौत को लेकर कांग्रेस महासचिव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने जनपद ललितपुर में गायों की मौत को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर निशाना साधा है। प्रियंका वाड्रा ने सोमवार को पत्र में लिखा कि ललितपुर के सौजना से आई गोमाता के शवों की तस्वीरें देखकर मन विचलित हो गया है। अभी ये विवरण नहीं मिले हैं कि इन गायों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। लेकिन तस्वीरों से लग रहा है कि चारा पानी न मिलने की वजह से ही मौतें हुई हैं।

कांग्रेस महासचिव ने पत्र में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की योजना का हवाला देते हुए इसे बेहद अच्छा बताया है। उन्होंने कहा कि में वहां की सरकार ने इस मामले को गोधन न्याय योजना लागू कर बहुत अच्छी तरह से सुलझाया है। शायद उनसे उत्तर प्रदेश सरकार प्रेरणा ले सकती है और गाय के प्रति हम सब अपनी सेवा भावना को कायम रख सकते हैं। प्रियंका ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप भी गोवंश की सुरक्षा और भलाई चाहते हैं। इसलिए मैं आपको यह पत्र लिख रही हूं। ताकि हमारे प्रदेश में गोवंश के प्रति इस तरह का अत्याचार ना हो। उन्होंने कहा कि इन बातों से अवगत करना धार्मिक और नैतिक आधार पर उनकी जिम्मेदारी बनती है। प्रियंका ने लिखा कि दुखद यह भी है कि यह इस तरह की पहली तस्वीर नहीं है। इससे पहले भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी तस्वीरें आती रही हैं। हर बार इन पर कुछ देर के लिए चर्चा होती है। लेकिन, इन मासूम जानवरों की देखभाल के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। कांग्रेस महासचिव ने मुख्यमंत्री से कहा कि सत्ता में आने के समय आपने गोवंश की रक्षा और गौशालाएं बनवाने की बात की थी। लेकिन वास्तविकता यही है कि इस संदर्भ में आपकी घोषणाओं के बावजूद सरकार के प्रयास पूरी तरह से विफल रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं Astitva Bajpai पुत्र Shri Brijesh Bajpai जोकि मेरे दस्तावेज में गलत अंकित हो गया है। जिसे बदलकर ASTITV BAJPAI पुत्र BRAJESH KUMAR BAJPAI कर दिया जाये और भविष्य में मुझे व मेरे पिता जी को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2006 के प्रमाण-पत्र में मेरी माता का नाम अंग्रेजी में ATIQUN NISHAN अंकित है जो गलत है जबकि हिन्दी में मेरी माता का नाम अतीकुन निशा, अंग्रेजी में ATIKUN NISA है जो कि सही व शुद्ध है, जो भविष्य में लिखा पढ़ी में माना व समझा जाए। मो0 एहसान सुत मो0 इस्लाम निवासी बसौढ़ी, पोस्ट-के0एन0आई0, थाना- गोसाईगंज, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0)।

**सूचना**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे निवास सेक्टर-एच, थाना आशियाना से रतनखण्ड लखनऊ जाते समय मेरे एम.ए. अर्थशास्त्र माईग्रेशन प्रमाणपत्र की मूल प्रति कहीं गिर गयी है जिसका दुरूउपयोग गैरकानूनी माना जाय।

**प्रज्ञा बौद्ध** पुत्री श्री सियाराम
सेक्टर-एच, थाना आशियाना, लखनऊ

# इस सीजन आलू की खेती में बनेगा नया रिकार्ड

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को दी गयी नई तकनीक की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसान** खुशहाल तो प्रदेश खुशहाल। पिछले चार वर्षों से इसी सोच को केंद्र में रखकर चल रही योगी सरकार ने किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं। सरकार, खेत की तैयारी से लेकर बाजार तक किसान के साथ है। इसी क्रम में इस बार उद्यान विभाग ने गांव गांव जाकर किसानों को आलू की उन्नत खेती के तौर तरीकों की जानकारी दी। सीजन में बाजार भाव अच्छा रहने से किसानों ने इसमें रुचि भी ली। उम्मीद है कि इस बार भी सरकार और किसानों के प्रयासों से बंपर पैदावार होगी।

यूपी देश का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है। यहां देश के कुल उत्पादन का 35 प्रतिशत आलू पैदा होता है। प्रदेश में करीब 6.1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में आलू बोया जाता है। पिछले साल यूपी में 147.77 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ है। यूपी के अलावा, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, पंजाब और हरियाणा में बड़े पैमाने के किसान आलू की खेती करते हैं। कुछ साल पहले तक आलू की खेती करने वाले किसानों को आलू के उचित दाम नहीं मिलते थे, लेकिन अब यूपी में आलू की खेती किसानों के लिए पूरी तरह फायदे का सौदा होने लगी है। किसानों को आलू का वाजिब दाम मिले इसके लिए बहुराष्ट्रीय फूड एवं बेवरेज कंपनी पेप्सिको प्रदेश में 814 करोड़ रुपये के निवेश से एक नवीन आलू चिप्स उत्पादन इकाई स्थापित करने जा रही है। यह इकाई कोसी मथुरा में राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई करीब 35 एकड़ जमीन पर स्थापित की जाएगी। अगले वर्ष 2021 में शुरू होने वाली इसमें 1,500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोज़गार मिलेगा। ऐसा पहली बार है कि पेप्सिको द्वारा उत्तर प्रदेश में स्वयं एक ग्रीनफील्ड परियोजना की स्थापना की जा रही है। प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। प्रदेश में करीब 58 प्रतिशत जनसंख्या पर कृषि पर निर्भर है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का राज्य सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 26 फीसद ही है। इस आंकड़े के आधार पर ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालने के बाद राज्य में कृषि उत्पादन में इजाफा करने और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए तमाम फैसले लिए। किसानों के कर्ज को माफ़ करने के साथ ही सरकार ने किसानों को नई तकनीक के आधार पर खेती करने के लिए कृषि और उद्यान विभाग के अफसरों को गांव गांव भेजा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कृषि और उद्यान विभाग के अफसरों को कृषि उत्पादन में इजाफा करने के लिए किसानों की सहायता करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री के ऐसे निर्देशों के चलते ही इस बार उद्यान विभाग के अफसरों ने गांव गांव गए और किसानों से सामन्जस्य बनाकर तय समय सीमा में 31 अक्तूबर तक इसकी बुआई पूरी करवाई।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार 25000 का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने न्यायालय में पेशी के दौरान फरार हुए 25,000 के इनामी अपराधी अनिल कुमार गोंड उर्फ सोनू तोमर उर्फ लंगड़ा को जौनपुर से गिरफ्तार किया। एसटीएफ फील्ड इकाई वाराणसी की एक टीम अभिसूचना संकलन के लिए जौनपुर में मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि अपराधी अनिल कुमार गोंड उर्फ सोनू तोमर उर्फ लंगड़ा घर वालों से मिलने के लिए मुम्बई से आकर अपने गांव जा रहा है और थाना लाइन बाजार क्षेत्रान्तर्गत सिटी स्टेशन जौनपुर के आगे सड़क पर खड़ा है। एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर अनिल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि 1 दिसंबर 2017 को वह बाजार से घर आ रहा था कि गांव के बाहर ऑटो चालक महेन्द्र पटेल से उसका विवाद हो गया। इस दौरान उसने लोहे की राड से मारकर ऑटो चालक की हत्या कर दी थी।

# अटल की जयंती पर कल से 25 तक होंगे राज्य स्तरीय सांस्कृतिक आयोजन

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 97वीं जयंती के अवसर पर अटल जयन्ती समारोह मनाया जाएगा। राजधानी में विभिन्न स्थानों पर तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त लोक भवन परिसर में स्थापित अटल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि तथा अन्य कार्यक्रम होंगे। 23 से 25 दिसंबर तक होने वाले कार्यक्रमों में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन प्रस्तावित है। अटल जयंती को लेकर संस्कृति विभाग तैयारियां में जुटा है। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों से अटल के जीवन, संघर्ष और कविताओं आदि के बारे में लोगों को अवगत कराया जाएगा। अटल जयंती पर छात्र छात्राओं द्वारा उनकी कविताओं का पाठ, ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा ललित कला अकादमी द्वारा अटल पर आधारित चित्रकला व म्यूरल की कार्यशाला भी करायी जायेगी। बीएन द्वारा नाटक, एसएनए द्वारा नृत्य, संगीत व गायन, जैन विद्या शोध संस्थान द्वारा राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रधर्म विषयक वेबिनार और भातखंडे संगीत संस्थान द्वारा अटल पर केन्द्रित शास्त्रीय व उपशास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# क्योर इन इंडिया बने देश का हेल्थ सेक्टर: राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति ने वर्चुअल तरीके से केजीएमयू के 16वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, कहा नॉलेज पोर्टल के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जॉर्जियन को जोड़े संस्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि हमारे देश के डॉक्टरों और नर्सों की प्रतिभा वह सेवा भाव की साख पूरी दुनिया में है। अमेरिका में हर सातवां डॉक्टर भारतीय मूल का है। भारत के डॉक्टरों की इस प्रतिभा का उपयोग अपने देश में भी और अधिक प्रभावी तरीके से होना चाहिए। हमारे देश का हेल्थ केयर सेक्टर ऐसा बने, जिससे कि पूरे विश्व में क्योर इन इंडिया एक मुहावरा बन जाय। राष्ट्रपति सोमवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 16वें दीक्षांत समारोह को वर्चुअल तौर पर सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल राष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए अनेक देशों से लोग भारत आते हैं क्योंकि उन्हें कम खर्च पर विश्वस्तरीय इलाज प्राप्त हो जाता है। मुझे विश्वास है कि नए युवा पुरानी पीढ़ियों के सभी डॉक्टर मिलकर देश में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सन 2020 के दौरान पूरी दुनिया के लोग वैश्विक महामारी कोविड 19 का सामना करते रहे हैं। हमारे देश की आबादी विशाल और घनी होने के नाते यह चुनौती हम सबके लिए और भी गंभीर हो सकती थी, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा समय रहते उचित कदम उठाए जाने से इस महामारी पर यथासंभव नियंत्रण रखा जा सका है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कोविड की जांच चिकित्सा एवं रोकथाम के लिए केजीएमयू ने भी असाधारण योगदान दिया है। मुझे बताया गया है कि केवल केजीएमयू ने ही अब तक 9 लाख से अधिक टेस्टिंग कर चुका है। केजीएमयू जैसे सार्वजनिक अस्पतालों में कोविड 19 का सामना करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इन असाधारण प्रयासों के बल पर भी घनी आबादी तथा सीमित आय देश की परिस्थितियों से दूर से करोड़ों देशवासी चुनौती का सामना कर पा रहे हैं। मैं सभी देशवासियों की ओर से की केजीएमयू जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के डॉक्टरों नर्सों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष धन्यवाद देता हूं कि कोरोना का सामना करने में अग्रिम पंक्ति के योद्धा रहे हैं। इन कोरोना योद्धाओं की जितनी भी सराहना की जाए कम है। मेडल प्राप्त करने वाले 44 टॉपर्स से राष्ट्रपति ने कहा कि आपने अपने लिए जिस नोबल प्रोफेशन को चुना है, उसका महत्व केवल जीविकोपार्जन तथा व्यक्तिगत उन्नति के लिए नहीं है। आपने मानव सेवा का मार्ग चुना है। हमारे देश में डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है। आप सब युवा डॉक्टर यह हमेशा याद रखें कि मरीज मरीज केवल मेडिकल के नहीं होते हैं वे संवेदनशील मनुष्य होते हैं जो पीड़ा, परेशानी, तनाव और आशंका की स्थिति में आपके पास आते हैं अत: मरीज की देखभाल करने वाले डॉक्टर और नर्स में सम्मान सेवा भाव होना चाहिए। सक्षम व संवेदनशील डॉक्टर व नर्स मरीजों का विश्वास जीत पाते हैं। मरीजों का यह विश्वास और आस्था ही उनके उपचार का आधार है। मरीजों का विशेषकर गरीब तबके के मरीजों का ध्यान रखना आप सबका सर्वोपरि कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू के पहले बैच के 130 विद्यार्थियों की सूची में मात्र दो छात्राएं थी, मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि आज के दीक्षांत समारोह में कुल 44 पदक विजेताओं में से 21 बेटियां हैं जो लगभग 50 प्रतिशत हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे देश की बेटियां 21वीं सदी के समावेशी भारत का निर्माण करने में अपना विशेष योगदान देंगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि केजीएमयू के लगभग 12500 सदस्यों का जॉर्जियन एलुमिनाई एसोसिएशन अंतराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। मेरा सुझाव है इस एसोसिएशन द्वारा एक नॉलेज पोर्टल स्थापित किया जाए। इस पोर्टल पर देश विदेश में कार्यरत सभी जॉर्जियन अपने विशेष जानकारी और अनुभव साझा करें। यह जानकारी उनके द्वारा प्रयोग की गई चिकित्सा पद्धति रिसर्च वर्क जटिल केस के ट्रीटमेंट अथवा स्वास्थ सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े किसी भी विषय पर हो सकती है।

**बदली परिस्थितियों में वैश्विक शिक्षक बनें: खन्ना:** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए केजीएमयू ने दिन रात मानवता की सेवा कीए इसके लिए बधाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा सुख प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन है। केजीएमयू अपने व्यवसायिक पाठ्यक्रमों द्वारा छात्रों को रोजगार परक बना रहा है। उन्होंने कहा कि बदली परिस्थितियों में वैश्विक शिक्षक बनने की आवश्यकता है। उन्होंने टॉपर से कहा कि हमारी परंपराएं शानदार विरासत में मिली है। तकनीक के लिए पश्चिम की ओर देख सकते हैं लेकिन यह ध्यान रखें कि हमने चाणक्य जैसे लोग दिए हैं। हम एक शानदार विरासत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें एक बेहतर हिंदुस्तान बनाने के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

**राज्यपाल के हाथों मिले टॉपर्स को मेडल:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 16वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेधावियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व संस्थान के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने विवि की साल भर की प्रगति रिपोर्ट रखी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ नीतिन भर्ती को 13 गोल्ड मेडल के साथ दो अन्य मेडल व दो बुक प्राइस देकर सम्मानित किया। इसी तरह आकांक्षा ने यूसी चतुर्वेदी गोल्ड मेडल के साथ आठ अन्य मेडल भी हासिल किए। इन्हें दो बुक प्राइस भी मिला है। अंजलि सिंघल को प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता गोल्ड मेडल के साथ कुल 4 मेडल 2 बुक प्राइस मिला है। दंत संकाय का प्रमुख गोविला गोल्ड मेडल अंजलि मल्ल के नाम रहा। अंजलि ने कुल 7 मेडल हासिल किए हैं। वहीं राज्यपाल ने बेस्ट संकाय सदस्य के लिए डॉ आर सी अहूजा और डॉक्टर आरके सरन को लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया।

शुक्रवार को केजीएमयू के मीडिया प्रभारी डॉक्टर सुधीर सिंह ने बताया कि समारोह में 46 लोगों को मेडल, बुक प्राइज, सर्टीफिकेट अवॉर्ड दिए जाएंगे। इस दौरान कुल 86 अवॉर्ड बांटे जाएंगे। इसमें 73 मेडल होंगे, शेष बुक व कैश प्राइज होंगे। मेडल में 70 गोल्ड मेडल होंगे। तीन सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे। स्थापना दिवस के मेडल सूची दूसरी जारी की जाएगी। मेडल हासिल करने वालों में 50 फीसदी से अधिक छात्र हैं और अन्य छात्राएं।

# यूनिवर्सिटी में बंद हो ग्रुपिज्म और कास्टिज्म:राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**राज्यपाल** व कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को सभी राज्य विश्वविद्यालयों को एक सख्त संदेश देते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी में ग्रुपिज्म और कास्टिज्म नहीं होना चाहिए। देश में कास्टिज्म वैसे ही समस्या बनी हुई है। ऐसे में पढ़े लिखे लोग ऐसा करेंगे तो अनपढ़ से क्या उम्मीद होगी। राज्यपाल किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के 16वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर काम करना चाहिए। समय पर आना, क्लास लेना, ओपीडी में जाना जैसे कार्य करने चाहिए। मरीज दूर-दूर से आते हैं। यदि डॉक्टर मरीज से नहीं मिलते हैं तो निराश होकर लौटने से दर्द होता है। शिक्षक के व्यवहार का असर छात्र पर पड़ता है। चाहे वह मेडिकल कॉलेज हो या यूनिवर्सिटी। उन्होंने कहा कि मरीज डॉक्टर को भगवान समझता है। समाज में शिक्षक और डॉक्टर को ज्यादा इज्जत मिलती है लेकिन मेरे हिसाब से सबसे ज्यादा इज्जत डॉक्टर को मिलती है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने टॉपर्स छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हमारे देश में टीबी पीड़ित मरीजों में से कुल 20 फीसदी आबादी यूपी से है। प्रधानमंत्री ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। ऐसे में हम एक एक बच्चे को गोद लेकर काम करें तो देश टीबी मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने 6 बच्चों को गोद लिया है लेकिन क्या यह सही है। राज्यपाल ने कहा कि एक डॉक्टर या आज मैडल लेने वाले यह नहीं कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हर साल यूनिवर्सिटी को एक संकल्प लेना चाहिए और साल के अंदर उसे पूरा करने के बाद अगले दीक्षांत समारोह पर फिर एक नया संकल्प लेना चाहिए। लखनऊ में 4 मेडिकल संस्थान पीजीआई, लोहिया, अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय और केजीएमयू है। राज्यपाल ने कैंसर में शामिल ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि यह संस्थान साल भर में कुछ समय जाकर पीएचसी पर महिला मरीजों को देखें तो इसे कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर महिलाओं को उनके बारे में पता ही नहीं है। जिसके चलते उनकी मौत भी हो जाती है। यदि परिवार से मां शब्द निकाल दिया जाए तो परिवार पूरा नहीं होता है। चारों मेडिकल संस्थान मिलकर काम करें तो बड़ी दुआ ले सकते हैं।राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के जन्म लेने का कारण क्या है इस पर भी स्टडी होनी चाहिए। कारण मिल जाए तो ऐसे बच्चों को जन्म लेने से पहले हम ठीक कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि अभी 80 फीसदी संस्थागत प्रसव हो रहे हैं लेकिन इसे 100 फीसदी होना चाहिए। शिशु मातृ मृत्यु दर कम नहीं हो रही है। राज्यपाल ने टॉपर्स से कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। 5 साल की मेहनत के बाद अच्छा परिणाम मिला है। एक छात्र को 13 गोल्ड मेडल मिला। उन्होंने कहा कि मेडल मिले या ना मिले दिल से जो सिखाया उसे सीखा, इसके लिए बधाई। उन्होंने कहा कि पढ़ने के लिए सरकार लाखों रुपए खर्च करती है।

# पुलिस कमिश्नर लखनऊ को फोन पर दी गई जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** देर रात पुलिस कंट्रोल रूम की घंटी बजी आम दिनों की तरह कंट्रोल रूम प्रभारी ने फोन उठाया उसके होश तब उड़ गए जब फोन करना करने वाले ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर को जान से मारने की धमकी दे दी, यही नहीं कॉलर ने चिनहट में तैनात अतिरिक्त इंस्पेक्टर मो. अशरफको भी धमकाया है। धमकी के बाद से महकमे में हड़कम्प मच गया है। आनन.फानन में मामले की जांच डीसीपी साउथ रवि कुमार को सौंप दी गयी है। सर्विलांस की मदद से उसे तलाशा जा रहा है। उसकी लोकेशन दिल्ली की मिली है। पर उसने अपना मोबाइल धमकी देने के बाद से बंद कर रखा है। यही वजह पुलिस के लिए परेशानी की सबब बनी हुई है। बीती शनिवार रात करीब 12 बजे का वक्त थाए डॉयल 112 में फोन करने वाले शख्स ने अपना नाम संतोष सिंह बताया। बोला मैं स्कार्पियो पर सवार हूं। मेरे पास असलहा भी है और मैं डीके ठाकुर को मारने जा रहा हूं। फिर उसने अपना नाम बताते ही फोन डिस्कनेक्ट कर दिया। सूत्रों की मुताबिक सीपी को धमकी देने के बाद उसने इंस्पेक्टर अशरफको भी धमकी दी। उधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। अधिकारी अब तक की पड़ताल में यही मान रहे हैं कि कॉलर दिल्ली में है। शायद उसकी पत्नी ने उसके खिलाफ केस कराया है। इसी वजह से परेशान होकर उसने ये कदम उठाया है। पुलिस और सर्विलांस की टीमों के साथ साथ क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया है।

## राजधानी में 190, सूबे में कोरोना के 1018 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कायम है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 190 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1018 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 16822 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2779 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8212 मरीजों की और राजधानी में 1087 की मौत हो चुकी है।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,25,063 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,25,64,828 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1018 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 16,822 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,192 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1781 लोग ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटे में 1397 तथा अब तक कुल 5,50,587 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी प्रतिशत 95.65 है। प्रसाद ने बताया कि धूम्रपान से फेफड़े को नुकसान होता है और कोरोना संक्रमण भी फेफड़े पर असर करता है।

# पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी फुटेज, मिले कई अहम सुराग

## सुजीत पाण्डेय हत्याकाण्ड मोहनलालगंज में शोक की लहर ,बाजार बंद रखकर व्यापारियों ने जताया विरोध



**मोहनलालगंज।** पूर्व प्रधान और मोहनलालगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय की अन्तिम यात्रा में सोमवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। शव की एक झलक पाने और कंधा देने के लिए इस कदर हुजूम उमड़ा कि वाहनों की कतार और लोगों की भीड़ से जाम हाईवे खाली कराने के लिए पुलिस को घण्टों मशक्कत करनी पड़ गई। हर किसी ने नम आंखों से अपने जननेता को अन्तिम विदाई दी। वहीं हत्या से आक्रोशित सभी छोटे बड़े व्यापारियों ने सोमवार को अपनी दुकाने पूरी तरह बंद रखीं। मोहनलालगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय का शव रविवार की रात पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मोहनलालगंज पहुंचा परिचितों ,जनप्रतिनिधियों और समर्थकों की भीड़ उनके आवास के बाहर जमा होने लगी। सोशल मीडिया पर लोगों के छलक रहे आक्रोश से सतर्क पुलिस अफसरों ने पूरे कस्बे में पुलिस बल की तैनाती कर रखी थी। लेकिन बेहद सूझबूझ का परिचय दे रहे परिजनों की अगुवाई में निकली शवयात्रा ने तमाम आशंकाओं पर विराम लगा दिया। मोहनलालगंज से निकली शवयात्रा को रायबरेली के डलमऊ गंगाघाट ले जाकर सुजीत पाण्डेय के पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार किया गया। मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुजीत पाण्डेय हत्याकाण्ड का पदार्फाश करने के लिए डीसीपी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने कोतवाली में डेरा डाल दिया है। मोहनलालगंज में एस्बेस्टास फैक्ट्री से लेकर निगोहां टोल प्लाजा तक लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत ने मातहतों के साथ स्वयं इसका जिम्मा संभाल रखा है।

**अन्तिम दर्शन को पहुंचे कानून मंत्री 24 घण्टे में खुलासे के निर्देश**

प्रदेश के विधायी एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक सोमवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय की अन्तिम यात्रा में शामिल होने मोहनलालगंज पहुंचे। अन्तिम दर्शन के बाद उन्होने पीड़ित परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक सुजीत पाण्डेय की हत्या को अपनी व्यक्तिगत क्षति करार दिया। उनके बड़े बेटे अजय पाण्डेय को ढ़ांढस बंधाते हुए मंत्री ने पुलिस अफसरों को 24 घण्टे में हत्याकाण्ड का खुलासा करने का निर्देश देने की बात कही।

# सृष्टि को चांसलर व ऋतु वर्मा को मिलेगा कमल रानी वरुण मेडल

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सोमवार को टॉपर्स की फाइनल सूची जारी की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 16 जनवरी को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को टॉपर्स की फाइनल सूची जारी कर दी है। इस बार विवि का चांसलर मेडल अजय गर्ग इंजीनियरिंग कालेज गाजियाबाद के इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ग्रुप की स्टूडेंट्स सृष्टि सिंह को मिला है। जबकि दिवंगत प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण की स्मृति में विवि स्तर पर इस बार शुरू किए गए कमल रानी वरुण मेडल (अनुसचित वर्ग की छात्रा) जेएसएस एकेडमी आफ टेक्निकल एजुकेशन की इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ग्रुप की स्टूडेंट्स ऋतु वर्मा को मिला है। विवि के मीडिया प्रभारी आशीष मिश्र के मुताबिक विवि के अट्ठारहवें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 65 मेधावियों को मेडल, लगभग 55181 को उपाधि एवं लगभग 75 पीएचडी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी। दीक्षांत समारोह में इसरो के चेयरमेन डॉ कैलासवटिवु शिवन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह ऑनलाइन आयोजित होगा। समारोह स्थल पर मात्र पदक विजेताओं को ही आमंत्रित किया जाएगा। शेष छात्र ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे।





### सिविल सर्विसेज की तैयारी करूंगी: सृष्टि सिंह

**मैंने** कभी पढ़ाई को लेकर टाइम टेबल नहीं बनायाए हर बस रेगुलर पढ़ाई करती रही। जो टॉपिक छूट जाता था, उसको बाद में जरूर कवर कर लेती थी। अभी मेरा सलेक्शन टीसीएस में हो गया हैं। कुछ साल नौकरी करना हैं। इसके बाद मै सिविल सर्विसेज की तैयारी करूंगी।

### क्लास टॉपर बनने के बाद कान्फिडेंस आया:ऋतु वर्मा

**मैंने** हमेशा सेल्फस्टडी पर फाकस बना कर रखा। जब भी समय मिलता था लाइब्रेरी जाकर खुद का नोट्स अगल से तैयार करती थी। जिसका फायदा मुझे रीविजन करने के वक्त मिलता था। सेकेंड सेमेस्टर में जब मै क्लास टॉपर बनी मेरे अंदर कान्फिडेंस आया। इसके बाद छठें और सातवें सेमेस्टर में भी टॉपर रही। मैंने प्लसेमेंट को ना कर दिया हैं। मेरा फोकस गर्वमेंट जॉब है। अभी मैने घर पर सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दिया हैं।

# पेंटल ग्रुप्स का एडीशनल डायरेक्टर ईडी की कस्टडी में भेजा गया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**मनी** लांड्रिंग के एक मामले में ईडी की विशेष अदालत ने पेंटल ग्रुप्स ऑफकम्पनीज के एडीशनल डायरेक्टर मनोज कुमार त्यागी को तीन दिन के लिए ईडी की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। इसकी कस्टडी रिमांड की अवधि सोमवार की शाम से शुरु होगी। ईडी के विशेष जज व जिला जज दिनेश कुमार शर्माए तृतीय ने यह आदेश ईडी की एक अर्जी पर दिया है। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक वर्ष 2017 में मेसर्स गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड के प्रमोटर संजय भाटी व अन्य कम्पनियों के प्रमोटर्स ने बाइकबोट स्कीम लांच की। यह स्कीम मेरठ, गाजियाबाद व नोएडा के लिए था। वर्ष 2019 तक चले इस स्कीम के जरिए कम्पनियों के प्रमोटर्स ने जनता को मल्टीलेवल मार्केटिंग का ऑफर दिया और उनके रकम इनवेस्ट कराए। लेकिन कम्पनियों के प्रमोटर्स ने जनता की गाढ़ी कमाई का करीब चार हजार करोड़ रुपया अपने निजी हित में इस्तेमाल कर लिया।

**डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज :** सीएए व एनआरसी के विरोध में तोडफोड़ व आगजनी करने के एक आपराधिक मामले में सत्र अदालत ने मुल्जिम डॉ. कल्बे सिब्तैन उर्फ नूरी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। 22 दिसंबर, 2019 को इस मामले की एफआईआर एसआई राहुल द्विवेदी ने थाना ठाकुरगंज में दर्ज कराई थी।

**एनआईए के सिपाहियों के खिलाफ आरोप पत्र रद करने से हाईकोर्ट का इंकार:** एनआईए के दो सिपाहियों के खिलाफ एक आपराधिक मुकदमे में दाखिल आरोप पत्र को रदद् करने से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इंकार कर दिया है। जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश एनआईए के सिपाही फिरोज खान व एक अन्य की याचिका को खारिज करते दिया है। याचिकाकर्ताओं पर 21 सितंबर 2011 को आलमबाग इलाके में वाहन चेकिंग कर रहे एक सब इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबिल से गाली गलौज व चालान जिल्द को फाड़ने का प्रयास करने का इल्जाम है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में दाखिल आरोप पत्र को रद्द करने की मांग की थी।

**नगर आयुक्त के विरुद्ध दाखिल परिवाद पर एसडीएम से रिपोर्ट तलब:**अमीनाबाद इलाके में एक विवादित पुश्तैनी जमीन पर इंटरलाकिंग रास्ता बनाने के कथित मामले में दाखिल परिवाद पर अदालत ने एसडीएम सदर से जांच रिपोर्ट तलब किया है। इस परिवाद में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी व नगर निगम जोन-1 के अवर अभियंता किशोरी लाल को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। सीजेएम शिवानंद ने इस मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी के लिए मुकर्रर की है। परिवाद दाखिल करने वाले हसन बहादर व गनी बहादर ने इस मामले में विपक्षीगणों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# ट्राईमैक्स कंपनी ने कल से काम बंद करने का दिया अल्टीमेटम

**लखनऊ।** परिवहन निगम में बीते दस वर्षो से यात्री सुविधाएं मुहैया करा रही ट्राईमैक्स कंपनी ने 23 दिसंबर की रात से काम बंद करने की धमकी दी है। कंपनी ने आरोप लगाया है कि बीते दो वर्षो से भुगतान नहीं किया गया। ऐसे में बुधवार की रात 12 बजे से रोडवेज बसों की ऑनलाइन एडवांस सीट बुकिंग समेत कई यात्री सुविधाएं बाधित हो सकती हैं। बता दें कि आईटीएमएस यानी इंटेलिजेंस ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए परिवहन निगम ने ट्राईमैक्स कंपनी के साथ वर्ष 2010 में समझौता किया था। जोकि 7 नवंबर 2020 को समझौता खत्म होने पर तीन महीने तक काम करने पर पुन: समझौता हुआ। इस बीच कंपनी ने अचानक काम करने से मना कर दिया। दूसरी कंपनी को टेंडर के जरिए आमंत्रित करने की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में रोडवेज के अधिकारी ही टिकट बुकिंग सहित अन्य यात्री सुविधाओं की खुद निगरानी करेंगे। मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन परिवहन निगम पीआर बेलवरियार का कहना है कि इस दौरान ऑनलाइन एडवांस टिकट बुकिंग में कंपनी की ओर से कोई गड़बड़ी की गई तो पुलिस केस दर्ज कराएंगे। हलांकि दो दिनों में यात्री सुविधाएं पूरी कर ली जाएगी।

# भर्ती प्रक्रिया में नियमों का पूरा पालन किया गया: सतीश द्विवेदी

● प्रदर्शनकारियों से मुलाकात के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा, प्रदर्शन से नौकरी में सलेक्शन नहीं होता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पिछले** कई दिनों से 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण की प्रक्रिया का पालन न करने के आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को सोमवार को निराशा ही हाथ लगी। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ सतीश द्विवेदी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में नियमों का पूरा पालन किया गया है। प्रदर्शन से नौकरी में सलेक्शन नही होता है। इसलिए सभी लोग प्रदर्शन छोड़कर अपने अपने घर जाये।

नाराज अभ्यर्थियों ने आज वीवीआइपी गेस्ट हाउस में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ सतीश द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी बात रखी। जिस पर शिक्षामंत्री ने कहा कि नियमों के तहत ही भर्ती की गई है। इसमें कोई धांधली नहीं हुई है। किसी के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता है। अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षामंत्री से कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में एमआरसी की आड़ में ओबीसी व एससी का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम लोग मांग करते हैं कि जल्द से जल्द मूल चयन सूची उपलब्ध कराई जाएं ताकि इसका खुलासा हो सके कि आखिर किस आधार पर यह भर्ती की गई है। इस पर बेसिक शिक्षामंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने शिक्षा अधिकारियों से कहा कि जो सूची सार्वजनिक की जा सकती है, उसे उपलब्ध कराया जाए। उधर निशातगंज स्थित रिवर फ्रंट में सोमवार को अभ्याथियों ने बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका अधिकार न मारा जाए।

## यूपीआईडीआर को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा: उदयभान सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन राज्यमंत्री ने महिला कारीगरों में किया टूल किटों का वितरण

**शहीद** पथ स्थित उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड रिसर्च (यूपीआईडीआर) में सोमवार को टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह द्वारा हस्तशिल्प प्रोत्साहन योजना के तहत महिला कारीगरों में पंजदरी, चिकनकारी एवं कामदानी क्राफ्ट के टूल किटों का वितरण किया गया। इसी दौरान उन्होंने संस्थान में डिस्प्ले गैलरी का भी उद्घाटन किया। इस आर्ट गैलरी में संस्थान द्वारा समय-समय पर आयोजित किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रम में कारीगरों हस्तशिल्पियों व बुनकरों के उत्पादों का डिस्प्ले किया गया है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यूपीआईडीआर को विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा, जो देश में डिजाइनिंग का पहला विश्वविद्यालय होगा। उन्होंने कहा कि यूपीआईडीआर की स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी लेकिन बैसाखी पर चल रही संस्था को राज्य 2017 से मिलनी शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में संस्थान ने प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में नयी पहचान मिली। इसकी वजह से ट्राइफेड जैसे केंद्रीय संस्थान ने यूपीआईडीआर के साथ मिलकर काम करने की इच्छा प्रकट की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल एवं लोकल को ग्लोबल बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में यूपीआईडीआर तेजी से अग्रसर है।

## पर्यावरण में लगातार बदलाव के अनुरूप खेती को बढ़ाना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में वक्ताओं ने रखे अपने विचार

**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय और विज्ञान भारती अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2020 आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम साइंस फॉर सेल्फरेलायन्ट इंडिया एंड ग्लोबल वेलफेयर विषय पर ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में तथा गूगल मीट के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल सीमैप के निदेशक डॉ पीके त्रिवेदी ने एग्रीटेक से भविष्य में क्या लाभकारी बदलाव लाये जा सकते हैं, और किस प्रकार हम विज्ञान के जरिए किसानों की मदद कर सकते हैं इस पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण में लगातार बदलाव के अनुरूप खेती को बढ़ाना और बंजर जमीनों को किस प्रकार उपयोग में लाया जा सकता है इसके बारे में किसानों को जानकारी दी जा रही है। इस जानकारी का सही उपयोग कर आज किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ाने में सफल हुए हैं। उन्होंने जेरेनियम पौधे के बारे में बताया जिससे निकले तेल का व्यवसाय काफी बढ़ा है। किसान बंजर जमीनों पर भी इस पौधे को उगा कर लाभ कमा रहे हैं। उन्होंने अरोमा मिशन के बारे में भी बताया जिसमें मंदिरों में चढ़ने वाले फूलों का उपयोग कर तकनीकी की सहायता से अगरबत्ती बनाने का कार्य जारी है। यह प्रयास न सिर्फ कचरा प्रबंधन कर रहा बल्कि लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है।

## बीते एक सप्ताह में 27999 लीटर अवैध शराब बरामद, 287 गिरफ्तार

**लखनऊ।** आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विगत सप्ताह प्रदेश भर में अवैध शराब के कुल 989 मामले पकड़े गए। इस दौरान 27,999 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 96,677 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 287 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 13 वाहनों को जब्त किया गया। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह में जनपद आगरा में एक मकान से अवैध शराब के 527 पौव्वे, 102 अद्धे, हरियाणा राज्य की 93 बोतल विदेशी मदिरा एवं भारी मात्रा में नकली लेबल व ढक्कन बरामद किया गया। मौके से 2 स्कूटी और एक मोटर साइकिल सहित 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जनपद गाजियाबाद में रोड चेकिंग के दौरान एक कार से हाई ब्राण्ड की 70 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गयी तथा दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से पूछताछ पर बताए गए निशानदेही पर दबिश देकर एक कार में हाई ब्राण्ड की 94 बोतलों के साथ एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया।

## फेक न्यूज से सतर्कता पर फैक्टशाला आयोजित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध आईआईएसई कॉलेज कल्याणपुर में सोमवार को गलत सूचनाओं और फेक न्यूज के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए वर्चुअल रूप से एक फैक्टशाला का आयोजन किया गया। जिसमें फैक्टशाला ट्रेनर और मन्दसौर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के हेड डॉ. मनीष जैसस मुख्य वक्ता के रूप में थे। उन्होंने छात्र और छात्राओं को बताया कि सूचना और प्रौद्योगिकी के इस कालखंड में गलत सूचनाओं और भ्रामक खबरों का आदान प्रदान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इसका असर दैनिक जीवन और मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि ऐसी खबरों से कैसे बचें और कैसे सतर्क रहें? गूगल न्यूज इनिसिएटिव के सहयोग से चला जा रहे फैक्टशाला प्रोग्राम में छात्रों को मिस इन्फॉर्मेशन और डिसइनफॉर्मेशन के बीच फर्क के साथ उन जरूरी टूल और टेक्निक पर भी प्रकाश डाला गया जिससे किसी भी फेक न्यूज को प्रचारित प्रसारित करने से बचा जा सकता है।

## देह व्यापार कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**थाना** विभूतिखंड पुलिस द्वारा होटल में अनैतिक देह व्यापार कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। इस दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली, चार आरोपी पुलिस को देखते ही फरार हो गए।

डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन ने बताया कि एसीपी विभूति खंड स्वतंत्र सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि होटल रुद्राइन में अनैतिक देह व्यापार का काम चलता है जहां पर लड़कियों को रोककर गलत काम कराया जाता है। इस सूचना को आधार मानकर सहायक पुलिस आयुक्त विभूति खंड प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और मुखबिर की बताई गई सूचना के आधार पर होटल रुद्राइन में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान होटल में चार लड़कियां मिली जिन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि उन लोगों को होटल मैनेजर विवेक पांडे पुत्र धीरेंद्र पांडे निवासी बासुपुरा बाजार थाना कोतवाली जनपद फैजाबाद हाल पता विनम्र खंड रुद्राइन होटल बताया। मैनेजर उन लोगों को अनैतिक देह व्यापार के लिए लाया था। वह होटल में रहकर अनैतिक देह व्यापार कराता है। इसका सरगना राकेश व अरविंद है। इस गिरोह के संबंध में दीवान पुराना लखनऊ पूनम दीदी दीपक करते हैं। इस कार्य में विवेक पांडे व उसके गैंग के सदस्य ग्राहकों से मोटा पैसा कमाते हैं। होटल पर मौजूद विवेक पांडे को धारा 370/ 372 चार बटे 5/6/7 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया जिसके संबंध में विवेचना की जा रही है। रेस्क्यू से कुछ समय पूर्व दीवान पूनम दीदी राकेश अरविंद दीपक होटल से निकल कर भाग गए थे।

## साढ़ू के बेटे को किया अगवा, गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के जल्लाबाद गांव निवासी अयोध्या प्रसाद के अपने चार वर्षीय बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए कासिमपुर गांव निवासी मटरू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित अयोध्या प्रसाद के मुताबिक 19 दिसंबर की दोपहर तीन बजे घर के बाहर उसका बेटा रूपेश कुमार उर्फ सुवेतिक (4) मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी मटरू आया और उसके बच्चे को सिघाड़ा खिलवाने के बहाने बाइक पर बैठा कर चला गया। अन्य बच्चों से इसकी जानकारी मिलने के बाद जब मटरू से बेटे को घर छोड़ने को बोला तो उसने धमकी दी कि उसकी पत्नी सुमन को पहले वापस लेकर आओ तभी बेटे को वापस करेंगे। 20 दिसंबर तक बेटे की वापसी न करने पर पीड़ित अयोध्या प्रसाद ने मटरू के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में तहतीर दी।

## 'चलो दुनिया को स्वर्ग बनायें हम' का संदेश देगी सीएमएस की झांकी



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल आगामी गणतन्त्र दिवस, 26 जनवरी 2021 के पावन अवसर पर अपनी अद्भुत झाँकी के माध्यम से सारे विश्व को एकता, शान्ति, सौहार्द, प्यार व विश्व बन्धुत्व की भावना में पिरोकर इस दुनिया को स्वर्ग बनाने की प्रेरणा देगा। 'चलो दुनिया को स्वर्ग बनायें हम, प्रेम से और प्यार से' विषय पर आधारित सीएमएस की यह झाँकी भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की महान संस्कृति एवं सभ्यता के अनुरूप सम्पूर्ण विश्व मानवता से प्रेम व सद्भाव का संदेश देगी, साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं के अनुसार एकता, शान्ति व न्याय पर आधारित विश्व व्यवस्था का आह्वान भी करेगी। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस द्वारा तैयारी की जा रही यह झाँकी वर्तमान विश्व समाज की विषमताओं को देखते हुए अत्यन्त ही समीचीन है, जो धरती के प्रत्येक मुनष्य को एकता की डोर से बाँधती है, साथ ही देश की साँस्कृतिक विरासत को सारे विश्व में प्रचारित-प्रवाहित करती है।

## फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव का हुआ स्वागत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा 'हरि के नेतृत्व में आज हास्य सम्राट एवं व्यंग्यकार एवं उ.प्र. फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष श्री राजू श्रीवास्तव का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन किया एवं नवीन दायित्व के अत्यन्त सफल निर्वहन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पं. हरि ओम शर्मा के साथ विभिन्न महामंत्री अब्दुल वाहिद, सचिव जुबैर अहमद व अन्य पदाधिकारियों ने लोकभवन स्थित कार्यालय में पहुँचकर श्री श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रदेश का फिल्म उद्योग अप्रतिम ऊँचाइयों को छुएगा और देश ही नहीं अपितु विश्व में प्रदेश का नाम रोशन होगा।

## लेखाकार के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**लखनऊ।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग निदेशालय में कार्यरत शशिकान्त शर्मा लेखाकार की 19 दिसम्बर को आकस्मिक देहावसान पर निदेशालय में संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्व. श्री शर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति के लिए तथा उनके परिवार को इस असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी रजनीकान्त वर्मा, उप निदेशकगण त्रिलोकी राम, हरिशंकर त्रिपाठी, अंजुम नकवी, हंसराज, ओम प्रकाश राय, कुमकुम शर्मा सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## टेम्पो पलटने से एसएसबी सिपाही की मौत

**लखनऊ।** टेढ़ी पुलिया के पास रविवार देर रात एक टेम्पो पलट जाने से एसएसबी बटालियन के सिपाही की लोहिया में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। लोहिया अस्पताल चौकी इंचार्ज अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि रविवार देर रात टेढ़ी पुलिया चौराहे के पास टेम्पो पलट गया। टेम्पो पलट जाने से धानापुर चंदौली निवासी व मोहनलालगंज एएसबी के चतुर्थ बटालियन में तैनात सिपाही मोहम्मद आसिफ(35) घायल हो गए। घायलावस्था में राहगीरों ने आसिफको लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## टैंकर की टक्कर से राहगीर की मौत,नहीं हुई शिनाख्त

**लखनऊ।** मड़ियांव के चंद्रा अस्पताल के पास रविवार देर रात टैंकर की टक्कर से एक राहगीर घायल हो गया। पुलिस ने गम्भीर हालात में उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है और टैंकर को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि चंद्रा अस्पताल फ्लाई ओवर ब्रिज के पास रविवार देर रात टैंकर ने सीतापुर रोड को पार करते समय एक राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राहगीर गम्भीर रूप से घायल हो गयाए जिसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक सफेद व काली जाकेट, कत्थई शर्ट व नीली जीन्स पहने हुए था। वही भाग रहे ड्राइवर व टैंकर को मौके से पकड़ लिया गया है।

## चार जिलों में नए महाविद्यालय खोलने व कोर्स शुरू करने के आवेदन एलयू में होंगे

**लखनऊ।** सीमा विस्तार का शासन स्तर पर नोटिफिकेशन होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने अधीन आने वाले 4 जिलों रायबरेली सीतापुर हरदोई लखीमपुर खीरी मैं नए महाविद्यालय खोलने व महाविद्यालयों की तरफसे नए कोर्स संचालित करने के लिए आवेदन विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव बीपी कौशल के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि बीएड के अतिरिक्त नए महाविद्यालय खोलने व नए कोर्स के संचालन को लेकर महाविद्यालय 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## कृषि विभाग कल करेगा किसान सम्मान दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर 23 दिसंबर को कृषि विभाग किसान सम्मान दिवस का आयोजन करेगा। किसान सम्मान दिवस का आयोजन लोक भवन एवं विधान भवन के सामने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर 23 दिसंबर बुधवार को प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि निदेशालय में इस संबंध में समीक्षा बैठक कर अधिकारी के निर्देश दिए। इस मौके पर कृषि निदेशक डा अजित प्रकाश एवं अन्य योजनाधिकारी मौजूद थे। कृषि मंत्री ने किसान सम्मान दिवस के आयोजन की तैयारियों का मौके पर निरीक्षण किया।

## स्वास्थ्य महानिदेशक से 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन बढ़ाने की मांग

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ शाखा के नर्सिंग होम सेल के चेयरमैन डॉ अनूप अग्रवाल और एग्जक्यूटिव सदस्य डॉ प्रांजल यादव ने सोमवार को स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ डीएस नेगी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने नर्सिंग होम्स की ऑनलाइन व्यवस्था में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। साथ ही वर्तमान में जारी कोविड महामारी के चलते प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन को मार्च 2021 तक बढ़ाए जाने की मांग की। जिस पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **निविदा सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमन्त्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण टेन्डर बेवसाईट www.etender.up.nic पर उपलब्ध है। **ईटी–123**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 132 के0वी0 जैनपुर पर 132/33 के0वी0 परिवर्तक की बे बनाने का कार्य। **ईटी–124**/2020–21 विद्युत पारेषण खण्ड, प्रथम कानपुर के अधीनस्थ 132 के0वी0 पुखरायां पर 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक के रिले पैनल एंव फीडरो के बदलने का कार्य। **ईटी–125**/2020–21 विद्युत 400 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड पनकी पर करोना रिंग की आपूर्ति। **ईटी–126**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 132 के0वी0 जैनपुर पर 33 के0वी0 बस एवं बस आईसोलेटर के जक्शन बाक्स बदलने का कार्य **ईटी–127**/2020–21 विद्युत 220 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड पनकी पर 132 के0वी0 पनकी के0एफ0सी0एल0 लाइन पर 70 के0एन0 पोर्सलीन इन्सुलेटर को पालीमर इन्सुलेटर से बदलने का कार्य। **ईटी–128**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 220 के0वी0 आर0पी0एच0 पर फाइबर ग्लास लैडर की आपूर्ति। **ईटी–129**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 220 के0वी0 बिठूर एवं 132 के0वी0 पुखरायां पर स्थापित परिवर्तको की सेन्ट्रीफयूजिंग का कार्य। **ईटी–130**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र सिकन्दरा पर 132 के0वी0 सिकन्दरा–उमरी (डी0एफ0सी0सी0) लाइन की पेट्रोलिंग एंव अनुरक्षण सम्बन्धी समस्त कार्य। **ईटी–131**/2020–21 विद्युत 220 के0वी0 उपकेन्द्र पनकी पर 132 के0वी0 जवाहरपुरम पर वार्षिक अनुरक्षण का कार्य **ईटी–132**/2020–21 विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम के अन्तर्गत 220 के0वी0 रनियां पर 01 नं0 33 के0वी0 'बे' के निर्माण का कार्य। **ईटी–133**/2020–21 विद्युत 220 के0वी0 उपसंस्थान खण्ड, पनकी के अन्तर्गत 132 के0वी0 जवाहरपुरम–पनकी एवं जवाहरपुरम–बिठूर लाइन की पेट्रोलिंग एंव अनुरक्षण सम्बन्धी समस्त कार्य। **ई0टी–123** दिनांक 08.01.2021 एवं **ईटी–124 से ई0टी0 128 तक दिनांक 15.01.2021 व ईटी 129 से 133 तक दिनांक 19.01.2021** को खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल प्रथम पनकी, कानपुर** पत्रांकः 1438 दिनांक 21.12.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" उपभोक्ता सेवा हेतु सम्पर्क करें– www.uppcl.org

## बीएड पूल काउंसलिंग से 9341 अभ्यर्थियों को मिला मनमाफिक कालेज

**लखनऊ।** प्रदेशभर के बीएड कॉलेजों में दाखिले को लेकर चल रही पूल काउंसिलिंग की प्रक्रिया के दौरान 9341 अभ्यर्थियों को मनमाफिक कॉलेज मिले हैं। पूल काउंसलिंग का परिणाम सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा की स्टेट नोडल कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर अमिता बाजपेई ने बताया कि पूल काउन्सिलिंग हेतु कुल 9960 अभ्यर्थियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया व 9880 अभ्यर्थियों ने अपने विकल्प प्रस्तुत किये। इनमें से 9341 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई। इसमें सामान्य श्रेणी की 9312 व आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग के 29 अभ्यर्थियों को विभिन्न बीएड महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुईं। प्रो बाजपेयी ने बताया कि 24 दिसम्बर से महाविद्यालय स्तर से सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। काउंसलिंग का यह अंतिम चक्र महाविद्यालय स्तर पर केवल बीएड काउन्सिलिंग पोर्टल के द्वारा ही किया जायेगा। काउंसलिंग के इस चक्र में केवल वैध स्टेट.रैंक धारक अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकते हैं।

## सांसद ने की डीएम, मुख्य विकास अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिला** विकास समन्वय समिति की बैठक सांसद द्वारा की गई। अध्यक्ष द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की गहन समीक्षा की। मुख्य रूप से ग्रामीण ज्योति योजना समेकित विद्युत विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी, मनरेगा पर विचार किया। सोमवार को ज़िला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक की गई। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश मुख्य विकास अधिकारी प्रभास कुमारए परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण राजेश कुमार त्रिपाठी व जिले के अन्य विभागों के अधिकारी व विधायक लखनऊ पश्चिम सुरेश श्रीवास्तव, विधायक लखनऊ कैंट सुरेश चन्द्र तिवारी, विधायक मलिहाबाद जयदेवी, विधायक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अध्यक्ष द्वारा विशेष रूप से बैठकों, गोष्ठियों में युवाओं को नशा उन्मूलन के सम्बंध में प्रेरित करने के संबंध में भी चर्चा की और सहयोग मांगा।

## भूमाफिया जालसाजों ने रची परिश्रम भवन पर कब्जे की साजिश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● चार पर मुकदमा दर्ज

**चिनहट** थाना क्षेत्र में भरवारा गांव में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा परिश्रम भवन की रखी गई आधारशिला पर ही कब्जा करने की साजिश के तहत जालसाजों ने एप्रोप्रिएट टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एसोसिएशन संस्था के पदाधिकारियों के नाम से फर्जी कागजात तैयार करके संस्था पर अपना दावा ठोक दिया और परिश्रम भवन परिसर की भूमि को फर्जी तरीके से किराए पर उठाकर लाखों रुपए हड़प लिए। जब संस्था के अध्यक्ष को पता चला तो उन्होंने केयरटेकर के माध्यम से चिनहट कोतवाली में एक महिला सहित 4 नामजद लोगों व उनके साथियों के विरुद्ध जालसाजी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। संस्था के केयर टेकर जय प्रकाश द्वारा लिखाई गई एफआईआर में कहा गया है कि एप्रोप्रिएट टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एसोसिएशन ने चिनहट तहसील के तहत भरवारा गांव में स्थित दो बीघा से अधिक भूमि गया प्रसाद एवं बद्री प्रसाद से 25 जनवरी 1984 को खरीदी थी। 28 दिसंबर 1987 को भूमि का दाखिल खारिज भी संस्था के नाम पर हो गया। एफआईआर में कहा गया है कि संस्था की परिसंपत्तियों को हड़पने एवं संस्था पर कब्जे के लिए खुल्दाबाद. इलाहाबाद निवासी मो हारून सिद्दीकी, मल्हौर निवासी अशोक कुमार पांडेय, पंचवटी रिवर बैंक कालोनी निवासी रजनी गुप्ता एवं सीवान बिहार निवासी वहजाद हुसैन व उनके साथियों ने डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटी एवं चिट्स लखनऊ मंडल के यहां फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर अध्यक्ष एवं महामंत्री व संस्था के सदस्यों के फर्जी नाम दाखिल कर संस्था पर कब्जे का प्रयास किया, पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने जांचोपरांत उसे खारिज करते हुए 27 अक्तूबर 2018 को संस्था के पक्ष में नवीनीकरण का प्रमाण पत्र जारी कर दिया।

# अधिकतर चौकियों को चला रहे हैं प्रमोटी दरोगा

● डायरेक्ट सब इंस्पेक्टर किए गए हैं साइड लाइन

● चौकियों पर तैनाती का आज तक नहीं बना कोई मानक



**नरसिंह नारायण पांडे।** लखनऊ

**अक्सर** बदनामी का दंश झेलने वाली पुलिस आए दिन अपने ही बनाए गए नियम कानून का मजाक बनती नजर आ रही है। ऐसा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में देखने को मिल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले तिरालिस थानों की अधिकतर चौकियों पर एचसीपी (हेड कांस्टेबल प्रोन्नत वेतनमान) की तैनाती की गई है, जिन्हें गंभीर अपराधों की विवेचना का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है जबकि डायरेक्ट सब इंस्पेक्टर बनाए गए दरोगा साइड लाइन में रखे हुए हैं। उनकी कार्यशैली और उपयोगिता को पुलिस कमिश्नरेट में इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। पुलिस सूत्रों की माने तो मानक के अनुरूप 3 साल का अनुभव प्राप्त कर चुके डायरेक्ट एसआई को चौकी का प्रभार देना चाहिए जबकि जुगाड़ के बल पर ज्यादातर चौकियों पर हेड कांस्टेबल प्रोन्नत वेतनमान (एचसीपी) को तैनाती दी गई जहां एक और दरोगा में हतोत्साहित होने की भावना व्याप्त हो रही है। वहीं वह काम करने में भी उतनी रुचि नहीं ले रहे हैं। यही कारण है कि अधिकतर क्षेत्रों में बढ़ते अपराध को रोकने में पुलिस को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि बिना मानक के ही चौकियों पर इस तरह की तैनाती लगातार की जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट बनने के बाद लग रहा था कि चौकी से लेकर थानों तक सभी जगह बदलाव होंगे लेकिन अभी तक किसी तरह का कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि एसीपी की तैनाती होने की वजह से डायरेक्ट बनाए गए सब स्पेक्टर में हीन भावना आ रही है। वही काम पर भी काफी प्रभाव पड़ रहा है। राजधानी के ट्रांस उत्तरी व पूर्वी में ही ऐसे 2 दर्जन से अधिक चौकिया हैं जहां पर डायरेक्ट दरोगा की जगह एचसीपी को चौकी का प्रभार दिया गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उनका कहना है कि अनुभव के आधार पर नियुक्ति की जाती है। कोई खास मानक नहीं है। हां अगर कहीं पर सब इंस्पेक्टर डायरेक्ट हैं, 3 साल नौकरी कर चुके हैं तो ऐसे ऐसे लोगों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभार दिया जाता है।

**पुलिस** आयुक्त का कहना है कि चौकियों पर तैनाती को लेकर डीसीपी अपने अपने जोन की व्यवस्था देखते हैं और किस चौकी पर कहां की चौकी पर किसे तैनात करना है। इससे उनका कोई लेना देना नहीं है। इस संबंध में सभी जोन के डीसीपी से आप बात कर सकते हैं। वही इस संबंध में बताएंगे कि चौकी पर डायरेक्ट एसआई की नियुक्ति की गई है या फिर प्रमोटी दरोगा एचसीपी को चौकी दी गई है

**पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर**

**चौकियों** पर कोई ऐसा मानक नहीं बनाया गया है कि प्रमोटी दरोगा चौकी इंचार्ज बनाए जाएंगे या डायरेक्ट सब इंस्पेक्टरों को चौकी दी जाएगी फिलहाल जिन चौकियों पर प्रमोटी दारोआओं की नियुक्ति की गई है ऐसी चौकियों के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी

**डीसीपी उत्तरी रईस अख्तर**

## योग, एरोबिक्स से दिया इण्डिया फिट एण्ड यंग का संदेश

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, एवं स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा सीआईएससीई नई दिल्ली के सहयोग से आज गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के विशाल प्रांगण में 'फिट इण्डिया सेलिब्रेशन' का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सीएमएस छात्रों व शिक्षकों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं एवं पीटी डिस्प्ले, योग, एरोबिक्स आदि के माध्यम से 'इण्डिया फिट एण्ड यंग' का सन्देश दिया। इससे पहले, मुख्य अतिथि सुजीत कुमार श्रीवास्तव, पूर्व ओलम्पियन एवं हॉकी खिलाड़ी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज के तकनीकी व तनावपूर्ण दौर में शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है और इसके लिए फिटनेस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। यह बहुत अच्छी बात है कि वर्तमान पीढ़ी फिटनेस को लेकर बहुत जागरूक है।

# अंगीठी जलाकर सोने से दो बहनों की मौत, तीसरी गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**बंद कमरे** में अंगीठी जलाकर सोना जानलेवा हो गया। तीन बहनों में से दो की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीसरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव की है। पुलिस ने दोनों बहनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मझवलिया गांव के अवधेश प्रसाद की तीन बेटियां प्रतिमा (20), अंतिमा (18) और निधि (17) एक कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर सोई थीं। कमरा बंद था। उसमें न कोई खिड़की थी न रोशनदान। जानकारों का कहना है कि कमरे में कार्बन मोनो आक्साइड फैल गई होगी। ऑक्सीजन काफी कम हो गया होगा। इसी वजह से अंगीठी के धुंए से दो बहनों अंतिमा और निधि का दम घुट गया। दोनों की मौत हो गई। कमरे में सो रही तीसरी बहन प्रतिमा की हालत भी गंभीर है। उसका गोरखपुर के बड़हलगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## गांव में पसरा मातम

दो बहनों की मौत के बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया है। रात में तीनों बेटियां खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गईं थीं। सोमवार सुबह कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर लोहे के रॉड से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर तीनों बहनें अचेत पड़ी थीं। परिवारवाले आनन-फानन तीनों को नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने अंतिमा और निधि को मृत घोषित कर दिया। प्रतिमा का इलाज चल रहा है।

## हालत में हो रहा सुधार

बड़हलगंज के निजी अस्पताल में भर्ती प्रतिमा की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रतिमा की शादी पिछले साल हुई थी। उसके पति विजय कुमार विदेश में काम करते हैं। प्रतिमा और उसकी बहनों के साथ हुए इस हादसे की सूचना पर उसके ससुरालवाले भी अस्पताल पहुंच गए हैं। सास उर्मिला देवी देखभाल में लगी हुई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक प्रतिमा की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

## कार्बन मोनो ऑक्साइड से गई जान

डॉक्टरों का कहना है कि कोयला जलाने पर कार्बन मोनो ऑक्साइड निकलती है। यह गैस सांस के जरिए अंदर जाने पर दिमाग में खून की सप्लाई को रोक देती है। इसके कारण ब्रेन हेमरेज हो सकता है। जान भी जा सकती है। ठंड से बचने के लिए यदि आप रात को अपने कमरे में हीटर, ब्लोअर या अंगीठी जला कर सोते हैं तो ऐसा करना छोड़ दें।

## बरतें सावधानी

सोते समय रात को हीटर या अंगीठी न जलाएं, हीटर और अंगीठी को पूरी रात न जलाएं, घर की खिड़कियों, रोशनदान या दरवाजों को खोल कर रूम हीटर या कोयला जलाएं। कमरे में सही वेंटिलेशन का ख्याल रखें।

## शार्ट सर्किट से कपड़े के गोदाम में लगी आग

**गोरखपुर।** शाहपुर के शिवपुर सहबाजगंज में सोमवार की सुबह मकान के प्रथम तल स्थित कपड़े के गोदाम में आग लग गई। आग की चपेट में आने से स्कूली ड्रेस, ऊनी कपड़े, एयर सामान जलकर राख हो गया। कमरे से धुआं निकलने पर कालोनी के लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में आग पर काबू पाया।

समय से घटना की जानकारी हो जाने से आग गोदाम से बाहर नही हो सका। बताया जाता है कि शिवपुर सहबाजगंज निवासी अजय कुमार शर्मा का जेल बाई सड़क स्थित संगम चौराहे पर अजय गारमेंट्स नाम से कपड़े की दुकान है। अपने आवास के प्रथम तल पर उन्होंने गोदाम बनाया है। सोमवार की सुबह 11:40 बजे कालोनी के लोगों ने प्रथम तल से धुंआ निकलता देख कर अजय को सूचना दी। कालोनी के लोगों ने फोन कर बिजली कटवाने के बाद आग बुझाने पर लग गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस पहुंच गई। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम मालिक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि आग शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। संगम चौराहा पर 20 साल से गारमेंट्स का दुकान चलाता हूं। पिछले सप्ताह करीब तीन लाख रूपये के ऊनी कपड़ो का स्टॉक व स्कूली ड्रेस मंगाकर गोदाम में रखा था। जो जल कर राख हो गया है। दुकान व गोदाम का बीमा नहीं होने के कारण पूरी पूंजी ही डूब गई।

# सीएम से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर** उद्योग व्यापार मण्डल महानगर का एक प्रतिनिधि मण्डल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद टेकरीवाल के नेतृत्व में आज गोरखनाथ मन्दिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें गोरखपुर में कराये जा रहे विकास के लिए एवं मंडीशुल्क को दो प्रतिशत से घटा कर एक प्रतिशत करने पर धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही.साथ मुख्यमंत्री का ध्यान महानगर के कुछ समस्यायों के तरफ आकृष्ट कराते हुए शीघ्र उन समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। जिसमें मुख्य रूप से जाम की समस्याए, कुछ क्षेत्रों की सड़कों को ठीक कराने एवं गोलघर के दुकानों के सामने नालियों का सफाई कराने, दुकानों के आगे पानी का लगने, सड़क पर लगे ट्रान्सफार्मर को अन्य स्थान शिफ्ट कराने एवं गोलघर को नो वेडिंग जोन करा कर वहां पर लगा रहे ठेले व खुमचे वालों को कोई निश्चित स्थान आवंटित कराना शामिल है। प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश मंत्री एवं महानगर अध्यक्ष अनिल टिबड़ेवाल, वरिष्ठ महामंत्री राजकिशोर गुप्ता, गोलघर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राममोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जहिरुल्ला सम्मिलित थे।

## जीर्णोद्धार पर खुशी, सीएम को दिया धन्यवाद

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा घंटाघर का जीर्णोद्धार कराने को अधिकारियों को दिए गए दिशा निर्देश पर गुरुकृपा संस्थान एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक संयोजक बृजेश राम त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त किया। गोरखपुर वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री को आभार ज्ञापन करने का कार्यक्रम घंटाघर स्मारक पर रखा गया। गगनभेदी नारों के बीच स्मारक का 11 परिक्रमा कर एक दूसरे को खुशी व्यक्त करते हुए मिठाई खिलाया गया और आम जनों में भी मिठाई वितरित किया गया। उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी का भी आयोजन किया। बृजेश राम त्रिपाठी ने कहा कि विगत 11 वर्षों से लगातार बिस्मिल के बलिदान स्थल मण्डलीय कारागार, घंटाघर और राजघाट के पुल को पर बिस्मिल के व्यक्तित्व व कृतित्व को जीवंत करने की मांग की जा रही थी जो कि मुख्यमंत्री ने में संज्ञान लिया है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन की मौत

**अम्बेडकरनगर।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई । सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार अहिरौली थानान्तर्गत जैतपुर खास निवासी 60 वर्षीय मुलहरा देवी पत्नी स्व0 सीताराम पैदल कहीं जा रही थी। यादव नगर मिझौड़ा मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी सड़क दुर्घटना में अकबरपुर थानान्तर्गत बरवां नासिरपुर निवासी 22 वर्षीय राजेश पुत्र देवराज अकबरपुर बसखारी मार्ग पर निबियहवा पोखरा के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी सड़क दुर्घटना टाण्डा के निकट बाईपास पर हुई। जहां टाण्डा थानान्तर्गत बूधीपुर निवासी 58 वर्षीय मुखराम पुत्र स्व0 शंकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया जहां इलाज शुरू होने के थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई।

### किसान मेला 23 को

**गोरखपुर।** शासन द्वारा स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस के रूप में आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें जनपद स्तर पर सर्वाधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाले कृषि एवं सहयोगी विभागों द्वारा चयनित कृषकों तथा विकास खण्ड स्तर पर कृषि, गन्ना एवं उद्यान के चयनित कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि इस कार्यक्रम के आयोजन के साथ किसान मेला/प्रदर्शनी का आयोजन एनेक्सी भवन सभागार में 23 दिसम्बर को किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग/संस्था से संबंधित स्टाल/माडल लगाकर उपस्थित कृषकों को किसान मेला में नवीनतम कृषि तकनीकी कार्यक्रमों से अवगत कराये तथा उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### गोवंश लदे ट्रक को रोक कर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**अम्बेडकरनगर।** पशु आश्रय स्थल जा रहे जानवरों से भरे ट्रक को ग्रामीणों ने रोककर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पंहुचे उपजिलाधिकारी व थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा - बुझाकर शांत करवाया। मामला रविवार की रात का है। जानकारी के अनुसार महरूआ थाना क्षेत्र से पकड़े गये गोवंशो को नगर पालिका की मिनी ट्रक पर लाद कर मालीपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर भितरी गांव के निकट बने पशु आश्रय स्थल पर लेकर जाया जा रहा था। खड़वा अमरतल गांव के निकट पंहुचनें पर ग्रामीणों ने ट्रक को रोक लिया और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों को शंका थी कि इन जानवरों को यहीं छोड़ दिया जायेगा। चालक से ग्रामीणों द्वारा पशुओं से सम्बन्धित कागजात मांगे गये लेकिन उसके पास कोई भी कागजात नही था। नाराज ग्रामीण वहां बवाल काटने लगे। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सदर व मालीपुर थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत करवाया और ट्रक को पशु आश्रय स्थल भेजवाया। मालीपुर थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों को समझा -बुझाकर शांत किया गया। उनके मन में जो शंका थी उसे दूर किया गया।

### श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व सांसद, व्यक्त किया शोक

**अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त ने विधान सभा क्षेत्र आलापुर के ग्राम सभा इसौरी नसीरपुर में सपा नेता राजेश यादव की माता के निधन के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया है।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य प्रमोद यादव ,पूर्व ब्लाक प्रमुख हीरालाल यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अश्वनी यादव, पूर्व संदस्य जिला पंचायत रणजीत यादव, आशाराम त्यागी ,सपा नेता रामचन्द्र वर्मा,पूर्व प्रधान रियाजअहमद,रवींद्र यादव ,रंजनीकांत यादव, ब्लाक अध्यक्ष जहॉगीरगंज विनोद निषाद, जिला सचिव रामजीत निषाद,अजीत यादव ,अजीत गौतम,प्रबधंक रामसुरेश यादव,प्रधान जियालाल यादव,अखिलेश यादव,पपलू राममूरत गौतम, बाकेलाल गौतम,रामनाथ गौतम,प्रभाकर यादव,ओमप्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### ऋण नहीं लेने वाले किसान बैंक से करें संपर्क

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अधिसूचित फसलों का बीमा ऋणी किसानों के लिए स्वैच्छिक कर दिया गया है। फसली ऋण लेने वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक ऋणी किसान यदि अपनी अधिसूचित फसलों को बीमा (रबी 2020) नहीं कराना चाहते हैं तो बैंक शाखा स्तर पर जहां से उनकों के.सी.सी.फसली ऋण की सुविधा प्राप्त हुई है वहां 24 दिसम्बर तक लिखित रूप से अवगत करा दें अन्यथा किसानों के खाते से बैंक द्वारा फसल बीमा की प्रीमियम की धनराशि काट ली जायेगी। जो कृषक फसल बीमा कवर प्राप्त करने के इच्छुक है वे अपनी फसल एवं बोये गये क्षेत्रफल की सही जानकारी संबंधित बैंक को अविलम्ब उपलब्ध कराकर फसल बीमा कवर प्राप्त कर लें। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने दी है।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र अमानीगंज पर हुई मिशन प्रेरणा की बैठक

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र अमानीगंज पर सोमवार को प्रधानाध्यापक शिक्षक संकुल एसआरजीएआरपी की मासिक समीक्षा बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवम दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। गोष्ठी का संचालन शिक्षक वंशीधर द्विवेदी ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयहिंद सिंह ने शिक्षको का आवाहन किया कि शिक्षा क्षेत्र के सभी शिक्षक मिशन प्रेरणा से जुड़कर अमानीगंज को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए आगे बढ़कर सरकार की योजनाओं को अमली जामा पहनाएं। एआरपी राजकुमार तिवारी ने प्रेरणा लक्ष्य प्रेरणा सूची एवम प्रेरणा तालिका के बारे में विस्तृत समझ विकसित की तथा अध्यापको के मन मे विषय से संबंधित शंकाओं को दूर किया। इसी क्रम में एआरपी डॉ राम केश ने तीनों मॉड्यूल आधार शिलाए ध्यानाकर्षणए शिक्षण संग्रह को बेसिक शिक्षा की गीता कुरान और बाइबिल बताते हुए प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की । जिनमें प्रमुख रूप से गतिविधियां एतकनीकियां एवम शिक्षण योजना एशिक्षक डायरी आदिहै। एआरपी केके त्रिपाठी ने विस्तार से चर्चा करते हुए रीड डोगल एप पर जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने बताया कि भारत मे एक मिलियन लोग इसे देख चुके है। इसकी रेटिंग 4,3 है। दीक्षा एप पर भी बात साझा की गई। एसआरजी मनीष रस्तोगी ने ईपाठशाला पर विस्तृत चर्चा की । इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने कायाकल्प एवं विद्यालयो की समीक्षा बैठक की।

### राजबहादुर मिश्रा बने जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर।** उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की सहमति और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पाल की संस्तुति पर उप्र कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन कृपा शंकर मिश्रा ने जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयभान मिश्रा उर्फराजबहादुर मिश्रा को जिला कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है. जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल ने उनसे तत्काल कार्यभार ग्रहण कर संगठन को सहकारिता के क्षेत्र में मजबूती देने का आवाहन किया है । राजबहादुर मिश्रा के मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सै मेराजुद्दीन किछौछवी, मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी,पीसीसी सदस्य एवं उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ,कोषाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य दुर्गा प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्रा बब्लू, सुखीलाल वर्मा, गुलाम रसूल छोटू ,रामजीत उपाध्याय, शैलेंद्र मिश्रा, रवीश शुक्ला,अफरोज आलम बेग, धीरज पांडेय, जोखन यादव,मंजीत राजभर ,फखरूद्दीन और वरिष्ठ नेता वशिष्ठ पांडेय ने बधाई देते हुए जिला और प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया है ।

# प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया युवजन सभा की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**अयोध्या।** जनपद के सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब के सभागार में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया युवजन सभा की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष यू वजनसभा विजय यादव एवं चंदन यादव जिला अध्यक्ष युव जनसभा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रदेश अध्यक्ष में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के आदेश अनुसार 22 तारीख को राष्ट्रीय महासचिव आदित्य यादव प्रदेश के कई जनपदों का भ्रमण करके आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पदयात्रा के साथ.साथ लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी लोग राष्ट्रीय महासचिव का जगह.जगह स्वागत करके उनका सम्मान करने का काम करेंगे साथ ही साथ किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर घर.घर जाकर उनको जागरुक करने का कार्य करेंगे इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से विजय यादव प्रदेश अध्यक्ष युवजन सभा अनिल सिंह राणा प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ललित यादव जिलाध्यक्ष चंदन यादव, जिलाध्यक्ष यूजनसभा दीप यादव छात्र सभा के सचिव नितिन संदीप यादव के साथ दर्जनों की संख्या में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया युवजन सभा के तमाम पदाधिकारियों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान श्री राम के कलेवा के साथ विवाह उत्सव का हुआ समापन

- दशरथ राजमहल सहित अयोध्या के दर्जनों मंदिरों में भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों को खिलाया गया कलेवा



**अयोध्या।** भगवान श्री राम की राजधानी अयोध्या में पिछले 4 दिनों से विवाह महोत्सव की धूम मची हुई थी और रविवार को देर रात भगवान श्री राम के साथ चारों भाइयों और माता जानकी को कलेवा खिलाकर संपन्न हुई ।श्री सीताराम विवाह उत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध राजा दशरथ राजमहल बड़ी जगह मंदिर में श्री राम कथा व रामलीला का भव्य आयोजन के साथ ठाकुर जी का विवाह भी संपन्न हुआ। महंत बिंदुगदाचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में व संत राम भूषण दास कृपालुजी महाराज के संचालन में में हो रहा है। रविवार शाम को कथा व्यास बाल भरत के कथा के समापन हुआ। राम कथा के समापन अवसर पर श्री महाराज जी ने कह कि सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का विवाह की कथा सबको सुननी चाहिए। भगवान राम हम सबके आदर्श है। इससे पूर्व कथा के समापन अवसर पर आए संत महंतों का स्वामी राम भूषण जी महाराज उर्फ कृपालु जी ने माला व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किए। कथा के समापन अवसर पर जगतगुरु रामदिनेशाचार्य ए रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण ए महंत सुरेश दासए रामकथा मर्मज्ञ पवन शास्त्री सहित तो दर्जनों संतों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद मंदिर में राम कलेवा का आयोजन किया गया और प्रभु श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न को कलेवा खिला कर के विवाह उत्सव का समापन हुआ। माता जानकी जी के मायका जानकी महल ट्रस्ट में छप्पन भोग लगा कर के ठाकुर जी का कलेवा किया गया इस अवसर पर मंदिर में भव्य गायन का भी आयोजन किया गया और देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी को गाली भी सुनाई और कलेवा खिलाया। कलेवा के साथ भव्य विवाह महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम के संयोजक आदित्य सुल्तानिया ने बताया की जानकी महल के संस्थापक माता जानकी जी को अपनी पुत्री के रूप में मानते थे तब से हमारे यहां की यह परंपरा है कि हम लोग माताजी के पक्ष से विवाह उत्सव में शामिल होते हैं और प्रभु श्री राम सहित उनके चारों भाइयों का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाते हैं और कलेवा खिला कर के विवाह उत्सव का समापन करते हैं। श्री राम वल्लभा कुंज वेदांती मंदिर मणिराम दास की छावनी रंगमहल हनुमान बाग सहित अयोध्या के दर्जनों मंदिरों भगवान को खिलाया गया कलेवा।

# नगर पालिका का कारनामा

**अम्बेडकरनगर।** नगर क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा अलाव के लिए जलाई जा रही लकड़ी को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले को संज्ञान में लेते हुए ईओ ने त्वरित कार्रवाई किया । बीते रविवार को जहां लोग कडाके की ठंड की वजह से ठिठुर रहे थे वही नगर पालिका द्वारा नगर में अलाव के लिए ऐसी लकड़ी जलाई गई जिसको लेकर लोगों में काफी चर्चा का विषय बना रहा । नगर पालिका द्वारा यादव चौराहा, जमालपुर चौराहा व अन्य कई स्थानों पर ऐसे मोटे मोटे हरे पेड़ों की जड़ रख दिए गए जो जलने का नाम ही नहीं ले रहा था जिससे लोग काफी निराश दिखे । इसको लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने कड़ी आपत्ति जताई और प्रशासन से नगर पालिका की इस हरकत पर रोक लगाने की मांग किया वही ईओ धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए ऐसे लकड़ियों को तुरंत हटवा लिया।

# श्रीराम नगरी में गरीबों के लिए खुला कपड़ा बैंक

- राजकीय आईटीआई के सामने संत रामभूषण दास कृपालुजी महाराज ने कपड़ा बैंक का किया उद्घाटन




**अयोध्या।** ऐसा माना जाता है की शरद ऋतु बहुत ही सुहानी होती है लेकिन यह रितु गरीबों के लिए बहुत कष्टकारी होती है क्योंकि अगर इसमें पहनने के लिए और रात्रि में शरीर पर उड़ानें के लिए राजाई या कंबल नहीं है तो रात नहीं कटती है। ऐसे में भगवान श्री राम के विवाह के उपरांत 'हेल्प सेफ्टी एंड केअर फाउंडेशन' द्वारा राजकीय आईटीआई के सामने बेनीगंज अयोध्या में 'कपड़ा बैंक' का खोलकर गरीबों के लिए जीवनदान का कार्य किया है। कपड़ा बैंक का उद्धघाटन चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ राजमहल के महंत बिंदुगाद्याचार्य जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य संत राम भूषण दास कृपालु जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया।कपड़ा बैंक का उद्घाटन करते हुए कृपालुजी महाराज ने कहा की संपन्न व्यक्ति को चाहिए कि समाज में कोई भी व्यक्ति इस जाड़े की रात में बिना कपड़े के ना रहे। हेल्प सेफ्टी एंड केयर फाउंडेशन द्वारा भगवान श्री राम की जन्म स्थली में कपड़ा बैंक की स्थापना करके गरीबों के लिए मसीहा का काम किया है। आज के लोगों से अनुरोध करता हूं कि जो कपड़ा उनके उपयोग में ना हो उसको स्वच्छता से धूल करके इस बैंक के पास जमा कर दें जिससे समाज में गरीबों के पास वह कपड़ा पहुंच सके। उद्धघाटन के मौके पर संस्था के अध्यक्ष वेद व्यास पांडेय ने बताया कि ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए संस्था ने गरीब परिवारों के लिए ये कपड़ा बैंक शुरू किया है जो किसी परिस्थिति बस कपड़ा के कमी के कारण ठंड से लड़ रहे हैं वो यहाँ से आकर अपने जरूरत का कपड़ा नि:शुल्क ले जा सकते हैं और साथ ही जो लोग समर्थ है उन लोगो से निवेदन भी किया की आप नए या पुराने कपड़े संस्था को दान करें उसे हमारी संस्था पूरी निष्ठा के साथ जरूरतमंदों तक पहुँचाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि संस्था की एक टीम आपके घर से कपड़ा कलेक्ट करने का काम करेगी और यह बैंक पूरी ठंडी संचालित किया जाएगा इसके लिए संस्था ने पूरा इन्तजाम कर रखा है। इस मौके पर संस्था की कोषाध्यक्ष पूजा पांडेय, उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद गुप्ता, सक्रिय मेम्बर संगीता गौड़, अशोक कुमार वर्मा, राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# बसखारी थाना क्षेत्र में चला सघन चेकिंग अभियान


**अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बसखारी पुलिस ने क्षेत्र में गाड़ियों का सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए 35 गाड़ियों का चालान काटा एवं साथ ही 11 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल कर राजस्व में वृद्धि भी की। बता दें कि कोविड-19 के अनुपालन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में सोमवार को बसखारी थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल के साथ गाड़ियों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें छोटी बड़ी गाड़ियों को मिलाकर कुल 35 गाड़ियों का चालान काटा गया और साथ ही 11 हजार रुपए का राजस्व भी एकत्रित किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे के द्वारा कोविड-19 का पालन करने के संदर्भ में भी सख्त निर्देश दिए गए। चेकिंग अभियान के दौरान थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि आज का चेकिंग अभियान कोविड-19 के परिपेक्ष में लगाते हुए 35 गाड़ियों का चालान काटा गया और साथ ही वाहन चालकों से 11 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल कर राजस्व में वृद्धि भी की गई।

# जिलाधिकारी की फेसबुक आईडी हैक

- मित्र से मांगी 20 हजार की मदद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की फेसबुक आईडी को हैकर ने हैक कर लिया। फेसबुक आईडी को हैक करने के बाद हैकर ने जिलाधिकारी के कवि मित्र कुंदन सिद्धार्थ से 20000 की सहायता मांगी तथा उसे अगली सुबह वापस करने का वादा किया। जिलाधिकारी स्तर के व्यक्ति द्वारा 20000 की मदद मांगे जाने से कुंदन सिद्धार्थ के माथे पर बल पड़ गया और उन्होंने तुरंत इसे हैकर की करतूत समझने में देर नहीं लगाई ।कुंदन सिद्धार्थ ने उससे उसका नाम व मोबाइल नंबर पूछा जिस पर उसने अपना नाम राजकुमार बताया। कुंदन ने इस संबंध में जिलाधिकारी को जानकारी दी जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल की सक्रियता के बाद फेसबुक ने हैकर्स द्वारा हैक की गई आईडी को ब्लॉक कर दिया।



कुंदन सिद्धार्थ से हैकर की हुई बातचीत

जिलाधिकारी ने खुद ही फेसबुक पर पोस्ट कर हैकर्स की करतूत की जानकारी दी तथा कहा कि फेसबुक ने अपना काम कर दिया है अब आगे का काम पुलिस कर रही है। जिलाधिकारी की फेसबुक पर राकेश के नाम से ही फेसबुक आईडी थी जिसे हैक करते समय हैकर्स ने चूक कर दी।

# मजदूरी की मांग को लेकर मनरेगा मजदूरों ने किया प्रदर्शन



**अम्बेडकरनगर।** मजदूरी की मांग को लेकर मनरेगा मजदूरों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरान्त मजदूरों ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र सौंप कर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफकार्यवाही की मांग की है।

मामला अकबरपुर तहसील अन्तर्गत बेवाना ग्राम सभा का है। मजदूरों का आरोप है कि बीते अप्रैल-मई माह में उन लोगों द्वारा मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई का कार्य किया गया था। कार्य पूरा हो जाने के उपरान्त उनकी मजदूरी का भुगतान नही किया गया। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से कई बार मजदूरी का भुगतान करने के कहा गया लेकिन उनके द्वारा डांट कर भगा दिया गया। इसकी शिकायत पूर्व में तहसील दिवस में भी की गई थी लेकिन वहां से भी कोई सुनवाई नही हुई। इसके अलावां मजदूरों ने खड़न्जा लगाने में किये गये घोटाले, अपात्रों को दिये गये प्रधानमंत्री आवास व ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में रमेश, गनेश, निन्हू, सुशीला, रमाशंकर, मीरा देवी, सोना सहित एक दर्जन से अधिक मजदूर मौजूद थे।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का जन्मदिन

**अयोध्या।** जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर 2020 को सुसासन दिवस मनाया जाना है। सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत कल्याण के लिए संकल्पित है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में दिनांक 25 दिसम्बर 2020 को पूर्वान्हन 10:30 बजे से कृषि मेला गोष्ठी एवं प्रर्दसनी आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इन कार्यक्रमों का प्रत्येक विकासखण्ड स्तर तथा मण्डी परिसरों पर संयोजन कृषि विभाग द्वारा किया जायेगा। इसमें सहकारिता, पशुपालन, उद्यान, दुग्ध विकास, गन्ना आदि विभागों से सम्बंधित अधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक विकासखण्ड में 500 किसान प्रतिभाग करेंगे। उपरोक्त के अतिरिक्त उद्यान एवं पषुपालन से 50.50 कृषक भी प्रतिभाग करेंगे।

# स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने लापरवाही पर जताई नाराजगी

- दो चिकित्साधीक्षकों के विरूद्ध जांच का दिया निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर




**सोमवार को** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मातृ मृत्यु समीक्षा, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, क्वालिटी इन्श्योरेंस, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, महिला -पुरूष नसबंदी की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ -साथ वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के विषय में जानकारी ली गई। वित्तीय प्रगति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार का भुगतान अनावश्यक लंबित न रखा जाए। इसके अलावां आगामी 17 जनवरी से संचालित पल्स पोलियो अभियान से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधीक्षकों को आगामी दस जनवरी तक माइक्रो प्लान मुख्य चिकित्साधीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावां आगामी चार जनवरी से प्रस्तावित संघन कुष्ठ रोग खोजी अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड भीटी व कटेहरी में संस्थागत प्रसव के सापेक्ष हेपाटाइटिस बी टीकाकरण की उपलब्धि में लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा दोनों अधीक्षकों के विरूद्ध जांच हेतु जांच कमेटी गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार,डा0 सालिक राम पासवान, डॉ0 जय प्रकाश वर्मा जिला होम्योपैथिक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीएमसी एस0एम0 नेट सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राहुल की स्वीकार्यता

## विरोधियों को मनाने के प्रयास



**ऐसा** लगता है कि राहुल को पार्टी अध्यक्ष बनाने के लिए समर्थन के बदले कांग्रेस में विरोधियों को मनाने के प्रयास हो रहे हैं। 'सक्रिय व प्रभावी नेतृत्व' की मांग करने वाले वरिष्ठ विरोधी नेताओं की बात सुनने के प्रयास कांग्रेस की निष्प्रभावी व परिवर्तन-विरोधी पार्टी की छवि सुधारने के लिए भी हैं। निर्वाचित अध्यक्ष की मांग पर दबाव बढ़ने से राहुल गांधी ने काफी समय से पार्टी अध्यक्ष पद स्वीकारने से इनकार किया है, पर अब उन्होंने अपना रुख नरम कर लिया है। वे कह रहे हैं कि 'पार्टी के लिए उसकी इच्छानुसार' काम करने को तैयार हैं। इसे पार्टी प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के इस बयान के साथ देखा जाना चाहिए कि कांग्रेस में '99.9 प्रतिशत से अधिक' लोग राहुल गांधी को नेता के रूप में चाहते हैं। पार्टी में प्रथम परिवार के विश्वासपात्र कमलनाथ ने विरोधियों के साथ बैठक आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में लगता है कि यह बैठक एक समझौते के लिए थी। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी का चुनाव होना चाहिए ताकि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छवि बने और इसके बाद निर्वाचित नेता मतदान के बिना राहुल गांधी को अध्यक्ष चुन लें अथवा जनता को यह दिखाने के लिए चुनाव भी हो सकता है कि राहुल गांधी सभी वरिष्ठ नेताओं की पसंद हैं। कोई छिपी बात नहीं है कि निवर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी शिखर पर गांधी परिवार की निरंतरता बनाए रखना चाहती हैं। वे किसी अन्य को नेतृत्व सौंपने पर तैयार नहीं हैं और इसके कारण पार्टी में लंबे समय से नेतृत्व का संकट है तथा राज्यों के एक के बाद दूसरे नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। बिहार में पार्टी के अत्यधिक खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी नेताओं ने पत्र लिख कर व उसे प्रचारित कर सांगठनिक चुनावों के लिए दबाव बनाया था ताकि जमीनी नेताओं को प्रतिनिधित्व मिले, यथास्थिति समाप्त हो तथा प्रतिभा को सम्मान मिले। सोनिया, राहुल व प्रियंका गांधी की तथाकथित 'विद्रोहियों' के साथ बैठक विद्रोहियों को संतुष्ट करने का प्रयास है जिसमें पत्र लिखने वाले सभी 23 नेता शामिल थे। उनकी समस्याओं को संबोधित करने का वादा कर सोनिया गांधी ने संभवत: राहुल के प्रति समर्थन जुटाया है।

गांधी परिवार ने समझ लिया है कि उनको स्वेच्छाचारियों की तरह देखा जाता है और एक समय पार्टी के दरबारी रहे लोग भी अब रचनात्मक आलोचना का अधिकार खो चुके हैं। सोनिया ने उनको पार्टी के भीतर भी हाशिए पर धकेल दिया है। हालांकि, सभी कार्यकर्ताओं की उम्मीदें प्रियंका पर टिकी हैं जो जमीनी अभियानों में राहुल से ज्यादा सक्रिय हैं, पर पार्टी अभी उत्तर प्रदेश में लड़खड़ा रही है। प्रियंका के सर्वोत्तम प्रयासों ने कांग्रेस को एक एनजीओ बना दिया है। ऐसे में गांधी परिवार कहां तक प्रभावी हो सकता है, जबकि विरोधी सुर अपनाने वाले जितिन प्रसाद व राज बब्बर जैसे वरिष्ठ नेताओं को सालों तक जमीनी काम करने के बावजूद राज्य चुनाव समिति से बाहर किया गया है। वरिष्ठ विश्वासपात्र नेता सलमान खुर्शीद इस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें निर्मल खत्री व नसीब पठान को शामिल किया गया है। खत्री और पठान को सोनिया को पत्र लिखने वाले 'विरोधियों' के विरोध के लिए ईनाम दिया गया है। यदि कांग्रेस में सुलह हो जाती है तो भी यही संदेश जाएगा कि 'हमारे साथ रहो अथवा अंधकार में धकेले जाने के लिए तैयार रहो।' राहुल को पुन: नामांकित करने का अर्थ पार्टी की प्राथमिकता होगा जिस पर चुनाव परिणामों का प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछला साल कांग्रेस के लिए कठिन था तो भाजपा की प्रचार मशीनरी तथा आरएसएस के प्रभावी नेटवर्क को देखते हुए 2022 के पहले वाला साल भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महामारी के बाद अपनी बहुत अच्छी छवि बनाई है। प्रवासियों को आवागमन में सहायता व उनको रोजगार देने वाले पहले प्रदेश के साथ ही अब राज्य तेजी से बिजनेस सुगमता सूचकांक में ऊपर बढ़ रहा है। आर्थिक बहाली व सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी होने पर कांग्रेस की राजनीति कठिन हो जाएगी। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती बहुत कठिन होगी।

# केरल में घटा कांग्रेस का जनाधार

केरल में त्रिस्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस नीत यूडीएफ का जनाधार तेजी से घटा है।



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



केरल ने राज्य की चिड़िया, फूल, वृक्ष, जानवर व मछली के रूप में ग्रेट इंडियन हार्नबिल, लेबरनम कैसिया, नारियल, हाथी व पर्लस्पाट को स्थान दिया है। दुर्भाग्य से ये सभी वहां विलुप्ति के कगार पर हैं जिसका कारण व्यापक पर्यावरण विनाश और भारी निर्वनीकरण है। राज्य में औद्योगीकरण भी नहीं हुआ है क्योंकि निवेशक वहां निवेश के पहले कई बार सोचते हैं। केरल देश का एकमात्र राज्य है जहां उद्योगपति नौकरशाही व उसके राजनीतिक आकाओं के कारण आत्महत्या तक पहुंच सकते हैं। पहला मामला आने के बाद 100 दिन में महामारी को समाप्त करने का दावा करने वाला राज्य अब तीसरी लहर का सामना कर रहा है और स्वास्थ्य मंत्री के.के.शैलजा लोगों से खुद को लाकडाउन के लिए तैयार रहने की बात कह रही हैं। राज्य में यह स्थिति स्थानीय निकाय चुनाव परिणाम आने के बाद बनी है।

ऐसे में प्रख्यात कार्टूनिस्ट आर.के.लक्ष्मण की याद आती है। 1980 के दशक में उनके बनाए एक कार्टून में मुख्यमंत्री के. करुणाकरन के समय दो कैबिनेट मंत्रियों के बीच तकरार में एक दूसरे पर चिल्लाते हुए कहता है, 'मैं तुमसे ज्यादा ईमानदार हूं। तुम पर भ्रष्टाचार के आठ आरोप हैं और मुझ पर केवल छह।' 2020 में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। माकपा नीत गठबंधन सरकार में बैठे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार, अनैतिकता व घोटालों के आरोप हैं। विधानसभा अध्यक्ष पी. श्रीरामकृष्णन ने एक प्रेस बैठक आयोजित कर विपक्ष को धमकी दी कि उनका नाम सोने की स्मगलर स्वप्ना सुरेश मामले में लेने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

थिरुअनंतपुरम में यूएई के कौंसिलेट जनरल कार्यालय जाने वाले पर्यटन मंत्री के. सुरेन्द्रन का दावा है कि उनको कौंसिलेट के सामने ट्रैफिक जाम की समस्या पर चर्चा के लिए बुलाया गया था। उच्च शिक्षा मंत्री व प्रतिबंधित इस्लामिक स्टूडेंट्स मूवमेंट आफइंडिया-सिमी के पूर्व नेता के.टी. जलील के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। मुख्यमंत्री पिनारई विजयने के अतिरिक्त निजी सचिव सी.एम. रवीन्द्रन से प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने पिछले 20 साल में उनके व उनकी पत्नी के पास आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूछताछ की है।

मुख्यमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव एम. शिवशंकर जेल में हैं और उनको जमानत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री के सचेतक कहे जाने वाले शिवशंकर को स्वप्ना सुरेश, सरित व संदीप नायर से कथित संपर्क के आरोप में कस्टम व ईडी ने गिरफ्तार किया है जिन पर राजनयिक चैनलों से सोने की स्मगलिंग के आरोप हैं। अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों द्वारा पिनारई विजयन से पूछताछ का खतरा मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया है कि केन्द्र ईडी व डीआरआई एजेंसियों का प्रयोग झूठ फैला कर उनकी 'अच्छी छवि' खराब करने का प्रयास कर रहा है। सोने की तस्करी के साथ ही एजेंसियां हवाला लेनदेन, लाइफ मिशन रिश्वत तथा के-फोन घोटाले की जांच कर रही हैं।

सरकार की ये सभी योजनायें भयंकर घोटालों व रिश्वतखोरी का शिकार हैं। ईडी व एनसीबी द्वारा नशे की तस्करी, हवाला लेनेदेन व मनी लांड्रिंग के आरोप में छोटे बेटे बिनेश कोडयरी की गिरफ्तारी के बाद पार्टी सचिव के पद से कोडयरी बालकृष्णन को इस्तीफा देना पड़ा है।

इसी पृष्ठभूमि में त्रिस्तरीय स्थानीय निकाय चुनाव हुए। अनेक भ्रष्टाचार आरोपों से घिरी माकपा अब तक का सबसे कठोर संघर्ष कर रही थी। मुख्यमंत्री ने स्वयं आरोपों की जांच केन्द्रीय एजेंसियों से कराने की मांग की थी। लेकिन उनको जांच की गहराई का अनुमान नहीं था जिसके कारण राज्य की जनता माकपा से जुड़ी सभी चीजों को अवैध मान रही है। विडंबना है कि 1925 में मलाबार के महान सामाजिक सुधारक वागभट्टानंद द्वारा उत्पीड़ित वर्गों की सहायता के लिए शुरू एनजीओ यूएलसीसीएस पर माकपा ने कब्जा कर लिया और वह पार्टी के लिए मनी लांड्रिंग का साधन बन गया है। केरल के सुपर चीफ मिनिस्टर कहे जाने वाले रवीन्द्रन से ईडी यूएलसीसीएस के अवैध समझौतों के बारे में पूछताछ कर रही है। स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों की गहरी छानबीन से कुछ मजेदार तथ्य सामने आते हैं। हालांकि, माकपा नीत एलडीएफको 6 नगर निगमों में बहुमत मिला है और वह पालाबदल या कांग्रेस की सहायता से दो अन्य पर कब्जा करने में सफल होगी। लेकिन थिरुअनंतपुरम नगर निगम में 30 से अधिक सीटों वाली कांग्रेस अब केवल 10 सीटों तक सिमट गई है।

माकपा की विजय वाली अधिकांश सीटों पर उसका मुकाबला भाजपा नीत एनडीए से हुआ। हालांकि भाजपा किसी जिला पंचायत पर कब्जा करने में विफल रही जिनमें से 10 पर एलडीएफव चार पर यूडीएफ ने कब्जा किया। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को 86 में से 45 व एलडीएफको 35 पर विजय मिली। राजग ने पलक्काडु नगर परिषद पर कब्जा बनाए रखा तथा उसने माकपा से पंधलम नगरपालिका छीन ली। 941 नगर पंचायतों में से एलडीएफने 514, यूडीएफने 375 व एनडीए ने 23 पर विजय पाई। उद्यमी साबू एम. जैकब द्वारा 2015 में शुरू राजनीतिक संरचना टवेंटी-टवेंटी ने न केवल उनके गृह क्षेत्र किजिक्कामबलम पर कब्जा किया, बल्कि वह स्थापित राजनीतिक पार्टियों को आश्चर्यचकित करते हुए तीन अन्य ग्राम पंचायतों पर कब्जा करने में सफल हुई।

लेकिन कांग्रेस नीत यूडीएफको लगा झटका चर्चा का विषय है। मई, 2019 में लोकसभा चुनाव में इस मोर्चे ने राज्य की 20 में से 19 सीटों पर विजय पाई थी लेकिन इस बार उसे भारी नुकसान हुआ है। राजनीतिक टिप्पणीकार पी. राजन के अनुसार, 'यह कांग्रेस आलाकमान की कमजोरी का प्रमाण है। अल्पसंख्यक वोटों के ध्रुवीकरण के कारण यूडीएफको 2019 में सफलता मिली थी। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 2018 में विजय पाई थी। केरल में अल्पसंख्यकों को विश्वास था कि कांग्रेस 2019 में यह विजय दुहराएगी, लेकिन वे गलत सिद्ध हुए। इसलिए अल्पसंख्यक व खासकर ईसाई कांग्रेस से दूर होने लगे।' उनके अनुसार इस्लामी आतंकवाद व लव जिहाद के मामले पर कांग्रेस की नरमी से चर्च व खासकर बिशप आशंकित हैं।

केरल के मतदान पैटर्न पर नजर रखने वाले साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ श्रीजित पनिक्कर के अनुसार पिछले साल यूडीएफ का आधार कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा, 'अधिकांश स्थानों पर भाजपा दूसरे स्थान पर हे। यह परिवर्तन एक राजनीतिक प्रक्रिया का संकेत देता है जिसका नतीजा केरल में तीसरे विकल्प का निर्माण हो सकता है। परंपरागत यूडीएफ वोट अब एनडीए की ओर जा रहे हैं। कांग्रेस को इस्लामी अतिवादी पार्टियों जैसे वेल्फेयर पार्टी आफइंडिया व एसडीपीआई के प्रति अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस व यूडीएफ द्वारा प्रचारित सेक्युलरवाद पर गंभीर विमर्श जरूरी है क्योंकि राज्य के ईसाई अल्पसंख्यक अब उसके इरादों पर संदेह कर रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को यह चर्चा शुरू करनी चाहिए।' उनके अनुसार केरल कांग्रेस भी नेतृत्व संकट का सामना कर रही है क्योंकि 'ओमन चांडी जैसा कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो सभी वर्गों को स्वीकार्य हो और चांडी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं।'

हालांकि, भाजपा एक ऐसी स्थिति में पहुंच गई है जहां वह राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। केरल तीसरे विकल्प की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन शायद यह प्रतीक्षा जल्दी समाप्त नहीं होगी। राजन के अनुसार, 'यदि भाजपा सही रणनीति पर अमल करे तो वह 2021 के विधानसभा चुनाव में तीसरा विकल्प दे सकती है।' उस समय तक केरलवासियों को प्रतीक्षा करनी होगी जिस प्रकार अपनी प्यास बुझाने के लिए ग्रेट इंडियन हार्नबिल बरसात की प्रतीक्षा करती है। भाजपा में भी गुटबाजी है। सच्चाई यह है कि वर्तमान महत्वपूर्ण समय में पार्टी के पास कोई सक्षम नेता नहीं है। पार्टी के पास अपने सरिता नायर और स्वप्ना सुरेश जैसे लोग हैं।

# संतुलनकारी दृष्टिकोण अपनाए आरबीआई

" जहां तक मुद्रास्फीति की निगरानी तथा वृद्धि पर जोर देने का सवाल है, केंद्रीय बैंक को एक सजगतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाना होगा। "

**मीनल शर्मा जगताप**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)



वर्ष 2020-21 में जुलाई-सितम्बर की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के आंकलन सभी के लिए राहत लेकर आए हैं, जिससे काफी चर्चित वी-आकार के सुधारों की उम्मीद जागी है। 2020-21 की दूसरी तिमाही में 2011-12 की कीमतों पर स्थिर सकल घरेलू उत्पाद 2019-20 की दूसरी तिमाही में 35.84 लाख करोड़ के विपरीत 33.14 लाख करोड़ आंका गया है, जो 2029-20 की दूसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 7.5 प्रतिशत का संकुचन दर्शाता है। पहली तिमाही में 23.9 प्रतिशत संकुचन के विरुद्ध 7.4 प्रतिशत का यह संकुचन एक जबर्दस्त सुधार का परिचायक है और चालू दामों पर यह केवल 4 प्रतिशत रहने वाला है।

घरेलू तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था की समष्टि आर्थिक एवं वित्तीय घटनाओं का पुनरीक्षण करके साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण विकसित करते हुए, मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर 4 प्रतिशत, बैंक दर एवं सीमांत स्थाई सुविधा दर 4.25 प्रतिशत तथा रिवर्स रेपो दर 4.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत पर निर्देशित 2-6 प्रतिशत मुद्रास्फीति लक्ष्य से ज्यादा है। 2016 में निर्धारित लक्ष्य के लिए केंद्रीय बैंक को हेडलाइन मुद्रास्फीति उसकी परास के मध्य बिंदु पर 4 प्रतिशत रखने की आवश्यकता है। वर्ष के अधिकतम समय के लिए, खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक की सहनशीलता सीमा से बाहर रही है, जिसका मुख्य कारण लाकडाउन के कारण आपूर्ति पक्ष की ओर से पड़ने वाले दबाव हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति ने आरबीआई को दरों में आगे और कटौतियां करने से रोक दिया है। अधिक प्रत्यक्ष राजकोषीय सहयोग की अनुपस्थिति में, आरबीआई ने इस वर्ष कुल मिलाकर 115 आधार बिंदुओं से कम कर एवं प्रणाली में प्रचुर मात्रा में तरलता प्रवाहित कर उत्तोलन किया।

आरबीआई द्वारा लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यों का पुनरीक्षण मार्च 2021 के बाद होगा और कुछ अर्थशास्त्रियों को लगता है कि केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को लक्षित दायरे के भीतर रखने का प्रयास करने के बजाए अत्यधिक ऊष्णता पर नजर रखनी चाहिए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने भी संकेत दिया है कि वह सक्रिय रूप से अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति को सहन करेगा।

आरबीआई के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्य का पुनरीक्षण एसे अति आवश्यक राहत दे सकता है क्योंकि उस पर अर्थव्यवस्था के पुनरोत्थान हेतु दबाव बढ़ रहा है। आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति के द्वारा सहायता दी है और सरकार के राजकोषीय उपायों को सहयोग देने के लिए गैर परम्परागत मौद्रिक नीति उपकरणों का इस्तेमाल किया है। उसने गुणक प्रभावों के साथ क्षेत्रों में तरलता सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं, बांड बाजारों पर अपनी मौद्रिक नीति व ऋण प्रबंधन के संचालन में आरबीआई के संकेतों पर प्रतिक्रिया देने का दबाव डाला है। आरबीआई द्वारा प्रयुक्त गैर परम्परागत मौद्रिक नीति औजारों में से एक था आपरेशन ट्विस्ट। इसका अर्थ होता है दीर्घकालीन परिपक्वता वाली सरकार की धारिताओं की खरीद एवं खुले बाजार परिचालनों के अधीन समान मात्रा में धारिताओं का विक्रय। कार्य प्रणालियों को दीर्घकालीन प्राप्तियां कम करके दीर्घकालीन ब्याज दरों पर अधोगामी दबाव डालना। लक्षित क्षेत्रों में तरलता बढ़ाने के उपायों के साथ-साथ, वह वित्तीय बाजारों को गहरा करने, बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं विनियामक सहयोग के द्वारा में पूंजी संरक्षित करने, लेखा परीक्षण प्रकार्यों को मजबूत करके पर्यवेक्षण को बल प्रदान करने, वाह्य व्यापार को सहज बनाने एवं वित्तीय समावेशन का विस्तार करने के लिए पहलकदमियां की हैं।

आगे बढ़कर, केंद्रीय बैंक के लिए प्रारम्भिक चुनौती है पिंड न छोड़ने वाली मुद्रास्फीति से निबटना जबकि उसकी निगाह दृढ़तापूर्वक अर्थव्यवस्था के पुनरोत्थान पर है। 3 दिसंबर को मौद्रिक नीति में, आर्रबीआई ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति को तीसरी तिमाही के लिए 2020-21 के लिए 6.8 प्रतिशत पर रखा है और चौथी तिमाही के लिए 5.8 प्रतिशत पर। ये अनुमान ऊंचे उठे स्तरों पर खाद्य कीमतों के संभावित रूप से जारी रहने के कारण तथा कोर मुद्रास्फीति पर लागत-प्रभाव के दबावों के कारण किए गए थे।

दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों को देखकर मिली प्रसन्नता के अलावा, भय समष्टि आर्थिक दसिथतियों की अनिश्चितता के कारण है और यह तथ्य कि वर्तमान उछाल केवल मांग बढ़ने, त्यौहार के मौसम एवं आपूर्ति श्रंखला में शुरुआती सहजता के कारण हो सकती है।

आरबीआई द्वारा किए गए उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के परिणामों से जाहिर हुआ कि उपभोक्ता का विश्वास एक वर्ष पूर्व की तुलना में नवंबर में काफी कम था। हालांकि, इसमें सितम्बर के पूर्व चक्र में सर्वाधिक गिरावट वाली स्थिति से कुछ सुधार आया। निम्न उपभोक्ता विश्वास नौकरी के परिदृश्य, रोजगार के स्तरों, पारिवारिक आय एवं देश में आर्थिक सुधार से संबंधित लोगों के मन में व्याप्त असुरक्षा की भावना का परिलक्षण होता है। हालांकि, परिवार एक वर्ष आगे के परिदृश्य को लेकर आशावान हैं जैसा कि भावी अपेक्षा सूचकांक में परिलक्षित होता है। इसलिए, सरकार तथा केंद्रीय बैंक के नीति संबंधी प्रोत्साहनों से बढ़ी वृद्धि को बनाए रखने के लिए मुद्रास्फीति का प्रबंधन बेहद अहम है।

अभी तक, कोविड-10 महामारी की प्रतिक्रिया के तौर पर तरलता पैदा करने के लिए आरबीआई के प्रयास तथा सरकार की राजकोषीय जिम्मेदारी में सहयोग के उद्देश्य पूरे हुए हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेश एवं विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के साथ तरलता का अंत: प्रवाह उच्च रहा है और आरबीआई रिवर्स रेपो परिचालनों के द्वारा उसे संभाल रहा है। जहां तक मुद्रास्फीति की निगरानी तथा वृद्धि पर जोर देने का सवाल है, केंद्रीय बैंक को एक सजगतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाना होगा। उसे संतुलनकारी कदम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## आप की बात

### घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दें

**हम** देख रहे हैं कि जहां एक तरफ कोरोना का प्रकोप खत्म नहीं हुआ है तो वहीं दूसरी ओर ठंड ने भी अपना कहर बरसाना शुरू कर दिया है। ठंड के कारण उन लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही एक तरफ जहां वायरस ने चिंता बढ़ा रखी है तो वहीं दूसरी ओर ठंड ने भी अपना प्रकोप बरकरार रखा है। धीरे धीरे उत्तर भारत और पश्चिम के इलाकों में ठंडी लहरों का प्रकोप शुरू हो गया है। कहीं जगह बर्फबारी के कारण जल संकट आने की संभावनाएं हैं। इसके लिए हमें पहले से तैयार रहना होगा।उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में सर्दी अभी से रिकॉर्ड तोड़ने की दिशा में बढ़ चली है। पिछले 5 सालों के आंकड़ों को देखें तो इस साल सर्दी उन सबसे ज्यादा हुई है। ठंडी के मौसम में हमें खासा ध्यान देना होगा। सबसे अधिक रूप से हमें अपने स्वास्थ्य का देखभाल करना होगा। एक सामाजिक इंसान होने के नाते हमें ठंड के प्रकोप से वंचित लोगों की मदद भी करनी होगी जिससे कि हम अन्य लोगों की जान बचा पाए।कोरोना महामारी किस काल में हमारे चरित्र कथा बहुत ज्यादा जरूरी है परंतु अब जब दो दो कठिनाइयां वायरस और ठंड के रूप में हमारे सामने आई हैं तो हमें अपनी सदस्यता में दोगुना इजाफा करना होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### मानवता के दुश्मन

**आपदा** के समय लोग पीड़ितों की मदद को आगे आते हैं। ऐसी मिसाल सुनकर सेवा भावियों का मन बाग बाग हो जाता है मगर सेवा की आड़ में पैसों के लिए किसी की जान से खेलना आजकल आम हो गया है। ऐसे में असली सेवाधारी बदनाम होते हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में नकली प्लाज्मा बेचने का मामला सामने आया है जिसमें 46 मरीजों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। जब तक वैक्सीन बाजार में ना आए और उसका आम लोगों को लाभ न मिले तब तक मास्क और शारीरिक दूरी ही बचाव का एक रास्ता रह गया है। लापरवाही के चलते संक्रमण और उससे मौतें जारी है मगर लोगों को जीते जी मारने का गोरखधंधा ग्वालियर में पकड़ में आया है जहां एक लैब टेक्नीशियन की करतूतों से सामान्य खून को प्लाज्मा बताकर मरीजों को चढ़ाया जा रहा था। प्लाज्मा के नाम पर मरीजों से तगड़ी वसूली भी की गई थी। बेचारे लोग विश्वास में प्लाज्मा खरीदते रहे और परिजन दम तोड़ते रहे। निश्चित रूप से इस तरह की घटना मानवता को तार-तार करने वाली है। लोगों ने केवल पैसों के लिए गोरखधंधे खोलकर जेबे भरने का काम किया है उसके लिए कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


### बंगाल में चुनावी बिगुल

**हाल** ही में खत्म हुए बिहार विधानसभा चुनाव और दक्षिण के हैदराबाद नगर निकाय चुनावों में बेतहाशा जीत दर्ज करने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब विजय रथ लेकर, बंगाल में भी अपना दांव खेल रही है।भाजपा ने 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीतकर, तृणमूल कांग्रेस की दीदी को बड़ा झटका दिया था।पिछले दिनों हुए पथराव में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को निशाना बनाया गया, इसपर भी टीएमसी और भाजपा के बीच पारा और गरम हो गया।बीते दिनों गृह मंत्री अमित शाह बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर गए, जहां वे सोनार बंगला का मंत्र दिया।इतना ही नहीं, शाह ने 300 भाजपा कार्यकर्ताओं को मारे जाने का भी ठीकरा टीएमसी पर फोड़ा।दुर्गा पूजा पर, प्रधानमंत्री भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिरकत किए थे।अब देखना होगा कि शाह की रणनीतिक चाल काम आएगी या फिर दीदी के सिर पर फिर बंगाल का ताज होगा? दोनों ही दल के नेता, आरोप प्रत्यारोप के बीच जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**पुलिस** द्वारा 600 पार्टी नेताओं को नोटिसें जारी किया जाना संविधान का पूर्णरूपेण उल्लंघन है जो अभिव्यक्ति की आजादी व शांतिपूर्ण सभा का अधिकार देता है।

– **चंद्रबाबू नायडू**
तेदेपा प्रमुख



**यूके** और यूरोपीय संघ पश्च-ब्रेक्सिट व्यापार वार्ताएं जारी रखेंगे। लेकिन एक अंतराल बना हुआ है जिसे पाटने की आवश्यकता है।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**मैं** अने देश के किसानों से धोखा नहीं कर सकता जब वे सड़कों पर सो रहे हैं और तापमान 2 डिग्री सेल्यियस तक गिर गया है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# योगी बनारस पहुंचे, आज करेंगे समीक्षा बैठक

● सर्किट हाउस में जिले के आला अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, स्मार्ट सिटी एवं श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निरीक्षण किया



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सूबे के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सायं काल साढ़े चार बजे पुलिस लाइन पहुँचे जहॉ अपर पुलिस महानिदेशक वृजलाल एवं कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने उनकी आगवानी की। इसके बाद उन्होंने कार से सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए। सायं काल जिले के आला अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेगें तथा शहर के पक्के मुहाल में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्यो की समीक्षा करेगें। देर रात वे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुँचकर दर्शन-पूजन तथा श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यो का निरीक्षण करेंगे। जिले में सोमवार को भी कंप कपाती ठंड का असर देखने को मिला है। सुबह से लेकर 10:30 बजे तक जबरदस्त कोहरा पड़ने के चलतों सड़क पर चलने वाले वाहन ही नहीं आकाश मार्ग से चलने वाले विमानों के लिए भी कोहरा बाधक बना हुआ है। आलम यह है कि सुबह से लेकर दोपहर तक वाराणसी एयरपोर्ट पर आने वाले विमानों को उन्हीं एयरपोर्ट पर रोक कर रखा गया है जहां से उन्हें वाराणसी आना था। विमान विलंबित होने की दशा में विमानन कंपनियों द्वारा इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यात्रा संबंधी सलाह और सूचना जारी किए गए हैं। इस बाबत अधिकारियों ने बताया कि विमानों की स्थिति विमानन कंपनी की वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर पर पता करने के बाद ही यात्री अपने घर से हवाई यात्रा करने के लिए एयरपोर्ट प्रस्थान करें।

## प्रेमी के मौत की सूचना पर प्रेमिका ने भी की खुदखुशी

**नवाबगंज उन्नाव।** अपरिपक्क प्रेम कभी कभी बड़ी घटनाओं को जन्म दे देता हैं। और ऐसी घटनाओं का दंश झेलते है दो परिवार जो अपनो से बिछड़ने का सदमा भाग्य की होनी मानकर सारी उमर सहते है। ताजा मामला अजगैन कोतवाली के उगरापुर कौड़िया गांव का है जहां कई वर्षों से एक दूसरे के प्यार में रह रहे प्रेमी युगलों ने खुदखुशी कर ली। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय विनय पुत्र शिवशंकर व पड़ोस की रागिनी 17 पुत्री राजाराम के शव रागिनी के घर पर मिलने से सनसनी फैल गई। सूत्रों की माने तो दोनों में दो साल से गहरी नजदीकियां थीं। ग्रामीणों के अनुसार दोनों के परिजनों को उनका यह रिश्ता मंजूर नहीं था। सोमवार तड़के बताया जाता है कि विनय रागिनी के घर पहुंचा और किन्ही कारणों के चलते फंदे से लटक गया। घटना की जानकारी युवती की माँ ने विनय के घर वालो को दी तो भाई चंद्रेश भागकर रागिनी के घर पहुंचा और फंदे से लटके भाई विनय को नीचे उतारकर पास के ही एक नर्सिंग होम ले गया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह लगभग 6 बजे जब रागिनी को विनय की मौत की जानकारी हुई और परिवारीजन घटना से आहत थे तभी रागिनी ने भी कोठरी में जाकर उसी फंदे से फांसी लगा ली। दोनों की मौत से कोहराम मच गया। कोतवाली भारी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से खुदखुशी की तहरीर दी गई है घटना की फिर भी जांच जारी है।

## इविवि में नए रोस्टर के तहत जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रियाः प्रो. शुक्ल

● मार्च के पहले सप्ताह में हो सकता है विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोहः डा. जया कपूर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय प्रयागराज में स्थाई कुलपति के रूप में प्रो संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति होने के साथ ही इविवि में दीक्षांत समारोह की तैयारी तेज हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से देश के राष्ट्रपति और इविवि के विजिटर को पत्र भेजकर दीक्षांत के लिए अनुमति मांगी गई है। राष्ट्रपति की अनुमति मिली तो इविवि में फरवरी के अंतिम या मार्च के पहले सप्ताह में दीक्षांत समारोह का आयोजन हो सकता है। यह जानकारी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के शुक्ल एवं जनसंपर्क अधिकारी डा जया कपूर ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता के दौरान सोमवार को दी। कुलसचिव प्रो शुक्ल ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार दीक्षांत समारोह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है कि मुख्य अतिथि वर्चुअल और डिग्री पाने वाले छात्र कार्यक्रम में उपस्थित होकर उपाधि ले सकें। प्रो शुक्ल ने बताया कि इविवि की ओर से दीक्षांत समारोह के लिए मुख्य अतिथि एवं पदक पाने वालों के नाम जल्द तय कर लिए जाएंगे। दीक्षांत में किसे मानद उपाधि मिलेगी इस बात पर भी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में कार्यवाहक कुलपति प्रो आर आर तिवारी ने भी जनवरी में दीक्षांत समारोह कराने के लिए राष्ट्रपति को पत्र भेजा था। इस बारे में राष्ट्रपति भवन से कोई जवाब फिलहाल अभी तक नहीं आया। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव की ओर से नए सिरे इस बारे में पहल की जा रही है। भर्ती पर रोक हटने के बाद से नियुक्ति को लेकर प्रयास किये गए लेकिन सफलता नही मिली। कुलसचिव प्रो एन के शुक्ल ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती के लिए नए तरीके से रोस्टर तैयार हो रहा है। पूर्व में विभाग को इकाई मानकर रोस्टर तैयार किया गया था। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद अब नए तरीके से इविवि को इकाई मानकर रोस्टर तैयार हो रहा है। साथ ही ईडब्लूएस को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार कराया जाएगा। कहा कि अब स्थाई कुलपति के आने के बाद टीचिंग और नॉन टीचिंग पद पर नियुक्ति करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 20 से 25 कर्मचारी और शिक्षक रिटायर होते हैं। ऐसे में यहाँ टीचिंग और नॉन टीचिंग की नियुक्ति की बहुत आवश्यकता है।

## आरएसएस क्रांतिपल्ल शाखा का वार्षिकोत्सव संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ काशी दक्षिण भाग के कामाख्या नगर की क्रांतिपल्ली शाखा का वार्षिकोत्सव रविवार को धूम-धाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में काशी विभाग के सह शारीरिक प्रमुख कैलाशजी ने स्वयम सेवकों का राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विश्वनाथ दुबे ने किया। कामाख्या नगर के संघचालक अरविन्दजी और सह संघचालक विजय ने समारोह को संबोधित किया। वार्षिकोत्सव में प्रदीप, गया प्रसाद, डॉक्टर महेन्द्र जायसवाल, कामाख्या नगर के कार्यवाह अमित, सह कार्यवाह शिवचरण और कामाख्या नगर के सभी शाखाओं के मुख्यशिक्षक तथा प्रमुख स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंशु ने किया।

## जयपुर से दिल्ली अजमेर के बाद अब उदयपुर तक दौड़ेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**जयपुर से** दिल्ली अजमेर के बाद अब उदयपुर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ेगी। भारतीय रेल के सौ प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा करने की कड़ी में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने महाप्रबन्धक वाई पी सिंह के नेतृत्व में एक और कदम आगे बढ़ाया है। उदयपुर डेट रेल खण्ड के विद्युतीकरण के बाद रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा हरी झंडी मिलने से अब दिल्ली से अजमेर होते हुए उदयपुर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालित हो सकेगी। कोर वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अनूप मिश्रा ने बताया कि उदयपुर से डेट तक 115 किलोमीटर विद्युतीकरण 133 करोड़ रुपये में किया गया है। अब अजमेर से उदयपुर का मार्ग विद्युतीकृत होने से दिल्ली से उदयपुर तक विद्युत ट्रेन संचालित हो सकेगी। इससे पूर्व प्रयागराज से जयपुर तक वाया मथुरा अलवर बांदीकुई रूट द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रेनों का सफल संचालन प्रारम्भ किया गया है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज की जयपुर परियोजना के प्रयास से रेल विद्युतीकरण कार्य को द्रुत गति से मूर्तरूप प्रदान किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय रेल के मौजूदा उच्च घनत्व वाले मार्गों पर अधिक रेल गाड़ियों को चलाने और गाड़ी परिचालन की प्रति यूनिट लागत को कम करके महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।

## कड़ाके की ठंड में काऊ कोट पहनेंगी गौ माता

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के निर्देश पर कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में स्थापित सभी गौशालाओं पर गायों को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था कराई गई है। सीवीओ ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा गौशालाओं पर गायों को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था करी गयी है।

बताया कि त्रिपाल लग जाने से गौशाला में रह रही गायों को ठंढ से राहत मिल सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि गायों को ठंड से बचाने के लिए जूट के बोरे से निर्मित काऊ कोट की व्यवस्था भी की जा रही है। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं, कि सभी गौशालाओं पर त्रिपाल व बिछावन हेतु पराली का उपयोग किया जाए।

## माफिया अतीक के करीबी अब्बास खान का मकान भी धराशायी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**बाहुबली** माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबी और उसके पार्टनर अब्बास खान के तीन मंजिला मकान को पीडीए ने सोमवार को ढहा दिया। अब्बास खान के अतरसुइया थाना क्षेत्र के गोल पार्क के पास स्थित तीन मंजिला मकान को ढहाने की कार्रवाई सोमवार सुबह प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू कर दी गई थी। सूबे में माफियाओं के खिलाफ प्रदेश सरकार के सख्त रुख का असर जिले में भी लगातार देखने को मिल रहा है।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण और जिले की पुलिस लगातार ऐसे माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई कर रही है। सोमवार को एक और माफिया अब्बास के खिलाफ पीडीए की कार्रवाई शुरू हुई। माफिया अब्बास के अतरसुइया थानाक्षेत्र में गोल पार्क स्थित तीन मंजिला मकान पर पीडीए का बुल्डोजर चलाया गया। बताया जा रहा है कि अब्बास अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद का बिजनेस पार्टनर है। पीडीए के मुताबिक अब्बास के तीन मंजिला मकान का नक्शा नहीं पास कराया गया था। पीडीए की टीम ने प्रशासनिक अधिकारियों और भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में तीन जेसीबी के साथ मकान को गिराना शुरू किया। प्राधिकरण के जोनल अधिकारी आलोक पांडेय के मुताबिक मकान का नक्शा पास न होने के कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। मकान के खिलाफ इसी साल ध्वस्तीकरण का आदेश प्राधिकरण द्वारा पारित किया गया था।

पूर्व ब्लाक प्रमुख दिलीप मिश्र बच्चा पासी पप्पू गंजिया राजेश यादव छोटटन गिरी पूर्व सांसद अतीक अहमद और तकरीबन उनके एक दर्जन करीबी और गुर्गों के अवैध निर्माण पर पीडीए का बुल्डोजर चलाया जा चुका है।

### अब्बास के वालिद की तबियत बिगड़ी

माफिया अब्बास खान का प्रयागराज विकास प्राधिकरण की कार्यवाही के तहत तीन मंजिला मकान गिराये जाने के दौरान मोहम्मद अब्बास खान के वालिद मोहम्मद युसूफकी तबीयत बिगड़ गयी। 95 साल की उम्र के मोहम्मद युसूफको दिल का दौरा पड़ गया। हालांकि पीडीए ने अपनी कार्रवाई थोड़ी देर के लिए रोक दी थी।

## सेक्स रैकेट की सूचना पर होटल में छापा, हड़कंप

● करछना के पूर्व सीओ के मिलने से खलबली

● पुलिस ने कहा कि जन्मदिन पार्टी मनाने गए थे पांच जोड़ी युगल

**प्रयागराज।** क्षेत्र के मेवालाल बगिया चौराहे के पहले स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप स्थित होटल में सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर सोमवार दोपहर में पुलिस ने छापेमारी की। सबसे ज्यादा चर्चा का विषय यह रहा कि जिस होटल में सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस छापेमारी करने पहुंची थी। वहां पर करछना सर्किल में रह चुके एक डिप्टी एसपी भी अपने मित्र के साथ मिले। सेक्स रैकेट वाले स्थान पर पहले से ही पुलिस अफसर के मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर यह खबर वायरल होने लगी।

बताते चलें कि इलाकाई पुलिस को काफी दिनों से सूचना और शिकायत दोनों मिल रही थी कि मेवालाल बगिया के समीप स्थित पेट्रोल पंप के समीप स्थित होटल में सेक्स रैकेट चलता है। विरोध करने वालों को धमकियां मिलती हैं। जिससे वहां आसपास रहने वाले लोगों के परिवार पर गलत असर पड़ रहा है। लगातार शिकायत मिलने पर सोमवार दोपहर में इंस्पेक्टर नैनी जितेंद्र सिंह अपने दल बल के साथ वहां पर छापेमारी करने पहुंच गए। जिससे हड़कंप मच गया। वहां पर पांच लड़के व पांच लड़कियां मिले। इसी दौरान होटल के एक कमरे में करछना सर्किल में तैनात रह चुके एक डिप्टी एसपी भी अपने मित्र के साथ मिले। पूर्व अधिकारी को सामने देख पुलिस टीम बैकफुट पर आ गई। यह घटना दिन भर चर्चा का विषय बनी रही।

## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**उन्नाव।** जिले के सरोसी ब्लाक अंतर्गत हाजीपुर गांव में पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आहवाहन पर ग्राम संयोजको की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य रुप से सदर विधायक पंकज गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि पंचायत चुनाव अति महत्वपूर्ण है। पूरी निष्ठा से हम सबका दायित्व है कि भाजपा का परचम फहरे जिसमें आप ग्राम संयोजको की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। पंचायत चुनाव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ग्रामो से ही देश व राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिये ग्रामो के पंचायत चुनाव में सही चयन प्रक्रिया हो इसका उत्तरदायित्व हम सभी का है। पंचायत चुनाव के संयोजक कालीशंकर त्रिपाठी ने ग्राम संयोजको से परिचय प्राप्त कर उन्हे जीत का मूलमंत्र दिया। इस मौके पर सर्वेश लोधी, सूरजबली लोधी, धनन्जय सिंह, अरुण सिंह, अंकित मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक पंकज ने जरूरत मंदों के बीच वितरित किए कंबल

**उन्नाव।** ठंड की दस्तक के साथ ही गरीबो को सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रमा किया गया है। ग्राम चांदपुर में 200 निर्धन व्यक्तियो को कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर उन्होने कहा कि गरीबो की सेवा ही पहली प्राथमिकता है। हर जरुरतमन्द तक सेवाये पहुंच सके यही उद्देश्य है। इसके साथ ही ग्राम के विकास कार्यो का श्री गुप्ता ने लोकार्पण भी किया। इस मौके पर नीरज गुप्ता, राकेश रावत, अशोक लोधी प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## चाय चौपाल में किसानों ने कृषि सुधार कानून को बताया किसान हितैषी

● किसानों ने विपक्ष के विरोध को बताया प्रायोजित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**केंद्र सरकार** द्वारा पारित किसान बिल के समर्थन में कोरौता में आयोजित किसानों के साथ चाय चौपाल को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने विपक्ष कि ओर से किए जा रहे प्रदर्शन पर सवाल खड़े करते हुए मोदी सरकार के फैसले को किसान हित बताया। बीजेपी नेताओं ने कहा कि विरोधी दल किसानों के कंधे का इस्तेमाल कर सरकार पर प्रहार कर रहे। कृषि सुधार बिल को लेकर भाजपा नेता अरविंद मिश्रा ने कहा कि पूरे देश के किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा किसानों के हित में लाये गए कृषि सुधार कानून का समर्थन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि जिन किसान भाइयों को थोड़ी भी आपत्ति है वो सरकार के पास आएं उनके द्वार हमेशा खुले हैं । उन्हें जहां आपत्ति हो कानून में वो बताएं । यह आंदोलन राजनैतिक रुप से बेरोजगार हो चुके विपक्षी नेताओं का है। किसानों बिल का विरोध कर रहे विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए प्रसिद्ध किसान मोहन सिंह ने कहा कि विरोधी दल किसानों के कंधे का इस्तेमाल करके सरकार पर प्रहार करने का रास्ता खोज रहे हैं । इनके पास अब दम नहीं बचा है । ये कोई भी मुद्दा लेकर किसी के भी पीछे खड़े होकर के सरकार पर जो निशाना लगाने की कोशिश करते हैं ये कभी किसानों के कभी हितैषी नहीं रहे। प्रगतिशील किसान लल्लन दुबे ने कहा कि जिन बातों का ये सत्ता में रहकर समर्थन करते थे। आज जब सरकार ने निर्णय लिया है जिससे किसान की खुशहाली सुनिश्चित है। उसका विरोध कर रहे है। किसान के साथ चाय चौपाल की अध्यक्षता लालमन पटेल ने की संचालन आशीष राय ने किया। किसानों के साथ चाय चौपाल में प्रसिद्ध किसान मोहन सिंह पिलखिनी के अलावा लल्लन दूबे लालमन सिंह पटेल आशीष राय संजय सिंह।

## मकर संक्रांति से बिनैका बाबा के शिविर में शुरू होगी कथा

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**जगद्गुरु स्वामी** रामसुभगदास द्वाराचार्य बिनैका बाबा बड़े भक्तमाल अयोध्या रविवार को प्रयागराज पहुंच गए। बिनैका बाबा मेला प्रशासन की ओर से होने वाली जमीन आवंटन में स्वयं मौजूद रहेंगे। मेला की ओर से 23 दिसम्बर को खाक चौक के लिए जमीन आवंटन होना है। जिसमें बिनैका बाबा शामिल होकर शिविर के लिए जमीन आवंटित कराएंगे। बिनैका बाबा ने बताया कि खाक चौक की जमीन का आवंटन उनके शिविर से शुरू होता है। जगद्गुरु स्वामी बिनैका बाबा ने बताया कि जमीन आवंटन के बाद भूमि पूजन के साथ शिविर लगना शुरू हो जायेगा। शिविर में मकर संक्रांति से कथा प्रवचन यज्ञ और भण्डारा शुरू होगा। वहीं बिनैका बाबा ने उत्तर प्रदेश सरकार से अपील की है कि कोरोना वायरस के कारण महात्माओं को बड़ी दिक्कत आ रही है। संत महात्मा दस महीने से आश्रम में ही थे। कहीं भ्रमण के लिए नहीं जा सके। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार माघ मेला प्रशासन जिलाधिकारी प्रयागराज को चाहिए कि महात्माओं के लिए सरकारी राशन की दुकान माघमेला क्षेत्र में खुलवाएं और साथ में राशन बांटने की व्यवस्था भी कराएं। अगर महात्माओं को राशन की व्यवस्था हो जाएगी तो करोना से लड़ने में काफी मदद मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बहुत से संत महात्माओं के पास इसकी व्यवस्था नहीं है। बहुत से संत महात्मा ऐसे हैं जो वर्ष भर भिक्षा मांगते हैं। ऐसे में मेला प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार को विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए कि इस वर्ष महात्माओं के लिए जिस तरह कुंभ में आटा चावल दाल चीनी की व्यवस्था की गयी थी। उसी तरह माघमेला में भी सरकारी रेट में बीपीएल धारकों को कार्ड के अनुसार व्यवस्था करायी जाए।

## आदमपुर जोन के बलुवाबीर क्षेत्र में सीवर की समस्या पर नगर आयुक्त भड़के

● कर्मचारियों को दो दिन के अंदर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया

● नगर आयुक्त गौरांग राठी साइकिल चलाते हुए सिकरौल प्रथम सब जोन कार्यालय पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**आदमपुर** जोन के बलुवाबीर, सुग्गागड़ही, सहित कई वार्डो में सीवर की समस्या की सूचना नगर आयुक्त गौरांग राठी को मिल रहा था। सोमवार को अपने कचहरी आवास से साइकिल से निरीक्षण करने अचानक पहुँचे। सीवर की समस्या को देखते ही भड़क उठे और क्षेत्रीय सुपरवाइजर की क्लास ली। कहा कि एक दो दिन के अंदर सीवर का समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारियों की खैर नहीं।

कचहरी के जिला मुख्यालय पर स्थित सिकरौल प्रथम सब जोन कार्यालय नगर निगम का नगर आयुक्त गौरांग राठी ने साइकिल चलाते हुए अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। साइकिल से उतर कर अंदर प्रवेश करते ही नगर आयुक्त ने स्वयं अपने हाथों से वहां रखी फाइलों को चेक करना शुरू किया। निरीक्षण को पहुंचे गौरांग राठी को देख कर दो कर्मचारी वहां से फरार हो गएए जिसका संज्ञान गौरांग राठी ने लिया। बताते चलें कि कार्य अवधि के दौरान सभी कर्मचारियों को फील्ड में रहना चाहिए जबकि दो कर्मचारी यहीं कार्यालय के मौजूद रहे। वहींए बातचीत के दौरान नगर आयुक्त गौरांग राठी ने बताया कि अमूमन हम सभी ऐसे ही साइकिल से निरीक्षण करते हैं। आज के क्रम में आदमपुर जोन में एक सीवर समस्या थी। उसका निरीक्षण किया गया तथा यहां कचहरी स्थित नगर निगम के इस कार्यालय पर यह देखने के लिए अचानक निरीक्षण किया गया कि कोई कर्मचारी कार्यालय में तो नहीं है क्योंकि यह आदेश है कि कर्मचारी कार्यालय में ना होकर फील्ड में रहे। कहा कि निर्देशों के बावजूद दो सुपरवाइजर यहां मौजूद मिले हैंए उनकी शिनाख्त कर ली गई है। उन्हें 48 घंटे में जवाब देने के लिए बोला गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो तत्काल उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। नगर आयुक्त ने यह भी बताया यह मैसेज कर्मचारियों में जाना जरूरी है कि कर्मचारी फील्ड में रहें। उनका कोई औचित्य नहीं बनता है कि वह कार्य अवधि के दौरान कार्यालय में रहें।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया गया जागरूक

● छात्रावासों में रह रहे छात्रों के लिए पांच किग्रा का सिलेंडर किया गया लांच

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**छात्रावासों** में रह रहे छात्रों और बाहर के राज्यों से आकर जीवन व्यतीत करने वाले लोगों को अल्पकालीन उपयोग के लिए इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड ने पांच किलोग्राम क्षमता वाले एफ्टीएल छोटू सिलेंडर को लांच किया है। सोमवार को इंडियन ऑयल के उत्तर प्रदेश के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख डा उत्तीय भट्टाचार्य ने बालसन चौराहा स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप मेसर्स सीताराम राधेश्याम एंड संस में इसकी शुरुआत की। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए छोटू सिलेंडर के बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं उत्पाद जैसे कैशलेस डिजिटल भुगतान प्री डिलीवरी चेक के अलावा पेटीएम क्यू आर कोड के बारे में बताया। डा उत्तीय भट्टाचार्य ने बताया कि छोटू सिलेंडर तमाम पेट्रोल पंपों के साथ किराना दुकानों पर भी उपलब्ध रहेंगे। जिसे आधार कार्ड के जरिये कोई भी बड़ी आसानी से ले सकेगा। उन्होंने प्री डिलीवरी चेक पर जोर देते हुए कहा कि रिफिल डिलीवरी करने से पहले प्री डिलीवरी चेक करने से न केवल एलपीजी से संबंधित घरेलू हादसे रोके जा सकते हैं बल्कि सर्विस सुधारने में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर उप महाप्रबंधक एलपीजी सेल्स अबिकर पाल संदीप आदि मौजूद रहे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

● गरीब असहाय एवं निर्बल वर्ग के लोगों को कंबल का किया वितरण

संवाददाता। उन्नाव



**गरीब कल्याण** रोजगार अभियान के अन्तर्गत वित्त आयोग एवं मनरेगा की धनराशि से निर्मित पुरवा ब्लांक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 56 समुदायिक शौचालय एवं 16 पंचायत भवनों का लोकापर्ण तथा 581 प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्मित आवासों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारयण दीक्षित जी ने किया।

ग्राम सेमरीमऊ तहसील पुरवा में आयोजित किसान गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोंधित करते हुये विधानसभा अध्यक्ष ने कहा प्रदेश सरकार गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए जन कल्याणकारी योजनायें चला कर लोगों को विकास की धारा में जोड़ने का कार्य किया है। उ0प्र0 सरकार योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू कराने के लिये कटिबद्ध है। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समुह की सदस्यों को सामुदायिक शौचालय की चाभी एवं उसके रख रखाव हेतु 9 हजार रूपये की धनराशि का स्वीकृत पत्र उपलब्ध कराया। इसके साथ ही उन्होंने गरीब, असहाय एवं कमजोर वर्ग के पुरूष एवं महिलाओं को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर विधायक अनिल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा इस भीषण शीत लहर में कमजोर वर्ग के लोगों को राहत पहुचाने हेतु कम्बल वितरित किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गरीब, कमजोर एवं असहाय व्यक्ति को आवास, शौचालय, पेशन आदि का लाभ मिले और इसके लिये राजस्व एवं अन्य विभाग मिलकर कार्य कर रहे है। तथा हर जारूरत मन्द पात्र व्यक्तियों को लाभ प्राप्त करने हेतु अपने क्षेत्र के लेखपाल, सेक्रेटरी आदि से सर्म्पक करे और समस्त प्रक्रिया पूरी करते हुये योजनाओं का लाभ उठायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के साथ अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बंगाल में 200 से ज्यादा सीटें जीतने पर ट्विटर पर भिड़े प्रशांत, भाजपा

**भाषा।** कोलकाता

**चुनावी** रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सोमवार को ट्विटर पर दावा किया कि पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को दहाई का आंकड़ा पार करने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। गृह मंत्री के हालिया पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान टीएमसी के कई नेता भगवा दल में शामिल हो गए थे और शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में 200 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था। किशोर ने 2014 के चुनावों में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के अभियान का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया था और इस बार अगले साल अप्रैल-मई में संभावित पश्चिम बंगाल विस चुनावों में अपनी पार्टी की संभावनाएं बेहतर बनाने के उद्देश्य से टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उनकी सेवाएं ली हैं। यदि भाजपा दो अंकों से अधिक सीट प्राप्त कर लेती है तो वह ट्विटर छोड़ देंगे। इस बयान के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट पर नेताओं के साथ जुबानी जंग शुरू हो गई।

समर्थक मीडिया के एक वर्ग द्वारा बढ़ा-चढ़ा कर बनाए गए माहौल के विपरीत पश्चिम बंगाल में भाजपा को दो अंक का आंकड़ा पार करने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी। किशोर ने कहा, कृपया यह ट्वीट सुरक्षित कर लीजिए और अगर भाजपा इससे अच्छा प्रदर्शन करती है तो मैं ट्विटर छोड़ दूंगा। भाजपा को बंगाल में उस वक्त बल मिला जब शनिवार को प्रदेश की राजनीति में अहम कद रखने वाले शुभेंदु अधिकारी, नौ विधायक और टीएमसी के एक सांसद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए।

शाह ने कहा था कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों में 200 से ज्यादा सीटों पर चुनाव जीतेगी। किशोर के ट्वीट के जवाब में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बंगाल के चुनाव के बाद देश एक चुनावी रणनीतिकार खो देगा। विजयवर्गीय ने ट्वीट किया, बंगाल में भाजपा की सुनामी को देखते हुए एक बार नई सरकार बन गई, तो देश एक चुनावी रणनीतिकार को खो देगा। केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, बहुत खुश हूं कि ऐसे बयान दे सकने वाला एक विशेषज्ञ तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहा है। वह किस दुनिया में हैं, टीएमसी उन्हें क्या खिलाती है, 2021 में एक अच्छी चीज होने वाली है, न रहेगा सांप (टीएमसी), न बजेगी (पीके की) बांसुरी। बंगाल में अगले साल अप्रैल मई में विस के चुनाव होने हैं।

## पीएलएफआई का 15 लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**खूंटी (झारखंड)।** झारखंड के खूंटी के मुरहू थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मुठभेड़ में पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने पीएलएफआई के 15 लाख रुपए के इनामी नक्सली जीदन गुड़िया को मार गिराया। गुड़िया, प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का दूसरा शीर्ष रिजनल कमांडर था। पुलिस ने घटनास्थल से एके 47 राइफल भी बरामद की। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता साकेत कुमार सिंह ने बताया, गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने खूंटी के मुरहू थाना क्षेत्र के कोयंगसार में सोमवार को नक्सली संगठन पीएलएफआई के शीर्ष कमांडरों को घेर लिया। इसके बाद मुठभेड़ में संगठन का रिजनल कमांडर जीदन गुड़िया मारा गया और उसके पास से एक एके 47 राइफल एवं अन्य गोलाबारूद बरामद किए गए। अंतिम सूचना मिलने तक मुठभेड़ जारी है और मुठभेड़ खत्म होने के बाद पूरे क्षेत्र की तलाशी ली जाएगी।



गुवाहाटी में आसाम के मुख्यमंत्री सर्वानन्द सोनेवाल के साथ उल्फा (आई) पीडीसीके, डीएनएलए, और यूपीआरएफ के सदस्य आर्म्स सरेण्डर सेरेमनी में शिरकत करते हुए।

# भाजपा भविष्य में महाराष्ट्र में अपने बलबूते सरकार बनाएगी: फडणवीस

**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि आने वाले समय में कई नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पार्टी महाराष्ट्र में भविष्य में अपने बलबूते सरकार बनाए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल के उस बयान के मद्देनजर फडणवीस की यह प्रतिक्रिया सामने आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होने के लिए भाजपा के 10 विधायक संपर्क में थे।

फडणवीस ने यह टिप्पणी उस कार्यक्रम में की जहां नासिक से शिवसेना के पूर्व विधायक बालासाहेब सानप भाजपा में शामिल हुए। फडणवीस ने हालांकि कहा कि पार्टियों द्वारा इस तरह के दावे यह सुनिश्चित करने के वास्ते किए जा रहे है कि नाखुश विधायक शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को नहीं छोड़े। उन्होंने दावा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) एक साथ मिलकर चुनाव लड़ती है तो इससे उसके घटक दलों के लिए राजनीतिक आधार कमजोर हो जाएगा और इसका फायदा भाजपा को ही होगा।

फडणवीस ने कहा, पार्टियों (एमवीए घटक दलों) ने हमें अपने बल पर (महाराष्ट्र में) अपनी ताकत बढ़ाने का मौका दिया है और हमें एक ऐसी पार्टी बनानी होगी जो अपने दम पर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी विधायक एकजुट हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी में शामिल होने वाले लोग परिपक्व और राजनीति को समझते हैं और वे जानते हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी या संप्रग देश का भविष्य नहीं हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें इस बात का अंदाजा है कि इस देश का वर्तमान और भविष्य दोनों (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी है।

# मंदिर के लिए चंदा एकत्र करने की मुहिम की आड़ में होगा प्रचार: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने सोमवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए लोगों से चंदा एकत्र करने के लिए चलाया जाने वाला संपर्क अभियान भगवान राम की आड़ में 2024 आम चुनावों के लिए प्रचार करने के समान है। हालांकि भाजपा ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह पार्टी के लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है और उसने शिवसेना पर पहले राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन और फिर चंदा एकत्र करने की मुहिम में बाधाएं पैदा करने का आरोप लगाया। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना में कहा कि यह कभी तय नहीं हुआ था कि भव्य मंदिर का निर्माण लोगों के चंदे से किया जाएगा। उसने कहा कि भगवान राम के नाम पर प्रचार अभियान एक बिंदू पर बंद हो जाना चाहिए, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा। उसने आरोप लगाया, लोगों से चंदा एकत्र करने का मामला सीधा-सरल नहीं है।

यह राजनीतिक है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने पिछले सप्ताह कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जन संपर्क कार्यक्रम के जरिए लोगों से घरेलू स्तर पर एकत्रित किए गए धन से ही किया जाएगा क्योंकि न्यास के पास विदेशों से दान लेने की जरूरी मंजूरी नहीं है। राय ने कहा था कि राम मंदिर वास्तव में राष्ट्र मंदिर का रूप लेगा और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र मंदिर निर्माण के लिए देशभर में जन संपर्क एवं योगदान अभियान शुरू करने जा रहा है।

मराठी समाचार पत्र सामना ने किसी पार्टी या संगठन का नाम लिए बगैर कहा, मंदिर का निर्माण किसी राजनीतिक दल के राजनीतिक हित के लिए नहीं किया जा रहा है, बल्कि इसे देश में हिंदू गौरव की पताका फहराने के लिए किया जा रहा है। उसने दावा किया कि इस संपर्क मुहिम को चार लाख स्वयंसेवक लागू करेंगे। शिवसेना ने कहा, इस जनसंपर्क कार्यक्रम का मकसद भगवान राम की आड़ में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करना है।

पार्टी ने सवाल किया कि इस कार्यक्रम को कौन से स्वयंसेवक चलाएंगे और उनके संगठन का नाम क्या है? उसने कहा कि मंदिर निर्माण मुहिम की शुरुआत में विहिप नेता अशोक सिंघल, विनय कटियार और अन्य ने अयोध्या में डेरा डाला था। भाजपा नेता एल के आडवाणी ने रथ यात्रा की थी और शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की प्रेरणा से बाबरी मस्जिद की गुबंद पर हथौड़ा चला था। उसने कहा, यह इतिहास है, लेकिन आज अयोध्या राम मंदिर मालिकाना हक का विषय बन गया है।

शिवसेना के नेता एवं सांसद संजय राउत ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, घर-घर जाकर भगवान के नाम पर चंदा मांगना राम मंदिर और हिंदुत्व का अपमान है। उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि भगवान राम के नाम पर राजनीतिक नाटक बंद हो जाना चाहिए। राउत ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और प्रधानमंत्री ने इसका भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि कई उदार लोग न्यास के बैंक खाते में चंदा दे रहे हैं और शिवसेना ने भी एक करोड़ रुपए का चंदा दिया है।

राउत ने कहा, फिर आप किस प्रचार के लिए इन चार लाख स्वयंसेवकों को भेज रहे है। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आशीष शेलार ने कहा, वे डरे हुए क्यों हैं? संजय राउत 2024 के चुनाव में अपनी हार की नींव क्यों रख रहे हैं? उन्होंने कहा, भाजपा के लिए यह कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं था और न ही है। शेलार ने शिवसेना पर पहले राम मंदिर के भूमि पूजन में बाधा उत्पन्न करके और अब चंदा मुहिम में अवरोध उत्पन्न करके राम विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिनके लिए यह मुहिम केवल राजनीति से प्रेरित थी, उनके पेट में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन के समय दर्द शुरू हो गया था और अब राम मंदिर निर्माण के लिए चंदे की मुहिम उनकी आंखों में खटक रही है।

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद हवाई अड्डे पर यात्री के पास से विदेशी मुद्रा बरामद

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमावार को एक यात्री के पास से 32 लाख रुपए से ज्यादा मूल्य की विदेशी मुद्रा बरामद की गई। इस मुसाफिर को यूएई के शारजाह की उड़ान में सवार होना था। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद सीमा शुल्क ने सीआईएसएफ के साथ समन्वय करके 29 वर्षीय शख्स के पास से 32,53,274 रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा बरामद की है जिनमे अमेरिकी डॉलर, ओमानी रियाल, सऊदी रियाल और कतरी रियाल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ अवैध तरीके से विदेश मुद्रा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक पद से मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया है : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाल में भाजपा में शामिल हुए शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी से मुलाकात के बाद विधायक पद से उनका इस्तीफा स्वीकार लिया गया है। उन्होंने कहा, सदन से विधायक के तौर पर मेरे इस्तीफा के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ने मुझे बैठक के लिए बुलाया था। मैने उनसे मुलाकात की। मुझे बताया गया कि मेरा इस्तीफा स्वीकार लिया गया है। ममता बनर्जी नीत राज्य सरकार में मंत्री रहे अधिकारी ने पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और पिछले सप्ताह भाजपा में शामिल हो गए।

### औरंगाबाद में 31 किग्रा चंदन की लकड़ी बरामद, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** औरंगाबाद जिले के वैजापुर इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार कर 31 किलोग्राम चंदन की लकड़ी जब्त की गई। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि एक जानकारी के आधार पर डोंगरगांव फाटा के पास जाल बिछाया गया था और मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए जब्बर खान (50) और प्रकाश मेहर (53) को पकड़ लिया गया। दोनों जालना के भोकरदन के रहने वाले है। हमने 62,000 रुपए मूल्य की 31 किग्रा चंदन की लकड़ी बरामद की। शिल्लोड ग्रामीण पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और वह आगे की जांच कर रही है।

### नेकां नेताओं ने अब्दुल्ला के खिलाफ ईडी कार्रवाई की निंदा की, बदले की राजनीति का लगाया आरोप

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेताओं ने पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की संपत्तियों को कुर्क किए जाने संबंधी कार्वाई की सोमवार को निंदा की और कहा कि यह कार्वाई बदले की राजनीति के तहत की गई है जिसका उद्देश्य जम्मू कश्मीर की राजनीतिक पार्टी को कमजोर करना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित धनशोधन के मामले में जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की लगभग 12 करोड़ रुपए मूल्य की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को शनिवार को कुर्क कर लिया था। प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पार्टी के 60 से अधिक वरिष्ठ नेताओं ने यहां एक संयुक्त बयान में कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण कार्वाई जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के समाप्त होने पर की गई जो भाजपा की मंशा पर सवाल उठाती है, जिसे अब अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एजेंसियों का इस्तेमाल करने में महारत हासिल है। पूर्व मंत्रियों एवं विधायकों तथा अन्य द्वारा पार्टी मुख्यालय से जारी इस बयान में कहा गया है कि यह कार्वाई भाजपा मे हताशा को दिखाती है क्योंकि नेकां केन्द्र शासित प्रदेश में अपनी जड़ों को मजबूत कर रही है। बयान में कहा गया है, इस तरह की कार्वाई पार्टी को प्रभावित नही कर सकती है जो एक जन आंदोलन है। अब्दुल्ला के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए नेकां के नेताओं ने कहा, पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ है।

### उच्च न्यायालय ने मंत्रियों, अन्य के खिलाफ 61 मामले वापस लेने संबंधी सरकारी आदेश पर लगाई रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी जिसके तहत मंत्रियो और निर्वाचित प्रतिनिधियो के खिलाफ 61 मामलो में मुकदमा वापस लेने का फैसला किया गया था। मुख्य न्यायाधीश अभय श्रीनिवास ओका और न्यायमूर्ति विश्वजीत शेट्टी की खंडपीठ ने कहा, हम निर्देश देते है कि 31 अगस्त, 2020 के आदेश के आधार पर आगे कोई कदम नही उठाया जाएगा। अदालत ने सरकार को अगले वर्ष 22 जनवरी तक अपनी आपत्ति दाखिल करने का आदेश दिया। अदालत एक एनजीओ, पीपुल्स यूनियन ऑफ सिविल लिबर्टीज की उस याचिका पर यह सुनवाई कर रही थी जिसमें आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 321 के तहत 61 मामलो में मुकदमा वापस लिए जाने संबंधी सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। मामले की एक दिसम्बर को पिछली सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला दिया था। अदालत ने कहा था कि सीआरपीसी की धारा 321 के तहत कार्वाई केवल न्यायालय की अनुमति से की जा सकती है।


गुंटूर में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी जन्मदिवस के अवसर पर तिरूपति मन्दिर में पूजा करने पहुंचे

# कर्नाटक सरकार को स्कूली छात्रों को प्रोन्नत करने की अपील

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कर्नाटक सरकार से कोविड-19 महामारी के मद्देनजर स्कूली छात्रों को प्रोन्नत करने की अपील की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि ऑनलाइन कक्षाओं से छात्रों को मदद नहीं मिल पा रही है। विस में विपक्ष के नेता ने संवाददाताओं से कहा, इसलिए मैंने सरकार को सलाह दी है कि मौजूदा कोविड-19 की स्थिति के कारण इस साल स्कूली छात्रों को प्रोन्नत किया जाए। सिद्धारमैया ने कहा कि उन्होंने सरकार को छात्रों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को रेखांकित करते हुए तीन पत्र लिखे थे, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। अपना आरोप दोहराया कि सरकार का निजी संस्थानों के साथ सांठगांठ है और वह छात्रों को मुश्किल में डालना चाहती है। उन्होंने विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के खिलाफ शहर में अभिभावकों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों को रेखांकित किया।

सिद्धारमैया ने रविवार को कई ट्वीट करके आरोप लगाया था कि सरकार अभिभावकों और उनके बच्चों की मदद करने के बजाय निजी स्कूलों की सहायता कर रही है। सिद्धारमैया का बयान ऐसे दिन आया है जब अभिभावकों ने शहर में कुछ निजी स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वसूलने के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सिद्धारमैया के बयान के बाद कर्नाटक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री एस सुरेश कुमार ने सोमवार को उन पर निशाना साधने के लिए ट्विटर का उपयोग किया। मंत्री ने कहा, परसों विपक्ष के नेता ने सरासर झूठ बोला कि कोडवा बीफ खाते हैं और उसके बाद खेद जताया। आज उन्होंने एक और बड़ा झूठ बोला कि मेरी (शिक्षा मंत्री) निजी शैक्षिक संस्थानों के साथ सांठगांठ है। उन्हें सच बोलने की प्रेरणा मिले। कुमार, विधानसभा में पारित गौ-हत्या निरोधक विधेयक के संबंध में सिद्धारमैया के उस हालिया बयान के संदर्भ में बोल रहे थे।

# पश्चिम बंगाल में अगली सरकार भाजपा बनाएगी: आठवले

**पणजी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा दो सौ से ज्यादा सीटें जीत कर सरकार बनाएगी। आठवले ने कहा कि वह भी पश्चिम बंगाल चुनाव में अपनी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के लिए चार से पांच सीटों की मांग करेंगे। पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाल के दौरे ने यह साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार से गिने-चुने दिन बचे हैं। आठवले ने कहा, भाजपा पश्चिम बंगाल में दो सौ से अधिक सीटें जीतेगी। पार्टी वहां अगली सरकार बनाएगी। ममता बनर्जी चकित हैं और हाल ही में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमले सरीखी घटनाओं से यह दिखाई देता है।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से मुलाकात के बाद आठवले यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान, तटीय राज्य में अनुसूचित जाति से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की। आठवले ने कहा, पश्चिम बंगाल में आरपीआई (ए) की अच्छी उपस्थिति है। राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 36 प्रतिशत है। हम पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा से चार से पांच सीट की मांग करेंगे। मैं इस मुद्दे पर जे पी नड्डा और अमित शाह से बात करूंगा।

## हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से हाथी की मौत

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के तराई पूर्वी वन प्रभाग की गौला रेंज में बिजली की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक हाथी की मृत्यु हो गई। तराई पूर्वी वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि करीब 40-45 वर्ष का एक हाथी नैनीताल जिले की लालकुआं तहसील के बच्ची धर्मा गांव में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इस घटना की जानकारी सोमवार सुबह गांववालों से मिली।

## गोवा सरकार नव-बौद्धों को आरक्षण देने वाला एक कानून लाने के संबंध में अध्ययन करेगी: सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि सरकार यह निर्धारित करने के लिए एक अध्ययन करेगी कि क्या राज्य में नव-बौद्ध समुदाय को आरक्षण देने वाला एक कानून पेश किया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने यहां एक बैठक के दौरान तटीय राज्य में इस तरह के कानून की मांग की। इसके बाद सावंत की यह टिप्पणी आई है। दोनों नेताओं ने गोवा में अनुसूचित जातियों के लिए लागू की जा रही योजनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान, बौद्ध धर्म में परिवर्तित अनुसूचित जनजातियों की एक बड़ी आबादी को लेकर चिंता व्यक्त की गई, जो कोई भी आरक्षण पाने में असमर्थ हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने राज्य के समाज कल्याण विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि यह अध्ययन किया जाए कि क्या राज्य में नव-बौद्ध समुदाय को आरक्षण देने वाला एक कानून लाया जा सकता है।

# कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए कल केरल विस का विशेष सत्र

**तिरुवनंतपुरम।** केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों पर चर्चा करने और उनके विरूद्ध प्रस्ताव पारित करने के लिए बुधवार को केरल विधानसभा का एक विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। इन तीनों कानूनों को वापस लिए जाने पर जोर देते हुए दिल्ली की सीमाओं पर देश के विभिन्न राज्यों के किसान करीब एक महीने से डेरा डाल हुए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने इन कानूनों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया।

राज्य के वित्त मंत्री थॉमस आइजक ने ट्वीट किया किया कि केरल किसानों के संघर्ष में उनके साथ है और इस सत्र में इन कानूनों पर चर्चा करके उन्हें खारिज किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, मंत्रिमंडल ने राज्यपाल को 23 दिसम्बर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की सिफारिश करने का निर्णय लिया है। यह सत्र तीन कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है, जिनके विरूद्ध किसानों ने देशव्यापी आंदोलन कर रखा है।

इस संक्षिप्त सत्र में केंद्र द्वारा बनाए गए तीन कृषि कानूनों पर चर्चा की जाएगी और उनके विरूद्ध प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इस चर्चा में बस संबंधित दलों के नेता ही हिस्सा लेंगे। आइजक ने ट्वीट किया, केरल मंत्रिमंडल ने निर्धारित सत्र से पहले कृषि कानूनों पर चर्चा करने और उसे खारिज करने के लिए 23 दिसम्बर को विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। किसानों के इस संघर्ष में केरल पूरी तरह उनके साथ है। दिल्ली से लगी विभिन्न सीमाओं पर हजारों की संख्या में किसान बीते करीब चार हफ्ते से प्रदर्शन कर रहे हैं और नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।


कोलकाता में बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 के लिए अभिनेत्री रूमा चक्रवर्ती टीएमसी की बंगोधानी यात्रा रैली निकालते हुए

# वैश्विक विकास पर चर्चा चुनिंदा देशों के बीच नहीं हो सकती: मोदी


● प्रधानमंत्री ने बौद्ध साहित्य का पुस्तकालय भारत में बनाने का प्रस्ताव रखा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक विकास पर चर्चा केवल चुनिंदा देशों के बीच नहीं हो सकती और इसका दायरा बड़ा और मुद्दे व्यापक होने चाहिए। उन्होंने विकास की रूपरेखा में मानव-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की भी पुरजोर वकालत की। छठे भारत-जापान संवाद सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पारंपरिक बौद्ध साहित्य और शास्त्रों के लिए एक पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा।उन्होंने कहा, शत्रुता से कभी शांति हासिल नहीं होगी। विगत में, मानवता ने सहयोग के बजाय टकराव का रास्ता अपनाया। साम्राज्यवाद से लेकर विश्व युद्ध तक, हथियारों की दौड़ से लेकर अंतरिक्ष की दौड़ तक, हमने संवाद किए लेकिन उनका उद्देश्य दूसरों को नीचे खींचना था। आइए, अब हम मिलकर ऊपर उठें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाओं में शत्रुता को सशक्तता में बदलने की शक्ति मिलती है और उनकी शिक्षाएं हमें बड़ा दिलवाला बनाती हैं। उन्होंने कहा, वे हमें विगत से सीखने और बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम करने की शिक्षा देती हैं। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए, सबसे अच्छी सेवा है। मानवता को नीतियों के केंद्र में रखने की जरूरत पर बल देते हुए मोदी ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को अस्तित्व का मुख्य आधार बनाए जाने की वकालत की।उन्होंने कहा, वैश्विक विकास की चर्चा कुछ लोगों के बीच ही नहीं की जा सकती है। इसके लिए दायरे का बड़ा होना जरूरी है। इसके लिए कार्य सूची भी व्यापक होनी चाहिए। प्रगति के स्वरूप को मानव केन्द्रित दृष्टिकोण का अनुसरण करना चाहिए और वह हमारे परिवेश के अनुरूप होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध के आदर्शों और विचारों को, खासकर युवाओं के बीच बढ़ावा देने के लिए इस मंच की जमकर सराहना की।मोदी ने कहा है कि खुले दिमाग के, लोकतांत्रिक और पारदर्शी समाज नवाचार के लिए सबसे उपयुक्त हैं।उन्होंने कहा, आज किए जाने वाले हमारे कार्य, हमारे आने वाले समय का आकार और रास्ता तय करेंगे। यह दशक और उससे आगे का समय उन समाजों का होगा, जो सीखने और साथ-साथ नव परिवर्तन करने पर उचित ध्यान देंगे। यह उज्ज्वल युवा मस्तिष्कों को पोषित करने के बारे में भी है, जिससे आने वाले समय में मानवता के मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षण ऐसा होनी चाहिए जिससे नवाचार को आगे बढ़ाया जा सके। कुल मिलाकर नवाचार मानव सशक्तिकरण का मुख्य आधार है।भारत-जापान संवाद के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे पृथ्वी पर सकारात्मकता, एकता और करुणा की भावना का प्रसार करना चाहिए।

उन्होंने कहा, संवाद का उद्देश्य एक साथ चलना है। अब समय है कि हमें अपने प्राचीन मूल्यों का स्मरण करते हुए आने वाले समय के लिए तैयारी करनी होगी।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान पारंपरिक बौद्ध साहित्य और शास्त्रों के लिए एक पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा और कहा कि यह शोध और वार्ता का एक मंच होगा।उन्होंने कहा, आज मैं सभी पारंपरिक बौद्ध साहित्यों व शास्त्रों के लिए एक पुस्तकालय की स्थापना करने का प्रस्ताव करता हूं। हमें भारत में ऐसी एक सुविधा का निर्माण करने में खुशी होगी और इसके लिए हम उपयुक्त संसाधन प्रदान करेंगे। इस पुस्तकालय में विभिन्न देशों के बौद्ध साहित्यों की डिजीटल प्रतियों को एकत्र किया जाएगा और इनका रूपांतरण करने के बाद इन्हें सभी बौद्ध भिक्षुओं और विद्वानों के लिए आसानी से उपलब्ध कराया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय न सिर्फ साहित्य का भंडार होगा बल्कि शोध और वार्ता का एक मंच भी होगा, लोगों के बीच, समाजों के बीच तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच एक वास्तविक संवाद का।



## भारत के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण में वियतनाम महत्वपूर्ण साझेदार: पीएम

**नई दिल्ली।** वियतनाम को भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दे सकता है। वियतनाम के प्रधानमंत्री गुएन जुआन फुक के साथ एक डिजिटल शिखर सम्मेलन में मोदी ने कहा कि भारत वियतनाम के साथ अपने संबंधों को दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखता है। उन्होंने कहा, वियतनाम भारत की ऐक्ट ईस्ट नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दायरा काफी विस्तृत है। मोदी ने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि हमारा साझा उद्देश्य है। हमारा सहयोग क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दे सकता है। उन्होंने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए वियतनाम की भी सराहना की। भारत और वियतनाम ने 2016 में अपने द्विपक्षीय संबंधों को समग्र रणनीतिक साझेदारी तक विस्तारित किया और रक्षा सहयोग तेजी से बढते इन द्विपक्षीय संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण स्तभों में से एक रहा। दोनों ही देशों का हिंद-प्रशांत क्षेत्र में काफी कुछ दांव पर है और उनका लक्ष्य इस क्षेत्र के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण के आधार पर वहां सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने का हैं। पिछले साल बैंकाक में पूर्व एशिया सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने समुद्री क्षेत्र के संरक्षण और सतत इस्तेमाल तथा सुरक्षित समुद्री क्षेत्र के निर्माण के वास्ते सार्थक प्रयास करने के लिए हिंद-प्रशांत महासागर पहल की स्थापना का प्रस्ताव दिया था। दस सदस्ईय आसियान ने आसियान आउटलुक ऑन इंडो पैसफिक (एओआईपी) नामक दस्तावेज में इस क्षेत्र के वास्ते अपना दृष्टिकोण सामने रखा है।



देहरादून में प्रदर्शन करने के दौरान कांग्रेस महासचिव हरीश रावत को गिरफ्तार करती पुलिस

## प्रधानमंत्री आज आईआईएसएफ का आज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चार दिवसीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) के छठे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू महोत्सव के आखिरी दिन 25 दिसंबर को इसे संबोधित करेंगे। हर्षवर्धन ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 दिसंबर को 4.30 बजे आईआईएसएफ को संबोधित करेंगे वहीं उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू 25 दिसंबर को इसे संबोधित करेंगे। इस बार आईआईएसएफ-2020 का विषय आत्मनिर्भर भारत और विश्व कल्याण के लिए विज्ञान रखा गया है। इस महोत्सव का आयोजन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित विजनाना भारती, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय संयुक्त रूप से किया गया है।हर्षवर्धन ने बताया कि इस आयोजन के लिए अभी तक एक लाख लोगों का पंजीकरण हो चुका है। वर्ष 2015 में शुरू हुआ आईआईएसएफ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने का एक उत्सव है। इसका उद्देश्य जनता को विज्ञान से जोड़ना, विज्ञान की खुशी को मनाना और यह दिखाना कि कैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) जीवन में सुधार के लिए समाधान उपलब्ध करा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### ममता सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है भाजपा, विपक्ष को एकजुट करेंगे पवार :राकांपा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र का इस्तेमाल कर रही है और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार तथा अन्य नेता भविष्य में विपक्ष को एकजुट करेंगे। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नवाब मलिक ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने रविवार को पवार से बात की और इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। मलिक ने कहा कि दिल्ली में विपक्षी दलों के नेता इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, जरूरत पड़ी तो शरद पवार खुद कोलकाता जाएंगे। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में हाल ही मे भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के काफिले पर हमले के बाद केंद्र ने कथित लापरवाही के मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर बुलाने के लिए पत्र लिखा था जिसके बाद केंद्र और राज्य सरकार के बीच गतिरोध गहरा गया है। मलिक ने कहा, भाजपा जिस तरह पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्र सरकार का इस्तेमाल कर रही है, वह बहुत गंभीर है। पश्चिम बंगाल सरकार की सहमति के बिना आईपीएस अधिकारियों को बुला लिया गया है, जो बहुत खतरनाक है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने पवार साहब से इस मुद्दे पर बात की है। उन्होंने कहा कि राज्यों में चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने का भाजपा का कार्यक्रम सही नही है और लोकतंत्र के अनुरूप नही है। मलिक ने कहा, पवार साहब और अन्य नेता भविष्य में विपक्ष के सभी नेताओं को एकजुट करेंगे।

### एदियुरप्पा ने भाजपा सदस्यों से जदएस के पार्टी में संभावित विलय पर चुप रहने को कहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सोमवार को अपनी पार्टी भाजपा के सदस्यों से जनता दल सेकुलर (जदएस) का भगवा पार्टी में संभावित विलय की अटकलों पर टिप्पणी नहीं करने का आह्वान किया। वैसे जदएस नेता एच डी कुमारस्वामी ने भी ऐसी खबरों को खारिज कर दिया है और अपनी पार्टी के स्वतंत्र रूप से सत्ता में आने का विश्वास प्रकट किया। कुमारस्वामी ने कहा, मेरी असली राजनीति 2023 में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी जदएस का खात्मा नहीं कर सकता। जदएस का भाजपा में संभावित विलय की अटकलों के बीच दोनों ही नेताओं को इन बातों को सच्चाई से दूर करार देते हुए रविवार को बयान जारी करना पड़ा। एदियुरप्पा ने सोमवार को कहा, जदएस पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा द्वारा खड़ी गई पार्टी है और पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी उसके नेता हैं। उन्होंने कहा, जब वे पार्टी को मजबूत करने और उसे पूरे राज्य में खड़ा करने का प्रयास कर रहे है तब पार्टी का अन्य दल मे विलय की चर्चा उसका अपमान करना है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि न तो उन्हें और न ही किसी अन्य को ऐसे मुद्दे पर बोलना चाहिए। उनका कहना था कि विधानपरिषद के सभापति को हटाने के मुद्दे पर जदएस ने सहयोग दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ...आने वाले दिनों में भी, जरूरत पड़ने पर वह हमें मदद कर सकता है, लेकिन जब वे अपनी पार्टी को खड़ा कर रहे है तब उसके विलय की बात करना सही नही है। उन्होंने कहा, चुनाव के लिए अब भी ढाई साल है। वे अपनी पार्टी खड़ा करेंगे, हम अपनी पार्टी को। इसलिए हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं समेत किसी को भी ऐसी चीजे नही बोलनी चाहिए। पिछले एक-दो महीने से मीडिया के एक वर्ग मे विलय की अटकलें एवं खबरें आ रही हैं। दरअसल कुमारस्वामी ने व्यक्तिगत रूप से दो बार एदियुरप्पा से उनके निवास पर भेंट की है और जदएस का सत्तारूढ़ भाजपा के प्रति नरम रूख सामने आया है।

### गोरखपुर बम विस्फोट के दोषी को आजीवन कारावास

**गोरखपुर।** गोरखपुर बम विस्फोट कांड में सोमवार को यहां की एक स्थानीय अदालत ने दोषी ठहराए गए तारिक काजमी को आजीवन कारावास और सवा दो लाख रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है। गोरखपुर के गोलघर मार्केट इलाके में 22 मई 2007 को श्रृंखलाबद्ध धमाके हुए थे। गोरखपुर जिला एवं सत्र न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायधीश नरेंद्र कुमार ने सोमवार को गोरखपुर श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट के आरोपी तारिक काजमी को आजीवन कारावास के साथ-साथ सवा दो लाख रूपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नही अदा कर पाने की दशा में चार साल पांच महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मोहद्दीपुर निवासी राजेश राठौर की लिखित शिकायत पर कैंट थाने में बम विस्फोट का मामला दर्ज किया गया था। राठौर बलदेव प्लाजा पेट्रोल पंप के पास स्थित एक एजेंसी में सेल्समैन थे। 22 मई, 2007 को शाम लगभग सात बजे जब धमाका हुआ, तब बलदेव प्लाजा में राठौड़ मौजूद थे और उन्होंने विस्फोट की आवाज सुनी। आवाज जलकल बिल्डिंग की दिशा से थी और दूसरा धमाका बलदेव प्लाजा पेट्रोल पंप के बगल में एक साइकिल पर लटके बैग में हुआ था जबकि तीसरा धमाका गणेश चौराहे पर हुआ था। जांच के दौरान, तारिक काज़मी का नाम प्रकाश में आया था।

## सिद्धारमैया ने बीफ और कोडवा संबंधी टिप्पणी को लेकर जताया खेद

भाषा। बेंगलुरू

**कांग्रेस नेता** एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपनी कथित टिप्पणी को लेकर खेद जताया कि कोडवा बीफ खाते हैं, जिसको लेकर वह आलोचना का सामना कर रहे हैं। सिद्धारमैया ने कहा कि वह कोडवा लोगों और उनकी संस्कृति का काफी सम्मान करते हैं। कई कोडवा संगठनों ने सिद्धारमैया की टिप्पणी के विरोध में आज कोडागु जिला उपायुक्त कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया।सिद्धारमैया ने कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा था। मैंने कहा था कि खाने की आदतें भिन्न-भिन्न लोगों में अलग-अलग होती हैं और वे वही खाते हैं जो उन्हें पसंद है। मैंने पहले ही ट्वीट किया है और स्पष्ट किया है कि मैंने ऐसा नहीं कहा था। सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, कोडवा लोगों और उनकी संस्कृति के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है और अगर मेरे बयानों ने किसी भी तरह से उन्हें आहत किया है, तो मैं उनसे खेद व्यक्त करता हूं। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने अपने खिलाफ विरोध प्रदर्शन के पीछे भाजपा की भूमिका का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा के लोगों के पास कोई अन्य काम नहीं है, वे भावनात्मक मुद्दों की तलाश करते हैं। कुछ खबरों के मुताबिक, कुछ प्रदर्शनकारियों ने सिद्धारमैया पर कोडवा समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और मांग की कि वह खुलकर माफी मांगें।वहीं कुछ ने समुदाय की भावनाओं को आहत करने के लिए उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करने की बात भी की।सिद्धारमैया ने इससे पहले शनिवार को कई ट्वीट करके इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने की कोशिश की।उन्होंने कहा, बीफ और कोडवा संस्कृति के बारे में मेरे बयान को मीडिया ने गलत समझा है। अगर कोडवा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मुझे खेद है। मैं कोडवा संस्कृति से अवगत हूं और मैं इसका बहुत सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास भोजन की विभिन्न परंपराएं और आदतें हैं।



तिरुवनंतपुरम में नये चुने गए एलडीएफ काउंसलर कुडप्पकुन्नू जोकि कोरोना से संक्रमित हैं पीपीई किट में शपथ लेते हुए

## पेज 1 का शेष...

### भारत समेत 12...

रोक लगा दी है। ब्रिटेन की सरकार ने चेताया है कि नए किस्म के कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल सकता है। यह देश के लिए बड़ा खतरा है। इसके बाद रविवार से वहां पर नई पाबंदियां लगा दी गई हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप के तेजी से फैलने के बाद क्रिसमस से पहले दक्षिणी इंग्लैंड में बाजारों को बंद करने और लोगों के जमावड़े पर रोक लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है। वायरस के नए खतरे को देखते हुए सऊदी अरब ने सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। उड्डयन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने सभी विमानन कंपनियों को इस संबंध में निर्देश भी जारी किया है। नियामक ने कहा कि यह निलंबन मालवाहक उड़ानों पर लागू नहीं होगा। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन में मौजूदा स्थिति पर विचार करते हुए भारत सरकार ने आगामी 31 दिसंबर तक ब्रिटेन से आने वाली सभी उड़ानों को स्थगित करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि 22 दिसंबर को रात 11 बजकर 59 मिनट के बाद सेवा स्थगित होगी, जिसके कारण इस अवधि में भारत से ब्रिटेन की उड़ानें भी अस्थाई तौर पर स्थगित रहेंगी।

### कोरोना के नए ...

होगा। इसलिए घबराने का कोई कारण नहीं है।' भारत ने कोरोना वायरस के 4,000 से ज्यादा जीनोम का अनुक्रमण तैयार किया है और उसे ग्लोबल इनिशिएटिव ऑन शेयरिंग आफल इनफ्लुएंजा डाटा (जीआईएसएडी) को मुहैया कराए हैं। सीएसआईआर के जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (आईजीआईबी), दिल्ली और कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र (सीसीएमबी), हैदराबाद ने भारत में कोरोना वायरस के 2200 से ज्यादा जीनोम का अनुक्रमण किया है। मांडे ने कहा, 'भारत में अब तक यह (वायरस का बदला स्वरूप) नहीं मिला है।' उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया के वैज्ञानिक इस वायरस के नए प्रकार पर करीब नजर रखे हुए हैं। ब्रिटेन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका में स्वतंत्र तौर पर इसकी निगरानी की जा रही है। वैज्ञानिक अनुसंधान कर रहे हैं अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरटी-पीसीआर जांच में नए स्वरूप का पता लगाया जा सकता है लेकिन यह देखने की जरूरत है कि रैपिड एंटीजन जांच में इसका पता लगता है या नहीं। उन्होंने कहा, 'हालांकि अभी कोई निष्कर्ष नहीं है कि आरएटी जांच में इसका पता नहीं लग पाएगा।'

### प्रदेश में 28 ...

अवस्थापना तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करते हुये सुनियोजित विकास कर जनसाधारण को अधिक से अधिक नागरिक सुविधाएं बेहतर तरीके से प्रदान की जा सके। जिन नगर पालिका परिषद का सीमा विस्तार किया गया है उनमें 1 नगर पालिका परिषद चित्रकूट, नगर पालिका परिषद कन्नौज , नगर पालिका परिषद भदोही, संत रविदास नगर, नगर पालिका परिषद जायस अमेठी, नगर पालिका परिषद पुखरायां, कानपुर देहात, नगर पालिका परिषद बहराइच, नगर पालिका परिषद नवाबगंज, नगर पालिका परिषद गौराबरहज देवरिया और नगर पालिका परिषद मारहरा, एटा है। जिन नगर पंचायतों का सीमा विस्तार का निर्णय लिया गया उनमें नगर पंचायत गोला बाजार, गोरखपुर, नगर पंचायत बबेरू बांदा, नगर पंचायत नरौनी बांदा, नगर पंचायत तिंदवारी बांदा, नगर पंचायत कुल पहाड़ महोबा, नगर पंचायत हरगांव सीतापुर, नगर पंचायत ओबरा सोनभद्र, नगर पंचायत चोपन सोनभद्र, नगर पंचायत हरैया बस्ती, नगर पंचायत परशदेपुर रायबरेली, नगर पंचायत रामपुरा जालौन और नगर पंचायत औरास उन्नाव है। जिन नई नगर पंचायतों का गठन किया गया है उनमें नगर पंचायत कंचैसी कानपुर देहात, नगर पंचायत असोथर फतेहपुर, नगर पंचायत रामसनेही घाट बाराबंकी, नगर पंचायत ढकवां प्रतापगढ़, नगर पंचायत चरवा कौशाम्बी, नगर पंचायत रामगंज प्रतापगढ़, नगर पंचायत महमूदपूर माफी मुरादाबाद, नगर पंचायत सूजाबाद वाराणसी, नगर पंचायत सैदन गली अमरोहा, नगर पंचायत जवां सिकंदरपुर अलीगढ़, नगर पंचायत गभाना अलीगढ़, नगर पंचायत टप्पल अलीगढ़, नगर पंचायत मऊ चित्रकूट, नगर पंचायत बरौली अलीगढ़, नगर पंचायत राजे सुल्तानपुर अम्बेडकर नगर, नगर पंचायत जहांगीरगंज अम्बेडकर नगर, नगर पंचायत कैसरगंज बहराइच, नगर पंचायत रटौल बागपत, नगर पंचायत रतसड़ कलां बलिया, नगर पंचायत कप्तानगंज बस्ती, नगर पंचायत मुंडेरवा बस्ती, नगर पंचायत गणेशपुर बस्ती, नगर पंचायत नगर बजार बस्ती, नगर पंचायत कलान शाहजहांपुर, नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज अयोध्या, नगर पंचायत अचलगंज उन्नाव, नगर पंचायत कुमारगंज अयोध्या और नगर पंचायत चौक महाराजगंज है।

### भातखंडे संगीत...

गवर्नर को सौंप दी है। रिपोर्ट में नौ मामलों में उन पर लगे आरोप सही पाए गए। आरोपों के एवज में प्रो श्रुति को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया गया लेकिन उन्होंने अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया। जिसके बाद गवर्नर ने उनको तत्काल प्रभाव से कुलपति के पद से टर्मिनेट कर दिया है। बता दें कि वह करीब 11 वर्ष तक संस्थान की कुलपति रहीं और उनको एक्सटेंशन भी दिया गया था।

### पूर्वांचल को जल्द...

कि पहले लोग आजमगढ़ का नाम लेने से डरते थे लेकिन आज आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय व एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। यहां के लोगों को हवाई यात्रा के लिए लखनऊ व बनारस नहीं जाना पड़ेगा बल्कि वह एक घंटे की दूरी तय करके अपने ही शहर से देश के किसी भी कोने की फ्लाइट पकड़ सकेंगे। बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र के आर्सेनिक व फ्लोराइड प्रभावित इलाकों में स्वच्छ जल पेय योजना के तहत साफ पानी दिए जाने की कार्ययोजना अमली जमा पहन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कानून किसानों की आय दोगुनी करने के लिए बनाया गया है लेकिन विपक्ष को यह रास नहीं आ रहा है । वह किसानों को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। उनको बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी लेकिन बहुत सारे लोग इसका विरोध कर रहे हैं। कृषि कानून से मंडिया बंद नहीं होगी। कांट्रैक्ट खेती से किसानों की जमीन पर कब्जा होने की बात अफवाह है। जो भी कब्जा करने की कोशिश करेगा वह अपनी दुर्गति देख लेगा।

### भाजपा सांसद की ...

काफी बलिदान देने के बावजूद मुझे बदले में कुछ नहीं मिला... मैं हम सबकी प्रिय नेता ममता बनर्जी और हमारे दादा अभिषेक बनर्जी के मातहत काम करना चाहती हूं। उनसे पूछा गया कि उनका यह फैसला भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश प्रमुख एवं उनके पति सौमित्र खान को किसी प्रकार से प्रभावित करेगा तो सुजाता मंडल ने कहा कि यह उन पर है कि वह अपने भविष्य के कदमों के बारे में फैसला करें। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि उन्हें एक दिन एहसास होगा... कौन जानता है कि वह भी टीएमसी में एक दिन वापसी करें। बिश्नुपुर से सांसद सौमित्र खान ने आनन-फानन में प्रेस वार्ता बुलाई जिसमें उन्होंने कहा कि वह सुजाता मंडल को तलाक का नोटिस भेज रहे हैं और 10 साल का संबंधे तोड़ रहे हैं। खान ने कहा, आपको कुछ लोग इस्तेमाल कर रहे हैं जो पति-पत्नी के बीच दरार पैदा करने से भी हिचकते नहीं हैं जो 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक-दूसरे के साथ खड़े थे। जी हां आप बिश्नुपुर लोकसभा सीट पर प्रचार के दौरान मेरा स्तंभ थीं। खान ने कहा, कृपया यह मत भूलिए कि मैं 6,58,000 मतों से जीता हूं और यह अंतर मेरी पार्टी की वजह से संभव हुआ, इलाके में मेरी प्रतिष्ठा की वजह से संभव हुआ। उन्होंने कहा,आप (सुजाता) इतने आगे तक इसलिए आई हैं, क्योंकि आपने जय श्रीराम का नारा लगाया था, आपने (नरेंद्र) मोदीजी के पक्ष में नारे लगाए थे, क्योंकि आप सौमित्र खान की पत्नी थीं। सांसद ने कहा, कृपया अब से खान उपनाम का इस्तेमाल करने से बचें। कृपया खुद को सौमित्र खान की पत्नी नहीं बताएं। मैं आपको अपनी स्वयं के राजनीतिक भाग्य की योजना बनाने की स्वतंत्रता दे रहा हूं। लेकिन कृपया यह मत भूलिएगा कि आप उनका साथ ले रही है जिन्होंने मेरे भाजपा में शामिल होने के बाद 2019 में आपके माता-पिता के घर पर हमला किया था।

### कांग्रेस के वरिष्ठ ...

से अधिक के राजनीतिक जीवन में पार्टी और सरकार में कई अहम भूमिकाओं का निर्वहन किया। वह इस साल अप्रैल तक राज्यसभा के सदस्य रहे और कुछ महीने पहले तक कांग्रेस के महासचिव (प्रशासन) की भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने करीब दो दशकों तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और संगठन में कई अन्य जिम्मेदारियां निभाईं। वोरा 1980 के दशक में दो बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1990 के दशक में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे। केंद्र में पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में उन्होंने स्वास्थ्य और नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में भी सेवा दी।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 22 दिसंबर, 2020



## भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने 2020 को चौथी रैंकिंग के साथ खत्म किया, महिला टीम नौवें पायदान पर

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** कोविड-19 महामारी के कारण खेल के प्रभावित रहने के बीच भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों में 2020 को अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग मे क्रमशः चौथे और नौवे स्थान के साथ खत्म किया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने सोमवार को बेल्जियम की पुरुष टीम और महिलाओं में नीदरलैंड के विश्व रैंकिंग में शीर्ष रहने की पुष्टि की। इस साल जनवरी में एफआईएच ने विश्व रैंकिंग की गणना के लिए मैच-आधारित नई प्रणाली की शुरुआत की थी। साल की शुरुआत में एफआईएच प्रो लीग के मैचों के दौरान रैंकिंग मे उतार-चढ़ाव देखने को मिला लेकिन मार्च मे कोरोना वायरस महामारी के कारण खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई।

## चोटिल आजम और इमाम पहले टेस्ट से बाहर

**नेपियर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नही खेल पाएंगे जिसके कारण चयनसमिति ने युवा इमरान बट को 17 सदस्ईय टीम मे शामिल किया है। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच माउंट मौनगानुई में 26 दिसंबर से खेला जाएगा।

## हैमिल्टन को बीबीसी को शीर्ष खेल पुरस्कार

**लंदन।** फार्मूला वन के दिग्गज और सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन को रविवार को बीबीसी के वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। पिछले महीने माइकल शूमाकर के सात एफवन के रिकार्ड की बराबरी करने वाले 35 वर्षीय हैमिल्टन ने रविवार को प्रशंसको के मतदान मे फुटबॉलर जोर्डन हैंडरसन और महिला जॉकी (घुड़सवार) होली डोयले को पीछे छोड़कर ब्रिटिश प्रसारक का यह प्रतिष्ठित पुरस्का जीता।

## अबुधाबी टी10 लीग में खेलेंगे गेल, अफरीदी, ब्रावो

**अबुधाबी।** क्रिस गेल, शाहिद अफरीदी और ड्वेन ब्रावो जैसे दुनिया के शीर्ष क्रिकेटर 28 जनवरी से छह फरवरी के बीच होने चौथे अबुधाबी टी10 टूर्नामेंट मे भाग लेंगे। पूरा टूर्नामेंट जैद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सीमित ओवरों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक गेल टीम अबुधाबी के आइकन खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरेंगे।

## निहाल सरीन, गुकेश सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन और डी गुकेश सहित चार भारतीय खिलाड़ियों ने सोमवार को फिडे आनलाइन विश्व कैडेट एवं युवा रेपिड शतरंज चैंपियनशिप के अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले 12 भारतीय खिलाड़ियों में से सिर्फ चार ही अंतिम चार मे जगह बना पाए। सरीन (ईएलओ रेटिंग 2620) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-18 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका के जस्टिन वैंग को 1.5-0.5 से हराया।

# फिट होने पर विहारी की जगह ले सकते हैं जडेजा

## बॉक्सिंग डे टेस्ट की अंतिम एकादश में मिलेगा मौका

भाषा। एडीलेड





भारतीय टीम प्रबंधन इस सप्ताहांत से आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पूर्व रविंद्र जडेजा की चोट पर करीबी नजर रखे हुए है और अगर यह आलराउंडर फिट होता है तो अंतिम एकादश में हनुमा विहारी की जगह ले सकता है।

पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान जडेजा के सिर में चोट लगी थी और इसके बाद उनके पैर की मांसपेशियों में भी खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। भारत को पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा और इस दौरान जडेजा ने नेट पर वापसी की। पता चला है कि यह आलराउंडर अच्छी तरह उबर रहा है लेकिन अभी यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए शत प्रतिशत फिट हो जाएगा। लेकिन जडेजा फिट होते हैं जो आंध्र प्रदेश के बल्लेबाज विहारी को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ सकता है। विहारी के बाहर होने का कारण हालांकि एडीलेड में पहले टेस्ट में उनका खराब प्रदर्शन नहीं बल्कि अजिंक्य रहाणे और रवि शास्त्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारा जाना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया, अगर जडेजा लंबे स्पैल फेंकने के लिए फिट हो जाता है तो फिर बहस का कोई बात ही नहीं है। जडेज अपने आलराउंड कौशल के आधार पर विहारी की जगह लेगा। साथ ही इससे हमें एमसीजी में पांच गेंदबाजों के साथ उतरने का विकल्प मिलेगा। जडेजा ने 49 टेस्ट में 35 से अधिक की औसत से 1869 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पिछले दौरों पर अर्धशतक जड़े थे। दूसरी तरफ विहारी ने 10 टेस्ट में 576 रन बनाए हैं जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक के अलावा चार अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 33 से अधिक के औसत से रन बनाए हैं। लोगों का यह भी मानना है कि अगर बल्लेबाजी कौशल पर ध्यान दें तो भी विशेषज्ञ विहारी और आलराउंडर जडेजा में अधिक अंतर नहीं है। मोहम्मद शमी कलाई में फ्रेक्चर के कारण पहले ही श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और ऐसे में भारत चार की जगह पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। भारत को इस बीच सोमवार को एडीलेड ओवल में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेना था लेकिन बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। कप्तान विराट कोहली को मंगलवार को भारत के लिए रवाना होगा है और टीम मेलबर्न के लिए रवाना होगी। कप्तान ने यहां दूसरी पारी में टीम के 36 रन पर सिमटने के बाद खिलाड़ियों के साथ बात की। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा सिडनी टेस्ट से पूर्व तीन जनवरी से ट्रेनिंग शुरू कर सकते हैं। वह अभी सिडनी में दो कमरे के अपार्टमेंट में पृथकवास से गुजर रहे हैं। कोविड-19 मामलों में इजाफे के बाद न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार की पाबंदियों को देखते हुए क्रिकेट आस्ट्रेलिया डेविड वार्नर और सीन एबट को पहले ही सिडनी से मेलबर्न ला चुका है। बीसीसीआई हालांकि पृथकवास के बीच में रोहित को मेलबर्न नहीं ला सकता।

## लोकेश राहुल को अंतिम एकादश में पृथ्वी की जगह लेनी चाहिए : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर चाहते है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खराब फॉर्म में चल रहे पृथ्वी साव की जगह लोकेश राहुल पारी का आगाज करें और उभरते हुए बल्लेबाज शुभमन गिल मध्यक्रम में खेलें। गावस्कर ने भारतीय अंतिम एकादश में संभावित बदलाव पर यूट्यूब चैनल स्पोर्ट्स तक पर कहा, भारत दो बदलाव कर सकता है। पहला सलामी बल्लेबाज के रूप में पृथ्वी साव की जगह लोकेश राहुल को मौका दिया जा सकता है। पांचवे या छठे नंबर पर शुभमन गिल को आना चाहिए। वह अच्छी फॉर्म में है। अगर हम अच्छी शुरुआत करते है तो चीजे बदल सकती है। गावस्कर ने कहा कि अगर भारत सकारात्मक रवैया नही अपनाता है तो टीम को 0-4 से हार का सामना करना पड़ सकता है। भारत को विश्वास रखना होगा कि वे टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी कर सकते हैं। अगर भारत सकारात्मक रवैया नही अपनाता है तो श्रृंखला 0-4 से गंवा सकता है। लेकिन अगर वे सकारात्मक रवैया अपना सकते है तो क्यों नही अपनाएं। ऐसा हो सकता है (वापसी)। भारत को मेलबर्न टेस्ट में अच्छी शुरुआत करनी चाहिए, यह उनके लिए जरूरी है कि वे काफी सकारात्मकता के साथ मैदान पर उतरें। आस्ट्रेलिया का कमजोर पक्ष उसकी बल्लेबाजी है। गावस्कर का मानना है कि पहले टेस्ट में भारतीय पारी के 36 रन पर सिमटने के बाद प्रशंसकों के बीच नराजगी स्वाभाविक है। गावस्कर को साथ ही मलाल है कि भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में काफी कैच छोड़े जिससे टीम सिर्फ 53 रन की बढ़त हासिल कर पाई। अगर हम कैच लपक लेते और सही जगह पर क्षेत्ररक्षक खड़े करते तो शायद कोई समस्या नही होती, टिम पेन और मार्नस लाबुशेन जल्दी आउट हो जाते। हम 120 रन की बढ़त हासिल कर सकते थे। आस्ट्रेलिया इन टपकाए गए कैचों के कारण वापसी करने में सफल रहा और भारत की बढ़त को 50 रन तक सीमित कर दिया।

## क्रिकेट में मैदानी सुरक्षा की विश्वव्यापी समीक्षा की जरूरत : चैपल



**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने क्रिकेट में मैदान सुरक्षा उपायों की समीक्षा का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसा कोई भी कड़ा नियम बनाना अच्छा विचार होगा जिससे शार्ट पिच गेंदों का सामना करने वाले पुछल्ले बल्लेबाजों का बचाव हो सके। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला से पहले सिर में चोट लगने और कनकशन (सिर में हल्की चोट) के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी लेने की घटनाएं हुई जिससे तेज गेंदबाजों द्वारा बाउंसर के उपयोग को लेकर चर्चा फिर से शुरू हो गई। चैपल ने हालांकि इस गेंद पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के विचार को सिरे से नकार दिया। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो में अपने कॉलम में लिखा, बाउंसर पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के किसी भी विचार को उसी तरह से तुरंत खारिज कर देना चाहिए जैसे गेंदबाज न्यूजीलैंड के पुछल्ले बल्लेबाज क्रिस मार्टिन को आते ही पवेलियन भेज देते थे।

## भारतीय टीम अब टूर्नामेंट के रूख को मोड़ पाएगी : हैडिन

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर ब्रैड हैडिन ने कहा कि एडीलेड में खेले गए दिन-रात्रि मैच में आठ विकेट से करारी शिकस्त झेलने के बाद चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम के लिए वापसी करना बहुत मुश्किल होगा। भारतीय टीम के पास पहले टेस्ट में जीत दर्ज करने का शानदार मौका था।

## दूसरा टेस्ट श्रृंखला का भाग्य तय करने को महत्वपूर्ण : बर्न्स

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जो बर्न्स का मानना है कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाला दूसरा टेस्ट क्रिकेट मैच चार मैचों की श्रृंखला का भाग्य तय करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होगा और इसलिए उनकी टीम इसमं कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट की शर्मनाक हार के बाद अब पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौटने वाले विराट कोहली के बिना दूसरे मैच में उतरेगी। श्रृंखला के बाकी मैचों में अजिंक्य रहाणे टीम की अगुवाई करेंगे।

## बीसीसीआई एजीएम में 10 टीमों के आईपीएल पर लग सकती है मुहर, 2022 सत्र से लागू होने की संभावना





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीबाई) की गुरुवार को अहमदाबाद में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इंडियन प्रीमियर लीग में 10 टीमों की भागीदारी की मंजूरी मिल सकती है लेकिन इसे आगामी सत्र (2021) की जगह 2022 से लागू किया जाएगा। अहमदाबाद में होने वाली इस बैठक में नई आईपीएल फेंचाइजी को शामिल करने का मुद्दा सबसे प्रमुख होगा। यह पता चला है कि अधिकांश हितधारकों का मानना है कि 2021 में नौ या 10 टीमों का आईपीएल कराना जल्दबाजी में लिया गया फैसला होगा। इससे नई फ्रेंचाइजी को प्रतिस्पर्धी टीम बनाने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इस मामले में बहुत सारे तौर-तरीके हैं जिन पर चर्चा करने की जरूरत है। अधिकांश हितधारकों को लगता है कि अप्रैल में होने वाली आईपीएल से पहले नीलामी के लिए बहुत कम समय है। उन्होंने कहा, आपको निविदाएं आमंत्रित करनी होंगी और बोली प्रक्रिया तैयार करनी होगी। जनवरी के अंत या फरवरी की शुरुआत तक बोली में अगर दो टीमें बाजी मारती है तो उन्हें नीलामी के लिए समय दिया जाना चाहिए, जो मार्च में आयोजित की जा सकती है। ऐसे मे नई फ्रेंचाइजी के लिए योजना बनाने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। दस टीमों के आईपीएल में 94 मैचों का आयोजन होगा जिसके लिए लगभग ढाई महीने की जरूरत होगी, इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कैलेंडर अव्यवस्थित हो सकता है। इसके साथ ही आईपीएल की पूरी अवधि के लिए शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रसारण राशि प्रति वर्ष 60 मैचों के हिसाब से है जिस पर फिर से बातचीत की आवश्यकता होगी। फिलहाल स्टार इंडिया 2018-2022 के बीच की अवधि के लिए 16,347.50 करोड़ रुपए का भुगतान करता है और यह प्रति वर्ष 60 मैचों के लिए है। गौतम अदानी और संजीव गोयनका (पूर्व फ्रेंचाइजी राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के मालिक) टीमों को खरीदने में दिलचस्पी रखने वाले कुछ सबसे बड़े नामों में शामिल हैं।

## बाक्सिंग डे टेस्ट के मैन ऑफ द मैच को मिलेगा जॉनी मुलाग पदक

**मेलबर्न।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर (बाक्सिंग डे) से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (मैन ऑफ द मैच) को जॉनी मुलाग पदक से सम्मानित किया जाएगा। जॉनी मुलाग विदेशी दौरे पर जाने वाली पहली आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान थे। उनकी अगुवाई में 1868 में टीम ने ब्रिटेन का दौरा किया था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, बाक्सिंग डे टेस्ट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मुलाग पदक से सम्मानित किया जाएगा।

## बैडमिंटन संघ ने चुनी मजबूत टीम, लंबे समय बाद खेलेंगी साइना और सिंधू





**नई दिल्ली।** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और साइना नेहवाल सहित भारत की आठ सदस्ईय टीम बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर फाइनल्स सहित बैकाक में होने वाले आगामी तीन टूर्नामेंटों में भाग लेगी। भारतीय बैडमिंट संघ (बाइ) ने ओलंपिक क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए जनवरी में होने वाले टूर्नामेंटों के लिए सोमवार को आठ सदस्ईय मजबूत टीम का चयन किया। टीम में सिंधू, साइना, बी साई प्रणीत, किदाम्बी श्रीकांत, सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 12 से 17 जनवरी के बीच योनेक्स थाईलैंड ओपन में भाग लेंगे। इसके बाद 19 से 24 जनवरी के बीच टोयोटा थाईलैंड ओपन और 27 से 21 जनवरी के बीच बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स खेला जाएगा।

# मैनचेस्टर यूनाईटेड ने पुराने प्रतिद्वंद्वी लीड्स को करारी शिकस्त दी

भाषा। मैनचेस्टर

मैनचेस्टर यूनाईटेड को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लीड्स से खेलने के लिए 16 साल तक इंतजार करना पड़ा और जब मुकाबला हुआ तो उसने अपने इस पुराने प्रतिद्वंद्वी को दूसरी श्रेणी की टीम साबित करने में कसर नहीं छोड़ी। यूनाईटेड ने रविवार को खेले गए मैच में 6-2 से जीत दर्ज की और खुद को ईपीएल की खिताबी दौड़ में शामिल कर दिया। यूनाईटेड के अब 13 मैचों में 26 अंक हो गए हैं और वह लीवरपूल और लीस्टर सिटी के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। स्कॉट मैकटोमिने ने प्रीमियर लीग के शीर्ष स्कोरर की तरह प्रदर्शन किया तथा दूसरे और तीसरे मिनट में दनादन दो गोल दागकर लीड्स को दबाव में ला दिया। ब्रूनो फर्नाडिस व लिंडेलोफ ने यूनाईटेड को मध्यांतर तक 4-। से आगे कर दिया। लीड्स की तरफ से लियाम कूपर ने 41वें मिनट में गोल किया। डेनियल जेम्स ने 66वें मिनट में यूनाईटेड की तरफ से पांचवां गोल दागा जबकि फर्नाडिस ने 70वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 6-। कर दिया। स्टुअर्ट ने इसके तीन मिनट बाद लीड्स की तरफ से दूसरा गोल किया लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ।

## लियो ने छठे सेकेंड में गोल करके बनाया नया रिकार्ड

**मिलान।** राफेल लियो ने मैच शुरू होने के बाद छठे सेकेंड में गोल करके इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में सबसे तेज गोल करने का रिकार्ड बनाया जिससे एसी मिलान ने सास्सुओलो को 2-। से पराजित किया। मिलान की तरफ से दूसरा गोल अलेक्सिस सीलमेकर्स ने किया। इस जीत से एसी मिलान ने सेरी ए तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वह इंटर मिलान से एक अंक आगे है जिसने एक अन्य मैच में स्पेजिया को 2-। से हराया। पुर्तगाल के लियो ने सेरी ए में सबसे तेज गोल करने का पाओलो पोगी का रिकार्ड तोड़ा जिन्होंने 2001 में पीसेन्जा की तरफ से फियोरेंटिना के खिलाफ आठवें सेकेंड में गोल किया था।

## बेंजेमा के शानदार प्रदर्शन से रीयाल मैड्रिड की आसान जीत

**बार्सिलोना।** करीम बेंजेमा के शानदार प्रदर्शन से रीयाल मैड्रिड ने ईबार को 3-। से हराया जिससे वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा की अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड की बराबरी पर पहुंच गया। जिनेदिन जिदान की टीम रीयाल मैड्रिड अब केवल गोल अंतर से एटलेटिको से पीछे है। इन दोनों के समान 29 अंक है लेकिन एटलेटिको ने दो मैच कम खेले है। रीयाल मैड्रिड अब रीयाल सोसीडाड से तीन और बार्सिलोना से आठ अंक आगे है। बार्सिलोना पांचवें स्थान पर है। बेंजेमा ने रविवार को खेले गए मैच में छठे मिनट में रोड्रिगो के पास पर गोल किया। इसके बाद उन्होंने 12वें मिनट में लुका मोडरिच को गोल करने में मदद की। काइक गर्सिया ने 28वें मिनट में गोल करके ईबार को वापसी दिलाने की कोशिश की। रीयाल की तरफ से तीसरा गोल दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम में लुकास वाजक्वेज ने किया।

## विलियम्स के गोल से एटीके मोहन बागान ने बेंगलुरू को हराया



**मडगांव।** डेविड विलियम्स के गोल से एटीके मोहन बागान ने सोमवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेंगलुरू एफसी को।-0 से हरा दिया।आस्ट्रेलिया के विलियम्स ने मैच का एकमात्र गोल 33वें मिनट में दागा। इस जीत से एटीके मोहन बागान के मुंबई सिटी के समान सात मैचों में 16 अंक हो गए हैं। मुंबई की टीम हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है।बेंगलुरू की टीम ने पिछड़ने के बाद बराबरी का गोल दागने के लिए भरसक प्रयास किए लेकिन एटीके मोहन बागान के डिफेंस को भेदने में टीम नाकाम रही। बेंगलुरू एफसी की सात मैचों में यह पहली हार है और टीम तीसरे स्थान पर चल रही है। टीम के 12 अंक हैं।

## सैन्य वेतन पैकेज के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा का रक्षा बलों के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक के साथ एक सहमति ज्ञापन पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत बैंक बलों के खाताधारकों को कई सुविधाएं और विशेष सेवाएं उपलब्ध कराएगा। बैंक ने भारतीय सेना के साथ भी अपने एमओयू का नवीनीकरण किया है। इसके तहत बैंक अपनी नई सेवा बड़ौदा सैन्य वेतन पैकेज के माध्यम से विशेष बैकिंग सेवाओं की पेशकश करेगा। बीओबी ने एक बयान में कहा कि बड़ौदा सैन्य वेतन पैकेज के तहत भारतीय सशस्त्र बलों के मौजूदा और सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक ए सेवाएं अपनी 8,200 से अधिक घरेलू शाखाओं और करीब 20,000 बैंक मित्रों के माध्यम से सैन्यकर्मियों तक पहुंचाएगा। बीओबी के कार्यकारी निदेशक विक्रमादित्य सिंह खिची ने कहा, इस पैकेज के तहत कई तरह के आकर्षक लाभ हैं। जैसे सैन्यकर्मियों को निजी दुर्घटना बीमा, स्थाई तौर पर पूर्ण अपाहिज होने पर बीमा सुरक्षा, आंशिक तौर पर अपाहिज होने पर बीमा सुरक्षा, हवाई दुर्घटना बीमा के साथ-साथ सेवारत सैन्यकर्मी की मृत्यु पर बच्चों के लिए उच्च शिक्षा बीमा व लड़की की शादी के लिए बीमा के लाभ मिलेंगे।

## केंद्र ने राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए 6,000 करोड़ रुपए की आठवीं किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने राज्यों के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में कमी की भरपाई के लिए सोमवार को छह हजार करोड़ रुपए की आठवीं साप्ताहिक किस्त जारी की है। इस तरह अब तक राज्योंा संघ शासित प्रदेशों को इस माध्यम से 48,000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, इसमें से 5,516.60 करोड़ रुपए 23 राज्यों को जारी किए गए हैं। इसके अलावा तीन संघ शासित प्रदेशों.... दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी को 483.40 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। शेष पांच राज्यों... अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम में जीएसटी लागू करने से उनके राजस्व में कोई गिरावट नहीं आई। केंद्र ने जीएसटी के क्रियान्वयन की वजह से राज्यों के राजस्व में अनुमानित 1.10 लाख करोड़ रुपए की भरपाई के लिए अक्टूबर में विशेष ऋण सुविधा शुरू की थी। इस सुविधा के तहत केंद्र द्वारा राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की ओर से ऋण लिया जाता है। अब तक केंद्र द्वारा राज्यों को 23 अक्टूबर, दो नवंबर, नौ नवंबर, 23 नवंबर, एक दिसंबर, सात दिसंबर, 14 दिसंबर और 21 दिसंबर को किस्त जारी की गई है। केंद्र ने कहा कि इस सप्ताह कर्ज 4.19 प्रतिशत के ब्याज पर लिया गया गया।

## एडीबी का छोटे कर्ज लेने वालों, एमएसएमई की मदद के लिए नार्दर्न आर्क के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत में छोटे कर्ज लेने वालों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) की मदद के लिए नार्दर्न एआरसी कैपिटल लिमिटेड (एनएसीएल) के साथ समझौता किया। समझौते के तहत एडीबी कंपनी को चार करोड़ डॉलर का कर्ज उपलब्ध कराएगा। एनएसीएल को दिया जाने वाला कर्ज एडीबी के कोविड-19 को लेकर उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा है।

# फ्यूचर रिटेल को हाईकोर्ट से राहत नहीं

## अमेजन को मध्यस्थता केन्द्र का फैसला प्राधिकरणों को बताने पर रोक नहीं

भाषा। नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को किशोर बियानी की अगुवाई वाले फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अमेजन को सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केन्द्र के फैसले के बारे में सेबी, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और अन्य प्राधिकरणों को लिखने से मना करने की अपील की गई थी। सिंगापुर के मध्यस्थता केन्द्र ने फ्यूचर समूह और रिलायंस रिटेल के बीच हुए 24,713 करोड़ रुपए के परिसंपत्ति बिक्री सौदे पर रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने एफआरएल की दलील को खारिज कर दिया। याचिका में दावा किया गया था कि अमेजन 24,713 करोड़ रुपए के रिलायंस- फ्यूचर सौदे पर आपातकालीन न्यायाधिकरण के फैसले के बारे में अधिकारियों को लिख रही है। न्यायालय ने आदेश में कहा कि एफआरएल ने अंतरिम निषेधाज्ञा जारी करने के लिए आवेदन किया है, लेकिन पहली नजर में सुविधा संतुलन फ्यूचर रिटेल और अमेजन दोनों के पक्ष में है, और क्या किसी भी पक्ष को कोई अपूरणीय क्षति होगी, यह मुकदमे की सुनवाई के दौरान या सक्षम मंच द्वारा निर्धारित किया जाना है। अदालत ने आगे कहा कि उसने इस वजह से भी अंतरिम तौर पर निषेधाज्ञा नहीं दी, क्योंकि एफआरएल और अमेजन, दोनों ही वैधानिक प्राधिकारियों या नियामकों के समक्ष अपनी बात कह चुके हैं और अब इस बारे में वैधानिक प्राधिकारियोंा नियामकों को निर्णय लेना है। न्यायालय ने कहा कि समझौते को मंजूरी देने वाला एफआरएल का 29 अगस्त का बोर्ड प्रस्ताव अवैध नहीं था, जैसा कि अमेजन ने दावा किया है और इस बारे में वैधानिक अधिकारियों तथा नियामकों के समक्ष अमेजन की दलील गलत दावों पर आधारित थी। हालांकि, उच्च न्यायालय एफआरएल की इस दलील से सहमत नहीं था कि 25 अक्टूबर का अपातकालीन मध्यस्थता (ईए) आदेश कानूनी अधिकार क्षेत्र के बाहर था और इस कारण यह आदेश अमान्य है। ऐसे में अदालत ने एफआरएल की अंतरिम रोक लगाने के आवेदन को रद्द करते हुए कहा कि मांगी गई राहत नहीं दी जा सकती। सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) ने 25 अक्टूबर के अपने आदेश में अमेजन के पक्ष में फैसला देते हुए फ्यूचर रिटेल लिमिटेड पर कंपनी की परिसंपत्तियों के किसी भी तरह के हस्तांतरण, परिसमापन या किसी करार के तहत दूसरे पक्ष से कोष हासिल करने के लिए प्रतिभूतियां जारी करने पर रोक लगाई है।

## कंपनियों का लाभ सितंबर तिमाही में अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा: क्रिसिल

भाषा। मुंबई

कंपनियों का लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। इसका कारण कच्चे माल की लागत में कमी तथा क्षमता का बेहतर उपयोग होने से मार्जिन का विस्तार होना है। प्रमुख रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को यह कहा। एजेंसी ने कहा कि निरपेक्ष रूप से ब्याज, कर, मूल्य ह्रास और संपत्ति की लागत को धीरे-धीरे बट्टे खाते में डालने (ईबीआईटीडीए) से पूर्व का लाभ सितंबर में 1.60 लाख करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जो इससे पूर्व जून तिमाही में 1.02 लाख करोड़ रुपए था।

## सौर बिजली दर अब तक के न्यूनतम स्तर 1.99 रुपए प्रति यूनिट पर

**नई दिल्ली।** गुजरात ऊर्जा विकास निगम लि. (जीयूवीएनएल) की पिछले सप्ताह 500 मेगावाट सौर क्षमता की नीलामी में बिजली दर अब तक के न्यूनतम स्तर 1.99 रुपए प्रति यूनिट पर आ गई। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, जीयूवीएनएल की पिछले सप्ताह 500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की नीलामी में सौर बिजली दर अब तक के न्यूनतम स्तर 1.99 रुपए प्रति यूनिट पर आ गई।

## विनीत ने एसोचैम के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने उद्योग मंडल एसोचैम के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया है। एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने हीरानंदानी ग्रुप ऑफ कंपनीज के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक निरंजन हीरानंदानी का स्थान लिया है। रीन्यू पावर के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुमंत सिन्हा एसोचैम के नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष होंगे। अग्रवाल ने अमेरिका के कार्नेगी मेलॉन विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## शीर्ष शहरों में आवासीय बिक्री 47 प्रतिशत घटने का अनुमान: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्रॉपर्टी सलाहकार एनरॉक के अनुसार कोविड-19 महामारी के चलते इस साल मांग घटने से देश के सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री 47 प्रतिशत घटकर 1.38 लाख इकाई रहने का अनुमान है। एनरॉक की रिपोर्ट के मुताबिक 2020 में नए घर तैयार होने की रफ्तार भी 46 प्रतिशत घटकर 1.28 लाख इकाई रहने का अनुमान है। ये सर्वेक्षण सात शहरों दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता के नतीजों पर आधारित है।

## एनआईआईएफ के मास्टर फंड ने तीन निवेशकों से 10.7 करोड़ डॉलर जुटाए

भाषा। मुंबई

कनाडा की पीएसपी इन्वेस्टमेंट्स, अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम (डीएफसी) तथा घरेलू निजी क्षेत्र के ऋणदाता एक्सिस बैंक ने राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के मास्टर फंड में 10.7 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एनआईआईएफ ने सोमवार को यह जानकारी दी। इन तीन निवेशकों से नए कोष की प्रतिबद्धता के बाद एनआईआईएफ के मास्टर फंड का कुल आकार 2.34 अरब डॉलर हो गया है। एनआईआईएफ ने इसके साथ ही मास्टर फंड के अंतिम बंद की भी घोषणा की है। इसके साथ ही एनआईआईएफ ने कहा कि वह एक निजी इक्विटी कोष से 2.1 अरब डॉलर जुटाने की तैयारी कर रहा है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 73.79 पर बंद




भाषा। मुंबई

विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में भारतीय मुद्रा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे लुढ़ककर 73.79 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई। हालांकि, कच्चे तेल की नरम पड़ती कीमतें और विदेशी निधियों के सतत निवेश के कारण रुपए की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, प्रति डॉलर 73.74 रुपए पर काफी कमजोर खुला। इसके बाद दिन में कारोबार के दौरान दर 73.81 के निम्न स्तर और 73.63 के उच्च स्तर के बीच घूमने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 73.79 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपए की विनिमय दर तीन पैसे बढ़कर 73.56 रुपए प्रति डालर पर बंद हुई थी। इस बीच छह वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक 0.94 प्रतिशत की बढ़त लेकर 90.80 हो गया। विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल बने रहे जिन्होंने शुक्रवार को 2,720.95 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 5.20 प्रतिशत गिरकर 49.54 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।

## कोविड-19 के बेकाबू झटके से निवेशकों की 6.59 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूबी




**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में कोविड-19 वायरस की नई किस्म (स्ट्रेन) की खबरों के बाद सोमवार को वैश्विक बाजारों में बिकवाली के सिलसिले ने जोर पकड़ा। इसके प्रभाव से यहां भी बाजारों में जबर्दस्त गिरावट आई। इससे निवेशकों की करीब 6.59 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,406.73 अंक या तीन प्रतिशत के नुकसान से 45,553.96 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 47,055.69 अंक तक गया। शेयर बाजारों में जबर्दस्त बिकवाली से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,59,313.65 करोड़ रुपए घटकर।,78,79,323.05 करोड़ रुपए रह गया।

# बाइडन लगवाएंगे कोविड-19 का टीका, ट्रंप ने बनाई दूरी

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कहा है कि टीकाकरण कार्यक्रम में ट्रंप सहित कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लोगों को भी कोविड-19 के टीके की खुराक लेनी चाहिए।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन को सोमवार को टीका लगाया जाएगा। ऑपरेशन वार्प स्पीड के प्रमुख सलाहकार मोनसेफ सलाउई ने सीएनएन के स्टेट ऑफ द यूनियन कार्यक्रम में रविवार को कहा, टीका उन लोगों के लिए सुरक्षित है, जो संक्रमित हो चुके हैं। यह उनकी प्रतिरक्षा को और मजबूत बनाएगा।

उन्होंने कहा, हमें पता है कि वायरस से प्रतिरक्षा क्षमता बेहतर नहीं होती, बल्कि समय के साथ बदतर ही होती है। इसलिए मेरा मनना है कि एहतियाती तौर पर टीकाकरण सही रहेगा क्योंकि यह सुरक्षित है। मुझे लगता है कि इन लोगों को टीका लगवाना चाहिए।



अमेरिका में पिछले सप्ताह कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन ट्रंप समेत कई वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों ने अब तक टीके की खुराक नहीं ली है। उपराष्ट्रपति माइक पेंस, प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी और सीनेटर मिच मैककोने को शुक्रवार को टीके लगाए गए थे।

अमेरिका की एक विशेषज्ञ समिति का कहना है कि कोविड-18 के टीकाकरण की प्रक्रिया के दूसरे चरण में 75 या उससे अधिक आयु के लोगों और दमकल विभाग, शिक्षकों और किराने की दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों समेत आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

टीकों की दूसरी खेप रविवार से अस्पतालों को भेजी जाएगी।रोग नियंत्रण एवं निवारण केंद्र के अनुसार देश में अब तक 5,56,000 लोगों को टीका लग चुका है।

इस बीच, कैलिफोर्निया में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अस्पतालों में बिस्तरों की कमी हो रही है। यहां रविवार को 16,840 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जुलाई की तुलना में दोगुना अधिक मरीज भर्ती हैं। आईसीयू में 3,610 से अधिक लोग भर्ती हैं। दक्षिण कैलिफोर्निया और उत्तर में सन जौक्विन वैली में कोई आईसीयू खाली नहीं है।वहीं, कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर टेनेसी के गवर्नर बिल ली ने सामाजिक समारोह संबंधी नए प्रतिबंध लागू किए हैं, हालांकि स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के अनुरोध के बाद भी मास्क पहनना अभी तक अनिवार्य नहीं किया है।



मोनट्रीयल में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए लोग

## जापान के मंत्रिमंडल ने संभावित खतरों के मद्देनजर रक्षा बजट बढ़ाने को मंजूरी दी

**एपी।** तोक्यो

**जापान के** मंत्रिमंडल ने देश के रक्षा बजट को लगातार नौवीं बार बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जापान सरकार चीन और उत्तर कोरिया से संभावित खतरे से निपटने के लिए लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें और रेडार से बच निकलने में सक्षम लड़ाकू विमान विकसित करने के लिए रक्षा बजट बढ़ाना चाहती है।वित्त वर्ष 2021 में रिकॉर्ड

● **यह बजट मौजूदा वित्त वर्ष के रक्षा बजट से 1.1 प्रतिशत अधिक होगा अगले साल की शुरुआत में इसे 106 ट्रिलियन एन (10.3 खरब अमेरिकी डॉलर) के राष्ट्रीय बजट के साथ संसद की मंजूरी दी जाएगी**

5.34 ट्रीलियन एन (51.7 अरब अमेरिकी डॉलर) का रक्षा बजट पेश करने की योजना है। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा के कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। यह बजट मौजूदा वित्त वर्ष के रक्षा बजट से 1.1 प्रतिशत अधिक होगा। अगले साल की शुरुआत में इसे 106 ट्रीलियन एन (10.3 खरब अमेरिकी डॉलर) के राष्ट्रीय बजट के साथ संसद की मंजूरी दी जाएगी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित बजट में लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित करने का खर्च भी शामिल है, जिन्हें विध्वंसक या लड़ाकू विमानों से दागा जा सकता है। ए मिसाइलें सुगा मंत्रिमंडल द्वारा शुक्रवार को पेश की गई नई मिसाइल योजना का हिस्सा हैं। इस योजना को अमल में लाकर जापान पूर्वी चीन सागर में अपने नियंत्रण वाले उन टापुओं में मिसाइलों की तैनाती बढ़ा सकेगा, जिनपर चीन भी अपना दावा जताता है।

## पेंसिलवेनिया के चुनावी नतीजे को पलटने के लिए ट्रंप पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन नवंबर को हुए चुनाव के परिणाम को खारिज करने के अपने प्रयासों के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की है।

ट्रंप की प्रचार टीम ने रविवार को इस बारे में बताया। इस याचिका में पेंसिलवेनिया के डाक मत पत्र से जुड़े फैसले को पलटने, मतदाताओं की इच्छा खारिज करने और पेंसिलवेनिया जनरल असेम्बली को खुद अपने निर्वाचकों का चुनाव करने का अधिकार देने का अनुरोध किया गया है।सुप्रीम कोर्ट मतदान प्रक्रिया में धोखाधड़ी के आरोपों को लेकर पहले भी ट्रंप की कई याचिकाओं को खारिज कर चुका है। पेंसिलवेनिया के नतीजे का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यदि पेंसिलवेनिया में परिणाम बदल भी जाता है, तो भी जो बाइडन



इलेक्टोरल कॉलेज (निर्वाचक मंडल) में जीत के बड़े अंतर के कारण राष्ट्रपति पद के चुनाव में विजेता रहेंगे।ट्रंप के वकील रूडी गिलियानी ने एक बयान में कहा, याचिका में सभी उपयुक्त समाधान का अनुरोध किया गया है। पेंसिलवेनिया में नियुक्त इलेक्टोरल कॉलेज को खारिज करने और उनके बदले में राज्य की जनरल एसेंबली को नए इलेक्टोरल कॉलेज की अनुमति देने का आग्रह किया गया है। वकील ने छह जनवरी को अमेरिकी कांग्रेस की बैठक के पहले इस पर जल्द से जल्द फैसला सुनाने का आग्रह किया है। संसद की बैठक में बाइडन की जीत की पुष्टि की जाएगी। ट्रंप को 232 और बाइडन को 306 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिले थे। हालांकि न्यायाधीशों के आठ जनवरी से पहले इस याचिका पर सुनवाई करने की संभावना नहीं है।तीन सप्ताह तक चली मतगणना और कानूनी चुनौतियां खत्म होने के बाद पेंसिलवेनिया ने पिछले महीने राज्य में 20 इलेक्टोरल वोट के साथ बाइडन की जीत की पुष्टि की थी।

### ट्रंप के आध्यात्मिक सलाहकार व उत्तर जॉर्जिया के पादरी कोरोना वायरस से संक्रमित

**जेन्सविले (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आध्यात्मिक सलाहकार एवं उत्तर जॉर्जिया के एक गिरजाघर के पादरी जेंटेज़न फ्रेंकलिन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।मीडिया की खबरों के अनुसार जेन्सविले में फ्री चैपल के वरिष्ठ पादरी रविवार की प्रार्थना सभा में नहीं आए थे। पादरी जैपन रूफ ने कहा, मैं आपको बताना चाहूंगा कि पादरी फ्रेंकलिन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। वास्तव में वह काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने जांच कराई थी और वह संक्रमित पाए गए हैं। वह पृथक रह रहे हैं और सबसे दूरी बनाए हुए हैं। फ्रेंकलिन हाल ही में व्हाइट हाउस में एक क्रिसमस पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी बेटी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वे व्हाइट हाउस में नजर आ रहे थे।

## अमेरिका में कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहे लोगों के लिए राहत पैकेज संबंधी समझौते पर बनी सहमति

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** शीर्ष सांसदों के बीच रविवार को करीब एक हजार अरब डॉलर के राहत पैकेज संबंधी समझौते पर सहमति बन गई। इस राशि का इस्तेमाल कोरोना वायरस महामारी के दौरान बुरी तरह प्रभावित हुए कारोबारियों एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करने और टीका मुहैया कराने के अभियान में किया जाएगा।इस पैकेज के तहत बेरोजगारों को हर हफ्ते 300 डॉलर और जरूरतमंद लोगों को 600 डॉलर की सहायता प्रदान की जाएगी। नए प्रावधानों के तहत सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले कारोबारों, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं की भी मदद की जाएगी।इस राहत पैकेज को लेकर लंबे समय से बहस चल रही थी।कोरोना वायरस महामारी के कारण प्रभावित हुए लोगों की मदद करने और अर्थव्यवस्था में गति देने के इरादे से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन इस समझौते को लागू करने के पक्ष में थे। प्रतिनिधि सभा के नेताओं ने सांसदों को सूचित किया कि वे सोमवार को इस विधेयक पर मतदान करेंगे।सीनेट के बहुमत के नेता मिच मैक्कॉनेल ने राहत पैकेज से संबंधित विधेयक पर समझौते की घोषणा करते हुए कहा, यह अमेरिकी लोगों के लिए एक और बड़ा राहत पैकेज होगा। उन्होंने कहा कि यह महामारी के दौरान आर्थिक दिक्कतों से जूझ रहे उन अमेरिकी लोगों की मदद के लिए है जो लंबे समय से इसके इंतजार में थे। सीनेट के वरिष्ठ डेमोक्रेट चक शूमर ने कहा कि राहत पैकेज को लेकर गतिरोध शनिवार रात को दूर हो गया।

### कनाडा ने ब्रिटेन से विमान सेवा पर लगाई रोक

**टोरंटो।** दक्षिणी इंग्लैंड में कोरोना वायरस के नए स्वरूप (स्ट्रेन) के पांव पसारने के मद्देनजर कनाडा ने ब्रिटेन से यात्री उड़ानों के परिचालन पर रोक लगा दी है।घटनाक्रम से वाकिफ एक अधिकारी ने पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की।फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, आयरलैंड और बुल्गारिया पहले ही ब्रिटेन की यात्रा पर पाबंदी की घोषणा कर चुके हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप के तेजी से फैलने के बाद क्रिसमस से पहले दक्षिणी इंग्लैंड में बाजारों को बंद करने और लोगों के जमावड़े पर रोक लगाने की घोषणा की है।

## यूएई के शीर्ष राजनयिक ने पाकिस्तान पर वीजा प्रतिबंध की बात स्वीकार की

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के लोगों पर वीजा प्रतिबंध संबंधी बात पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार की।यूएई की सरकारी संवाद समिति डब्ल्यूएएम ने बताया कि अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद अल नाहयन ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ बैठक के बाद कोविड-19 संक्रमण के कारण वीजा जारी करने पर लागू हालिया प्रतिबंध के अस्थाई होने पर जोर दिया। हालांकि उन्होंने वीजा निलंबन के बारे में विस्तार से जानकारी नही दी। ऐसा बताया जा रहा है कि यूएई ने लेबनान, केन्या, ईरान, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन जैसे एक दर्जन मुस्लिम बहुल देशों पर ऐसे समय में प्रतिबंध लगाए है, जब इजराइल के साथ संबंधों को सामान्य करने संबंधी समझौते के बाद इजराइली पासपोर्ट पर लोग देश में आ रहे है।दुबई स्थित अरेबियन नाइट्स टूअर्स के ट्रेवल एजेंट सईद मोहम्मद ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों के परिवारों को वीजा संबंधी मंजूरी मिलने की दर में पिछले कुछ सप्ताह में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इन देशों से अकेले आने की इच्छा रखने वालों और युवाओं को प्रवेश की अनुमति नही दी जा रही।



हांगकांग में क्रिसमस के आगमन को लेकर हुई सजावट का एक दृश्य

## क्विक न्यूज

### सऊदी अरब ने सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें निलंबित कीं

**दुबई।** सऊदी अरब ने कोरोना वायरस के एक नए प्रकार (स्ट्रेन) के सामने आने और उसके तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर अस्थाई रूप से अपनी सभी अंतरराष्ट्रीय यात्री विमान सेवाएं स्थगित कर दी है।देश के गृह मंत्रालय ने कहा कि वायरस की प्रकृति के बारे में चिकित्सा संबंधी जानकारी स्पष्ट होने तक इस एक सप्ताह के उड़ान प्रतिबंध को और बढ़ाया जा सकता है।उसने कहा कि देश के भू और समुद्री बंदरगाह भी बंद रहेंगे। सरकार ने पिछले तीन महीने में यूरोपीय देशों से लौटे सभी लोगों को तत्काल कोविड-19 जांच कराने का आदेश दिया है।मंत्रालय ने कहा कि निलंबन से देश के मालवाहक उड़ानों और आपूर्ति श्रृंखला पर कोई असर नही पड़ेगा।

### ऑस्ट्रेलिया के राज्य ने कहा, पृथकवास संबंधी नीतियों को लागू करने में हुई गड़बड़ी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत के शीर्ष नेता ने होटलों में पृथक-वास केंद्र बनाने की योजना में लापरवाही को लेकर माफी मांगी है। पृथक-वास संबंधी नीतियों को लागू करने में ढिलाई के कारण संक्रमण के मामलों में जबरदस्त बढ़ोतरी के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया था। दूसरी जगहों से आए यात्रियों के लिए विक्टोरिया प्रांत के पृथक-वास कार्यक्रम की जांच करने वाले एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने मई और जून में मेलबर्न के होटलों में पृथक-वास में लोगों को रखने के लिए निजी सुरक्षा गार्डों की तैनाती की आलोचना की है। जांच रिपोर्ट सोमवार को जारी करने के बाद विक्टोरिया के प्रीमियर डेन एंड्रयूज ने कहा कि महामारी को लेकर नियमावली के बिना ही जल्दबाजी में पृथक-वास की व्यवस्था की गई। एंड्रयूज ने कहा, कार्यक्रम में हुई गड़बड़ी के लिए मैं विक्टोरिया के लोगों से माफी मांगता हूं। मेलबर्न के दो पृथक-वास केंद्रों में लचर नीतियों के कारण शहर में संक्रमण की दूसरी लहर शुरू हो गई जबकि देश का बाकी हिस्सा कोरोना वायरस से मुक्त हो गया था। ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 के कारण 908 लोगों की मौत हुई। इनमें से 820 लोगों की मौत विक्टोरिया राज्य में हुई। विक्टोरिया में पिछले 52 दिनों से सामुदायिक स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला नही आया है और जुलाई के बाद पहली बार इस महीने दूसरे देशों से यात्रियों को आने की अनुमति दी गई। सिडनी के उत्तरी भाग में संक्रमण की रफ्तार भी धीमी हो गई है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 24 नए मामले आए।

### पाक में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,792 नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के1,792 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 458,968 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय कहा कि संक्रामक रोग के चलते 62 और रोगियो की मौत हो गई है। मंत्रालय ने बयान में कहा, पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 458,968 पर पहुंच गई है। पाकिस्तान में नवंबर के अंत में शुरू हुए कोरोना वायरस के दूसरे दौर में छह दिसंबर को संक्रमण की दर 9.71 प्रतिशत की ऊंचाई पर पहुंच गई थी। इसके बाद यह कम होकर 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह गई थी।मंत्रालय ने कहा कि 62 और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या 9,392 हो गई है। अब तक कुल 409,085 लोग संक्रमण से उबर चुके है।इस बीच, डॉन की खबर के अनुसार लगभग 15 से 18 हजार पाकिस्तानी स्वयंसेवकों को चीन का कोविड-19 टीका लगाया जा चुका है। इस टीके का 19 देशों में परीक्षण चल रहा है। पाकिस्तान में सितंबर में चीन के टीके का 10,000 स्वयंसेवकों पर क्लीनिकल परीक्षण शुरू किया गया था। बाद में यह संख्या बढ़कर 18 हजार हो गई थी।

### सिंगापुर कोविड-19 टीके का क्षेत्रीय वितरक बनने के लिए प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से कर रहा है बातचीत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री चान चुन सिंग ने सोमवार को कहा कि उनका देश कोविड-19 के टीकों का क्षेत्रीय वितरक बनने और टीका उत्पादन के अंतिम चरण का हिस्सा बनने की संभावना तलाश रहा है और इस बाबत टीके के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से वार्ता कर रहा है। बहरहाल सिंग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि सिंगापुर किन दवा कंपनियों से बातचीत कर रहा है। इससे एक हफ्ते पहले सिंगापुर के अधिकारियों ने ऐलान किया था कि देश में फाइजर-बायोएनटेक के टीके के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है और उनकी पहली खेप इस महीने आ जाएगी। इसी पृष्ठभूमि में सिंग की टिप्पणी आई है। टूडे अखबार ने सिंग के हवाले से खबर दी है कि सिंगापुर की योजना प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने की है। यह उत्पादन को लेकर नहीं है जो यूरोप एवं अमेरिका में किया जा रहा है बल्कि सिंगापुर फिल एंड फिनिश (शिशियों को टीके से भरना और आपूर्ति के लिए उन्हें पैक करना) की संभावना तलाश रहा है ताकि वैश्विक वितरण में मदद की जा सके।

## नेपाली प्रधानमंत्री ने अपने खिलाफ सत्तारूढ़ दल के फैसले को किया खारिज

**भाषा।** काठमांडू

**सियासी संकट** से घिरे नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने सत्तारूढ़ पार्टी के उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्वाई करने संबंधी फैसले को सोमवार को खारिज कर दिया और कहा कि उनके खिलाफ साजिशें रची जा रही थीं जिसके कारण वह संसद भंग करने के लिए बाध्य हुए।ओली ने रविवार को राष्ट्रपति से संसद भंग कराकर अपने प्रतिद्वंद्वियों को आश्चर्य में डाल दिया। सत्तारूढ़ दल के अंदर ही उनके और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान के बाद यह विवादास्पद कदम उठाया गया।



सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की स्थाई समिति ने अपनी बैठक में ओली के इस कदम को असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और व्यक्तिगत सनक पर आधारित करार दिया और प्रधानमंत्री के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई करने की सिफारिश की।दि काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार इस कदम को खारिज करते हुए ओली ने कहा कि पार्टी के द्वितीय-अध्यक्ष द्वारा लिया गया यह निर्णय पार्टी संविधान के विरूद्ध है। भंग प्रतिनिधि सभा के सांसद कृष्णा राय के अनुसार ओली ने कहा, मैं क्योंकि पार्टी का प्रथम अध्यक्ष हूं, इसलिए द्वितीय अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई बैठक वैध नहीं होगी।

माई रिपब्लिका की खबर के मुताबिक बैठक में मौजूद सांसदों के मुताबिक ओली ने कहा कि वह संसद भंग करने का निर्णय लेने के लिए बाध्य हो गए थे क्योंकि उन्हें पार्टी के अंदर हाशिए पर पहुंचा दिया गया था और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शक्तियों के साथ साठगांठ करके उनके खिलाफ साजिशें रची गई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति विद्यादेवी भंडारी पर महाभियोग चलाने और संसद में उनके विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना का पता चला था जिसके बाद वह संसद भंग करने के लिए बाध्य हुए।ओली ने सांसदों से कहा, हमें लोगों से माफी मांगनी होगी और नए चुनाव की दिशा में बढ़ना होगा क्योंकि हमने जो वादा किया था, उन्हें हम पूरा नहीं कर पाए। ओली अपने कदम पर सफाई देने के लिए सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं।

## ब्रिटेन में पाए गए कोरोना वायरस के नए प्रकार के अधिक घातक होने के साक्ष्य नहीं

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के अमेरिकी डॉक्टर विवेक मूर्ति ने कहा है कि ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है जिससे यह सिद्ध हो सके कि कोरोना वायरस का ब्रिटेन में पाया गया नया और अधिक संक्रामक रूप ज्यादा घातक है। गौरतलब है कि नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने 43 वर्षीय मूर्ति को सर्जन जनरल पद के लिए चुना है। मूर्ति ने कहा कि यह मानने का कोई कारण उपलब्ध नहीं है कि विकसित किए जा चुके कोरोना वायरस के टीके वायरस के नए प्रकार पर प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटेन से जो खबर आ रही है उसके मुताबिक वायरस का एक नया स्ट्रेन (प्रकार) पाया गया है जो कि उस वायरस से अधिक संक्रामक है जो हमने पहले देखा है। मूर्ति ने रविवार को एनबीसी न्यूज से कहा, हालांकि ऐसा प्रतीत होता है कि यह अधिक संक्रामक है, लेकिन हमारे पास अभी तक ऐसे साक्ष्य मौजूद नहीं हैं जिनसे यह सिद्ध किया जा सके कि यह संक्रमण के शिकार व्यक्ति के लिए अधिक घातक है। इंग्लैंड के कुछ हिस्सों में कोरोना वायरस का एक नया प्रकार सामने आया है जो तेजी से फैल रहा है जिसके चलते कई देशों ने ब्रिटेन की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। माना जा रहा है कि वायरस का यह प्रकार या तो ब्रिटेन में किसी मरीज में उत्पन्न हुआ होगा या किसी ऐसे देश से आया हो सकता है जहां कोरोना वायरस के म्यूटेशन पर निगरानी रखने की क्षमता कम है। मूर्ति ने कहा, अगर आप घर पर हैं और यह खबर सुन रहे हैं तो एहतियात बरतने के हमारे वह उपाय नहीं बदलेंगे जिनसे वायरस के प्रसार को रोका जा सकता है। कोविड के प्रसार को रोकने के लिए मास्क लगाना, सामाजिक दूरी रखना, हाथ धोना अब भी कारगर हैं। मूर्ति अमेरिका के हडर्सफील्ड में प्रवासी भारतीय माता पिता के घर में 1978 में पैदा हुए थे। उनका परिवार भारत के कर्नाटक से अमेरिका के न्यूफाउंडलैंड में जाकर बस गया था जहां उनके पिता ने डिस्ट्रिक्ट मेडिकल आफिसर के रूप में कार्य किया।

### कोविड-19: दक्षिण कोरिया की राजधानी में पांच लोगों से अधिक के एकत्र होने पर प्रतिबंध

**सियोल (द कोरिया)।** दक्षिण कोरिया के राजधानी क्षेत्र में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दक्षिण कोरिया की आबादी पांच करोड़ 10 लाख है, जिसमें से लगभग आधी जनसंख्या सियोल क्षेत्र में रहती है और हाल में यहां संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। पिछले सप्ताह देश में संक्रमण के प्रतिदिन औसतन 960 मामले सामने आए, जिनमें से 70 प्रतिशत मामले सियोल महानगर क्षेत्र में सामने आए। सियोल के कार्यवाहक महापौर सियो जुंग हूप ने सोमवार को बताया कि प्रतिबंध सभी तरह की सभाओं पर लागू होगा, जिसमें नए साल की पार्टी, कार्यालयों में दिए जाने वाले भोज, जन्मदिन और पिकनिक शामिल है। उन्होने बताया कि वर्तमान नियम के अनुसार केवल वैवाहिक समाराहों और अंतएष्टि में अधिकतम 50 लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होने कहा कि सियोल और गेओंगी प्रांत में नए प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी होंगे और तीन जनवरी तक लागू रहेंगे।

## ट्रेंड बाजार

### अभिनेत्री सारा अली खान अपने कॅरियर से संतुष्ट

**वर्ष** 2008 में फिल्म केदारनाथ से अपने फिल्मी कॅरियर प्रारंभ करने वाली अभिनेत्री सारा अली खान ने अभिषेक कपूर, रोहित शेट्टी तथा इम्तियाज़ अली जैसे निर्देशकों के साथ काम किया है। अब इस साल का अंत वो डेविड धवन की फिल्म 'कुली नंबर 1'के साथ करेंगी। इसमें उनके साथ अभिनेता वरुण धवन भी दिखाई देंगे। ये फिल्म 1995 की सुपरहिट फिल्म 'कुली नंबर 1, का ही रीमेक है जिसमें गोविंदा और करिश्मा कपूर ने भूमिकाएं निभाई थीं। सारा ने बताया, 'मैं बहुत ही सौभाग्यशाली अनुभव कर रही हूं। मेरा मानना है कि कोई भी फिल्म एक निर्देशक को अपनी बात रखने का एक प्लेटफॉर्म होती है और आप स्वयं की निर्देशक तो होते ही हैं। मुझे कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली निर्देशकों के साथ काम करने का अवसर मिला है। मुझे पूरी आशा है कि मुझे उसी तरह के रचनात्मक लोगों के साथ काम करने का अवसर मिलता रहेगा जैसा कि मुझे अतीत में मिला है।'



### कृति कुल्हरी क्राइम शो में करेंगी भूमिका



**अभिनेत्री** कृति कुलहरी का कहना है कि मेरे आने वाले अपराध आधारित शो 'क्रिमिनल जस्टिस: बिहाइंड क्लोज़्ड डोर्स' में मैं पंकज त्रिपाठी के साथ काम कर रही हूं। वो बहुत सरल तथा प्रतिभाशाली अभिनेता हैं उन्होंने इसमें अपना काम गंभीरता से किया है और मैंने भी। कहना होगा कि सबकुछ बहुत ही लयबद्ध ढंग से पूरा हो गया। इसके अलावा भी इसमें पूरी टीम अत्यंत प्रतिभासंपन्न थी और उनके साथ काम करके बहुत आनंद आया।'

### भूमि पेडनेकर जलवायु में बदलाव को लेकर छेड़ेंगी जागरूकता अभियान

**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर जलवायु में बदलाव को लेकर सदा से ही कुछ न कुछ सकारात्मक करती रहती हैं। अब उन्होंने कार्बन फुटप्रिंट को लेकर जागरूकता का प्रसार करने का निर्णय किया है।



उन्होंने इस काम के लिए काउंट अस, नामक एक वैश्विक नागरिक पहल के साथ सहयोग करने का निर्णय किया है। वो इसके साथ निकट संपर्क में रहते हुए भारतीयों को कार्बन फुटप्रिंट के बारे में प्रेरित तथा शिक्षित करने का काम करने वाली हैं। उन्होंने बताया, 'पर्यावरण की रक्षा अब मेरा लक्ष्य बन गया है। मुझे भारत में जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता का प्रसार करने के अपने काम पर गर्व हैं। क्रिस्टियाना फिगरेस हमारे लिए प्रेरक मानव हैं और इस समस्या पर उनके साथ काम करने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं।

### ऑस्कर विजेता क्रिस्टोफर नहीं रखते हैं मोबाइल, कंप्यूटर

**ऑस्कर** पुरस्कार विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर वाल्केन को तकनीक का अधिक व्यवसन नहीं है और उनका कहना है कि उनके पास कोई सेलफोन तथा कंप्यूटर आदि नहीं हैं।



'द लेट शो' नामक शो पर एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने आयोजक को बताया, 'किसी न किसी को तो यहां आकर व्यवस्था दुरुस्त करनी ही थी क्योंकि मेरे पास तो सेलफोन तथा कंप्यूटर आदि नहीं है।' आयोजक ने पूछा था कि यदि वाल्केन के पास तकनीक से बचने का कोई नैतिक कारण है, इसके उत्तर में 77 साल के वाल्केन ने बताया, 'नहीं, मेरे लिए तो इस तकनीक के लिए बहुत देर हो चुकी है। मैं कभी इसमें जुटा ही नहीं क्योंकि आज तो ये स्थिति है कि दस साल का बच्चा भी इसमें मुझसे श्रेष्ठ होगा।'

# 'आपको निर्देशक के विज़न का पालन करना ही होता है'

**साहिल वैद इस समय लखनऊ में सत्यमेव जयते 2, शो की शूटिंग में व्यस्त हैं। पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने फिल्म कुली नंबर 1, जो अमेजॉन प्राइम वीडियो, पर रिलीज़ होने वाली है, में अपने रोल तथा ये भी बताया कि वो घबराने वाले अभिनेता नहीं हैं। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के अंश-**



**■ फिल्म कुली नंबर 1, में अपने रोल के बारे में कुछ बताइये...**

देखिये मैं इस बारे में आपको अधिक नहीं बता सकता लेकिन मैं इसमें दीपक नाम का लड़का बना हूं जो वरुण धवन का मित्र होता है। लेकिन इस बार में अलग प्रकार का मित्र बना हूं जो उसे उसकी प्रेमिका लड़की से मिलाने के लिए जो भी बन पड़ता है, करता है। इसके पुरस्कार स्वरूप इस फिल्म में मेरे चरित्र को भी एक लड़की मिल जाती है। वरुण के साथ किये गए दूसरी भूमिकाओं तथा इसमें बस इतना ही अंतर है। लेकिन ये एक ऐसा चरित्र था जो मेरे अब तक किये गए रोल्स से भिन्न था। फिल्म में कई झूठ भी बोले गए हैं। कभी मैं कारचालक बन जाता हूं तो कभी मैकेनिक और भी बहुत कुछ।

**■ आप जो भी भूमिकाएं करते हैं उनसे कोई न कोई सीख अवश्य लेते हैं। इस भूमिका से आपने क्या सीखा?**

मैं जो भी फिल्म और जो भी चरित्र करता हूं उससे कोई न होई सीख अवश्य लेता हूं। मैंने इस फिल्म के सेट से इस बार जो बात सीखी वो मेरे पिता वर्षों पहले मेरे पिता भी बता चुके थे। वो कहा करते थे कि झूठ के पैर नहीं होते, आप एक झूठ बोलेंगे तो दूसरा उसे सही साबित करने के लिए बोलेंगे और इसी प्रकार ये चक्र चलता रहता है। इसके अलावा एक बात मैंने और सीखी। वो ये कि भारत में केवल लड़के को ही सफल और समृद्ध होने का दबाव रहता है। उससे कई लोगों की अपेक्षाएं जुड़ जाती हैं लोग यही सोचते हैं कि यदि लड़का समृद्ध होगा तो लड़की का जीवन अच्छा कटेगा। मैं सभी लोगों को बता देना चाहता हूं कि आजकल की महिला सबकुछ करना जानती है। ये समय भिन्न है और यही कारण है कि अत: हमें ये बातें लड़का और लड़की के बीच तय होने देना चाहिये। यही बात जेफ्री रोज़ारियो बने परेश रावल जो सारा तथा शिक्षा तल्सानियां के पिता हैं, को बाद में समझ में आती है। वो समृद्ध लड़के चाहता है लेकिन कुछ घालमेल होता है और लड़कियों, जो वास्तव में अच्छी होती हैं, को निर्धन लड़के मिल जाते हैं। मैं ये बात आजीवन स्मरण रखूंगा।

**■ इतनी विविधतापूर्ण टीम के साथ शूटिंग करने का अनुभव कैसा रहा?**

हम बैंकॉक में शूटिंग कर रहे थे और एक फ्रेम में जावेद जाफरी तथा राजपाल यादव, परेश रावल तथा भरत जी थे। मैं वहां एक किनारे खड़ा सबको देख और सोच रहा था कि मुझे क्या करना चाहिये ताकि मैं भी ऐसे अद्भुत अभिनेताओं के साथ आगे भी काम कर सकूं। ये तो अपने आप में ही एक पुरस्कार जैसा था। वहां पर जॉनी लीवर भी थे। मैं तो उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। ये सब मुझे कुछ कुछ अवास्तविक जैसा लग रहा था। मेरे गुरू नसीरुद्दीन शाह कहा करते थे कि जॉनी लीवर इस समय इंडस्ट्री के सबसे अच्छे अभिनेता हैं। मैं उनकी बात सुनकर चकित था। मैं मन ही मन सोच रहा था कि 'साहिल वैद, तुम यहां किस योग्य हो। मैं अभिभूत था। इसके बाद की फिल्म डेविड धवन निर्देशन कर रहे थे। ये मेरे लिए बहुत ही सुंदर अनुभव था। सेट पर कुछ न कुछ होता ही रहता था। ये पुरानी फिल्म थी लेकिन आधुनिक भी थी क्योंकि फिल्म में वरुण तथा डेविड धवन का तालमेल अच्छा था और यही कारण था कि देखने वालों को आधुनिक तथा अतीत दोनों का अनुभव हो रहा था।

**■ क्या उस स्वप्निल अनुभव के कारण आप घबरा गए थे?**

यदि आप थियेटर में नसीरुद्दीन शाह के साथ काम कर सकते हैं तो आप फिल्म में अभिनय के समय घबरा नहीं सकते। नाटकों के लिए तो मैं नसीर के साथ अभिनय करते हुए आज भी घबरा जाता हूं। वो बहुत सच्चे व्यक्ति हैं। आपके मुंह पर ही वो बता देंगे कि आपने उस दिन कितनी बुरी ऐक्टिंग की थी। लेकिन डेविड धवन के साथ ऐसा नहीं था। मेरे लिए शूटिंग के दौरान उनका प्रिय वाक्य था, 'साहिल मज़ा नहीं आ रहा' और जब उनके जैसा कोई आपको ये कहे तो आपको फिर कुछ भी सुझाई नहीं देता। इसके बाद वो मुझे बताते थे कि सीन को किस प्रकार से करना है। मेरे लिए ये जानना आश्चर्य का विषय था कि डेविड तथा नसीर दोनों निकट के मित्र थे। वे दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। मुझे स्मरण है कि क बार डेविड सर ने मुझसे कहा था, 'क्या हो गया, हीरो वाली ऐक्टिंग कर न, नसीर ने सिखाया नहीं तुझे। इन भावनाओं का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता।

**■ आपने एक बार मुझसे कहा था कि ऐक्ट का अर्थ होता है काम करना, क्या अब आपके लिए ये परिभाषा बदल चुकी है?**

नहीं, ऐसा कभी नहीं होने वाला। ये तो मेरी मूल भावना है। यहां तक कि वर्तमान में लखनऊ में सत्यमेव 2 की शूटिंग के दौरान भी मैं इसी नियम का पालन कर रहा हूं। नसीर ने एक बार मुझसे कहा था कि तुम्हें हर प्रकार के रोल तथा जॉनर मिलेंगे और अभिनेता को कभी ये नहीं कहना होता है कि 'मुझे नहीं लगता कि मेरा चरित्र ये कार्य कर सकता है। यदि निर्देशक कुछ सोच-विचार कर कुछ कहता है तो आपको बस इसे करना होता है। इसमें कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता।

**■ भविष्य के आपके प्रोजेक्ट्स के बारे में कुछ बताइये?**

मैं मनोज बाजपेई, प्राची देसाई तथा वकार शेख के साथ फिल्म 'साइलेंस' कर रहा हूं। इसकी शूटिंग मैंने हाल ही में प्रारंभ की है। मैं इसमें एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहा हूं। इसके बाद है फिल्म स्वागतम, खुशामदीद जिसकी शूटिंग इसी माह के अंत में प्रारंभ हो रही है। इसमें मेरे साथ पुल्कित सम्राट तथा इसाबेला कैफ भी भूमिकाएं निभा रहे हैं। ■

## मां होने की पहचान छिपाकर फिल्म जगत में कदम नहीं रखना चाहती थी : स्वास्तिका मुखर्जी

**मुंबई।** बंगाली अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी का कहना है कि वह अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद स्वतंत्र और निर्भीक बन पाई हैं।



मुखर्जी को साहेब बीवी और गुलाम , शाह जहां रिजेंसी , भूत और भविष्य , पाताल लोक तथा दिल बेचारा में उनके काम के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने अपने करियर को दिशा देने के लिए बिना समझौता किए प्रवृत्ति के बजाय सूझबूझ से काम लिया। मुखर्जी ने कहा, निर्भीक बनना बहुत थकाऊ काम है। कुछ ऐसे साल भी थे जब मैंने बहुत कम काम किया क्योंकि मैं दूसरी तरह के काम नहीं करना चाहती थी। अगर मैं अपनी पसंद से हटकर काम करना चाहती, तो मुझे रोजाना काम मिलता। उन्होंने कहा, मैंने बहुत सारी महिला केन्द्रित फिल्में करनी शुरू कीं, जिनमें मैंने तथाकथित हीरो के साथ काम नहीं किया और मैं अब भी यही चाहती हूं। एक वक्त ऐसा भी आया जब हीरो ने भी मेरे साथ काम करना पसंद नहीं किया। साल 2001 में हेमंतर पाखी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली मुखर्जी ने कहा कि उन्हें यह बात छिपाने के लिए कहा गया था कि वह मां हैं ताकि दर्शक उनके प्रति आकर्षित हों। उन्होंने कहा, मैं पहले ही मां बन चुकी थी। फिल्म जगत में कई ऐसे लोग विशेषकर पुरुष हैं, जिन्होंने मुझसे कहा कि लोगों को यह न बताएं कि आप एक बच्चे की मां है क्योंकि अगर लोगों को पता चल जाए कि आप एक मां हैं तो महिलाओं के लिए हीरोइन बनना मुश्किल हो जाता है। मुखर्जी ने कहा कि वह इस बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट थीं कि वह अपनी पहचान का इतना महत्वपूर्ण पहलू छिपाकर फिल्म जगत में कदम नहीं रखेंगी।

## सनी लियोनी ने विक्रम भट्ट के साथ शूटिंग शुरू की



**मुंबई।** अभिनेत्री सनी लियोनी ने सोमवार को बताया कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट ‘अनामिकौ को लेकर शूटिंग शुरू कर दी है। विक्रम भट्ट इसका निर्देशन कर रहे हैं। अभिनेत्री और फिल्मकार पहली बार साथ काम कर रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ‘अनामिकौ फिल्म है या वेब सीरीज। लियोनी (39) ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है जिसमे वह ‘अनामिकौ के सेट पर क्लेपबोर्ड पकड़े हुईं हैं। उन्होंने कहा, सतनाम... एक नए काम की शुरुआत हो रही है और मेरा लॉकडाउन खत्म हो रहा है।


विक्रम भट्ट के साथ एक नए सफर की शुरुआत है। कोरोना वायरस को लेकर देश में लागू किए गए लॉकडाउन के बाद यह लियोनी का पहला प्रोजेक्ट है, जिसकी शूटिंग शुरू हुई। कोरोना वायरस से बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर वह मई में परिवार को साथ लास एंजलिस चली गई थीं।

## सलमान खान, आयुष शर्मा अभिनीत फिल्म अंतिम 2021 में होगी रिलीज




**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म अंतिम-द फाइनल ट्रूथ में अपने और अभिनेता एवं अपने बहनोई आयुष शर्मा के किरदारों की पहली झलक पेश की। इस एक्शन-ड्रामा फिल्म में सलमान खान ने कथित तौर पर एक सिख पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई है। 54 वर्षीय अभिनेता ने ट्विटर पर फिल्म की एक क्लिप साझा की जिसमें दोनों नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फिल्म 2021 में रिलीज होगी। शर्मा ने वीडियो अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा करके लिखा, कड़ी मेहनत में आपका खून और पसीना लगता है लेकिन इसके बदले आपको काफी कुछ मिलता है। अंतिम के सफर की शुभ शुरुआत। आभार। इस महीने की शुरुआत में सलमान खान की इस फिल्म में भूमिका की एक झलक सामने आई थी जिसमें वह एक पगड़ी बांध नजर आए थे।

## करणवीर बोहरा और टीजे सिद्धू के घर आई नन्ही परी



**मुंबई।** अभिनेता करणवीर बोहरा और उनकी पत्नी टीजे सिद्धू के घर सोमवार को एक नन्ही परी ने जन्म लिया। बोहरा और सिद्धू पहले से ही जुड़वां बेटियों राया बेला और वियना (4) के माता-पिता हैं। बोहरा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिनमें उन्होंने नवजात बच्ची को गोद में लिया हुआ है और साथ में उनकी जुड़वा बेटियां भी नजर आ रही हैं। रिएलटी शो बिग बॉस में हिस्सा ले चुके बोहरा ने वीडियो साझा करते हुए लिखा कि वह बता नहीं सकते कि उन्हें कितनी खुशी हो रही है और अब वह तीन बच्चियों के पिता हैं। अपनी बेटियों को तीन देवी बताते हुए बोहरा ने कहा कि जिंदगी इससे बेहतर नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, भगवान इन परियों के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं इनकी अच्छे से देखभाल करूंगा,क्योंकि ए मेरी तीन देवियां हैं। मेरी लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती

## अमिताभ ने तेजी बच्चन को पुण्यतिथि पर किया याद, दुनिया की सबसे खूबसूरत मां बताया

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने सोमवार को अपनी मां तथा सामाजिक कार्यकर्ता तेजी बच्चन को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद परिवार के साथ है। पाकिस्तान के पंजाब के फैसलाबाद में 1914 में जन्मीं तेजी बच्चन का 2003 में निधन हो गया था। अमिताभ बच्चन ने एक ब्लॉग में लिखा, दुनिया की सबसे खूबसूरत मां हमें छोड़कर चली गईं। सभी माएं खूबसूरत होती हैं, इसीलिए वे मां हैं। मैं जल्दी काम करूंगा और जो तय कार्यक्रम है उसे पूरा करुंगा। वह होती तो यही चाहतीं कि जाओ और काम करो, मुझे दुख के साथ याद न करो। दुनिया में खुशी से रहो। वह कहती थीं कि हम नहीं रहेंगे, लेकिन हमारा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ रहेगा। हम सब भी यही मानते हैं। 78 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि मां ने हम सभी को हर स्थिति में हंसी और खुशी प्रदान की। उन्होंने लिखा वे क्षण जब वह गुजरीं हमेशा जेहन में बने रहेंगे और उन्हें कभी नहीं मिटाया जा सकेगा....। सबसे हताश परिस्थितियों में भी वह आपके पास बैठतीं, आपके माथे को सहलाती, उनकी हथेलियों की कोमलता अचानक सारा तनाव, चिंता और भय दूर कर देती। अभिनेता ने कहा कि अपने बेशुमार प्यार आर आशीर्वाद के जरिए मां हमेशा उनमें बसती हैं। उन्होंने लिखा, उनकी स्मृति, उनकी उपस्थिति, उनका आशीर्वाद .. हमारे साथ आज भी है और कल भी रहेगा।

## माता-पिता के साथ बचपन में थिएटर जाकर ही कॉमेडी सीखी : शिखा तलसानिया

**नई दिल्ली।** अदाकारा शिखा तलसानिया का कहना है कि उन्हें बचपन में माता-पिता के साथ थिएटर जाकर कॉमेडी के गुर सीखने में मदद मिली। शिखा, अभिनेता टिक्कू तलसानिया और अभिनेत्री दीप्ति तलसानिया की बेटी हैं। शिखा ने पीटीआई-भाषा को जूम एप पर दिए एक साक्षात्कार में कहा, मेरे माता-पिता थिएटर कलाकार थे, इसलिए मैंने बचपन में बहुत थिएटर देखा है। हर रात मंच पर जादू बिखरने की उस कला को देख, मैं बहुत प्रभावित हुई। इससे मैंने दर्शकों के साथ नैसर्गिक, स्वभाविक रूप से जुड़ना सीखा। उन्होंने कहा, हर रात दर्शक अलग होते थे। यह एक खास अनुभव था। मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता सहित सभी कलाकारों को देखकर ही मैंने कॉमेडी सीखी। शिखा जल्द ही वरुण धवन और सारा अली खान अभिनीत फिल्म कुली नंबर। में नजर आएंगी। यह 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म कुली नंबर। की कहानी पर ही आधारित है। शिखा फिल्म में सारा अली खान की बहन के किरदार में नजर आएंगी।



अपर मुख्य सचिव ने किया सीतापुर का एक दिनी दौरा

# अफसरों की लगाई क्लॉस, परखी विकास कार्यों की हकीकत

### ● पर्यवेक्षण में बरती लापरवाही तो बीडीओ वीडीओ पर गिरी गाज

संवाददाता। सीतापुर

**अपर मुख्य** सचिव, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव के सीतापुर मुआयने में महोली बीडीओ और वीडीओ पर गाज गिरी। मनरेगा के मस्टररोल की जांच की तो सत्यापन में लापरवाही सामने आई। इस पर उन्होंने बीडीओ और वीडीओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मनरेगा कार्यों में तेजी लाने की नसीहत भी दी। इससे पूर्व अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को बैठक में विकास अफसरों के संग विकास कार्यों के मसले पर गुफ्तगू की। घंटों चली बैठक में उन्होंने बिंदुवार समीक्षा कर विकास कार्यों की हकीकत जानी। अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह दोपहर को सीतापुर पहुंचे। सबसे पहले कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने अफसरों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न मनरेगा कार्यों एवं जिला पंचायत द्वारा निर्मित हॉट मिक्स सड़क आदि ध्कार्यों की अपर मुख्य सचिव ने बिंदुवार समीक्षा कर प्रगति जानी। करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक में अपर मुख्य सचिव ने अफसरों की जमकर क्लास भी लगाई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला


सीतापुर-निरीक्षण करते प्रमुख सचिव मनोज सिंह

विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक एके सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 'पायनियर' से बातचीत की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में उत्तर प्रदेश को सात लाख आवास मिले हैं। सीतापुर जिले को केवल 42 हजार आवास मिले हैं। ये सबसे ज्यादा आवास हैं। कलेक्ट्रेट में बैठक करने के बाद अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने विकास खंड महोली की ग्राम पंचायत रमहतपुर ग्रंट को रवाना हुए। उन्होंने ग्राम पंचायत रहमतपुर ग्रंट में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे चक मार्ग पटाई कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चक मार्ग को पूरी गुणवत्ता के साथ बनाया जाए। उन्होंने मस्टररोल आदि अभिलेखों को भी देखा तथा श्रमिकों से वार्ता भी की। पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई और उन्होंने बीडीओ एवं एपीओ के विरूद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने जिला पंचायत द्वारा महोली वजीरनगर मार्ग से पाताबोझ महोली मार्ग तक निर्माणाधीन रोड के कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा ग्राम बरमी में बाल्मीकि वाटिका का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि वाटिका का सौन्दर्यीकरण बढ़ाने को घास लगवाने को कहा तथा माली की तैनाती कर वाटिका का रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा कन्वर्जन द्वारा यहां पर खेल का मैदान, नाली एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।

## डीएम ने जाना कोविड एल-2 का हाल

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज ने सोमवार की सुबह जिला चिकित्सालय स्थित कोविड एल-2 हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी एवं आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कोविड हॉस्पिटल में कार्यरत चिकित्सकीय टीमो से वार्ता करके उनके सुझावों तथा समस्याओं के विषय मे भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुये पूरे उत्साह एवं लगन के साथ कार्य किये जाने हेतु प्रेरित भी किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ पीके सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब की बरामदगी तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**मछरेहटा सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह के निर्देशन मे पूरे जिले मे अपराधियो और अवैध कच्ची शराब के धंधे मे संलिप्त लोगो के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे मछरेहटा कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब का धंधा करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके पास से 60 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध एक्साइज एक्ट 60 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पकड़े गए जगरूप पुत्र शिवभोलन निवासी बडैला लालचंद और शेरबहादुर पुत्र श्रीकेशन निवासी बडैला के निवासी हैं।

## सड़क के किनारे पड़ा मिला पुलिसकर्मी का शव

**सीतापुर।** सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर शहर कोतवाली इलाके में फायर स्टेशन के निकट 1 पुलिस कर्मी का शव संदिग्ध हालातों में सड़क किनारे पड़ा मिला। मृतक की शिनाख्त 49 वर्षीय पवन कुमार रावत निवासी रायबरेली के रूप में हुई है। मृतक पुलिस लाइंस सीतापुर में तैनात था। उसके शराबी होने व बीते सितंबर माह से लाइंस से गैरहाजिर होने की बात कही जा रही है। शहर कोतवाल टीपी सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सीतापुर में एक आतंक का अंत

# संदना में रखे गए पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

### ● खेवटा रामपुर में पकड़ा गया तेंदुआ किशनपुर जंगल में भेजा गया

संवाददाता। संदना सीतापुर

**आखिरकार संदना** थाना इलाके में आंतक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैदए तेंदुए के इस पूरे आपरेशन की गतिविधियां आई इंडिया के कैमरे में हुई कैद सीतापुर में वर्ष 2020 में कोरोना का कोहराम और जंगली जानवरों का आंतक गूंजता रहा। सीतापुर के कई हिस्सों से तेंदुआए बाघ और जंगली जानवर लोगों को आतंकित करते रहे। वन विभाग इन्हें पकड़ने का प्रयास करता रहा है और यह चकमा देते रहेए लेकिन एक आंतक के अंत को वन विभाग अपने पिंजरे में कैद करने में सफल हो गया। आतंक का पर्याय बना यह तेंदुआ थाना संदना इलाके में पिछले करीब आठ माह से पशुओं को ही नहींए एक किसान को भी निवाला बना चुका थाए सोमवार को आखिरकार वह वन विभाग के खेवटा रामपुर में लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। पिंजरे में कैद हुए तेंदुए की पल पल की गतिविधियों को गोंदलामऊ संवाददाता


संदना-पिंजरे में फंसा तेंदुआ


संदना-पिंजरे में फंसे तेंदुए को देखते ग्रामीण

अखिलेश मिश्र ने अपने कैमरे में कैद में किया। पिंजरे से दहाड़ मार रहे इस खूंखार तेंदुए ने जगदीशपुर के मुर्तजा की 17 अक्तूबर को जान ले ली थी। कई मवेशियों को भी निवाला बना डाला था। हरिहरपुर के दो किसान सोनू सिंह व उसके सहयोगी पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर दिया था, इसके बाद इस तेंदुए का आंतक सिर चढ़ने कर बोलने लगा। संदना थाना इलाके में ही घरौली में भैंस पर हमला कर दिया। और खेवटा रामपुर में नीलगाय के बच्चे को निवाला बना डाला। पहले तो वन विभाग यह मनाने को ही तैयार नहीं था, कि इलाके में तेंदुआ है। कभी वह लकडबग्गा, तो कभी सियार बता देता था, लेकिन मिश्रिख कोतवाली इलाके में तेंदुआ लगाए गए पिंजरे में फंसने के बाद वन विभाग को चकमा देकर फरार हो चुका था। किसान को निवाला बनाने के बाद वन विभाग ने तेंदुआ को पकडने के लिए कई टीमें लगाई, डबलूडब्लूएफकी टीम भी लगाई गई। अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाए जाते रहे और तेंदुआ चकमा देता रहा। खेवटा रामपुर में वन विभाग ने पिंजरा लगाया, लेकिन चोर बकरी ही चुरा ले गए, फिर बकरी पिंजरे में बांधी गई, सोमवार की सुबह आखिरकार तेंदुआ फंस गया। पतारवर के बीच रखे गए पिंजरे में फंसे तेंदुए की एक झलक पाने को ग्रामीण उमड पडे। जिन्हें रोकने के लिए पुलिस और वन विभाग को कडी मशक्कत करनी पडी। सूचना पाकर एसडीओ एके मिश्रा, नगर के रेंजर महमूद आलम, फारेस्टर एसएन शुक्ला, वन रक्षक नीरज, अनिल यादव, मुन्ना लाल, दिलीप कुमार, चौकी इंचार्ज आलोक धीमान, थानाध्यक्ष आरबी सुमन भी मौके पर पहुंच कर तेंदुआ को भिजवाने की व्यवस्था करते रहे। ग्रामीणों ने आई इंडिया को बताया कि तेंदुआ उनके इलाके में इस कदर आंतक था, कि लोग खेतों में काम करने नहीं जाते थे, बच्चे घरों से नहीं निकलते थे।

> **डीएफओ** परवेज रूस्तम ने बताया कि पकडा गया तेंदुआ नर है। जिसकी उम्र सात साल के आसपास है। इसे कानपुर के जूं एक्सर्ट आरके सिंह की देखरेख में किशनपुर जंगल भेजा गया है।
> परवेज रूस्तम, डीएफओ।

## क्विक न्यूज

### साइबर ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** सीतापुर जिला कारागार सीतापुर में तैनात जेल वार्डन मोहित अवस्थी संग साइबर ठगी मामले में साइबर सेल टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने ठगी की राशि से 1 लाख से अधिक राशि की बरामदगी कर ली है। साइबर सेल प्रभारी विजयवीर सिंह सिरोही ने बताया कि कि बीती 15 दिसम्बर को जेल वार्डन ने साइबर ठगी की शिकायत एसपी आरपी सिंह ने से की थी, जिसके बाद एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले ठगों की गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी। इस टीम साइबर सेल प्रभारी के साथ का. रोहित तोमर व भूपेंद्र राणा शामिल रहे।

### राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले स्वास्तिक मिश्र को दी बधाई

**सीतापुर।** सुमित्रा मान्टेसरी स्कूल के कक्षा 8 के विद्यार्थी स्वास्तिक मिश्र ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के साथ ही जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने ब्रेनोब्रेन संस्था की ओर से राश्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में चैम्पियनशिप जीती है। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेष, राजस्थान, हरियाणा के साथ ही विभिन्न राज्यों के 135 केन्द्रों ने हिस्सा लिया है। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी दीपक झींगरन ने स्वास्तिक को बधाई दी है।

शहर कोतवाली इलाके के मोहल्ला घूरामऊबंग्ला का मामला

# मृतकों के चाचा के बयान से साफ हो गई तस्वीर

### ● पुलिसिया कयासों को भी मिला बल
### ● बोले शहर कोतवाल पीएम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा खुलासा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** रविवार को संदिग्ध हालातों में बेहोश मिले परिवार में हुई दो मासूमों की मौत मामले में जैसे-जैसे वक्त बीत रहा है तस्वीर साफहोने लगी है 'पायनियर' से बात करते हुए मृतकों के चाचा ललित कुमार ने बेहोश हुई नीतू के हवाले से यह दावा किया है कि हादसे के पीछे बंद कमरे में कोयला जलाया जाना ही प्रमुख कारण बताया जा रहा है। बच्चों के चाचा ललित कुमार ने बताया कि उसकी भाभी नीतू व भतीजे नितिन की हालत में अब सुधार है। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज कर डॉक्टरों ने दोनों को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया है। मामले में जब जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर जे एन सिंह से बात की गई तो उन्होंने भी कोयला जलने से ऑक्सीजन की कमी की आशंका से इनकार नहीं किया है। ललित कुमार के बयान से मामले में पुलिसिया कयासों को भी बल मिला है पुलिस हादसे के बाद से ही हादसे के पीछे बंद कमरे में कोयला जलाए जाने को कारण मान कर तफ्तीश कर रही थी लेकिन असल सच्चाई क्या है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता लग जाएगा। खबर लिखे जाने तक मृतकों का पोस्टमार्टम चल रहा था शहर कोतवाल टीपी सिंह ने बताया कि इस वक्त व पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद हैं कुछ देर में मिलने वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही असल सच्चाई सामने आ पाएगी। आपको बता दें शहर कोतवाली इलाके के मोहल्ला घूरामऊ बंगला के निवासी मनोज कश्यप की 35 वर्षीय पत्नी नीतू बेटे 14 वर्षीय नितिन 6 वर्षीय शुभ व पांच वर्षीय लवली संदिग्ध हालातों में बेहोश मिले थे। नीतू व नितिन को ट्रामा रिफर कर दिया गया था।

सीतापुर बार एसोसिएशन का चुनाव

# बार एसो. अध्यक्ष व महासचिव पद पर मुकाबला रोचक

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर बार** एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत दस पदों का चुनाव इन दिनों शबाब पर है। लेकिन अबकी दफा सीतापुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महाध्सचिव के चुनाव में मुकाबला रोचक होने के आसार है। इस सीट पर मौजूदा उम्मीदवार, पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपाध्यक्ष के बीच सीधी टक्कर है, हालांकि पहली दफा चुनावी अखाड़े में उतरे तीसरे उम्मीदवार मुकाबले को त्रिकोण बनाने में जुटे हैं। महासचिव पद पर भी मुकाबला त्रिकोणीय बना है। इनके अलावा विभिन्न पदों के उम्मीदवार न सिर्फ अधिवक्ताओं से संपर्क कर उन्हें रिझाने में जुटे हैंए बल्कि उनसे अपने पक्ष में एक वोट भी मांग रहे हैं। बार एसोसिएशन सीतापुर के अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी एक बार फिर मैदान में हैं। जबकि पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय नाथ अवस्थी और अक्षय सहाय पहली दफा चुनावी समर में है। अब अध्यक्षी का चुनाव लड़ रहे सभी शख्शियतों पर नजर डाले तोएपाते हैं कि हरीश त्रिपाठी इससे पहले तीन बार अध्यक्षी सीट पर काबिज हो चुके हैं। इस सीट पर अपना कब्जा जमाने के लिए एक बार फिर त्रिपाठी चुनावी अखाड़े में कूदे हैं। इस लिहाज से त्रिपाठी इस चुनाव में काफी मजबूत माने जा रहे हैंए हालांकि अध्यक्षी सीट के लिए चुनावी समर में उतरे विजय नाथ अवस्थी पूर्व अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी को कांटे की टक्कर दे रहे हैए क्योंकि अवस्थी भी इससे पूर्व बार एसोसिकएशन में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। यही नहीं पिछले चुनाव में अवस्थी कम मतों से इस सीट पर काबिज होने से रह गए थे। ऐसे में उनकी भी वकीलों में अच्छी पकड़ है। अधिवक्ता अक्षय सहाय पहली दफा अध्यक्षी का चुनाव लड़ रहे हैं। अक्षय वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र सहाय के पुत्र हैं। इसलिए वो भी अधिवक्ताओं में पैठ बनाए हुए हैं। महासचिव पद पर भी चार उम्मीदवार अखाड़े में है, इनमें बुद्धि प्रकाश मिश्रा, नीरज मिश्रा, रत्नेश द्विवेदी एवं संजय सिंह शामिल हैं। महासचिव पद के लिए भी मुकाबला त्रिकोण बना है। इनके अलावा अन्य पदों के उम्मीदवार एड़ी.जोड़ी का जोर लगाए हुए हैं। बार एसोसिएशन के चुनाव में 23 दिसंबर को मतदान होगा। इस दिन सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक वोट डाले जाएंगे। अगले दिन 24 दिसंबर को वोटों की गिनती कर नतीजे घोषित किए जाएंगे।

दस माह बाद जेल से रिहा हुईं पूर्व काबीना मंत्री आजम खां की पत्नी

# योगी सरकार ने द्वेष भावना से की कार्रवाईः तंजीन फातिमा

### ● व्हील चेयर पर जेल से बाहर आईं विधायक

संवाददाता। सीतापुर

**दस महीने** बाद मुझे जेल से रिहाई मिली है। इसका सारा श्रेय न्यायपालिका जाता है। न्यायपालिका पर मुझे पूरा भरोसा है और एक दिन मेरे पति को भी न्याय पालिका से इंसाफ जरूर मिलेगा। यह कहना है सोमवार को देर शाम जेल से रिहा हुई पूर्व काबीना मंत्री आजम खां की पत्नी व विधायक तंजीम फातिमा का है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने योगी सरकार पर द्वेश भावना में कार्यवाही करने का आरोप जड़ते हुए कहा कि '60 वर्ष की आयु तक मैं एक शिक्षिका थी। शिक्षक पद से


तंजीन फातिमा

सेवानिवृत्त होते ही मुझे इतना बड़ा क्रिमनल घोषित कर 55 मुकदमें दर्ज कर दिए गए। दरअसल सोमवार देर शाम पूर्व काबीना मंत्री आजम खां की पत्नी व विधायक तंजीन फातिमा को जेल से रिहा कर दिया गया। तंजीन की रिहाई से पहले ही बेटे-बहू सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, आशू मलिक, जयसिंह यादव समेत कई सपा समर्थको का जमावड़ा जेल के बाहर लग गया था। रिहाई के बाद सभी ने उनका स्वागत किया। व्हीलचेयर पर जेल से रिहा होते ही उन्होंने बताया कि कारावास के दौरान गिरने से उनकी कमर व पीठ पर चोटे आयी थी। लेकिन जेल प्रशासन द्वारा उन्हें कोई सुविधा नहीं मिली। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जेल से निकलने के पहले न तो उनकी सपा मुखिया अखिलेश यादव से कोई बात हुई है और न ही पति आजम खां से। इसके बाद से विधायक तंजीन फातिमा परिजनों व समर्थको संग पूर्व सपा विधायक अनूप गुप्ता के जेल रोड स्थित आवास चली गयी। आपको बता दें कि विधायिका तंजीन फातिमा पति व पूर्व काबीना मंत्री आजम खां और बेटे अब्दुल्ला संग बीती 27 फरवरी से सीतापुर जिला कारागार में निरूद्ध थी। करीब 10 माह बाद उनकी रिहाई हुई है। जबकि पति आजम खां व बेटा अब्बदुल्ला अभी जेल में निरूद्ध है।

उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पिसावां में त्रैवार्षिक अधिवेशन

# पिसावां अध्यक्ष बने पंकज अवस्थी

संवाददाता। पिसावां सीतापुर

**उत्तर प्रदेशीय** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पिसावां में त्रैवार्षिक अधिवेशन हुआ। जिसमे पंकज अवस्थी अध्यक्ष पद के लिये नामांकन भरा व मंत्री पद के लिए चन्द्रभाल वर्मा ने नामांकन भरा। कोई अन्य प्रत्याशी न होने के कारण पर्यवेक्षक सुरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव व प्रेम कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए पंकज अवस्थी एवं मंत्री पद के लिए चन्द्रभाल वर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया। पंकज अवस्थी के अध्यक्ष बनने से ब्लॉक के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र जिला मंत्री श्री रणविजय यादव, अध्यक्ष एलिया कुलदीप बाजपेई भी अधिवेशन में उपस्थित रहे। संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता मनीष पांडे मंडलीय अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित ने पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर शुभम अवस्थी, अतुल सिंह, इंद्र शेखर सिंह, सन्तोष सिंह, शशिबाला सुमन, हरिशचन्द्र शुक्ल, कौशल किशोर, आनन्द राव गौतम, रवि कांत शुक्ला सहित सैकड़ों गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### ये निर्विरोध हुए

- **संरक्षक**- सतीश कुमार त्रिवेदी
- **अध्यक्ष**- पंकज अवस्थी
- **उपाध्यक्ष**- सचिव मिश्रा, सोनी यादव, अम्बुज कुमार
- **मंत्री**- चन्द्रभाल वर्मा
- **कोषाध्यक्ष**- नवल किशोर शुक्ला
- **संयुक्त मंत्री**- शालू गुप्ता, रवि कुमार शुक्ला, अवधेश यादव
- **लेखाकार**- राजीव मिश्रा
- ऑडिटर- नूरुद्दीन

# एक दर्जन युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

### ● नगर अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता, किया स्वागत

संवाददाता। सीतापुर

**शहर काँग्रेस** कमेटी सीतापुर में शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव के नेतृत्व में एक दर्जन नौजवान साथियों अजय कुमार गौतम, उत्कर्ष शेखावत, कपिल कश्यप, अभिषेक कश्यप, विकास कुमार, विमल कुमार, अनूप कुमार, विनोद कुमार, दुर्गेश, मेराज, अकील, सोमनाथ यादव आदि ने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने सभी नवनियुक्त साथियों का शहर काँग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताते हुये सभी सदस्यों को अंगवस्त्र, माला पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर सम्मानित किया। सुरेश गुप्ता, पीसीसी सदस्य जमुना प्रसाद शर्मा, प्रभारी अनुज सिंह चौहान, प्रवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान,उपाध्यक्ष शावेज मुख्तार,महासचिव उपदेश गुप्ता, सचिव पीयूष मिश्रा, नोमान अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेन्द्र निगम, सतीश राठौर आदि साथी उपस्थित रहे।



सीतापुर-कांग्रेस की सदस्यता लेने के बाद मौजूद नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव व कार्यकर्ता

### कांग्रेस ने बनाएं ब्लाक अध्यक्ष

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सीतापुर जनपद में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। ब्लॉक एलिया में नेपाल सिंह अर्कवंशी, खैराबाद रामलखन रावत, महोली सुधीर पांडे, मिश्रिख दिलेर सिंह, पिसावां संजय सिंह, बेहटा आशीष शुक्ला, हरगांव रामसेवक भार्गव, लहरपुर विनोद दीक्षित, परसेंडी सर्वेश भार्गव, सकरन सुभाष चंद्र निषाद, बिसवां अब्दुल करीम अंसारी, महमूदाबाद मुईद अहमद, पहला प्रवेश वर्मा, रामपुर मथुरा जकी अहमद, रेउसा उदय मोतीलाल, गोंदलामऊ मोतीलाल अर्कवंशी, कसमंडा कमलेश कुमार रावत, मछरेहटा सरताज अली और सिधौली में विनय यादव को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, पूर्व विधायक हरीश बाजपेई, पूर्व विधायक राम गोपाल मिश्रा, जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, पीसीसी सदस्य सुरेश गुप्त, जमुना प्रसाद शर्मा, डॉ विजयनाथ अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित आदि ने बधाई दी है।

## किसान दमन के विरोध में कांग्रेसियों ने भाजपा विधायक को सौंपा ज्ञापन


सीतापुर-विधायक नगर राकेश राठौर को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी

**सीतापुर।** केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए किसान कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों पर मोदी सरकार द्वारा की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस जिलाअध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी की अगुवाई में एक ज्ञापन सदर विधायक राकेश राठौर को सौंपा गया। ज्ञापन में उत्कर्ष अवस्थी ने कहां कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए तीन किसान कानूनों के विरुद्ध किसानों का अपार जनसमूह दिल्ली बॉर्डर पर संघर्षरत है परंतु केंद्र सरकार किसी भी दशा में किसानों के साथ समन्वय नहीं बनाना चाहती है। इतना ही नहीं बल्कि सरकार द्वारा किसान आंदोलन का दमन किया जा रहा है। सभी कांग्रेसजनों ने सदर विधायक से कहा की प्रतिनिधि होने के नाते कांग्रेसजनों की बात सदन में अवश्य पहुंचाई जाए। इस अवसर पर कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष आमोद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, जिला महासचिव चोक्ष विभु अवस्थी, रामपाल यादव, रामफल चौधरी, सूरज चौधरी आदि पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 22 दिसंबर 2020



# कांग्रेसियों ने घेराव कर विधायक को सौंपा ज्ञापन

● कृषि सहित तीनों बिल वापस लेने की मांग

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**कांग्रेस पार्टी** हाईकमान के दिशा निर्देशन में सांसद एवं विधायक गणों के आवासों पर घेराव करते हुए पूरे जनपद में आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम संपन्न हुए। किसान विरोधी काले कानूनों के संबंध में ज्ञापन सौंपे गये। इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में गोला विधान सभा 139 के विधायक अरविंद गिरि के आवास पर दर्जनों कांग्रेसियों ने पहुंच कर उन्हें किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। उनसे उनसे तीनों काले कानूनों बिल पर कहा गया कि हम किसान अपने धरना प्रदर्शन पर अडिग हैं। आप हमारे विधायक हैं। आपसे इस अपेक्षा के साथ यह ज्ञापन सौंपा जा रहा है कि हमारी मांगों को विधानसभा में सदन के अंदर उठाएं। प्रमुख रूप से केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए तीन काले कानून बिलों को वापस लिया जाए।

दूसरी मांग धान क्रय केंद्रों को सुचारू रूप से सरकारी रेट पर बिक्री कराया जाए। तीसरी मांग गन्ना भुगतान का बकाया पैसा किसानों का अविलंब दिया जाए। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा, जिला सचिव केके मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी रामकुमार वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला, दीपक कुमार, सगीर अहमद, पंकज कुमार पटेल, रघुनंदन राजपासी सदस्य जिला पंचायत खीरी, अजय कुमार गुड्डू, रमेश चंद पटेल, पृथ्वी पाल, राकेश कुमार, फकीर मोहम्मद, इसरार अली व राम भरोसे गौतम आदिकांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया रथ को रवाना



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम शैलेंद्र** कुमार सिंह ने उप निदेशक कृषि डा. योगेश प्रताप सिंह के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे जनपद के गांव, गली व मोहल्लों में जाकर केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। डीएम ने कहा कि यह योजना आपदा के समय में किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। जागरूकता रथ के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में योजना के प्रति जागरूक किया जाए। ग्राम स्तर पर भी इसका प्रचार-प्रसार करवाया जाए ताकि आपदा के वक्त किसानों के लिए यह योजना संजीवनी साबित हो सके।

## किशोरावस्था जीवन का अहम पड़ाव है: डॉ. आरपी दीक्षित



**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर किशोरियों को स्वस्थ बनाने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने हेतु जनपद स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न विकास खंडों की एएनएम/एलएचवी को तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला पुरुष चिकित्सालय मीटिंग हाल लखीमपुर में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करके 19 दिसम्बर को सम्पन्न किया गया। इस संबंध में जनपद के नोडल अधिकारी डा. आरपी दीक्षित द्वारा बताया गया कि किशोरावस्था जीवन का एक ऐसा दौर होता है। जिससे विशेष जरूरतों के साथ जीवन के अहम दौर के रूप में कुछ समय पूर्व ही पहचान मिली होती है। यह दौर तेज शारीरिक विकास, मनोवैज्ञानिक एवं व्यवहारात्मक विकास की विशेषताओं वाला होता है। बचपन से व्यस्क होने की तरफ बढ़ने के दौरान होने वाले बदलाव के संकेत भी इस दौर में देखे जाते हैं। किशोरावस्था को उनके जीवन का ऐसा दौर बताया गया है जिसमें व्यक्ति बच्चा नहीं रह जाता पर पूरा व्यस्त भी नहीं हुआ होता। यह दौर ऐसा होता है जिसमें व्यक्ति विभिन्न शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक बदलावों से गुजरता है। इसके अलावा किशोर सामाजिक अपेक्षाओं और धारणाओं में बदलाव महसूस करते हैं। शारीरिक वृद्धि विकास के साथ किशोरों में यौन परिपक्वता और विशेष विचार भी आते हैं जिससे बहुत नजदीक संबंध भी बनते हैं। किशोरों की सही गलत का आलोचनात्मक सोच का विकास होता है एवं वे स्वयं के बारे में सामाजिक अपेक्षाओं व भावनात्मक परिपक्वता के संदर्भ में अधिक जागरूक होने लगते हैं।

## समारोह में जू.हा. शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते शिक्षकगण

**संडीला ( हरदोई )।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का समारोहपूर्वक स्वागत किया गया। बीआरसी सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत कुमार का ब्लाक के सभी शिक्षकों ने फूल मालाओं से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री त्यागी ने कहा कि वे सभी शिक्षकों के मान सम्मान की रक्षा और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव समर्पित रहे हैं। इसी कारण उन्हें निर्वरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसी अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी मनोज कुमार सिंह, चौधरी हैदर रजा, ब्लाक मंत्री अमृत लाल, निशात सादिया, सर्वेन्द्र कुमार, विजय प्रताप चौरसिया, अमर सिंह, राकेश कुमार, एहसन तकवीम, कल्पना भदौरिया, सुमित दीक्षित, ललित किशोर, कमलेश कुमार, नीलू निगम आदि ब्लाक स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राम प्रसाद बिस्मिल की शहादत पर काव्य गोष्ठी

● रचनाओं के जरिए वक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**ब्राह्मण वेलफेयर** फाउंडेशन की नगर इकाई द्वारा अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के बलिदान स्मृति दिवस पर कवि गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डा. राकेश मिश्रा व अध्यक्षता श्रीकान्त त्रिपाठी निश्चल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डा राकेश मिश्रा द्वारा अमर शहीद विचारक लेखक कवि के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तदुपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने भी माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि पं. राज किशोर मिश्र ने शहीद-ए-आजम राम प्रसाद बिस्मिल के प्रति उद्गार इन पंक्तियों में व्यक्त किए

'काटते रहते जो दुखों की बलवती जंजीर, राष्ट्र मंदिर में वही हम पूजते तस्वीर'

मिश्रीलाल शुक्ला जी ने बताया कि पंडित बिस्मिल का जीवन गोस्वामी तुलसीदास जी की चौपाई को चरितार्थ करता है

'गगन चढ़ाई रज पवन प्रसंगा, कीचहिं मिलइ नीच जन संगा'

प्रतिकूल परिस्थितियां ही मनुष्य को पतन की ओर ले जाती हैं अनुकूल उसी व्यक्ति को महामानव बना देती हैं। वह बालक वह जो पिता के संदूक से पैसे निकालकर व्यर्थ के कार्यों पर लगता हो आगे चलकर वो सही प्रेरणा पाकर अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाने वाला महान क्रांतिकारी बना जिससे आज पूरा विश्व बिस्मिल के नाम से जानता है। इसके पं राजबहादुर पांडे, राम औतार शुक्ला, ओपी शुक्ला, पं. नरेश तिवारी सहित कई अन्य ने अपने अपने अंदाज में अमर शहीद के जीवन पर आधारित काव्य पाठ किया।

फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक देव रंजन मिश्र ने शहीदी की पंक्तियों को दोहराया। शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशा होगा। मुख्य अतिथि डा. राकेश मिश्रा ने बिस्मिल जी के जीवन के साहित्यिक, कवि, रचनाकार और गर्म दल के महान क्रांतिकारी योद्धा के रूप पर विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम का श्रीकांत त्रिपाठी निश्चल ने बिस्मिल के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके क्रांतिकारी जीवन की झलकियां पंक्तियों में व्यक्त की।

## दो को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**जिले के** अलग-अलग थाना पुलिस द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। थाना चंदन चौकी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक मामले में नामजद चले रहे अभियुक्त हरजिंदर उर्फ रजिंदर पुत्र जसवंत सिंह निवासी रघुनगर मजरा बेलापरसुआ थाना चंदन चौकी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। हरजिंदर दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा था। वहीं मितौली पुलिस द्वारा 1.5 किलो अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मितौली पुलिस द्वारा कृष्ण कुमार पुत्र जंग बहादुर मिश्रा निवासी परसेहरा थाना मितौली खीरी को 1.5 किलो अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। इसके संबंध में थाना मितौली पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## परिवार नियोजन की जागरूकता के लिए खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन



**शाहजहांपुर।** सरकार की घोषणा के अनुसार हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस के अंतर्गत जनपद में सोमवार 21 दिसंबर को खुशहाल परिवार दिवस आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस.पी गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल के प्रांगण में फीता काटकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित दंपति को परिवार कल्याण के लाभ और सही साधनों के चयन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए परिवार कल्याण की सेवाओं को वृहद रूप देना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी को संज्ञान में लेते हुए शासन द्वारा परिवार कल्याण की सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए समुदाय स्तर पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिवार कल्याण की महत्वता और मांग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खुशहाल परिवार दिवस जैसी अनूठी पहल की शुरुआत की गई। इसी के तहत जनपद के लक्षित समूह को परिवार कल्याण के साधन अपनाने के लिए नजदीकी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक निश्चित दिवस पर योग्य दम्पतियों को बुलाकर परिवार कल्याण के विषय पर प्रेरित करने एवं सही साधन अपनाने के लिए साधन चयन करने में उनकी मदद करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसको सफल बनाने के लिए जनपद के 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 47 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 52 हेल्थ वेलनेस केंद्र सहित जिला अस्पताल में दूसरे खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार आर्य ने कहा कि खुशहाल परिवार दिवस पर जनपद के सभी लक्षित समूह को प्रेरित करने के साथ तीन समूहों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहला समूह - हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाएं हैं। इस समूह में ऐसी महिलाओं को लिया गया है जिनका जोखिम पूर्ण प्रसव एक जनवरी, 2020 के बाद हुआ है।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा पूर्व पीएम का जन्मदिन

संवाददाता। शाहजहांपुर




**जिलाधिकारी इन्द्र** विक्रम सिंह ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा है कि सरकार कृषकों की आय बढ़ाने व उनके सतत् कल्याण के लिये संकल्पित है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार ने प्रदेश के समस्त विकास खण्डों में 25 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10:30 बजे से कृषि मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन कराए जाने का निर्णय लिया है। निर्धारित कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खण्ड स्तर तथा मण्डी परिसरों पर संयोजन कृषि विभाग द्वारा किया जायेगा। इसमें सहकारिता, पशुपालन, उद्यान, दुग्ध विकास, गन्ना आदि विभागो से सम्बन्धित अधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड में 500 किसानों को प्रतिभाग कराया जायेगा। उक्त में उद्यान एवं पशुपालन तथा गन्ना आदि से 50-50 कृषक भी प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी का कार्यक्रम पूर्वान्ह 10:30 से 11:45 तक सम्पन्न होगा, जिसमें क्रियान्वित की जा रही योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। श्री सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री दोपहर 12:00 बजे से कृषको को ऑनलाईन सम्बोधित भी किया जायेगा। इस आयोजन हेतु कृषको के बैठने की व्यवस्था विकास खण्ड/अन्य चयनित स्थल पर (कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार) की जायेगी तथा प्रधानमंत्री के उद्बोधन के सजीव प्रसारण को देखने हेतु गोष्ठी में एक एल.ई.डीध्प्रोजेक्टर की व्यवस्था की जायेगी। कृषक से संवाद के उपरान्त कृषि उत्पादन तकनीकी एवं कृषको के हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं की चर्चा भी सम्बन्धित विभागो द्वारा की जायेगी। इस कार्यक्रम हेतु समुचित बैठने व लंच की व्यवस्था भी तदनुसार करायी जायेगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इन आयोजनो में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक व जन प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। डीएम ने कहा है कि विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) कार्यक्रम के संयोजक होंगे। प्रत्येक विकास खण्ड हेतु एक-एक जनपद स्तरीय अधिकारी को पर्यवेक्षीय दायित्व दिया जायेगा। प्रस्तावित कार्यक्रम में कोविड से बचाव हेतु निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन होगा, जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग से बैठने, मास्क पहनने की अनिवार्यता, सैनिटाइजेशनध्हाथ धोने की व्यवस्था सम्मिलित है। बैठक में पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द, जिला विकास अधिकारी सतीष प्रसाद मिश्रा, पी.डी डी.आर.डी.ए. डीपी सिंह, जिला कृषि अधिकारी सतीष पाठक आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चांदपुर पुलिस ने सीओ की भी नहीं सुनी, अब कप्तान से लगाई गुहार

संवाददाता। फतेहपुर

**दबंगों के** कहर से आजिज होकर अनुसूचित जाति की पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है। सीओ का आदेश भी चांदपुर थाने में प्रभाव हीन हुआ। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर की निवासिनी अनुसूचित जाति की पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि विगत 15 दिसम्बर को गांव के निवासी बब्बू आदि ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अश्लील हरकतें करते हुए मार-पीट की तथा जबरन गन्ने के खेत की तरफ खींच कर ले जाने का प्रयास किया। आसपास के किसानों ने शोर सुन उक्त पीड़िता की जान बचाई। घटना की सूचना थाने में दी कोई कार्रवाई नहीं की गई तब क्षेत्राधिकारी जाफरगंज से न्याय की गुहार लगाई। सीओ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया और स्वयं थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया गया था किन्तु दबंगों के साथ थाना पुलिस की सांठगांठ के कारण सीओ का आदेश भी रद्दी की टोकरी में चला गया। घटना के सात बीत गए किन्तु पुलिस ने अपने उच्चाधिकारी के आदेश का पालन करना भी उचित नहीं समझा। दोषी दबंगों पर कार्रवाई दूर थाना पुलिस ने मौके पर जांच करने की भी जहमत नहीं उठाई। पुलिस की निष्क्रियता से दोषी जनों के हौसले बुलंद हैं। वह पीड़िता के परिवार को जान मारने की धमकी दे रहे हैं। थाना पुलिस पीड़िता को न्याय दिलाने की बजाय आरोपियों का बचाव करने में लगी है। पीड़िता पुलिस की निष्क्रियता से न्याय की आश लिए दर-बदर बदर भटकने को विवश है, जब थाना पुलिस का संरक्षण दोषियों को मिला हो क्या न्याय मिल पायेगा यह यक्ष प्रश्न मुंह बाये खड़ा है।

## फाउण्डेशन ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर बांटीं

संवाददाता। फतेहपुर



**संस्था जन** कल्याण महासमिति एवं जीव दया फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजन ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर शिव प्रताप सिंह इंटर कॉलेज शाह में संतोष सिंह बाबुन पूर्व ब्लाक प्रमुख बहुआ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अध्यक्ष के द्वारा दिव्यांगजनों को साधन मुहैया कराने के लिए साथ ही राशन वितरण हेतु संस्था को बधाई दी गई और आगे चलकर के हर कार्यक्रम में सहयोग की बात कही गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतपाल अंतिल पुलिस अधीक्षक रहे। संस्था सचिव बीपी पांडेय द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। साथ ही 18 ट्राई साइकिल एवं 02 व्हीलचेयर का वितरण किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की गई। साथ ही जनपद के हर नागरिक के लिए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सहयोग की बात कही गई। फाउंडेशन की क्षेत्रीय कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्सना कुशवाहा के द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उनको आजीविका से जोड़ने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि यह वितरण लगातार जारी रहेगा संस्था द्वारा सर्वे कराकर के ऑनलाइन डाक्यूमेंट्स प्रेषित करने होंगे। महिला थाना प्रभारी नमिता सिंह चौहान द्वारा विद्यालय के बच्चों को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बालिका सुरक्षा हेतु छात्राओं को टोल फ्री नंबर 1090 एंटी रोमियो नंबर की जानकारी दी गई। पूनम तिवारी महिला कल्याण अधिकारी एवं मोहिनी साहू वन स्टॉप सेंटर प्रभारी के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को साथ ही दिव्यांगजनों के साथ आए हुए परिवार के लोगों को शासन द्वारा मुहैया कराई जाने वाली योजनाओं को विस्तार से समझाइए और जरूरत पड़ने पर सहयोग की बात कही गई। इस अवसर पर संस्था के सत्यदेव गोविंद कुमार, प्रिया देवी, आशीष कुमार,राजू मिश्रा सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में एक की मौत, दूसरा घायल

**बिन्दकी-फतेहपुर।** दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरी घटना में ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मचा रहा। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। नगर के मोहल्ला कुंवरपुर रोड मां शारदा महाविद्यालय के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे राम शंकर शुक्ला 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी शुक्ला निवासी मोहल्ला मीरखपुर कस्बा बिंदकी की मौके पर कुचलकर मौत हो गई हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक राम शंकर शुक्ला के जीवित रहने की आशंका पर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली का पोल टूट गया और लाइन क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पास में खड़ी टेंपो भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्ता समिति चुनाव: दो दर्जन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**संडीला(हरदोई)।** अधिवक्ता समिति के विभिन्न पदों के लिए दो दर्जन प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारी मो0 नसीम खां ने बताया कि अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष पद पर मुसाहिब अली, दिनेश चन्द्र दीक्षित, महेन्द्र सिंह तोमर, मो0 सूफियान तथा नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रावेन्द्र कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष(10 वर्ष से ऊपर के पद पर) मुईद अहमद तथा अतीक अहमद अंसारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष(5-10 वर्ष) के पद पर रजीउद्दीन तथा जीतेन्द्र कुमार सिंह, मंत्री पद पर अनिल कुमार द्विवेदी, देवी शरण सिंह तथा सत्य कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र कुमार सिंह, शकील अहमद तथा मो0 आलम खां, लाईब्रेरियन के पद पर संजय कुमार वर्मा, प्रशासनिक मंत्री के पद हेतु वागीश कुमार द्विवेदी तथा शैलेन्द्र दीक्षित एवं प्रचार मंत्री के पद पर वागीश कुमार द्विवेदी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य (15 वर्ष से अधिक) हेतु अजहर अली, बलराम मौर्य तथा सदस्य कार्यकारिणी (10 वर्ष से 15 वर्ष ) के पद पर उदय प्रताप चौरसिया एवं नागेन्द्र कुंवर मिश्रा ने अपने नामांकन दाखिल किए। जबकि संयुक्त मंत्री के पद पर किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

### ट्रेन यात्रा कर रहे शिक्षक की जान गई

**बरेली।** साथी शिक्षक के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे एक शिक्षक की यात्रा के दौरान ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बलिया जिले के रसना थाना क्षेत्र में राठ चर्च के पास रहने वाले गाजियाबाद के ब्लाक भोजपुर के गांव जहांगीरपुर स्थित प्राइमरी पाठशाला के अध्यापक शकील पुत्र मोहम्मद जहीर की आज दोपहर मुरादाबाद से बरेली आने वाली सरयू यमुना एक्सप्रेस मे मौत हो गई। रेलवे पुलिस के अनुसार शकील अपने साथी अध्यापक कमाल पुत्र अब्दुल हमीद जो गाजियाबाद के ब्लॉक जहांगीर के गांव त्यारी स्थित प्राइमरी पाठशाला अध्यापक है के साथ बलिया जाने के लिए मुरादाबाद से बरेली की तरफआने वाली ट्रेन में बैठा था। लेकिन रास्ते में ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। साथी टीचर में घटना की सूचना मुरादाबाद कंट्रोल रूम को दी। जिसने बरेली कंट्रोल रूम को सूचना दे दी। ट्रेन जैसे ही बरेली जंक्शन पर पहुंची रेलवे पुलिस के जवानों ने शकील को ट्रेन से नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटना की सूचना उसके घरवालों को देकर लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रही मैजिक गाड़ी ने टक्कर मार दी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बदायूं के मूसाझाग थाने के गांव मनकापुर निवासी 27 वर्षीय अनिल पुत्र ओमप्रकाश कि आज दोपहर आंवला और सेंधा गांव के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अनिल मोटरसाइकिल से सेंधा गांव गया था। वह आंवला स्थित इसको खाद फैक्ट्री में मजदूरी करता था। सेंधा से वापस लौटते समय एक मैजिक गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली गाड़ी फरार हो गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक 3 महीने की एक बेटी का पिता था। उसकी पत्नी का नाम भारती देवी है।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रही कार ने सड़क पर जा रहे साइकिल सवार को टक्कर मार दी। की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने कार और उसके चालक को पकड़ कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजाभुता थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर जय जय राम निवासी 50 वर्षीय हीरालाल पुत्र टीकाराम कि कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मृतक हीरालाल का साडू कटैया गांव में रहता है। कल शाम को हीरालाल साइकिल से अपने साडू से मिलने के लिए उसके घर जाने को अपने घर से चला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आ रही एक कार ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे हीरालाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दुर्घटना की सूचना मृतक के घर वालों को दी। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पत्नी के कई साल पहले मौत हो चुकी है।

### नदी में डूबकर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** खेत में खाद लगाने के बाद घर लौट रहे एक ग्रामीण की गांव के पास ही नदी में डूब कर बहुत हो गई। कुछ देर बाद उसकी लाश पानी में तैरती मिली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव कुंडला निवासी रामअवतार पुत्र बहोरन लाल की कल शाम गांव के पास से बहने वाली बहगुल नदी में डूबने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रामअवतार कल शाम को अपने खेत में खाद लगाने के लिए गया था। कुछ देर बाद वहां से वापस लौटते समय जब वह नदी के किनारे किनारे चल रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से वह नदी में गिर पड़ा। लेकिन किसी को पता नहीं चला। लगभग डेढ़ घंटे बाद लोगों ने उसकी लाश को पानी में तैरते देखा और घरवालों को सूचना देकर लाश को पानी से बाहर निकाल दिया।

### चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने का फरमान जारी



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त एसके सिंह ने अजीजगंज स्थित रैन बसेरा, हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा टाउनहाल स्थित रैन बसेरा तथा अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने तथा उसकी चेकिंग का फरमान जारी किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सतोष शर्मा ने रैन बसेरो एवं नगर में नियमित रूप से अलाव लगाये जाने के आदेश दिए। इसके अलावा निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा के लिए बनाए गए रैन बसेरा में शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई, सेनेटाइजेंशन, फागिंग तथा कीट नाषक दवा छिड़काव का कार्य के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा, ठण्ड के समय रैन बसेरा में रूके लोगो से फेस मास्क,समय-समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करे तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक किया जाए इस दौरान सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता नगर स्वास्थ्य अधिकारी ओ0पी0 गौतम उपस्थित रहे।

### कालेज खुले मगर हॉस्टल बंद, छात्रों ने सौपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज व जीएफ कॉलेज छात्रावास के छात्र-छात्राओं ने कालेज खुलने के बाद भी छात्रावास न खोले जाने पर प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाज कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है जिले में छात्रावास न खोले जाने से लेकर जनपद से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है। छात्राओं ने बताया कि वह इस सम्बंध में कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ है। जबकि हॉस्टल कोरोना के चलते अप्रैल माह के बन्द किये गए थे जो अभी तक बन्द पड़े है। जबकि अब स्कूल कॉलेज खुल गए है जिसकी बजह से उन्हें दूर दराज से भयंकर पड़ रही ठंड से जूझते हुए आना पड़ता है। ज्ञापन देने बालों में राजकीय छात्रावास मिश्रीपुर, एसएस कॉलेज व जीएफकॉलेज छात्रावास के छात्रा छात्राएं मौजूद रही।

### चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक करेगी सपा: तनवीर

शाहजहांपुर । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 7 दिसंबर से शुरू हुई किसान यात्रा सोमवार को ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक मदनापुर में निकाली गई इस मौके पर आयोजित जनसभा में महान दल के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार सिंह यादव व सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां केअलावा बड़ी तादात में पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि 7 दिसंबर से लगातार चल रही किसान यात्रा से केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारे डर गई हैं इसी लिए समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा को पुलिस बल द्वारा नेताओं व पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर उनकी आवाज को लगातार दबाया जा रहा है उन्होंने कहा सपा 25 दिसंबर से गांव-गांव सपा के पदाधिकारी व नेतागण चौपाल लगाकर किसान विरोधी कानून के बारे में किसानो को जागरूक करने का काम करेगी।

# बीमार पत्नी की तांत्रिक से कराई झाड़-फूंक, मौत

संवाददाता। इटावा



**बसरेहर** थाना क्षेत्र के सरैया ताड़ में रविवार की रात 35 वर्षीय प्रीति पत्नी अजब सिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई और उनके मुंह से खून की उल्टियां होने लगी जिस पर रात को तो पति ने उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय सुबह होने पर उसे तांत्रिक के पास ले गया और जहां तांत्रिक ने महिला के शरीर में किसी और की आत्मा होने की बात कही जिस पर महिला को उपचार के बजाय उसे हो वहीं पर तंत्र मंत्र करवाता रहा और कुछ ही देर में महिला की मौके पर ही मौत हो गई गांव की आशा उमाकांती कुछ घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए मंगवाई लेकिन महिला की मौत होती है महिला के पति अजय सिंह ने बताया कि पहले भी मेरी पत्नी को ऐसे कई बार खून की उल्टियां आ चुकी थी जैसे मैंने तांत्रिक भगत के पास लाकर उसे ठीक करा लिया था हमें ऐसा लग रहा था कि मेरी पत्नी के अंदर कोई आत्मा वास किए हुए जो उसे परेशान कर रही है इसलिए में उसे अस्पताल ले जाने के बजाय तांत्रिक के पास ले आया था।

# टूटी गली के दलदल में फंसी गाय को ग्रामीणों ने बचा लिया

संवाददाता। इटावा



**बसरेहर** थाना के अंतर्गत चिक मोहल्ला को जाने वाली गली में पानी की टंकी की पाइप लाइन फिटिंग के लिए गली को बीच में दो फुट की चौड़ाई में पूरी गली को तोड़ दिया गया और जिसमे पाइप लीकेज होने के कारण पूरी गली में पानी भर गया और गली दलदल से भर गयी।लेकिन किसी भी सरकारी कर्मचारी ने उसकी सुध लेने की जरूरत नहीं समझी जिस कारण सोमवार की रात गाय जब उस गली से निकली तो दलदल से भरे गड्ढे में फंस गई जब सुबह लोग घर से बाहर निकले तो देखा की गली में गाय के चारों पैर दलदल में फंसे हुए हैं और वह निकलने का हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन निकल नहीं पा रही है।जिस पर कई ग्रामीणों ने रस्सी व बल्ली के प्रयोग से गाय को बाहर निकाला रात भर गाय दलदल से भरे गड्ढे में फंसे होने के कारण उसके पैर अकड़ चुके थे जिस कारण पशु चिकित्सकों को भी घटना की जानकारी दी गई

मौके पर पहुंचे चिकित्सकों ने गाय का उपचार किया।मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही गली का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया था जिसे टंकी के पानी को घर.घर पहुंचाने के लिए पुरानी पड़ी पाइप लाइन को निकालकर नई पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है जिस कारण पूरी गली को बीच में 2 फुट की चौड़ाई में तोड़ दिया गया है लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद गली में ऊपर से मिट्टी डाल दी गई है लेकिन सीमेंट ना होने के कारण उसमें पानी भरने लगा और जिस कारण पूरी गली दलदली हो गई।कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

## बलिया कांड को भूला प्रशासन

# कोटा चयन में बड़ी लापरवाही सचिव के साथ हुई हाथापाई

संवाददाता। अमृतपुर फर्रुखाबाद

**बीते** 15 अक्टूबर 2020 को बलिया जिले में के दुर्जनपुर गाँव में कोटा चयन के दौरान भाजपा नेता नें गोली मारकर एक की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद सख्त हुए सीएम योगी नें बलिया के एसडीएम सुरेश कुमार पाल, सीओ चंद्रकेश सिंह के साथ ही घटना के दौरान मौजूद रहे सभी आठ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद भी यहाँ जिले में कोटा चयन के लिए बिना पुलिस सुरक्षा के सचिवों को भेज दिया गया। सचिव के साथ ग्रामीणों नें हाथापाई कर दी। जिसके बाद पुलिस फोर्स मौके पर आ गया।

ताजा मामला थाना क्षेत्र के परतापुर कला का है। परतापुर कला नई ग्राम सभाबनी है। जिसका सोमवार को कोटा चयन होना था। जिसमे स्वयं सहायता समूह की सुरमित पत्नी सुभाष व सवीता पत्नी शरदवीर कोटा चयन के लिए दावेदारी की। कोटा चयन कराने के

### ● हाथापाई के बाद मौके पर पहुंचा पुलिस बल

लिए सचिव विवेक कुमार, अश्वनी यादव, प्रदीप कुमार और नगेन्द्र कुमार दो होमगार्ड के साथ पंहुचे।

जिसके बाद कोटा चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी। चयन प्रक्रिया के दौरान ग्रामीणों नें सचिव अश्वनी यादव के साथ हाथापाई कर दी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। मामले की सूचना मिलने पर बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्यय, थानाध्यक्ष जसबंत सिंह फोर्स के साथ पंहुचे। लेकिन तब तक मारपीट करने वाले खिसक गये। जिसके बाद सविता के नाम कोटा सर्वसम्मति से घोषित कर दिया गया।

बीडीओ श्रीप्रकाश उपाध्यय नें बताया कि कोटा चयन में विवाद होनें की सम्भावना कम थी। जिससे फोर्स नही बुलाया गया था। सचिव के साथ मारपीट नही हुई। हाथापाई का प्रयास किया गया।

## बैठक का आयोजन

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । तहसील सभागार कायमगंज में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, राष्ट्रीय फाइलेरिया अभियान और कोविड का टीकाकरण हेतु तहसील स्तरीय बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी द्वारा की गई। फाइलेरिया को लेकर गहन चर्चा की गई और सभी को खुराक खिलाना आवश्यक बताया गया। दवाई मौके पर ही टीम द्वारा खिलाई जाएगीए हर टीम में 02 सदस्य होंगे, जबकि कायमगंज में 231 टीम और 56 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं । ब्लॉक रिस्पॉन्स टीम बनाई गई जो किसी भी आपात के समय उपलब्ध रहेगी। 2ए82000 जनसख्या को दवाई खिलाए जाने का लक्ष्य रखा गयाहै।02 वर्ष से नीचेए गर्भवती महिलाओंए गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। यह अभियान राज्य में मात्र 08 जनपदों में चल रहा जिसमें फर्रुखाबाद भी शामिल है।ए एसडीएम ने शत प्रतिशत लक्ष्य को करने के लिए कहाएअभियान 21 दिसम्बर से 8 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर उपजिलाधिकारी और अन्य सभी ने स्वंय दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करके जनसामान्य को संदेश भी दिया।

# कड़कड़ाती ठंड में नगर पंचायत ने जलवा दिये अलाव



संवाददाता। रूरा

**नगर** पंचायत के निर्देश पर कस्बे के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलाए गए भीषण सर्दी से लोगों को अलाव से भारी रात मिली है। नगर पंचायत प्रशासन ने भीषण ठंड को देखते हुए कस्बे के मुख्य तिराहे स्टेट बैंक के सामने थाना मोड़ बाजार चौराहा केबिन तिराहा बाजार नहर पुल सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाए नगर पंचायत कर्मियों ने नगर पंचायत के वाहन से जगह.जगह उतारी इस भीषण सर्दी से लोगों को भारी राहत मिली ई ओ पवनकिशोर मौर्या ने बताया की शासन के निर्देश पर लोगों को सदियों से बचाने के लिए अलाव जलाने के साथ रैन बसेरा में रात व्यतीत करने गए सारे इंतजाम किए गए।

## कृषक तालाब के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा स्वीकृत खेत तालाब योजना में जनपद कानपुर देहात में 15 खेल तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें 12 सामान्य जाति के एवं 3 अनुसूचित जाति के कृषकों के खेतों पर एक.एक तालाब खुदाई का कार्य किया जाना है।उपरोक्त जानकारी देते हुए भूमि संरक्षण अधिकारी ई0सी0 पुखरायां द्वारा देते हुए बताया गया कि यह तालाब लाभार्थी कुषक की निजी भूमि पर उसकी सहमति से चयन कर 22ग20ग3 मी0 साइज का खेदा जायेगा जिसका पंजीकरण कृषक के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर चयन किया जायेगा। यह पंजीकरण भूमि संरक्षण अधिकारी ई0सी0 पुखरायां स्थान माती कानपुर देहात के कार्यालय दिनांक 22 दिसम्बर 2020 से प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा।

# एएसपी ने दो थानों में महिला हेल्प डेस्क का फीता काटकर किया शुभारंभ

संवाददाता। चकरनगर



**सरकार** की मंशा के अनुरूप सर्किल के दो थानों में अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा महिला हेल्प डेस्क का सोमवार को फीता काटकर शुभारंभ किया गया। उक्त कार्य के दौरान एकत्रित जनता को महिला हेल्प डेस्क के संबंध में जानकारी दी। वही गरीबए असहायए सफाई कर्मी एवं चौकीदारों में कंबल वितरित किए। चकरनगर सर्किल के थाना भरेह व बिठौली में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क का सोमवार दोपहर समय अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला हेल्प डेक्स में तैनात हमारे महिला आरक्षी से पीडित महिलाएं अपनी बात बेझिझक कर सकेंगी। जिससे महिलाओं के प्रति बढ रहे अपराधों पर अंकुश लगेगा। उक्त कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र की जनता से अपर ने महिलाओं को जागरूक करने की अपील की। इस दौरान अपर अधीक्षक ने सहसों थाना में करीब दो दर्जन गरीबए असहायए सफाई कर्मी एवं चौकीदारों में कंबल वितरित किए। उक्त कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी चकरनगर मस्सा सिंहए पुलिस क्षेत्राधिकारी भरथना एवं सैंफई के उपरांत मुकेश बाबू चौहान प्रभारी निरीक्षक सहसोंए बलिराज शाही प्रभारी निरीक्षक बिठौलीए अतुल कुमार लखेरा प्रभारी निरीक्षक भरेह सहित संबंधित थानों के उप निरीक्षक एवं पुलिस आरक्षी मौके पर मौजूद रहे।

## डीएम ने जताई गहरी नाराजगी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने माती कलेक्टेट के समीप बने वेयर हाऊस व ईवीएमए वीवीपैड वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि ईवीएम वीवीपैड वेयर हाउस को आने वाली सड़क खराब हो गयी है जिसे बनवाये जाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जो कार्य चल रहा है उसे शीघ्र ही कार्य खत्म कर गोदाम को निर्वाचन विभाग को सौंपे तथा जहां कही भी फर्स आदि सही नही उसे ठीक कराये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सही प्रकार से किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैड कक्ष का भी जायजा लिया। वही निर्वाचन कार्यालय को अपने नये भवन मे शीघ्र स्थापित करने के भी निर्देश दिये।

# ट्रक से भिड़ा बाइक सवार, दर्दनाक मौत



संवाददाता घाटमपुर

**रविवार** देर शांम कानपुर–सागर नेशनल हाइवे पर एक वाइक सवार ट्रक से जा भिड़ा जिससे उसकी मौत हो गयी। कानपुर नगर के गांव सरांय थाना महाराजपुर निवासी दिलीप पाल ( 34 ) पुत्र छेदीलाल पाल यमुना तटवर्ती गांव लहुरीमऊ स्थित पावर प्लाट में कर्मचारी था परिजनों ने बताया कि वो डियुटी के बाद वाइक से वापस घाटमपुर आ रहा था कि करीब 7 बजे जैसे ही वो गांव स्योदी ललईपुर के सामने पंहुचा कि तभी सडक किनारे खडे ट्रक से उसकी वाइक टकरा गयी जिसे दिलीप गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पंहुची पुलिस उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ हालत गम्भीर होने के चलते डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट कानपुर रिफर कर दिया। कस्बा चौकी प्रभारी ने बताया कि दिलीप की इलाज के लिये कानपुर जाते समय मृत्यु हो गयी। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

# जमीनी विवाद में चली गोली, एक युवक घायल



संवाददाता। जसवंतनगर

**ग्राम** कैस्त मे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों हुई तना.तनी के बाद चली गोली। जिसमें एक युवक हुआ गम्भीर रूप से घायल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सीएचसी इलाज को भेजाए लेकिन हालत नाजुक होने से चिकित्सों ने सैफई पीजीआई रैफर किया है।

सोमवार की सुबह 24 वर्षीय सचिन बाबू पुत्र प्रमोद कुमार व उसके चचेरे भाई राहुल पुत्र बिनोद कुमार के बीच वटवारे की जमीन मे सचिन द्वारा वरसीन लगा दी थी राहुल सुबह सचिन के घर पहुँचा और बोला तूने मेरी जमीन मे बरसीन की फसक की बुबाई क्यो की। इसपर दोनो मे कहसुनी हो गई। बताया गया है कि राहुल ने सचिन के उपर कटटे से फायर कर दिया गोली उसके कंधे बगल मे लगी गोली लगते ही बह जमीन पर गिर पडा इसी बीच आसपास के लोग दौडकर बहां पहुँचे तो देखा सचिन लहूलुहान जमीन पर पसरा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज को भेजा लेकिन उसे सैफई रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही है।

# पुलिस ने गांजे के साथ दो को किया गिरफ्तार



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**गस्त** के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र स्थित गस्त पर निकली पुलिस ने दो युवक रजत पुत्र स्व0 सुनील निवासी रकाबगंज खुर्द मऊदरवाजा व दूसरे ने अपना नाम दिवारी लाल पुत्र रामभरोसे लाल निवासी बढ़पुर निवासी को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। विवरण के अनुसार उपनिरीक्षक सुनील कुमार, प्रभारी चौकी बजरिया व उपनिरीक्षक सद्दाम खान पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए गस्त कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक दिखायी दिये। जिस पर उन्होने रोक कर पूछताछ करनी चाही। मौका देख दोनों युवक खिसकने लगे। तभी सुनील कुमार यादव ने घेराबंदी कर उन्हे पकड़ लिया। जिनके पास से पुलिस को 54 पुड़िया गांजा व उनकी निशानदेही पर 2 किलो 760 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने धारा 8–20 एनडीपीएस एक्ट व 538–20 धारा 8–20 एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया।

## बिचौलिए मिले तो होगी एफआईआरः डीएम

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के रूरा धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र पर उपस्थित किसानों से धान क्रय के सम्बन्ध में वार्ता की तथा धान क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि सबसे पहले धान क्रय केन्द्र पर जिस किसान द्वारा कम धान लाये गये है उसे पहले लिया जाये तथा किसी भी किसान को परेशान न किया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश दिये है कि बिचैलयों के माध्यम से कोई खरीद नहीं होनी चाहियेए यदि किसी केन्द्र पर बिचैलियें पाये जो तो सम्बन्धित के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराया जाये। यदि किसी केन्द्र पर यह पाया जाता है कि किसी बिचैलियें द्वारा द्वारा धान क्रय किया जा रहा है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। किसी भी क्रय केन्द्र पर यदि किसानों द्वारा कोई शिकायत की जाती है तो उसका त्वरित निस्तारण किया जायेए किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान कदापि न किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने.अपने क्षेत्रों में क्रय केन्द्रों पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निरन्तर निगरानी करते रहे।

जिलाधिकारी ने कृषक भाईयों से अनुरोध किया है कि धान विक्रय के लिये अपने नजदीकी केन्द्र पर सम्पर्क बनाये रखे। धान क्रय में विलम्ब हो सकता है किन्तु सभी ऐसे कृषक जो धान विक्रय करना चाहते है उनसे निश्चित रूप से धान खरीद किया जायेगा। किसी बिचैलियेए व्यापारी को अपना धान विक्रय न करेंए केन्द्रों पर धान विक्रय में सुविधा प्रदान कराये जाने के उद्देश्य से तहसील से धान खरीद हेतु टोकन का वितरण कराया जायेगाए इसके नोडल अधिकारी होगें। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद की कार्यवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था रहेए जिससे किसान अपना रजिस्ट्रेशन करा सकें। उन्हेने क्रय केन्द्र प्रभारी को क्रय केन्द्र पर नमी मापक यन्त्र सहित अन्य सभी प्रकार के यन्त्रो को निरन्तर क्रियाशील रखने का निर्देश दिया है।

## क्विक न्यूज

### कोरोना के 15 मरीज और मिले

**फर्रुखाबाद।** जिले में कोविड.19 के दो दिनों की रिपोर्ट के मुताबित 15 मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे जिले में कोरोना से होने वाले संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 4548 पर पहुंच गई है। जिसकी रोकथाम के लिए जनपद के आलाधिकारी सख्ते में बने हुए हैं जिससे कोविड महामारी की चपेट में आने से आम जनमानस को बचा सकें। जिला मुख्यालय से आई दो दिनों की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में आज कोविड.19 के 15 मरीज मरीज मिले हैं जिससे जिले में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 4548 पर पंहुच गई है। जिसमें 103 मरीज एक्टिव हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4365 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में घर भेज दिया गया हैए वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 80 पर पहुंच गई है। जिले के सभी आलाधिकारी सरकार के निर्देशानुसार कोविड.19 की रोकथाम के लिए जगह .जगह जागरुकता अभियान चला रहा है जिससे सर्दी के मौसम में कोरोना महामारी आमजनमानस में प्रवेश न कर सके।

### कार खड्ड में पलटने से जख्मी चालक की जान गई

**फर्रुखाबाद।** बीती रात ट्रक को ओबरटेक करने में घायल चालक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों नें पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।थाना राजेपुर क्षेत्र के कस्बा निवासी इंद्रेश उर्फ बबलू पुत्र ब्रजपाल ओमनी पर सबार होकर जा रहा था। तभी अचानक ट्रक को ओबरटेक करने के चक्कर में ओमनी बदायूं रोड नासा पुल चित्रकूट के निकट अचानक खड्ड में पलट गयी। जिससे चालक बबलू कार के अगले हिस्से में फंस गया। लगभग आधा घंटे बाद ग्रामीणों नें कड़ी मसक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। घायल को परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे। लेकिन हालत गंभीर होनें से उसे रिफर कर दिया गया। परिजनों नें उसे आवास विकास के के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहां से भी उसे कानपुर रिफर किया गया। कानपुर ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गयी। मृतक की पत्नी शैलेश और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों नें घायल की मौत की सूचना पुलिस को नही दी और अंतिम संस्कार कर दिया।

### ट्रैक्टर -पिकअप भिड़ंत में जख्मी कबाड़ी की मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बीती रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर और पिकअप की आमने-सामने की भिंडत से पिकअप सबार कबाड़ा व्यापारी जख्मी हो गया। उसे परिजनों नें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।जनपद शाहजहाँपुर के मिर्जापुर कुल्लूपुर निवासी 33 वर्षीय अंसार पुत्र सफ्फू कबाडे का कार्य करता था। वह अमृतपुर की तरफ से कबाड़ा पिकअप में भरकर वापस मिर्जापुर की तरफ जा रहा था। बीती रात थाना अमृतपुर क्षेत्र के परमापुर के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से पिकअप की भिडंत हो गयी। जिससे पिकअप के परखच्चे उड़ गये।जिसमे पिकअप चला रहे अंसार के साथ ही रिश्तेदार इसरार भी घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस नें गंभीर रूप से जख्मी अंसार को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेज दिया। लेकिन हालत गंभीर होनें पर उसे लोहिया अस्पताल से भी रिफर किया गया। परिजनों नें उसे आवास-विकास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान बीती रात लगभग 11रू30 बजे अंसार की मौत हो गयी। परिजन शव लेकर लोहिया अस्पताल आ गये। मृतक की पत्नी जगुन्नीशा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर अमृतपुर हल्का इंचार्ज ओमपाल सिंह नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष जसबंत सिंह नें बताया कि तहरीर आ गयी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

### पिकअप चालक को टोकने पर मारपीट में चार घायल

**कमालगंज फरुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव अहिमा निवासी हेतराम ने पड़ोसी गांव फतेहउल्लापुर निवासी जवाहर, अनूप, सोनू व नितिन के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा कि मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे वह दरवाजे पर बैठा था। उसी दौरान आरोपित तेजी से पिकअप लेकर निकले। उन्होंने धीमे चलने को कह दिया, इसी पर आरोपित ने मारपीट कर दी। जिससे उनकी पत्नी उषा देवी, पुत्री शिवानी, पुत्र सनूप व भाई गनेश घायल हो गए।

### मारपीट में पांच लोग घायल

**फरुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसरपुर में गाली गलौज के विरोध में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें तेजरामए उनकी पत्नी गीता और दूसरे पक्ष से रामगोपालए उनकी पत्नी मीरा व पुत्र पूजा घायल हो गईं। तेजराम ने रामगोपाल व मीना और मीना ने तेजराम व थाना जहानगंज के गांव झंसी निवासी चुन्नू के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई है।

### लाठी-डंडों से मारपीट कर किया घायल

**फरुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव संतोषपुर निवासी बाबू सिंह ने गांव के ही राजकुमार, जयसिंह, चंद्रशेखर व जयजीत के खिलाफ एनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा कि 13 दिसंबर को वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में आरोपितों ने बेवजह गाली गलौज किया और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 27 को होगा असलहों का सत्यापन

**कमालगंज फरुखाबाद।** थाना क्षेत्र के शस्त्र धारकों के शस्त्रों का सत्यापन 27 दिसंबर को पुलिस लाइन में किया जाएगा। थानाध्यक्ष अजय नारायन सिंह ने बताया कि शस्त्र धारक सुबह 10 बजे शस्त्रए कारतूस, लाइसेंस व नोटरी हलफनामे के साथ पहुंचकर अपने शस्त्र का सत्यापन कराए।

### सीडीओ ने की समीक्षा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी महोदया सुश्री सौम्या पांडे जी द्वारा जिला ग्राम विकास अभिकरण कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास की प्रगति की समीक्षा की गई थी जिसमें महोदया द्वारा द्वारा संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे कि आगामी समीक्षा से पूर्व शत प्रतिशत पूर्ति कर ली जाए साथ ही जो खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम सचिव प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास के संबंध में खराब प्रगति दिखा रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। जिसके पश्चात 'मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा आज दिनांक 21द्ध12द्ध2020 को प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की पुनरू समीक्षा की गई' जिसमे उनके द्वारा यह पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4935 लक्ष्य के सापेक्ष 2245 परिवारों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है जिसके सापेक्ष 944 परिवारों हेतु स्वीकृत भी जारी की चुकी है इसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत 113 परिवारों हेतु स्वीकृत जारी की चुकी है जसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दिनांक 23.12.2020 तक लक्ष्यों के सापेक्ष रजिस्ट्रेशन कर शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कर ली जाये अन्यथा सम्बंधित के विरुध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### तीन लोगों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

**कानपुर देहात।** जनपद के थाना शिवली की पुलिस द्वारा धारा 3;3द्ध उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत क्रमशः चालान किये गये अभियुक्तगण शिव कुमार पुत्र रामदयाल नि0 ग्राम रामपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहातएरिषभ कुमार गौतम पुत्र खुशीलाल नि0 ग्राम ककरदही थाना शिवली कानपुर देहात और राजू पुत्र कल्लू नि0 भुजपुरा थाना शिवली कानपुर देहात का चालान किया गया। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जनपद कानपुर देहात के द्वारा असामाजिक क्रिया.कलापों में लिप्त होने का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप 06 माह के लिये जनपद कानपुर देहात एवं उसकी सीमा से जिलाबदर किया गया है और निर्देशित किया गया है।

# पेट्रोल पंप बिना हेलमेट न दें ईंधनः जिलाधिकारी



बैठक में एआरटीओ को निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने एआरटीओ सुरेशचन्द्र यादव को निर्देश दिये कि सर्वोच्च न्यायालय के दिये निर्देशों के क्रम में भारत सरकार से गठित कमेटी आर्नरोड सेफ्टी का अनुपालन करायें। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम शेषमणि पाण्डेय ने कहा कि परिवहन विभाग व पुलिस दुर्घटनाओं को रोकने में समुचित कार्यवाही करें। ओवरलोडिंग व यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, बिना वैध बीमा निर्धारित मानक का हेलमेट प्रयोग न करने, चार पहिया वाहन चालकों के सीटबेल्ट न लगाने पर कठोर कार्यवाही की जाये।

जिलाधिकारी ने डीएसओ ध्रुवराज यादव को निर्देश दिये कि पेट्रोल पम्पों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों व बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहनों को ईंधन न दिया जाये। पेट्रोल पम्प सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कर जो वाहन चालक बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के ईंधन भरायें उसका विवरण एआरटीओ को दें, ताकि कार्यवाही हो सके। सीडीओ अमित आसेरी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि मिशन रोड पर खड़े अवैध वाहनों पर कार्यवाही करें। सरैंया कालीघाटी मन्दिर के पास मोड पर सांकेतिक बोर्ड लगायें। सड़क पर दुर्घटना होने पर उसकी मदद करें। जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बच्चों के बीच इसका प्रचार-प्रसार करायें। डीएम ने एआरटीओ से कहा कि कोहरे के मौसम को देखते हुए सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगायें। जिन वाहनों में रिफ्लेक्टर न हो उनके खिलाफ कडी कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगायें। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विधायक ने किया सरकारी नलकूप का किया उद्घाटन

**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर से करीब 9 किमी की दूरी पर स्थित उरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बसोब में सहकारी समिति पिरौना के अध्यक्ष अरविन्द निरंजन मुनिया के खेत पर शासन द्वारा हाल ही में लगवाये गये सरकारी नलकूप (संख्या 123)का उद्घाटन सोमवार को कोंच-माधौगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचन्द्र निरंजन व उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने संयुक्त रूप से उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया।इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों के बीच विधायक द्वय ने कहा कि हर एक खेत पर हर समय बगैर किसी बाधा के सिंचाई की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रदेश सरकार संकल्पित है और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए यह सरकारी नलकूप लगवाया गया है जिससे अब आसपास के किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा और उनकी फसलें लहलहाऐंगी। विधायक द्वय ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें सुनी और जल्द ही समस्याओं का निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया।

## आइसक्रीम वाला फिल्म ने मचाई धूम



फिल्म फेस्टिवल में बुन्देलखण्ड के कलाकार।

**चित्रकूट।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चित्रकूट के कालूपुर, गणेश बाग, सिद्धपुर, बनाड़ी और देवांगना में बनी 18 मिनट की शार्ट फिल्म आईसक्रीम वाला ने धमाल कर दिया। फिल्म को खूब वाहवाही हुई। कलाकारों की पीठ राजापुर बुन्देला ने खुद थपथपाई। सोमवार को फिल्म फेस्टिवल के बुन्देलखण्ड प्रभारी/ बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि खजुराहो फिल्म फेस्टिवल बुन्देली प्रतिभाओं को मंच देता है। फिल्म फेस्टिवल में आईसक्रीम वाला फिल्म जिले से गई थी। जिसे टपरा टाकीज में दिखाया गया। 18 मिनट की इस फिल्म में लीड रोल जिले के कलाकार चन्द्रहास पाण्डेय, आदित्य विक्रम सिंह और करन मौर्य ने निभाया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रमोद गौरव और प्रोड्यूसर नीरज कुमार पाल हैं। एमएक्स प्लेयर और हंगामा में भी यह फिल्म रिलीज हो चुकी है। शार्ट मूवी ने टपरा टॉकीज में मौजूद दर्शकों की खूब वाहवाही पाई। इस फिल्म के अलावा बुन्देलखण्ड में बनी एक सैकडा से अधिक फिल्मों का रोज प्रदर्शन हो रहा है। बुन्देलखण्ड की लोकविधाओं, लोक संगीत युवा गायक और कलाकारों को फिल्म फेस्टिवल मंच देता है।

## क्विक न्यूज

### सिपाही ने छीने दस हजार रुपये

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के संग्रामपुर गांव के कमलेश कुमार पुत्र रामभजन पटेल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि भरतकूप पुलिस चौकी के सिपाही ने ट्रैक्टर रोककर गालियां देते हुए उसे झूंठे मामले में फंसाने की धमकी देकर दस हजार रुपये छीन लिए हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सोमवार को कोतवाली कर्वी के संग्रामपुर गांव के कमलेश पटेल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि वह 18 दिसम्बर को सात बजे शाम ट्रैक्टर में मिट्टी लादकर खोही की ओर आ रहा था। भरतकूप मन्दिर के पहले एक सिपाही ने मोटरबाइक से आकर ट्रैक्टर रोककर गालियां देते हुए कहा कि बिना टैक्स दिये चोरी से मिट्टी ले जा रहे हो। गम्भीर अपराध में फंसाने की धमकी देते हुए उसकी गर्दन पर हमला कर दिया। सिपाही को सामने आने पर पहचान सकता है। आरोप लगाया कि सिपाही ने उससे दस हजार रुपये छीनकर चुपचाप चले जाने को कहा।अगले दिन भरतकूप थाना गया तो पुलिस ने उसे शाम तक बैठाये रखा। पुलिस अधीक्षक से मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### भजना आश्रम ने गरीबों को बांटे कम्बल

**चित्रकूट।** श्री भगवान भजना आश्रम के मैनेजर रामऔतार यादव ने भीषण ठंड को देखते हुए निर्धन असहाय व विकलांग तथा साधु-संतों और जरूरतमन्द महिला व पुरुषों के बीच गर्म शाल, कम्बल व बच्चों को टोपा बांटे। सोमवार को भजना आश्रम के मैनेजर रामऔतार यादव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमन्दों व व गौसेवा करना है। भजना आश्रम ट्रस्ट वृन्दावन के अध्यक्ष चांद बिहारी पटोदिया व कोषाध्यक्ष बिहारीलाल सर्राफके निर्देश पर चित्रकूट शाखा में दो सौ कीर्तन मंडली की वृद्ध महिलाओं, साधु-संतों व जरूरतमन्दों के बीच गर्म शाल, धोती व कम्बल बांटे। भरतकूप थाने के पीछे बसे बुद्धनगर में पचास मजदूरों, विकलांग, महिलाओं और बच्चों के बीच कम्बल, धोती आदि बांटे गये। ट्रस्ट के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के निर्देश पर जरूरतमन्दों की सेवा प्रमुखता से की जा रही है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के डायरेक्टर तुलसीराम, प्रिंस कुमार, दुर्गेश सिंह, सुमित, केशव, बाबूलाल यादव आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने केबल आपरेटर को मारपीट कर घायल किया

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीती रात अपने घर जा रहे केबल ऑपरेटर का दबंगों ने रास्ता रोक मारपीट घायल कर दिया और उसके जेब में पड़े रुपए भी छीन लिये। तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंप आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। मौदहा निवासी विनोद कुमार केबल ऑपरेटर है कल रात वह अपना काम कर अपने घर जा रहा था तभी धर्मशाला के समीप नगर के बच्चा साहू व उसके एक साथी ने विनोद का रास्ता रोक उसके साथ गाली गलौज कर उसे जमकर मारा पीटा और आरोपियों ने विनोद की जेब में पड़े रुपए भी निकाल लिये। विनोद के गंभीर चोटें आयी हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक जिला अस्पताल रिफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया है। हिमांशु निवासी घटगना अपने गांव से किसी काम से मौदहा आ रहा था तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप घायल हो गया जिससे राहगीरों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर हमीरपुर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही रियान खान निवासी फतेपुर से बड़े चौराहा से अपने घर जा रहा था तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क पर बाइक सहित गिर घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान हालत में सुधार बताया गया है।

### युवक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**हमीरपुर।** सोशल मीडिया में अवैध असलहा लहराने वाले युवक को पुलिस ने तमंचा व कारतूस समेत चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।पुलिस के मुताबिक कल सोशल मीडिया में कुरारा निवासी रंजीत पुत्र चुनूवाद तमंचा लहराते हुये बीडियो वायरल किया था पुलिस अधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुये गिरफ्तार करने के आदेश दिये थे जिमसे कुरारा पुलिस ने युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस के साथ 24 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अचेतावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया

**राठ (हमीरपुर)।** दिल्ली से वापस लौटकर आ रहा युवक कस्बे के एक पेट्रोल पंप के पास अचेतावस्था में पड़ा मिलने सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बहगांव निवासी सुरेश पुत्र किशनलाल दिल्ली से बस पर बैठकर राठ आया था। सोमवार की सुबह पड़ाव स्थित एक पेट्रोलपंप के पास युवक अचेतावस्था में पड़ा था। युवक को बेहोशी की हालत में देख वहां के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस कर्मियों ने युवक को सीएचसी में इलाज के भर्ती कराया।

### नदीगांव पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोचा

**कोंच(जालौन)।** कोंच सर्किल के थाना नदीगांव में पदस्थ उप निरीक्षक केदार सिंह ने सिपाही सुरेश कुमार के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर सोमवार को सुभाष तिराहे पर खड़े वांछित आरोपी सुनील कुमार पुत्र बच्चो सिंह निवासी ग्राम ककरौली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सुनील कुमार को जेल भेज दिया है।विदित हो कि बीते दिनों पूर्व थाना नदीगांव में उक्त सुनील कुमार के खिलाफदफा 323, 354, 452, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था और तभी से वह वांछित चल रहा था।

### बाइक सवार युवक का शव मिलने से मचा हड़कम्प

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** व्यक्तिगत कार्य से बाइक लेकर कन्नौज जाने की बात कहकर घर से निकले युवक का शव गांव के निकट पड़ा मिला जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। किसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी अशर्फी लाल यादव का 20 वर्षीय पुत्र रिंकू कश्यप कासव बनियानी स्थित चकोर डेरी के पास मिला और कुछ ही दूरी पर उस की बाइक खाई में पड़ी मिली ग्रामीणों ने युवक की पहचान कर मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी जिस पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो ट्रकों की हुई टक्कर में चार घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अनियंत्रित गति से आ रहे दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनों चालकों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इलाज के लिए घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार सुबह तेराजाकेट के निकट कानपुर से दिल्ली की ओर और छिबरामऊ से कानपुर की ओर जा रहे दोनों ट्रकों किआमने सामने टक्कर हो गई जिसमें दो ट्रक चालक रोहित पुत्र अमरीश निवासी सलेमपुर, लालू पुत्र महावीर निवासी झारखंड, मंजेश पुत्र मटरु लाल निवासी हफ्ता जेठी थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, हृदयराम पुत्र हरिराम निवासी हमजापुर थाना शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# फोन करने के बाद भी आधे मरीजों को होना पड़ता है सरकारी एम्बुलेंस से निराश

- डीएम ने पेनाल्टी लगाने का दिया था आदेश, सीएमओ ने कहा कि लखनऊ से होता है संचालन

**हमीरपुर।** स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की इमरजेंसी के लिये संचालित की जा रही सरकारी एम्बुलेंस मरीजो को पूरी तरह स्वास्थ्य सेवाएं नही दे पा रही है। पिछले माह 108 नं एम्बुलेंस का काल करने के बाद 220 स्थानों पर नही पहुची। 102 नं एम्बुलेंस 682 स्थानों पर नही पहुची इस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुये अनुबंध पत्र देखकर पेनाल्टी लगाने के आदेश दिये है। मरीजो की इमरजेंसी में सहायक सिद्ध होने वाली अस्पतालों की एम्बुलेंस सेवाएं धीरे धीरे बदहाल होती जा रही है। इन एम्बुलेंस की सेवाओं के लिये शासन से स्वास्थ्य विभाग का लिखित अनुबंध होता है जिले में करीब एक दर्जन से ज्यादा 108, व 102 एम्बुलेंस मरीजो को सेवाएं दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रो में मरीजो को पूरी तरह लाभ नही मिल पा रहा है। पिछले दिनों डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में इस मामले को डीएम ने गंभीरता से लेते हुये कड़ा रुख अपनाया था और कहा था कि अनुबंध पत्र देखकर एम्बुलेंस समय से न पहुचने पर पेनाल्टी लगायी जाये। कोई सुधार नही हुआ है। सीएमओ ने लिखित डीएम को बताया कि 102 नेशनल एम्बुलेस सेवा 18 मिनट पर पहुच जाना चाहिये। 108 नं एम्बुलेंस की पहुचने का समय 15 मिनट रखा गया है। एम्बुलेंस सेवा हरेक सीएचसी पीएचसी में उपलब्ध करा दी गयी है ताकि मरीजों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। एम्बुलेंस न पहुचने की शिकायते रोजाना शासन व प्रशासन को प्राप्त हो रही है इस मामले में एम्बुलेंस प्रबंध तंत्र कोई कार्यवाही नही कर रहा है। गांव वालों का कहना है कि कई मर्तवा एम्बुलेंस के भरोसे रहने पर मरीज को जान से हाथ धोना पड़ता है यही नही इस मामले में लखनऊ से जब कोई शिकायत की जाती है तो उनका एक ही उत्तर रहता है स्थानीय समस्या का समाधान केवल सीएमओ ही कर सकते है। यहा से कोई लेना देना नही है।

## दरवाजे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुयी जमकर मारपीट

**जालौन ( उरई )।** दरवाजे पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों द्वारा मारपीट करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र में आसरा कॉलोनी निवासी अफसाना बेगम पत्नी अयाज अली ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के पड़ोसी मदन मंसूरी अक्सर लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं। वह उसके दरवाजे के सामने की अपनी गाड़ी खड़ी करते हैं। जिससे उन्हें निकलने में दिक्कत होती है। पीड़िता का आरोप है। सुबह मदन के पुत्र अक्कू ने उनके दरवाजे पर गाड़ी खड़ी कर दी थी। जब उनकी बेटी ने उन्हें गाड़ी खड़ी करने से रोका तो अक्कू ने गाली, गलौज करते हुए पिता मदन व मां शरीफन को बुला लिया। इसके बाद तीनों मिलकर बेटी के साथ मारपीट करने लगे। जब वह बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर उसे बचाने के लिए पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की।

## संस्कारशाला की खान है विद्या भारतीः गणेश

संवाददाता। चित्रकूट



मेरा विद्यालय मेरा गौरव में बोलते गणेश मिश्र।

**मेरा विद्यालय** मेरा गौरव अभियान 2020 का शुभारम्भ जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर शंकर बाजार में पूर्व छात्र परिषद ने आयोजित किया। विद्या भारती का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर संकुल प्रमुख दुर्गेश सिंह व प्रधानाचार्य अवधेश कुमार द्विवेदी तथा पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष आशीष सिंह व मंत्री गणेश मिश्र ने किया। सोमवार को पूर्व छात्र परिषद के मंत्री गणेश मिश्र ने कहा कि पूर्व छात्र अपनी प्रतिभाओं के बूते विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। सरस्वती शिशु मन्दिर का पहला दीप 1952 में गोरखपुर से चलकर चित्रकूट में प्रकाशित हो रहा है। विद्या भारती के भइया बहन कई क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। पूर्व छात्र परिषद ने मेरा विद्यालय मेरा गौरव अभियान में पंजीयन के माध्यम से विश्व में पहला स्थान दर्ज किया है।

उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने चाहेंगे, यह तभी सम्भव है जब अपने विद्यालय के प्रति नजरिया स्पष्ट रखेंगे। विद्या भारती संस्कारशाला की खान है। यहां हुनर तरासे जाते हैं। डॉ अंजली मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के ऋणी हैं। शिशु मन्दिर से पाये संस्कारों के बल पर ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। प्रधानाचार्य अवधेश द्विवेदी ने कहा कि ये विद्यालय पूर्व छात्र परिषद के भइया-बहनों का है। अपनी यादों को जीवन्त बनाये रखने को सदैव इस विद्यालय में स्वागत है।

इस मौके पर उदयभान यादव, संदीप कुमार, उदय द्विवेदी, शशिकान्त, आदर्श चौहान, अनुराधा मिश्रा, राजू पाण्डेय, देवयानी शुक्ला, अपेक्षा बांधवकर, अंकिता सिंह, अनुपम मिश्र आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन राजुल पाण्डेय ने आभार विनोद कुमारचार्य ने जताया। इस मौके पर नारायण द्विवेदी, आलोक कुमार, शिवसागर आदि सैकड़ों मौजूद रहे।

# 96 किलो गांजो सहित तीन अंर्तजनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

- खेप देने वाले दो वांछितों की तलाश में जुटी पुलिस



गांजा तस्करों का खुलासा करते एसपी डा. यशवीर सिंह।

**उरई ( जालौन )।** मादक पदार्थ के रूप में गांजा की सप्लाई एवं बिक्री का गढ़ माना जाने बाला जनपद इस समय धीरे-धीरे इस ख्याति से ओझल होता दिख रहा है। मुख्य कारण है पुलिस अधीक्षक की प्रतिबंधित मादक पदार्थो के कारोबारियों पर टेढ़ी नजर और पुलिस महकमे को चेतावनी भरे संकेत। जिसका उदाहरण एक बार जनपद में फिर देखने को मिला। आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर झांसी नेशनल हाइवे पर ग्राम भभुआ के समीप पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने एक साथ मिलकर तीन अंर्तजनपदीय गांजा तस्करों को पकड़ लिया। जिनके पास से एक कार में 96 किलो गांजा एवं नगदी तथा मोबाइल बरामद हुए जिनके खिलाफबैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जा रहा है। वही उपरोक्त मामले में गांजा की खेप देने बाले दो लोगों को वांछित कर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ के रूप में गांजा पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जिस पर लगाम लगाने के लिए जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। 20 दिसंबर की रात्रि में आटा थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी प्रवीण कुमार और सर्विलांस प्रभारी अजय कुमार सिंह के साथ मादक पदार्थो, लुटेरों, वांछितों, अपराधियों एवं अबैध शराब की रोकथाम के लिए गश्त पर थे। तभी कानपुर झाँसी नेशनल हाइवे पर ग्राम भभुआ मजार के पास से एक कार तेज रफ्तार में आती दिखी जिसे पुलिस ने रोक लिया। जिनके पास से 96 किलो प्रतिबंधित गांजा, कुछ नगदी एवं चार मोबाइल बरामद हुए पुलिस ने कार में सवार तीनो लोगो को पकड़ लिया। जिनकी पहिचान अंर्तजनपदीय गांजा तस्कर के रूप में हुयी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तीनों लोगों के नाम देवेश शिवहरे पुत्र ठाकुर दास निवासी न्यू गल्ला मंडी रोड शिवाजी नगर कोतवाली झाँसी, शैलेन्द्र सिंह पुत्र धीरज सिंह निवासी पूरा चिरगांव झांसी एवं नवीन शाहू पुत्र कांसीराम शाहू निबासी न्यू गल्ला मंडी रोड तालपुरा थाना नवाबाद झांसी बताये गए है। पकड़े गए गांजा तस्करों ने पुलिस को बताया कि बह लोग जनपद जालौन के उरई निवासी जीतेन्द्र साहू एवं ब्रजेश साहू से गांजा की खेप खरीद कर मांग के अनुरूप जालौन, कानपुर, उन्नाव एवं बुंदेलखंड के अन्य जनपदों में गांजा की सप्लाई करते है। उरई निबासी दो लोगों के नाम उजागर होने पर उन्हें भी मुकदमे में वांछित कर दिया और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि जो लोग वांछित है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# गोलीबारी में घायल की हुई मौत, दो गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में दोनों हत्यारोपी।

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली कुठौंद के ग्राम खेरा सलेमपुर कनार में गुरुवार को जमीनी विवाद को गोली चली थी। गोली लगने से घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना के 2 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेज दिया है। गुरुवार को ग्राम खेरा सलेमपुर कनार में जमीनी विवाद कै लेकर फायरिंग हुई थी। गोली लगने से शिवेन्द्र व राघवेन्द्र घायल हो गए थे। घायल शिवेंद्र की उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई थी। एसओ अरुण कुमार तिवारी को सूचना मिली कि घटना की कोतवाली में दर्ज मुकदमा के मामले में पुलिस ने आरोपित नृपेन्द्र नारायणन शुक्ला उर्फ पिन्टू तथा शिवगणेश शुक्ला उर्फ सोनू निवासीगण खेरा सलेमपुर कनार को शेखपुर अहीर को अंग्रेजी शराब के ठेका के पास खड़े है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया है जिनके पास से 315 देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़ने वाली टीम में सर्वेश कुमार, प्रवीन कुमार, कृष्ण गोपाल ने सहयोग किया।

# कब्जा हटाने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से लगायी गुहार



एसडीएम से शिकायत करने जाते ग्रामीण।

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली कुठौंद के ग्राम शंकरपुर मुस्तकिल में गांव के 4 लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। भूमिधरों की बार-बार शिकायत के बाद अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया से नाराज दर्जनों लोगों ने तहसील पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया तथा एसडीएम को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम शंकरपुर मुस्तकिल में गाटा संख्या 130 के रकवा 0.1680 शंकरपुर चौकी के पास स्थित है। सड़क किनारे के जमीन पर गांव के नरेन्द्र, गजराज, अंजनी, राजबहादुर ने कब्जा कर रखा है। इन लोगों को अवैध कब्जा कर उस पर अवैध निर्माण कर लिया है। जमीन के भूमिधर माता प्रसाद, फूलसिहं, रामकरन, कृष्ण गोपाल व प्रह्लाद के परिजनों ने तहसील पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया तथा एसडीएम शिकायत देकर कहा कि उन्होंने अवैध कब्जा की शिकायत पुलिस के साथ तहसीलदार से कई बार शिकायत की है। अगस्त से अब तक 4 बार शिकायत करने के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की हैं। ग्रामीणों की शिकायत को सुनने के बाद एसडीएम गुलाब सिंह ने मामले की जांच कराकर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। एसडीएम से शिकायत करने से पहले सभी लोग अपनी पीड़ा बताने डीएम कार्यालय गये थे। जिलाधिकारी के न मिलने पर उन्होंने अपनी शिकायत एसडीएम को बताई।

## टूरिस्ट बस से राष्ट्रीय पक्षी की मौत समाजसेवियों ने किया जल प्रवाह

**उरई ( जालौन )।** जलन भरी सर्दी से जन जीवन ही नही अपितु जीव जंतु भी बेहाल है अलसुबह हाइवे पर रास्ट्रीय पक्षी को टूरिस्ट बस की टक्कर लगने से घायल पक्षी को बचाव हेतु दौड़े ग्रामीणों ने उपचार किया गया लेकिन मौत हो जाने के बाद उक्त मोर को यमुना में जल परवाह कर दिया गया वही अन्य जीवो का भी बुरा हाल है। ज्ञातव्य हो कि कदौरा क्षेत्र जोल्हूपुर हाइवे में ग्राम बरही के समीप अलसुबह सड़क पार कर रहे मोर को कदौरा की तरफशताब्दी बस टक्कर मारकर निकल गयी जिससे मोर घायल होकर सड़क पर गिर गयी जिसे देख बचाव के लिए दौड़े बरही निवासी समाजसेवी युवा धर्मेन्द्र कुशवाहा सन्तोष मोहित व अमित अन्य ग्रामीणों द्वारा उक्त घायल मोर को उठाकर उसके घाव में मलहम लगाया गया एवं आग से तपवाया गया लेकिन कोई सुधार न होने पर राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो गयी। बाद में सभी युवाओं द्वारा सम्मान सहित उक्त मयूर के शव को यमुना नदी में जल परवाह किया गया। वही मौसम में आए परिवर्तन के चलते अधिक गलन से जनजीवन के अलावा जीव जंतुओं का जीवन अस्त व्यस्त है देखते ही देखते पशु पक्षियों की लगातार मौत हो रही है वही बकरी कुत्ते आदि सर्दी से मर रहे है। वही देखा गया कि बढ़ती सर्दी की चपेट में आये जीव जंतु बेहाल होकर मर रहे है एवं पशु पक्षियों में सर्दी की चपेट में है जिनके बचाव के लिए पर्यावरण में किसी विभाग के पास कोई साधन व व्यवस्थाएं नही है इसी तरह 1 माह के अंदर दूसरे राष्ट्रीय पक्षी की मौत कदौरा क्षेत्र में हुई है जिस पर समजसेवियों द्वारा शोक व्यक्त किया।

# रोधी दवाएं खाकर फाइलेरिया से पाएं मुक्तिः डीएम

- मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) कार्यक्रम



मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम व अन्य।

**कन्नौज।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सोमवार को जिला अस्पताल परिसर के महिला चिकित्सालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत (एमडीए) का शुभारंभ डीएम राकेश कुमार मिश्रा ने खुद दवा खाकर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मौजूद सभी लोगों फाइलेरिया की दवा खिलाकर अभियान को आगे बढ़ाया साथ ही फाइलेरिया से बचाने में जन सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला और गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति को छोड़ कर सबको फाइलेरिया की दवा खानी चाहिए, हाथी पांव के साथ जिंदगी जीने की विवशता को जागरूकता से मात देने की जरूरत है। इस अवसर पर सीएमओ डा.के.स्वरूप ने बताया कि फाइलेरिया, जिसे हाथीपांव भी कहा जाता है, एक घातक रोग है जो कि मच्छर के काटने से फैलता है। फाइलेरिया के संक्रमण से सभी को, खासतौर से बच्चों को खतरा है। लेकिन इसकी रोकथाम संभव है और बचने का समाधान भी सरल है, और सामुदायिक भागीदारी से ही हाथीपांव को हराकर कर हम अपने बच्चों को उज्जवल भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोविड-19 के आदर्श मानकों और दो गज की दूरी का अनुपालन करते हुए समुदाय के सभी लाभार्थियों को घर-घर जा कर निःशुल्क दवाइयाँ खिलाई जायेगी।

यह दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमें याद रखना है कि, 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर, सभी को स्वास्थ्य कर्मी के सामने एमडीए दवाओं का सेवन करना है। इसी के साथ उन्होंने, जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया कि अपने क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने में मदद करें ताकि लोग इन दवाओं को स्वीकार करें। कार्यक्रम में फाइलेरिया रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ.के.सी.राय ने बताया कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को पूर्णतया सफल बनाने के लिए, जनपद में कुल 1825 टीमों का गठन किया गया है जिसमें प्रशिक्षित 3650 स्वास्थ्य कर्मियों और अभियान की निगरानी हेतु 365 पर्यवेक्षकों लगाये गये है, तथा किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु रेपिड रेस्पॉन्स टीम भी लगाई गयी हैं। अभियान के दौरान गुणवत्ता बनायें हेतु हर दिन ब्लाक स्तर पर बैठक की जायेगी। इसके साथ ही, इस अभियान की सफलता के लिए संबंधित विभागों एवं सहयोगियों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास भी लिया जा रहें हैं। उन्होंने सूचित किया कि इस अभियान में सभी वर्गों के लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डी.ई.सी. और अल्बंडाजोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर, अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी एवं किसी भी स्थिति में, दवा का वितरण नहीं किया जायेगा। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं खिलाई जायेगी।

# मंत्री ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ

संवाददाता। सुलतानपुर

**चिकित्सा** एंव स्वास्थ्य मंत्री परिवार कल्याण जय प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम0डी0ए0) अभियान का वर्चुअल संवाद कर शुभारम्भ अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश वर्ष 2021 तक फाइलेरिया रोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने के लिये हम सब को मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम0डी0ए0) अभियान में फाइलेरिया रोधी दवायें अवश्य खाना है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए कोविड-19 से लड़ने हेतु हर सम्भव कार्य निरन्तर कर रही है साथ ही हर व्यक्ति तक अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिये संकल्पित है और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु वचनबद्ध भी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम0डी0ए0) अभियान का शुभारम्भ सोमवार को करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के आठ जनपदों औरैया, कन्नौज, फर्रूखाबाद, इटावा, रायबरेली, कौशम्बी, गाजीपुर, में आज वर्चुअल संवाद के माध्यम से सुलतानपुर से शुरू किया जा रहा है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फाइलेरिया रोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने के लिये हम सब को एम0डी0ए0 अभियान में फाइलेरिया रोधी दवायें अवश्य खाना है। मंत्री जी ने वर्चुअल संवाद के माध्यम से प्रदेश के 08 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्य का शुभारम्भ करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी बहुत ही घातक बीमारी इसके विषय में आम जनमानस में जानकारी नहीं होती है, परन्तु आज से हमारे जनपद के जन प्रतिनिधिगण व हेल्थवर्कर एवं ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में कैम्प लगाकर जन जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक



करें, जिससे फाइलेरिया के विषय आम जनमानस में जागरूकता लायी जा सके। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी जिसे हाथी पाव भी कहा जाता है। यह एक घातक रोग है, जो की मच्छर के काटने से फैलता है। फाइलेरिया से बचने के लिये जागरूकता एवं बचाव बहुत ही जरूरी है। इसके लिये फाइलेरिया की दवायें सभी लोगों को खाना है तभी इस बीमारी से बचा जा सकता है। मंत्री जी ने बताया कि 02 वर्ष से कम आयु के बच्चे व गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर रूप से ग्रसित बीमारी वाले लोगों को इस दवा का सेवन नहीं करना है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाने से मनुष्य का इम्युनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाकर फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है, जागरूकता ही इस बीमारी का इलाज है। मंत्री एवं समस्त जनप्रतिनिधिगण व डीएम, एसपी, सीडीओ ने स्वयं फाइलेरिया की दवा खाकर जनपद के 06 लाभार्थियों आचल, आनया, नैना, गुडडी, सुनील, चन्दन को दवा खिलाकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, मा0 विधायक सदर सीताराम वर्मा, मा0 विधायक कादीपुर राजेश गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल, सभी जन प्रतिनिधिगणों ने राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम0डी0ए0) अभियान में अपने-अपने सम्बोधन में कहा कि फाइलेरिया जैसे घातक बीमारी के विषय में आज तक कोई भी सरकारें इस तरह का कार्यक्रम चलाकर आम जनमानस को जागरूक नहीं किया है, परन्तु वर्तमान सरकार फाइलेरिया के विषय में जन जागरूकता अभियान, कैम्प लगाकर आम जनमानस को जागरूक कर फाइलेरिया की दवा खाने के लिये प्रेरित कर रही है। समस्त जन प्रतिनिधिगणों ने कहा कि कैम्प के माध्यम से जन जागरूकता पैदा कर जनपद व प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाया जायेगा। सभी जन प्रतिनिधिगण ने इस अभियान को सफल बनाने के लिये एकजुट होकर उत्तर प्रदेश को फाइलेरिया से मुक्त कर एक सशक्त और स्वस्थ प्रदेश बनाने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि फाइलेरिया बहुत ही घातक बीमारी है इससे बचने के लिये हर व्यक्ति को फाइलेरिया की दवा बीमारी होने से पहले ही खाकर बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अपर निदेशक वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार डॉ0 नूपुर राय, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ डॉ0 एन0एस0 धर्मशत्तु व राज्य कार्यक्रम अधिकारी फाइलेरिया ने रोग के बारे में जानकारी दी।

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुआ मंथन



संवाददाता। श्रावस्ती

**स्वच्छ** भारत मिशन अन्तर्गत जनपद स्वच्छता समिति बैठक जिलाधिकारी टीके शिबु की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में ओडीएफ फेज.2 अन्तर्गत चल रह सर्वे एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु ऐसे ग्राम पंचायतें जहॉ चयन स्थल को लेकर विवाद है के सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रधान व सचिव ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर वास्तविक स्थित से परीक्षण करने के निर्देश दिये। फेज.2 अन्तर्गत व्यापक जन.जागरूकता हेतु दीवार लेखन. चित्रण कराये जाने के साथ ही उपलब्ध धनराशि को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय पर नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय के किचन में टाइल्स का कार्य वित्त आयोग से कराने के निर्देश दिये पंचायत भवन में रेन.वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हर हाल में कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह डी0सी0 मनरेगा उपेन्द्र पाठक जिला पंचायत राज अधिकारी किरन जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा अजीत उपाध्याय जिला समन्वयक क्रमशः डा0राजकुमार त्रिपाठी एवं हरगेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

## कोरोना वैक्सीन की तैयारियां हुईं पूरी

**सुलतानपुर।** संक्रमण रोकने के लिए लगाई जाने वाली कोरोना वैक्सीन के रखरखाव, टीकाकरण आदि की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। पहले चरण में जिन सरकारी व निजी अस्पतालों में कार्यरत कुल 13 सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाना है, उनका नाम व पद आदि की जानकारी साइट पर अपलोड भी कर दी गई है। टीकाकरण करने वाले 279 कर्मियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अलर्ट मोड में रखा गया है। सभी सेंटर पर 40 से 110 लीटर की क्षमता के दो-दो आइएलआर व दो-दो डीप फ्रीजर भी स्थापित कर दिए गए हैं। सीएमओ डॉ डीके त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना का टीका छोटे बच्चों को छोड़ जिले के सभी लोगों को लगाया जाना है। इसके लिए कुल पांच चरण तय किए गए हैं। उनके अनुसार महामारी से बचने के लिए लोग वैक्सीन लगवाने के लिए काफी आतुर भी हैं। पहले चरण के लिए टीका जल्द ही मिलने की उम्मीद है।

# दिनदहाड़े महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या

● **संपत्ति के लालच में भांजे ने दिया वारदात को अंजाम, मौके से फरार**



संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया** थाना सिरसिया अंतर्गत शाहपुर बरगदवा गांव में संपत्ति के लालच में एक भांजे ने अपनी सगी मामी को धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई वारदात से गाँव में मातम फैल गया घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दी गयी।

घटना श्रावस्ती जनपद के थाना सिरसिया के शाहपुर बरगदवा गांव की जहां एक सगे भांजे ने अपनी मामी को दिन दहाड़े धारदार हथियार से गला काट कर मौत के घाट उतार दिया वजह संपत्ति की बताई जा रही है आपको बता दें की लोगों का कहना है की मृतक माया अपने बहनोई रामनरेश के घर रिश्तेदारी में आई थी वंही आज दोपहर जब वह शिवमन्दिर के पास धूप में बैठी थी तभी उसके भांजे ने गड़ासे से मामी के ऊपर ताबड़तोड़ वार करके मौत के घाट उतार देता है। हत्या की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा म्रतक माया की लाश खून से लथपथ मन्दिर परिसर में पड़ी थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सिरसिया पुलिस और अपर पुलिस अधीक्षक वीसी दुबे ने घटना स्थल का बारीकी से मुवायना किया फिलहाल हत्या के बाद से भांजा फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# प्रथम चरण में 14 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को लगेगी वैक्सीन

संवाददाता। गोंडा

**जनपद** में कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड.19 के टीकाकरण की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि जनपद में कोरोना वैक्सीन के प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के 14 हजार कर्मियों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के लिए कर्मियों का समय निर्धारित किया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिकूल घटनाओं का प्रबन्धन करने के लिये ए0ई0एफ0आई0 कमेटी का गठन किया गया है जिसमें पुलिस अधीक्षकए मुख्य विकास अधिकारीए सीएमओए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी तथा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह वैक्सीन नई है जिसके लिये प्रत्येक टीकाकरण सत्र पर चिकित्साधिकारी ए0ई0एफ0आई0 मैनेजमेन्ट के लिये उपस्थित रहेगें एवं सत्र पर ए0ई0एफ0आई0 किट एवं एनाफाइलेक्सिस किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी। ब्लाक स्तर के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर से टीम जायेगी एवं जिला स्तरीय टीम प्रशिक्षण की गुणवत्ताए कोल्डचेन प्वाइंट का निरीक्षण एवं ब्लाकों में निरीक्षण कर कोविड.19 टीकाकरण हेतु सत्र स्थल के लिये स्थान का चयन करेगी। सीएमओ द्वारा कोल्डचेन एवं लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद का वैक्सीन भण्डार कोविड.19 वैक्सीन हेतु पूर्ण रूप से तैयार कर लिया गया है एवं सभी ब्लाक के कोल्डचेन प्वाइंट को एक अलग से कक्षए विद्युत की व्यवस्था हेतु निर्देशित कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी ब्लाकों पर कोल्डचेन के सामने सीसीटीवी कैमरे भी लगवाने का प्रबन्ध किया जा रहा है। कोविड.19 टीकाकरण हेतु राज्य से 2 आई0एल0आर0ए 07 डीप फ्रीजर बॉक्स प्राप्त हुये हैं। बैठक में सीएमओ डा0 गौतम द्वारा ने बताया कि प्रत्येक सत्र स्थल पर टीकाकरण हेतु 05 सदस्य होगें जिसमें 01 सुरक्षागार्डए 01 रिकार्ड की जांच करने वालेए 01 टीकाकरण हेतुए 01 मोबिलाइजर एवं 01 निगरानीकर्ता जो टीकाकरण के बाद 30 मिनट तक निगरानी कक्ष में रहकर एईएफआई का प्रबन्धन में सहयोग प्रदान करेगा।

# हरियाली पर चल रहा आरा

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**मुर्दा** जमीर के साथ अपने पद पर तैनात सभी डलमऊ वन विभाग के कर्मचारियों की कमाई का संसाधन ही पर्यावरण को क्षति पहुंचा कर अपनी जेबें भरना है जो सभी अच्छे से कर रहे है जहां स्वस्थ व्रक्ष का भी परमिट बिना किसी हिचकिचाहट के साथ जारी कर दिया जाता है कहते हैं जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो फिर उसकी रक्षा कौन करेगा कुछ ऐसा ही नजारा, डलमऊ में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा देखा जा सकता है सलोंन रोड पर जहां हरे भरे आम के वृक्ष को रोगी बताकर उनका परमिट जारी करते हुए ठेकेदारों द्वारा जमींदोज कर दिया जाता है मानो उस आम के व्रक्ष का इस धरा पर कोई भूमिका नहीं है ना फल और ना तो वो ऑक्सीजन देता है और ना ही उसकी प्रक्रती के संतुलन मे कोई भूमिका है वही वन विभाग भी मोटी रकम लेकर संरक्षित वर्ग के व्रक्षों को रोगी बताकर उसका उसका परमिट जारी कर देता है जिस पर ठेकेदार आराम से उस पर आरा चलाता है वन विभाग की इस करतूत का गवाह आरा मशीनों पर पड़ी स्वस्थ पेड़ों की लकड़ी जो कहीं से रोग ग्रस्त नहीं दिखाई पड़ती वन विभाग द्वारा किया जा रहा यह कोई पहला कृत्य नहीं है सालों से इसी परंपरा का निर्वाहन किया जा रहा है जहां एक और उत्तर प्रदेश शासन और केंद्र सरकार पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पैसे को पानी की तरह बहा रही है वही उसके जिम्मेदार विभाग द्वारा उसकी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं दूसरी तरफ जो वृक्ष हो वास्तविक रूप से रोगी हैं और जिनसे आम जनमानस को जन-धन की हानि कभी भी हो सकती है उसकी तरफ विभाग इतनी कागजी कार्रवाई बता देता है कि उसे पूरा होते-होते सालों साल का समय लग जाता है वन विभाग इस पर अपनी चुप्पी तोड़ने का नाम नहीं ले रहा इस प्रकरण पर वन दारोगा आर पी शुक्ला ने बताया कि जिला उद्यान अधिकारी के सर्वेक्षण के बाद जारी रिपोर्ट के आधार पर परमिट इशू किया जाता है।

## पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किसानों का होगा सम्मान

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि कृषि निदेशक, कृषि भवन लखनऊ द्वारा वर्ष 2020-21 की निर्गत किसान सम्मान दिवस की कार्य योजना में कृषि विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों के किसानों द्वारा जनपद में अधिक उत्पादन प्राप्त करने पर 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किये जाने का निर्देश प्राप्त है तथा जारी कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम की कार्य योजना वर्ष 2020-21 में जनपद स्तरीय कृषि गोष्ठी का आयोजन व सब मिशन आन एग्रीकल्चर योजना की जारी संशोधित कार्य योजना में जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद आयोजित कराने का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके क्रम में 23 दिसम्बर को में प्रातः 10 बजे से किसान सम्मान दिवस, जनपद स्तरीय रवी गोष्ठी, जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ की गहन समीक्षा बैठक

संवाददाता। सुलतानपुर



**प्रदेश** के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभागध्जनपद प्रभारी मंत्री श्री जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में उपस्थित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में कानून व्यवस्था और बेहतर बनायी जाये तथा विभिन्न अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन पर शिकायतों के निस्तारण, महिलाओं पर अपराध नियंत्रण, दहेज, घरेलू हिंसा, अपराधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जनपद प्रभारी मंत्री ने बैठक में बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में उन्होंने कहा कि जिन थानों में लड़कियों का अपहरण हुआ है या स्वतः भागी हैं उनकों अविलम्ब पकड़ कर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने महिलाओं पर बढ़ते अपराध को रोकने, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, अनुसूचित जातिध्जन जाति उत्पीड़न, पास्को एक्ट, आम जनों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, गोवधध्पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस विभाग व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू ढंग से किये जाने के लिये गाड़ियों की चेकिंग किये जाने के साथ-साथ हेल्मेट हेतु अभियान चलाया जाये। उन्होंने महिला हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से अविलम्ब किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

## पारा लुढ़का, गलन में हुआ इजाफा

**सुलतानपुर।** सर्दी का कहर बढ़ने लगा है। रविवार को पारा लुढ़क कर 3.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद ही धूप तो निकली, लेकिन सर्द हवाओं के चलने से ठिठुरन बढ़ गई। जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। शाम होते ही सर्दी के तेवर और बढ़ गए। मौसम के इस बेरूखी के बावजूद इससे बचाव के प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी नजर आ रहे हैं। शहर में नगर पालिका प्रशासन की और से सिर्फ छह जगहों चौक, घंटाघर, अस्पताल, बस व रेलवे स्टेशन और पंचरस्ता परअलाव जलवाए जाने की व्यवस्था की गई है, जबकि अलाव के लिए 24 स्थान चिन्हित हैं। बीते वर्ष इन सभी जगहों पर अलाव जलवाए गए थे। अलाव न जलने से राहगीरों और दुकानदारों रात में बसों से उतरे यात्रियों और ऑटो रिक्शा चालकों को काफी परेशानी हो रही है। सर्दी के कहर से राहत पाने के लिए देर शाम दुकानदार कागज गत्ता जला कर काम चलाते हैं। साधनहीनों के लिए बनाए गए रैन बसेरे बदहाली में हैं। पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में टेंट लगा कर बनाए गए रैन बसेरा के पर्दे हवा से उड़ते रहते हैं, जिससे वहां कोई रुकता तक नहीं हैं। कड़ाके की सर्दी का असर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर भी पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के बड़े शॉपिग कांप्लेक्स और अन्य बड़ी दुकानों पर भीड़ नहीं लग रही है। ग्रामीण इलाके के लोग अपनी आस पास की बाजारों से ही आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। ठंड के कहर से लोग दोपहिया वाहन चलाने से बच रहे हैं। गर्म कपड़ों से लिपटे रहने के बावजूद बाइक से लंबी दूरी की यात्रा कर शहर आने से बचने के चलते कारोबारियों का व्यवसाय मंदा हुआ है। वहीं आम लोग अतिआवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। सुबह 10 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा सा रहता है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अभी ठंड का कहर जारी रहेगा। शीतलहरी के साथ कोहरे का प्रकोप भी रहेगा। जिले में अधिकतम तापमान 17.4 व न्यूनतम 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 100 और न्यूनतम 40 प्रतिशत रही। हवाएं 2.1 किमी प्रतिघंटा की गति से उत्तर पश्चिम दिशा की चली। आंशिक बदली छाई रहेगी और कोहरा भी रहेगा।

## क्विक न्यूज

### क्रिकेट टूनामेंट का किया उद्‌घाटन

**सुलतानपुर।** विकासखण्ड धनपतगंज के माधवपुर में 15 दिवसीय जय माधव बाबा क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद वरुण गाँधी के प्रतिनिधि संदीप मिश्र के द्वारा किया गया। संदीप मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। कहा कि खेल से सिर्फस्वास्थ्य अच्छा ही नही रहता बल्कि आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर पूर्व प्रधान गया प्रसाद तिवारी, डाक्टर शीतला प्रसाद पाण्डेय, धर्मेंद्र शर्मा, अमर जीत मिश्र, तेज बहादुर तिवारी मौजूद रहे।

### विद्यालय टाइम टेबल में परिर्वतन की मांग

**सुलतानपुर।** जिले में पड़ रही भीषण ठंठ व कोहरे को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलामंत्री दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में बी एस ए दीवान सिंह को ज्ञापन सौपा। शिक्षक नेताओं ने मांग किया कि कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता अतिन्यून होने से सुबह 9 बजे तक शिक्षकों को विद्यालय पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है और सड़क दुर्घटना का डर बना हुआ है इसलिये शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का समय 9 से 3 के स्थान पर सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक किया जाए। जिस पर बीएसए ने आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष दूबेपुर शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, राधेश्याम मौर्य, सुरेन्द्र मौर्य, जितेन्द्र त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

### गौसपुर धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** विकासखंड जमुनहा के खंड विकास अधिकारी डॉ जितेंद्र नाथ दुबे ने गौसपुर धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया जहां पर सचिव साबित राम यादव मौजूद रहे उक्त क्रय केंद्र द्वारा आज कोई भी खरीदारी नहीं की गई साथ में मौजूद कोआपरेटिव एडीओ पन्नालाल व खंड विकास अधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए की खरीदारी तत्काल प्रभाव से की जाए और अधिक दाम में बेच रहे यूरिया खाद पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि खाद को सही रेट में नहीं बेचते हैं तो आपके खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी। सचिव ने बताया कि 36 कुंटल धान की खरीदारी अब तक हुई है जबकि 5000 कुन्तल का लक्ष्य है। खंड विकास अधिकारी जमुनहा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपके द्वारा धान की खरीदारी नहीं की जा रही है जिससे किसान परेशान है और अपने धान को केंद्र पर न बिक पाने के कारण कम दामों में मंडियों में बेच देते हैं इसलिए किसानों की सुविधा हेतु धान क्रय केंद्र संचालित किए गए हैं तत्काल प्रभाव से धान क्रय केंद्र पर धान खरीदारी शुरू करें दे।

### प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**श्रावस्ती।** गिलौला के नेहरू स्मारक खेल मैदान में रविवार को गिलौला प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुवा। जिसका उद्घाटन समाजसेवी तेज प्रताप सिंह ने किया इस मौके पर उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए टीण्पीण् सिंह ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितता का खेल है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है खेल को खेल भावना से खेलने से लोगों के बीच एकता और भाईचारा का संदेश जाता है। इस टूर्नामेंट के आयोजक आनंद पटवा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ली है। उद्घाटन मैच बहादुर चक और सेनवाहे की टीम के बीच हुआ। जिसमें बहादुर चक की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 7 विकेट खोकर 145 रन बनाए। जबकि सेनवाहे की टीम ने जबाबी पारी खेलते हुए 9 ओवर में 3 ही विकेट खोकर मैच जीत लिया। सेनवाहे टीम से अविरल श्रीवास्तव को मैन आफद मैच चुना गया। इस मौके पर अजय जायसवाल रोहित मद्देशिया आनंद पटवा रितेश पटवा सत्यम श्रीवास्तव राहुल मिश्र समेत सैकड़ो दर्शक मौजूद थे।

### पाहो में होगी बैडमिंटन प्रतियोगिता

**खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पाहो में सातवें जय मां शीतला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 व 27 दिसंबर को किया जाएगा। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन पाहो में डाकघर के पास स्थित खेल मैदान में होगा। प्रतियोगिता के आयोजक मुन्ना भदौरिया, अवनीश भदौरिया, भोले सिंह, दीपेंद्र भदौरिया, ऋषि शुक्ला, प्रांशु शुक्ला, रोहित सिंह व मयंक शुक्ला ने इसकी जानकारी दिया।..

### चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** चोरी की एक बाइक समेत दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार चोर फतेहपुर जनपद के निवासी है । ऊंचाहार पुलिस का दावा है कि उन्होंने दो व्यक्तियों को क्षेत्र के खरौली गांव के पास से गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है । गिरफ्तार व्यक्तियों में अरविंद कुमार निवासी ग्राम सरौली थाना किशनगंज जनपद फतेहपुर व विवेक उर्फ बबलू निवासी कस्बा गढ़ी थाना खागा जनपद फतेहपुर शामिल है । इनके कब्जे से बरामद एक बाइक चोरी की बताई जाती है । पुलिस का कहना है कि यह लोग बाइक चोरी करके उसका नंबर बदलकर बेंचते थे । इनके विरुद्ध फतेहपुर जनपद में भी चोरी का एक मामला पंजीकृत है । कोतवाल विनोद सिंह के अनुसार इनकी गिरफ्तारी चेकिंग के दौरान हुई है । इनके विरुद्ध मामला पंजीकृत करके इन्हे जेल भेजा गया है ।

### महिला ने लगाया ग्राम प्रधान पर धोखाधड़ी का आरोप

**ऊँचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के सादे की बाजार मजरे अरखा निवासिनी महिला ने ग्राम प्रधान पर भूमि देने के नाम पर अस्सी हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। पूरा मामला क्षेत्र के सादे की बाजार निवासिनी शकुन्तला पत्नी सन्तलाल का हैं। इनसे एक ग्राम प्रधान द्वारा अस्सी हजार रुपये ग्राम सभा हमीदपुर बड़ागाँव के भीखनपुर गाँव में जमीन देने का इकरार किया गया था। परंतु मामले में एक वर्ष से अधिक का अर्सा बीत जाने के बाद पीड़िता को भूमि नहीं मिली। जिस पर विगत दिनों से महिला ने अपने रुपये वापस माँगना शुरू किया तो ग्राम प्रधान ने हीला-हवाली कर परेशान कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा रुपये लेते वीडियो भी उसके पास है। हलांकि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बता दें उक्त ग्राम प्रधान अपनी विवादित कार्य शैली से आये दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में बने रहते है। इस बावत कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला हैं। जाँच कराकर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

### कड़ाके की ठंड में बनाया गया रैन बसेरा

**बछरावां रायबरेली** विगत एक सप्ताह से चल रहे शीतलहर से आम जनमानस बेहाल है। लोगों का जीना मुहाल है सुबह शाम भयंकर ठंड से किसी तरह लोग अपना गुजर-बसर कर रहे हैं। ठंड के मौसम में छुटभैया व्यापारियों का व्यापार भी थम सा गया है। वहीं भीषण ठंड के चलते नगर पंचायत बछरावां ने चौराहे पर अपने पुराने कार्यालय में रैन बसेरे का संचालन प्रारंभ कर दिया है। जिससे किसी भी राहगीर को रात गुजारने में असुविधा का सामना न उठाना पड़े। वही शीतलहर से बचाव के लिए कुछ प्रमुख स्थानों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है। जिससे लोगों को राहत मिल सके।

### साहित्य सम्मान के लिए मांगे आवेदन

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉण् नितिन बंसल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा साहित्य सम्मानों जैसे सुभद्रा कुमारी चैहान महिला बाल साहित्य सम्मानए सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान निरंकार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखन सम्मान अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान आचार्य कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान तथा उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान हेतु साहित्यकारों एवं विद्वानों का चयन किया जाना है। उन्होंने योग्य व इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है।

# स्वेटर, जूता और मोजे के नाम पर हो रहा बड़ा खेल

**संवाददाता।** बस्ती

**सरकारी** स्कूलों के बच्चों के नाम पर कभी ड्रेस तो कभी एमडीएम तो कभी किताब के नाम पर हर साल पूरे प्रदेश में बड़ा खेल होता है। सबसे अधिक स्वेटर, जूता और मोजे की आपूर्ति के नाम पर सरकारी धन का नुकसान होता है।

अरबों रुपये के इस खेल में सबसे बड़ी भूमिका गुणवत्ता की जांच करने वाली लैब और आपूर्तिकर्त्ता की रहती है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिन स्वेटर, जूता और मोजे को स्थानीय टीम के द्वारा गुणवत्ताविहीन करार देकर लैब में जांच के लिए भेजा जाता है, उसे क्षणभर में ओके कर दिया दिया। ओके के इस दो षब्द को पाने के लिए आपूर्तिकर्त्ताओं को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। क्यों कि इसी ओके पर बीएसए को स्थानीय कमेटी की अनुमति के बाद करोड़ों रुपये का भुगतान करना पड़ता है। देखा जाए तो अकेले बस्ती में 5.27 करोड़ से अधिक का भुगतान होना है।

स्कूल प्रबंधन समिति के सामने सबसे बड़ी समस्या गुणवत्ता और माप विहीन स्वेटर और जूते की आपूर्ति बच्चों में करना है। कई हेड मास्टर का कहना है, कि इस बात जितनी दिक्कत और शिकायतें गुणवत्ता और माप विहीन को लेकर हो रही है, उतना अन्य सालों में नहीं हुई, हालांकि अभी मोजे की आपूर्ति नहीं हुई, फिर कई स्कूलों में ठंड को देखते हुए बच्चों को जूते दिए जा रहे है। कईयों का कहना है कि जब स्थानीय स्तर से आपूर्ति होती थी, तो विभाग और एसएमसी का आपूर्तिकर्त्ता पर पूरा दबाव रहता था। अगर कोई स्वेटर या जूता खराब निकल जाता था तो उसकी वापसी करा दी जाती थी।

# नहीं बढ़ी प्रधानी, चार दिन की पारी

## क्रिसमस की खुशियों के साथ होगी प्रधानों की विदाई, चार दिन बाद छीनेगा अधिकार, फिर प्रधानी पाने को कई प्रधान बेकरार

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** के 1235 प्रधान क्रिसमस की खुशियों के साथ 25 दिसंबर के 12 बजे रात से विदा लेगें। मांग के बावजूद प्रधानों का कार्यकाल नहीं बढ़ा। प्रधानों के सभी अधिकार सीज हो जाएंगें, डिजिटल सिग्नेचर यानि डोंगल जमा हो जाएगा।

कोई ग्राम सभा की बैठके नहीं होगी, और न कोई नयाकाम ही होगा, पूर्व संचालित काम होते रहेगें, भुगतान भी होता रहेगा। गांव के विकास के लिए प्रधानों के पास चार दिन और बचे हैं। 25 को उन्हें अपना बस्ता जमा करना होगा। वहीं विभाग 25 के बाद ग्रामों के संचालन करने के लिए प्रशासकों की तैनाती करने में जुटा हुआ है। प्रशासक के रुप में सभी विभागों के एडीओ प्रषासक के रुप में नियुक्ति किए जा सकते है। अब जो भी भुगतान होगा, वह एडीओ और सेक्रेटरी के हस्ताक्षर से होंगे। प्रभारी एडीओ को भी प्रशासक बनाया जा सकता है, इस पर मंथन चल रहा है। ईमानदारी से देखा जाए तो जिन प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा उनमें अधिकतर युवाप्रधानों को उनके बेहतरीन कामों के लिए याद किया जाएगा, वहीं राजनीति में मंझे पुराने प्रधानों को उनके भ्रष्टाचार के किस्से गांव वाले खूब सुनाएंगे।

इन्हीं प्रधानों के भ्रष्टाचार और लाइफस्टाइल को देखकर इस बार के चुनाव में नये प्रत्याषियों की तादात बढने की संभावना जताई जारही है। भ्रष्टाचार को देख पुराने प्रधानों को गांव वाले पुनः भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं दना चाहेगी। नये प्रधानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। फरवरी और मार्च 21 के बीच चुनाव होने की पूरी संभावना है।

**बेफिक्र ना रहें प्रधान, तीन साल तक हो सकती है कार्रवाई**

**कुछ** : प्रधानों को यह गलतफ्हमी है कि कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद उनके खिलाफ ना तो कोई जांच और न कोई विधिक कार्रवाई ही हो सकती है। नई व्यवस्था के तहत प्रधानी समाप्त होने के तीन साल के भीतर किसी भी प्रधान की जांच और कार्रवाई दोनों हो सकती है, जेल भी जा सकते है। इस लिए भ्रष्ट प्रधानों को सबसे अधिक खतरा प्रधानी समाप्त होने के बाद है, क्यों तक उनके पास न तो अधिकार होगा और न मैनेज करने के लिए धन नही होगा।

# वर्चुअल सम्मेलन में अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के वर्चुअल सम्मेलन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार किया। रविवार की देर शाम आयोजक सुनील सिंह को हिरासत में ले लिया। सपा नेताओं के लगातार दबाव से प्रशासन ने उनका 151 में चालान किया।

यह जानकारी मिलते ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सहित सपा नेताओं ने जिला प्रशासन को घेरा जब वर्चुअल सम्मेलन ना आन्दोलन है न धरना है तो जिला प्रशासन क्यों नही करने दे रहा है। सपा के वर्चुअल सम्मेलन स्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स में लगाकर लोगो की संख्या को सीमित रखा। सपा नेताओं ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि वर्चुअल सम्मेलन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सुनने के लिए आने वालो को रोका गया तथा किसानों को भी वर्चुअल सम्मेलन में आने से रोका गया।

सोमवार को वर्चुअल सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि तानाशाही हुकूमत से प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। किसानों को नुकसान पहुँचाने के लिए केन्द्र सरकार ने किसान बिल लाकर गरीबो के साथ धोखा तथा गुलाम बनाने की पूरी योजना बनाया है। समाजवादी पार्टी उनके गलत इरादों को नही सफल होने देगी। उन्होने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी की सरकार प्रदेश में बनाने के लिए अभी से लग जाए।

# जांच टीम पर उठे सवाल! पहले ने माना दोषी-दूसरे ने किया दोष मुक्त

## अधिकार वापसी को लेकर प्रधान और शिकायतकर्त्ता आमने-सामने-बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैराटी का मामला

**संवाददाता।** बस्ती

**विकास** खंड बनकटी के ग्राम पंचायत खैराटी के अनियमित कार्यो की जांच करने वाली टीमों पर सवाल उठ रहे है। इस गांव में कराए गए कार्यो की जांच दो जांच टीमों के द्वारा कराई गई। पहली जांच डीआरडीए के सहायक अभियंता की टीम से कराई गई, जिसमें मनरेगा के कार्यो में सरकारी धन के दुरुपयोग की बातें सामने आई, इसी रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ की ओर से प्रधान सहित ब्लॉक के सात कर्मियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराई गई। इसके बाद प्रधान की शिकायत पर जिला उद्यान अधिकारी और आरईडी के एक्सईएन से पुनः जांच कराई गई, जिसमें पहली जांच को गलत बताते हुए सभी को दोषमुक्त करार दे दिया गया। प्रधान अब अपने अधिकार की वापसी के लिए डीपीआरओ कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं शिकायतकर्त्ताओं ने दूसरी जांच टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान सहित अन्य को बचाने के लिए बड़ा सौदा हुआ। एक जांच टीम द्वारा आरोपों को सही और दूसरी टीम के द्वारा आरोप को गलत बताने वाली रिपोर्ट को लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल उठ रहे जब पहली जांच टीम पर इतनी बड़ी कार्रवाई हुई तो दूसरी जांच टीम ने कार्रवाई को गलत किस आधार पर ठहरा दिया। इससे तो ईमानदारी से जांच करने वाले अधिकारियों का मनोबल गिरेगा और घपलेबाजों का बढ़ेगा। कई लोगों का कहना है कि दूसरी जांच टीम बनानी ही नहीं चाहिए थी। शिकायतकर्त्ताओं का कहना है कि जब इतनी बड़ी कार्रवाई खुद विकास भवन कर रहा है, तो दूसरी जांच कराने की क्या आवष्यकता थी? कहते हैं कि चूंकि इस मामले में बीडीओ सहित ब्लॉक के कई कर्मी फंस रहे थे, इस लिए उन्हें बचाने के लिए दूसरी जांच करवा दी गई, और हुआ भी वही। शिकायतकर्त्ताओं ने इसकी तीसरी जांच कराने की मांग की है, ताकि दो-एक से गलत और सही का निर्णय हो सके। शिकायतकर्त्ताओं का यह भी आरोप हैं कि जिला उद्यान अधिकारी ने जितनी भी जांच की है, लगभग सभी में आरोपी दोषमुक्त पाए गए। शिकायतकर्त्ताओं और अन्य का कहना है कि जब प्रशासन जब सल्टौआ ब्लॉक के सिसवारी बुजुर्ग में चार शिकायतकर्त्ताओं के खिलाफ झूठे शिकायत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवा सकता है, तो गलत जांच करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्यों नहीं केस दर्ज हो सकता है? यह पहला अवसर नहीं ळे, जब इस तरह के मामले सामने आया है।

# अब बिना अनुमोदन अवकाश पर रोक

**बस्ती।** कोविड-19 के टीकाकरण की तैयारी में रूचि न लेने पर डीएम आशुतोष निरंजन ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएमओ डा. एके गुप्ता, नोडल अधिकारी डा. फखरेयार हुसैन एवं सभी एमओआईसी से 24 घण्टे के भीतर तैयारियों के सम्बन्ध में रिपोर्ट तलब किया है। तत्काल प्रभाव से सभी स्तर के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के अवकाश पर रोक लगा दिया है। निर्देश दिया है कि बिना उनके अनुमोदन के किसी का अवकाश स्वीकृत नही किया जाएगा। निर्देश दिया है कि बिना उनके अनुमोदन के किसी का अवकाश स्वीकृत नही किया जाएगा। विकास भवन सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में कहा कि कोविड-19 टीकाकरण में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कप्तानगंज सीएचसी के निरीक्षण में पाया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा जिस कमरे में फ्रीजर और वैक्सीन रखने का प्रस्ताव है, उस कमरे पर एक कर्मचारी का अवैध कब्जा है।

# सेमरियावां को नगर पंचायत बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** सेमरियावां



**विगत** दशकों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां की मूलभूत समस्याओं को लेकर एवं सेमरियावां को नगर पंचायत बनाने की निरंतर मांग को लेकर सोमवार को सेमरियावां आए अपर मुख्य सचिव व नोडल अधिकारी को युवा संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में एक्स- रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन एवं विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती तथा ग्राम पंचायत सेमरियावां को नगर पंचायत बनाये जाने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिसे गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव व डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने जल्द ही समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन दिया। युवा संघर्ष समिति के संयोजक रिजवान मुनीर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव/ नोडल अधिकारी अनिल कुमार को दिये गये मांग पत्र में कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में एक्स- रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध न होने के कारण मरीजों का समय से उपकरण के अभाव में इलाज नहीं हो पाता है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सक बाल रोग, हड्डी रोग, नाक, कान, गला आदि चिकित्सकों की तैनाती न होने के कारण क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए तैनाती की मांग की है। साथ ही ग्राम पंचायत सेमरियावां जिसकी आबादी लगभग दस हजार से ऊपर है। देश की आजादी में योगदान देने वाले मुजीबुल्लाह के इस पैतृक गांव को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग की है। इस दौरान अबूजर चौधरी, पंकज, सलमान आरिफ विशाल जयसवाल, जमुना प्रसाद, इकरामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# 25 को प्रधानमंत्री किसानों के साथ करेगे सीधा संवाद

**सोनभद्र।** 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री किसानों नागरिकों को सीधा सम्बोधित करेंगें। प्रधानमंत्री किसान भाइयों से सीधा संवाद स्थापित करने के साथ ही किसानों के भलाई के लिए देश में चलायी गयी विभिन्न योजनाओं के बारे में सीधे सीधे रूबरू होंगें। सोनभद्र जिले के सभी विकास खण्ड स्तरों पर टीवी व एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया जायेगा और किसान भाइयों के साथ ही जनप्रतिनिधियों प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य सचिव सूचना का पत्र प्राप्त होते ही जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियों को विकास खण्डवारप्रधानमंत्री किसानों नागरिकों को सीधा सम्बोधन के कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को देंगे।

# बीडीओ ने आवास प्लस सूची में लाभार्थियों के पंजीयन के दिए निर्देश

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने सचिवों के साथ बैठक कर आवास प्लस योजना के तहत लाभार्थियों कर पंजीयन कर उन्हें इसका लाभ देने और ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आवास प्लस योजना में ब्लॉक में 1703 आवास प्लस का लक्ष्य था जो बढ़कर 2754 हो गया हैं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिले जिसके लिए हर हाल में आवास प्लस की सूची में उन्हें पंजीयन करते हुए अभिलेखों को पूर्ण कर जल्द से जल्द स्वीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों के साथ ग्राम पंचायत में हो रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश दिया।

# नोडल अधिकारी ने सीएचसी सेमरियावां का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**अपर** मुख्य सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19, संचारी रोग नियत्रंण, स्वच्छता अभियान एवं पेयजल की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान जनपद में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति एवं कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, जिला पंचायती राज विभाग, एवं अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा किये जा रहें प्रयासों एवं उसके परिणामों की गहन समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने मुख्य चिकित्साधिकारी से विभिन्न बिन्दुओं पर सवाल पूछें तथा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 की दिशा में किये जा रहे सुरक्षात्मक उपायों आदि के कार्य में लगाये गये फ्रन्टलाइन वर्कर को विशेष रूप से एन्टी कोरोना वैक्सीन से प्रतिरक्षित किया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 3205 कोरोना पॉजिटिव केस के सापेक्ष 44 लोगों की मृत्यु हुई है। वर्तमान में कोरोना से मृत्यु का कोई भी केस नही पाया गया है। जनपद में अब तक लगभग 6000 स्वास्थ्य एवं महत्वपूर्ण सेवाओं से जुड़े फ्रन्टलाइन वर्करों को कोरोना से प्रतिरक्षण हेतु चिन्हित किया गया है, जिसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# ग्लोबल जियो इंफ्राटेक डायरेक्टर ने आरोपों को निराधार बताया

**बस्ती।** एसपी कार्यालय के सामने करोड़ों रुपये के सरकारी जमीन को एक चिट फंड कंपनी द्वारा बेचे जाने के मामले में ग्लोबल जियो इंन्फ्राटेक लिमिटेड के डायरेक्टर संजय सिंह की ओर से अपना पक्ष रखा गया है। कहा गया है कि कम्पनी चिटफंड के दायरे में नहीं आती। बल्कि रियल स्टेट के रूप में आती है, और कम्पनी द्वारा कोई भी विधि विरूद्ध कार्य नहीं किया गया है।

डायरेक्टर अमित सिंह को फरार दिखाया जाना भी आधारहीन है। कहा गया है कि कम्पनी द्वारा किसी भी सरकारी जमीन का विक्रय नहीं किया गया है। न ही क्रय विक्रय में किसी तरह की स्टांप कमी का कोई नोटिस ही किसी सक्षम न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

# सोनभद्र के नागरिकों को पर्यटन स्थलों से जोड़कर रोजगार दिलाने पर विचार

## डीएम की अध्यक्षता में सोन विहंगम ट्रस्ट की बैठक

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जिलाधिकारी** एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में सोन विहंगम ट्रस्ट की बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में सोनभद्र जिले के सांस्कृतिक पुरातात्विक व पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने पर्यटन स्थलों से जुड़े यानी सोनभद्र जिले के वन उत्पाद यानी स्थानीय उत्पाद से जुड़ें सामानों को बनाने ब्राण्डिंग करने यानी कुल मिलाकर जिले के नागरिकों को पर्यटन स्थलों से जोड़कर उनको रोजगार का अवसर प्रदान करने पर विचार किया गया। बैठक में वनवासी लोगों को रोजगार देने की योजनाओं पर चर्चा की गयी। वन उत्पाद को बेहतर मार्केटिंग देने और स्थानीय लोगों का जीवन स्तर ऊंचा करने पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में तय किया गया कि सोनभद्र जिले में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए सोन विहंगम ट्रस्ट की मदद से मारकुण्डी इंको प्वाइंट पर इंफार्मेशन सेन्टर की व्यवस्था की जाएगी जहां पर आने वाले पर्यटकों को जानकारी देने के साथ ही पर्यटन स्थल पर जाने के लिए वाहन व खान-पान की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में बॉस बनाने के प्रशिक्षण आजीविका शिल्प ग्राम की स्थापना इंको टूरिज्म को विकसित करना सोन इन्फॅर्मेशन की स्थापना सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट शिक्षा स्वास्थ्य आजीविका क्षमतावर्द्धन जिले में स्थापित औद्योगिक इकाईयों के सीएसआर मद से सहयोग सोन विहंगम ट्रस्ट के लिए आय सृजन गतिविधियां एवं क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी।

# परिवार नियोजन साधनों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

## 27 पीएचसी व 183 सब सेंटरों पर खुशहाल परिवार दिवस आयोजित

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जनसमुदाय** में परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता एवं स्वीकार्यता बढ़ाने को लेकर जनपद के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत सब सेंटर लेवल पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य इकाइयों पर आने वाले दंपतियों सहित अन्य उपस्थित लोगों कोपरिवार नियोजन के साधनों के प्रति जहां जागरूक किया गया वहीं इसे अपनाने हेतु लोगों को प्रेरित भी किया गया। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। परिवार नियोजन के नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि शासन स्तर पर प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाना है।

इसी क्रम में सोमवार को जिले के नौ स्वास्थ्य इकाइयों 27 प्राथमिक व 183 सब सेंटरों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत चिन्हित एचआरपी वाली महिलाओं जिनका प्रसव एक जनवरी या उसके उपरांत हुआ है और ऐसे नवविवाहित दंपत्ति जिनका विवाह एक जनवरी या उसके उपरांत हुआ है तथा ऐसे दंपत्ति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे है को लक्ष्य बनाकर उन्हें परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थाई साधनों के प्रति स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन में बास्केट आफ च्वाइस साधनों की जानकारी भ्रांतियों को दूर करने सेवाओं की उपलब्धता स्वीकार्यता प्रोत्साहन धनराशि की जानकारी देने के साथ ही उन्हें परिवार नियोजन के प्रभावकारी साधनों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# और हो गया करोड़ों का हिसाब-किताब!

**स्वर्गवासी एई की आईडी से हो गई करोड़ों की तकनीकी स्वीकृति!**

**आरईडी के सहायक अभियंता आंनद कुमार की चार माह पहले कोरोना से हो गई थी मौत**

**बस्ती और संतकबीरनगर के 1989 ग्राम पंचायतों के कार्यो की दी गई तकनीकी स्वीकृति**

**विभाग के 'बड़े साहब' ने कहा जानकारी होते ही पासवर्ड निरस्त करने को लिखा**

**बस्ती।** सुनने में अजीब लग रहा है, मगर यह सच है कि चार माह पहले कोरोना से स्वर्ग सिधार चुके आरईडी के सहायक अभियंता आनंद कुमार के आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करके बस्ती और जनपद संतकबीरनगर के 23 ब्लॉकों के 1989 ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराए जाने वाले लगभग 140 करोड़ के कामों की तकनीकी स्वीकृति दे दी गई। 40-50 हजार के कामों के आगणन को भारी कमीशन लेकर चार से सात लाख की स्वीकृति दी गई। इस तरह लगभग एक अरब रुपये के मनरेगा का चूना आरईडी के जेई सहित अन्य और प्रधानों एवं सेक्रेटरियों ने लगाया। नियमानुसार बिना तकनीकी स्वीकृति के भुगतान नहीं हो सकता। विभाग के 'बड़े साहब' अरविंद वर्मा ने बताया कि जैसे ही उन्हें पता चला उन्होंने डीसी मनरेगा को पासवर्ड को लॉक करने के लिए लिख दिया। अब कार्यक्रम अधिकारियों पर आंख बंद करके कार्यो की मंजूरी और भुगतान करने का आरोप लग रहा है। बाहर से जो अधिकारी जांच करने आते हैं, वह भी अपना हिस्सा लेकर चले जाते है। सरकार की मंशा को अधिकारी किसतरह धूमिल करके जेबें गरम कर रहे हैं इसका उदाहरण एक स्वर्गवासी सहायक अभियंता के आईडी के जरिए 140 करोड़ के कामों पर मोहर लगाना है। व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं के कामों का टीएस कराना सेक्रेटरी और प्रधान की जिम्मेदारी होती है। जानकारों कादावा है कि अगर चार माह के टीएस की जांच हो जाए तो कई प्रधान और सेक्रेटरी जेल में नजर आएगें। यह तो सिर्फ मनरेगा के कामों के टीएस का सच है। जांच के बारे में जब 'बड़े साहब' से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अब उस व्यक्ति की क्या जांच कराना जो इस दुनिया में नहीं है।

# निरोगी काया मानव के लिए सबसे बड़ा सुखः डा. मनीषा

**संवाददाता।** बीजपुर (सोनभद्र)

**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रिहंदनगर में मिशन शक्ति कार्ययोजना के अंतिम कड़ी में सोमवार को स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धनवंतरी चिकित्सालय रिहंदनगर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा कुलश्रेष्ठ ने छात्राओं से किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों से अवगत कराते हुए पौष्टिक आहार लेने और शारीरिक श्रम व व्यायाम आदि करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आप अपने अपने परिवार एवं समाज और देश के भविष्य हैं। एक शिक्षित एवं स्वस्थ जनसंख्या हीं कार्यश्रम शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में अनेक प्रकार की शारीरिक समस्याएं आती है उनसे प्रभावी तरीके से निपटने के लिए जरूरत के अनुसार चिकित्सकों से अवश्य परामर्श लें। आपके स्वास्थ्य के लिए भारत सरकार ने कठोर कानून के द्वारा बाल विवाह पर प्रतिबंध लगाया है। उत्तम स्वास्थ्य के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।डीएवी संस्कार युक्त शिक्षा देने वाली संस्था है। स्वस्थ रहें शिक्षित बनें संस्कार युक्त बनें। इससे पूर्व स्वागत संबोधन में प्राचार्य राजकुमार ने छात्राओं को बताया कि मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण कारक हैं।

**ड्रोन कैमरे से किया गया घरों का चिन्हांकनः**सैदनपुर (बाराबंकी)। गांव में रहने वाले ग्रामीणों के घरों की घरौनी (ग्राहक स्वामित्व अधिकार) बनाने के लिए गांवों का सीमांकन करने के बाद पहली बार पांच गांवो में ड्रोन कैमरा उड़ा। जिससे सभी के घरों का चिन्हाकन किया गया।तहसील क्षेत्र के गांवों में लेखपाल द्वारा नाप कराने के पश्चात सोमवार को ड्रोन कैमरे से घरों की सीमाओं का चिन्हांकन शुरू कर दिया गया।

## 23को होगी रवि गोष्टी

**देवरिया।** आगामी 23 दिसंबर को भारत भारतीय इंटर कॉलेज भरथुवा देवरिया में जनपद स्तरीय एक दिवसीय रवि गोष्टी का आयोजन किया गया है। इस गोष्ठी में कोविड.19 की महामारी के दृष्टिगत निर्गत दिशानिर्देशों का भी पालन किया जाना होगा इस गोष्ठी में प्रगतिशील कृषक की सहभागिता के साथ.साथ कृषि पशुपालन उद्यान मृदा स्वास्थ्य एवं कृषि रक्षा आदि विषयों पर तकनीकी जानकारी कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी जाएगी। गोष्टी में सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र के 10.10 प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी कराने का निर्देश दिया गया है।

## लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का किया विस्तार

**जौनपुर।** शहर के एक होटल में संस्थापकध्अध्यक्ष शशांक सिंह रानूए सचिव विष्णु सहायए कोषाध्यक्ष सर्वेश जायसवाल व पूर्व संस्थापकध्सचिव चन्द्रशेखर जायसवाल से विचार.विमर्श करने के उपरान्त संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह ने नयी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये घोषणा कर दिया। इसके पहले संस्थाध्यक्ष दिलीप सिंह ने संस्था द्वारा अब तक किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आगामी कार्यक्रमों की घोषणा किया जिसमें मधुमेह परीक्षण शिविरए वृद्धाश्रम में भोजन वितरण और ठंड में गरीबों में कम्बल वितरण आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन सचिव विष्णु सहाय ने किया। अन्त में चन्द्रशेखर जायसवाल ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हर माह की 21 तारीख को मनाया जायेगा खुशहाल परिवार दिवस

**खुटहन,जौनपुर।** समुदाय में परिवार नियोजन सम्बन्धी जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने तथा परिवार नियोजन की व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए प्रत्येक माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक राजेश रावत ने कही। साथ ही आगे बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लक्षित समूह के परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सरायरुस्तम निवासी अनुराग मौर्य के मकान में रविवार की रात्रि दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखा स्टेबलाइजरए बैटरा व इन्वर्टर आदि चोर उठा ले गये। सुबह जब अनुराग ने दरवाजे का ताला टूटा देखा तो दंग रह गया। इसके बाद उसने तत्काल पुलिस को घटना की लिखित तहरीर देकर सूचना दिया।

## प्रदर्शन सूचकांक से बदलेगी बेसिक शिक्षा की तस्वीर

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** पौराणिक नगरी भारत भारी के संविलियन विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भारत भारी में मिशन प्रेरणा की संयुक्त बैठक न्याय पंचायत बढ़नी, परसा इमाद, महुवारा के शिक्षक संकुल तथा प्रधानाध्यापकों की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी श्याम प्रताप सिंह, आरपी अरविंद कुमारए मुस्ताक अहमद, तिलकराम तथा ऐश्वर्य लता की उपस्थिति में बुलाई गई।

खंड शिक्षा अधिकारी ने सेट टू के रिपोर्ट कार्ड वितरण की समीक्षा की तथा निष्ठा प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक लेने का निर्देश दिया।। बैठक को संबोधित करते हुए एण् आर एपी अरविंद कुमार ने मिशन प्रेरणा के तहत प्राप्त होने वाली स्टेशनरी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया।

# रोजगार देकर रोकेंगे पलायन: योगी

**बंद कारखानों के साथ नये रोजगार किये जायेंगे सृजित**

**मुट्ठीभर कर रहे नये कृषि कानून का विरोध**

**एक्सप्रेस.वे अर्थव्यवस्था की होगी रीढ़**





संवाददाता। मऊ

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। यहां पर सभी को रोजगार देकर पलायन को रोकेंगे। मुख्यमंत्री ने बंद कारखानों के साथ नये रोजगार सृजित कराये जाने का भी भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मुट्ठी भर लोग नये कृषि कानून का विरोध कर रहे हैं। जबकि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के लिए बेहतर कानून बनाकर उन्हें हर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया है। श्री योगी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे अर्थ व्यवस्था के लिए रीढ़ साबित होगी। मुख्यमंत्री कलक्ट्रेट स्थित 136ण्35 करोड़ की 27 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास व सुरक्षा शासन की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में पिछले छह साल में किसानों के लिए जितना काम हुआ उतना कभी नहीं हुआ। सीएम योगी ने कहा कि मुट्ठी भर लोग नये कृषि कानून का विरोध कर रहे हैं। नया कृषि कानून बनाकर किसानों को स्वतंत्रता दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि एमएसपी बंद नहीं होगीए लेकिन किसानों को गुमराह करने का प्रयास हो रहा है। किसान खेत को कांटेक्ट खेती के लिए दे सकता हैए लेकिन मालिक तो किसान ही होगा। किसान के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। सीएम योगी ने कहा कि विकास शासन की प्राथमिकता है। 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि हर गरीब को योजनाओं का लाभ देंगे। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। आज बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोगों में खुशियाली लाना सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ा जा रहा है। यह एक्सप्रेस.वे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए विकास में योगदान देगा।

कहा कि बंद कारखानों को चालू कराया जा रहा हैए ताकि यहां के बेरोजगारों को रोजगार मिलने के साथ.साथ पलायन पर भी रोक लगेगी। श्री योगी ने बाढ़ समस्या का स्थायी समाधान पर कार्य किये जाने पर भी जोर देते हुए कहा कि नदिया कहीं भी इधर उधर नहीं जायेंगीए उन्हें एक चैनल देंगेए ताकि नदिया अपने रास्ते पर जा सकेंगे। हर हाल में 15 जनवरी से संवेदनशील जिलों में काम शुरु किया जायेगा। इसके लिए जल शक्ति विभाग को निर्देश दिया गया है। पेयजल की योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश के कंबल कारखानों में बने कंबल से असहायों को राहत दी जा रही है। हमारी सरकारों ने बंद मिलों को चलाया है। चीनी की मिलों को पुनरू चालू कराया है। वहीं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करके प्रदेश का चतुर्दिक विकास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 36 हजार किसानों का कर्जा माफ किया गया है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही साथ 25 करोड़ रुपए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को प्रदान किया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को अधिक से अधिक

# भूगर्भ जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डीएम ने ली बैठक



संवाददाता। देवरिया

**जिलाधिकारी** अमित किशोर भूगर्भ जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विकास भवन गांधी सभागार में जुड़े विभागों की बैठक की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण में प्राथमिकता होनी चाहिए किसी को भी जल का अनावश्यक ब्यय नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है यदि भूगर्भ में जल कम हो जाएगा या इसका क्षरण हो जाएगा तो इससे जीवन में अनेकों कठिनाई आ सकती हैं इसलिए अधिक से अधिक जल को बचाएं उसका संरक्षण करें इस पर विशेष रूप से सभी को कार्य करने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवसायिक एवं उद्योगों से जुड़े संस्थानों आदि को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही जल के संरक्षण के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र लेनी होगी साथ ही कृषि एवं अन्य व्यक्तिगत कार्यों के लिए भी रजिस्ट्रेशन आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि आरओ प्लांट बहुतायत बिना अनुमति के चलाए जा रहे हैं इन्हें नोटिस दिए जाएं तथा उन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी श्री किशोर ने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान प्लांटेशन के लक्ष्य को विभाग वार आवंटित करने एवं सभी को लक्ष्य पूर्ति हेतु पूर्व से तैयारियों को सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद में 9 ऐसे जगह जो 50 हेक्टेयर से अधिक के है उस पर जल संरक्षण एवं प्लांटेशन के लिये मनरेगाएराजस्व आदि को आपसी समन्वय बनाते हुवे कार्य परियोजना बनाये जाने का निर्देश दिया।

# ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता। चकिया,चन्दौली

**किसान** इंटर कॉलेज सैदूपुर के प्रांगण में खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।जिसमे दौड़ में विभिन्न प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

1500 मीटर की दौड़ में इलिया के यशवंत यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ढुन्नु के शशिकांत यादव ने द्वितीय तथा तियरा के मैनुद्दीन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी प्रकार 800 मीटर की दौड़ में मनोज साहनी प्रथमए विपिन यादव द्वितीय तथा विकास यादव तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार कुशवाहा ने फीता काटकर किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि खेलकूद के आयोजन से युवा प्रतिभाओं का शारीरिक विकास होता है। शिक्षा के साथ.साथ समय.समय पर खेलकूद का होना भी जरूरी है। जिससे प्रतिभागियों को अपने प्रदर्शन का अवसर अिवसर मिल सकेए तथा उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

## सर्विलांस के जरिये गुमशुदा 51 मोबाइल बरामद, एसपी ने टीम को दिया ईनाम

संवाददाता। गाजीपुर

**जिले** के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुमशुदा हुए मोबाइलों के संबंध में सर्विलांस सेल द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। सर्विलांस सेल की मदद से 51 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए गए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ0ओपी सिंह ने जिनके मोबाइल फोन चोरी हुए थे उन्हें बरामद मोबाइल सौंपे। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि सर्विलांस सेल द्वारा जनपद के विभिन्न थाना अंतर्गत गुमशुदा मोबाइल फोन उनके आवेदकों को सुपुर्द कर दिया गया है। बरामद 51 मोबाइलों की अनुमानित कीमत सात लाख रुपये बताई जा रही है। वही पीड़ितों ने अपने गुमशुदा हुए मोबाइल पुन: प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर की है और पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बरामदगी में 11 विवो मोबाइलए 7 सैमसंग मोबाइलए 5 ओप्पो मोबाइलए 12 एम आई मोबाइलए 14 रियल मी मोबाइल और 1.1 लेनेवो और लावा मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामदकर्ता सर्विलांस व स्वाट टीम को ?15000 नगद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

# विधायक व जिलाधिकारी ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ

संवाददाता। गाजीपुर



**राष्ट्रीय** फ इलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में ष्मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनष् अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिला अस्पताल के सभागार में मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ संगीता बलवंत एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने फ इलेरिया की दवा खाकर किया। इस मौके पर विधायक ने फाइलेरिया के खात्मे के लिए जनपदवासियों से आगे बढ़कर इसकी दवा खाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए है। इसलिए उन्होने जनपदवासियों अपील की कि वह आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा दी जा रही दवा को खाने में समर्थन करें। यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि इस दवा को कोई भी व्यक्ति खाली पेट न खाएं बल्कि खाना खाने के बाद ही इस दवा का सेवन करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने प्रचार प्रसार के लिए विभागीय अधिकारियोंए सभी ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भी अपील की। उन्होंने प्रत्येक चौराहे पर कार्यक्रम से संबंधित प्रचार.प्रसार सामाग्री लगाए जाने का भी निर्देश दिया।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान बना लिया गया है और इसके अनुसार इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। जनपद में 35ए96ए055 जनसंख्या को फाइलेरिया दवा खिलाये जाने के लिए लक्षित किया गया है । दवा खिलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए 3360 एवं शहरी क्षेत्र के लिए 104 टीम बनाई गई हैं। इन सभी टीमों के सुपरविजन के लिए 632 टीमें काम करेंगी।

## पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री मंत्री शिव प्रताप शुक्ला का जोरदार स्वागत

**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आज सुभाष चौक पर राज्यसभा के मुख्य सचेतक भाजपाएआचार समिति के अध्यक्षएपूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिवप्रताप शुक्ला का फ ूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। श्री शुक्ला मुजहना घाट में भागवत कथा के पूर्णाहुति में शामिल होने सड़क मार्ग से देवरिया से जा रहे थे।सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत दिखे राज्यसभा सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री ने देश के किसानों की चिंता किया है तो वह नरेंद्र मोदी है। प्रधानमंत्री ने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए किसानों के हित में बिल लाया है। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल के नेता किसानों को बरगलाने का कार्य कर रहे है। किसान आंदोलन में किसान कहीं नहीं हैं। सड़क पर केवल विपक्ष के नेता ही दिख रहें है। किसानों को जागरूक करने के लिए 25 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी लाइव आ रहे है। उन्होंने कहा कि आप सभी एक.एक कार्यकर्ता गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करने का कार्य करें। विपक्ष के पास एनडीए की सरकार पर निशाना साधने के लिए कोई मुद्दा नहीं है तो किसानों को ही मुद्दा बना रहे है। लेकिन किसान भी जानते है कि किसानों की चिन्ता केवल पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे है। किसान आंदोलन को विरोधी दलों द्वारा बेवजह हवा देने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन आप सभी विपक्ष



के इस मंसूबे को सफल नहीं होने दे। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने तो साफकह दिया है कि कृषि बिल में क्या कमी है किसान आएं और बताएं कि इस बिल में क्या सुधार होना चाहिए। उसपर भी विचार किया जाएगा। इस कृषि बिल से सबसे पहले बिचौलिए जो किसानों की फसल में मोटी रकम कमाते थेए उनका काम समाप्त हो गया है। किसान तक अब सरकार की सभी योजनाएं आसानी से पहुंचेगा। इसलिए विपक्ष किसानों को मुद्दा बनाने का कार्य कर रही है।इस मुद्दे पर आप सभी जहाँ रहे किसानों को एलोगों को जागरूक करते रहे और कृषि बिल की सच्चाई बताते रहे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित हुआ खुशहाल परिवार दिवस



**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक महीने की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जिससे आने वाले समय में समुदाय में परिवार नियोजन सम्बन्धी जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाने एवं परिवार नियोजन के व्यापक प्रचार.प्रसार को बल मिल सके । इसी को लेकर सोमवार को जिला अस्पताल के सभागार में खुशहाल परिवार दिवस का शुभारंभ सदर विधायक डॉ संगीता बलवंत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने खुशहाल परिवार दिवस के अंतर्गत लोगों को छोटा.सीमित और स्वस्थ.खुशहाल परिवार रखने के लिए विशेष अभियान की सराहना की और बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रदेश के 75 जनपद में चलाया जा रहा है जिसमें 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चले जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में महिला नसबंदी और अंतरा इंजेक्शन में जनपद में प्रथम स्थान लाया थाए जो जनपद के लिए सुखद संदेश है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ के के वर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त ब्लॉकों में संचालित होने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों व उप केंद्रों के माध्यम से परिवार नियोजन के संसाधन जिसमें कंडोमए माला एनए अंतरा इंजेक्शनए छाया गोली का वितरण किया जा रहा । साथ ही दंपत्ति को पुरुष और महिला नसबंदी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही 129 महिलाओं ने कॉपर.टी अपनायाए प्रसव पूर्व आईयूसीडी 13 महिलाओं ने अपनायाए 1292 महिलाओं ने अंतराए 595 छायाए 774 माला.एन और 5363 कंडोम का वितरण किया गया था। दूसरी ओर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर के अंतर्गत खुशहाल परिवार दिवस का उद्घाटन चिकित्सा अधिकारी डॉ इमाम हुसैन एवम बीपीएम बबीता सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूरे ब्लॉक में एएनएमए आशा संगिनी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें कुल 34 अंतराए 45 छायाए 509 कंडोमए 432 माला एन का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लाक स्तर पर 22 दिसम्बर को होने वाले महिला नसबंदी के लिए कुल 45 महिलाओं का पंजीकरण व माह के अंत में में होने वाले पुरुष नसबंदी कैंप के लिए पाँच पुरुषों का पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर सुनील कुमार बीसीपीएम ए आशुतोष कुमार डाटा ऑपरेटर एवं अन्य कर्मचारियों उपस्थित रहे।

## प्रह्लादपुर और डबरिया में बना पंचायत भवन



**धानापुर,चन्दौली।** रविवार को सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने प्रह्लादपुर और डबरिया में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया। पंचायत भवन के अभाव में गांव का विकास कार्य जहां प्रभावित हो रहा था वहीं आम जनता को काफी परेशनी का सामना करना पड़ रहा था जिसको देखते हुए पंचायत भवन का निर्माण कराया गया। विधायक सुशील सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के उस गांव तक विकास कार्य को पहुचाने का कार्य कर रही है जहां पिछले सरकार में विकास कार्य नही हो पाए थे। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि कोई भी समस्या हो किसी भी माध्यम से तत्काल अवगत कराएं ताकि समय से समस्याओं के निराकरण किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को जनता दर्शन में भी मुझ से मिलकर अवगत करा सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाओं के साथ सम्मान किया। इस दौरान मुख्य रूप से सुरेंद्र मौर्यए मिंटू सिंहए सियाराम बिन्दए फगू राम गोंडए गुत्तेश्वर तिवारीए संजय तिवारीएरामलाल बिन्दए रमेश सिंहए अरविंद कुमार सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

## पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करूंगा: गौरव सिंह

**जौनपुर।** पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी हैए उसका मैं पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करूंगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने के साथ ही पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को पुन: प्रदेश की कमान सौंपने में कोई कोर.कसर नहीं छोडूंगा। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के नवचयनित जिला उपाध्यक्ष एवं टीडीपीजी कालेज के वरिष्ठ छात्र नेता गौरव सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कही। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर तमाम सपाजनों की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष भानु प्रताप मौर्य ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा। इस पर उपस्थित लोगों ने जहां माल्यार्पण करके उनका स्वागत कियाए वहीं पार्टी के वरिष्ठ जनों द्वारा उन्हें मनोनीत प्रमाण पत्र दिया गया। श्री सिंह ने लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप मौर्य सहित युवजन सभा एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं समाजवादी पार्टी को आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

# भगवान भक्तों के चरण पकड़ने वालों का पहले उद्धार करते हैं: मोरारी बापू



संवाददाता। मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर

**भगवान** अपने भक्त का उद्धार तो करते ही हैं लेकिन जो भगवान के भक्त का चरण पकड़ लेता हैए उसका उद्धार पहले करते हैं। गजेन्द्र मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि गजेन्द्र का उद्धार करने से पहले भगवान ने ग्राह का पहले उद्धार किया। गजेन्द्र का साथ जब उसकी पत्नी बच्चों ने छोड़ दिया और वह डूब रहा है और ग्राह उसको जल में नीचे खींचे जा रहा है तब उसने भगवान को पुकारा. हे गोविन्द राख शरण अब तो जीवन हारे। भगवान दौड़ते हुए आए और गजेन्द्र का उद्धार किये लेकिन उसके पहले उस ग्राह का भी उद्धार किये। उक्त उद्गार नगर के कटरा मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार की शाम श्रद्धालुओं के बीच पुष्कर धाम से पधारे महामण्डलेश्वर दिव्य मोरारी बापू ने व्यक्त किया। मुख्य यजमान पूर्व चेयरमैन कपिलमुनि व सुरेश सेठ रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सन्त घनश्याम दास जी महाराज ने किया।

## आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहीं महिलाएं: डा.अंजना

**जौनपुर।** हिन्दू भगवा वाहिनी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। नगर के स्थित शक्तिपीठ मैहर देवी मंदिर परमानतपुर में आयोजित शिविर का प्रारम्भ डाण् रमेश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष वाणिज्य प्रकोष्ठ एवं डाण् अंजना सिंह प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात् डाण् अंजना सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी से कम नहीं हैं। चाहे विज्ञान और टेक्नोलॉजी की बात हो या सामाजिक सेवा कीए हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा ही तत्पर दिखती हैं। उन्होंने कहा कि आज आजादी के लगभग 7 दशक बाद भी यदि महिला शक्ति को जलील होना पड़े तो निश्चित तौर पर यह शर्म की बात है। हमें नारी के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिये। इसी क्रम में प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप तिवारी ने एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया। साथ ही महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर महिला शाखा की जिला महामंत्री सीमा तिवारी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते दिया।

## एसएसबी के जवान की दुर्घटना में मौत,गांव में शोक की लहर

संवाददाता। धानापुर,चन्दौली

सशत्र सीमा बल में तैनात कस्बा निवास आसिफ खान की लखनऊ में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जिसकी जानकारी होते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। जवान के घर उनके परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। बताया जाता है कि वर्ष 2011 में आसिफ खान पुत्र इसरार खान ;मानरद्ध ने अपने कठिन परिश्रम और देशभक्ति के जज्बे के साथ एसएसबी में भर्ती हुआ था और इस समय लखनऊ में तैनात था।

रविवार की रात वह किसी कार्य से ऑटो द्वारा कहीं जा रहा था तभी किसी बड़े वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दिया जिसमें जवान के सर में गंभीर चोट आई घायलावस्था में भी उसने हिम्मत नही हारी और अपने कंपनी और रिश्तेदारों को फ़ोन से सूचना देकर बेहोश हो गया। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी उसके पिता को दी गयी लेकिन पिता ने पूरी रात घर मे किसी को बताने की हिम्मत नही जुटा पाएए सुबह जब लोगों की भीड़ लगनी शुरू हुई और इसकी जानकारी उसके मां और बहनों को हुई तो मानो कोहराम मच गया मांए बाप और बहनों सहित सभी लोगों का रो रो कर बुरा हाल था। आसिफ 4 भाइयों और 3 बहनों में तीसरे नम्बर पर था जो घर की जिम्मेदारी उठा रहा था। दिन में दो बजे जवान का पोस्टमार्टम हुआ और शव को परिजनों को सौंप गया। देर रात तक जवान का शव धानापुर पहुचने की उम्मीद है मंगलवार को जवान के शव को सुपुर्दे खाक किया जाएगा। जवान के घर सांत्वना देने वालों का ताता लगा हुआ है।

**19 को लगाया था छुट्टी की अर्जी**

**धानापुर।** एसएसबी जवान आसिफ ने अपने अधिकारियों को विगत 19 दिसंबर को छुट्टी की अर्जी लगाई थी लेकिन किन्ही कारणों से छुट्टी स्वीकार नही हुई। जिससे उसके घर आने का सपना पूरा नही हो सका और दो दिन बाद ही उसका शव घर आ गया। जवान का दो साल पूर्व कसेरा गाज़ीपुर में रोजी से शादी हुई थी। जवान को लगभग 8 महीने की एक पुत्री है जो अपने पिता के मौत से अनभिज्ञ है।

## उपभोक्ताओं को अच्छी सेवा देना ही मेरा परम कर्तव्य है: भूपेन्द्र सिंह

**जफराबाद, जौनपुर।** यूनियन बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह को आये लगभग 6 महीने हुये हैं लेकिन उन्होंने आते ही बैंक की दुर्दशा बदलकर एक मिसाल कायम कर दिया। बता दें कि पहले यह बैंक जफराबाद बाजार के बीचों.बीच था जहां कई वर्षों से बैंक के सभी कार्य किए जा रहे थे। इधर कुछ दिनों से बैंक की जर्जर हालत को देखकर शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर को पत्र लिखकर अवगत कराये कि पूर्व के स्थान पर बैंक की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी किसी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बैंक के छत के जर्जर हो जाने से प्रतिदिन छत के छोटे.छोटे टुकड़े गिरते रहते थे। कर्मचारियों सहित बैंक के उपभोक्ताओं को देखते हुए प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने ठान लिया कि इस बैंक को कहीं और परिवर्तित कराना है। ऐसे में ग्राहकों सहित कर्मचारियों की भलाई है। इसी को लेकर प्रबंधक ने बैंकों परिवर्तित कराते हुये नये स्थान पर उसका सुंदरीकरण करवाकर एक मिसाल कायम कर दिया।

# प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाएं: डीएम

## कोई भी गरीब व असहाय व्यक्ति सड़क के किनारे ना सोने पाए

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों को कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत अपन-अपने तहसील अंतर्गत अलाव रैन बसेरे का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये जिससे कि लोगों को ठंड से बचने का एक उपाय मिल सके। रात्रि में भी अधिकारियों द्वारा अलाव जलाये जाने की आकस्मिक चेकिंग भी की जाये। इस ठंड के मौसम में यदि किसी व्यक्ति के पास निवास की व्यवस्था नहीं है तो सभी नगर निकायों में रैन बसेरों की स्थापना की गई है। सभी व्यक्ति इन रैन बसेरों का उपयोग कर सकते है। इन रैन बसेरों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गई है। अतः कोई भी व्यक्ति इस ठंड में बाहर न सोए और रैन बसेरों का अधिकाधिक उपयोग करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उनके तहसीलों में कम्बलों की आपूर्ति की जा चुकी है जो भी लाभार्थी इस हेतु पात्र हैं उन सभी लाभार्थियों को शीघ्र ही कम्बल का वितरण कर दिया जाये, साथ ही इन सभी लाभार्थियों का विवरण भी रख जाये तथा राहत पोर्टल पर इन व्यक्तियों का विवरण भी फीड किया जाये।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि वह क्षेत्र में स्वयं भ्रमण करते रहे। ऐसा कोई भी व्यक्ति बाहर न मिले जिसके रहने की व्यवस्था ठंड में नहीं है।

इन सभी व्यक्तियों को जो कि पात्र हो उन्हें तत्काल कम्बल दिलाया जाये। जिन व्यक्तियों को ठंड में रूकने की व्यवस्था नहीं है उन्हें रैन बसेरों में रहने के लिये बताया जाये।

### डीएम ने निर्माणाधीन संपर्क मार्ग का किया निरीक्षण



**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे रामगंज-शाहगढ़-भुसियांवा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। बताते चलें कि 15.91 करोड़ की लागत से सात मीटर चौड़े रामगंज-शाहगढ़-भुसियांवा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है साथ ही गुलालपुर ड्रेन पर 1.76 करोड़ की लागत से पुलिया का भी निर्माण कराया जा रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने आज उक्त कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को संपर्क मार्ग में मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क मार्ग का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि राकेश चौधरी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## फांसी के फंदे से झूलती मिली दो युवकों की लाश

जगदीशपुर (**अमेठी**)। बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अलग अलग स्थानों पर फांसी के फंदे से लटकता मिला दो युवकों का शव घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव हुसैनगंज कला गांव निवासी मनोज कुमार उर्फ पिन्टू पुत्र राकेश (25 वर्ष) जो प्रतिदिन की तरह भोजन के उपरांत रात को अपने कमरे में सोने चला गया सुबह जब परिजनों ने कमरे में जा कर देखा तो छत के कुंडे के सहारे लटकती देख कर दंग रह गए। वहीं दूसरी घटना कमरौली थाना क्षेत्र स्थित बीएचईएल नशेमन होटल में बीती रात होटल में कार्य कर रहे बेटर अंकित द्विवेदी (22 वर्ष) निवासी रायपुर कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की लाश कमरे में कुंडे के सहारे झूलती देख कर होटल के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

## एसडीएम के आदेश पर विपणन निरीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### धान खरीद में लापरवाही के मामले में

संवाददाता। बाराबंकी

**धान** खरीद में बड़े पैमाने पर की गयी धाधंली की पोल खुलने लगी है। सोमवार को धान खरीद केन्द्र बन्द होने एवं लापरवाही बरते जाने के आरोप मे एक विपणन निरीक्षक के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा एवं कोविड प्रोटोकाल के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है, इससे विभाग मे हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को क्षेत्रीय विधायक के साथ उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट दिव्यांशु पटेल ने मथुरानगर दरियाबाद केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी नदारद मिले। वही मौके पर किसानों की भीड़ मिली। किसानो ने पूछे जाने पर बताया कि बीते तीन दिनों से उक्त केन्द्र पर खरीद नही हो रही है, जिससे किसान परेशान है। इसपर उप जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कारवाई हेतु जिलाधिकारी का पत्र लिखा था। सोमवार को अनुमति मिलने के पश्चात् उपजिलाधिकारी के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने दरियाबाद थाने में पहले तो उक्त एमआई के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस कारवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल अभी तक विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया नही आयी है लकिन संघ इस कारवाई को लेकर अंदर ही अंदर आन्दोलित है।

## कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट तथा फायरिंग के जरिए दहशत फैलाने का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अगई सभा का पुरवा निवासी बृजेश कुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती 22 अक्टूबर को वह घर पर था। सुबह आठ बजे गांव के समर बहादुर सिंह, अमित सिंह व राय साहब एक होकर लाठी डंडे व तमंचे से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके।

आरोपियों ने पीड़ित को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। मारपीट मे पीडित का हाथ टूट गया। शोर मचाने पर आरोपी तमंचे से फायर करते हुए दहशत का माहौल बनाते चले गये। आरोपियो ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने जांच के नाम पर केस नही दर्ज किया। इसके बाद पीडित ने कोर्ट मे फरियाद की।

## मॉडल ग्राम के रूप में विकसित होगा चयनित आदर्श गांव

संवाददाता। बाराबंकी



**सांसद** द्वारा चयनित सांसद आदर्श ग्राम शाहपुर विख मसौली सोमवार को महाचौपाल का आयोजन किया गया। चयनित ग्राम में विकास से सम्बन्धित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व खण्ड स्तरीय अधिकारी तथा पंचायत स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें। सर्वप्रथमविभागों से सम्बन्धित आदर्श ग्राम में किये गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा अग्रिम कार्य योजना भी प्रस्तुत की।

चौपाल में बिजली विभाग से अधिकारी ध् कर्मचारी नदारत रहे। तत्पश्चात सांसद आदर्श ग्राम की रुपरेखा के बारे में जिले के जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह ने बतायाकि सांसद ने शाहपुर ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया है इस ग्राम में मूलभूत सुविधाओं का आभाव नही होने दिया जायेगा। सांसद आदर्श ग्राम का मतलब है कि पक्के रास्ते,पक्की नालियां, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ, उन्नतिशील कृषि, स्वच्छता, बिजली आदि सुविधाएँ ग्राम में सुव्यवस्थित ढंग से होनी चाहिए इस ग्राम को एक माडल ग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा। महाचौपाल को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि हर वर्ष एक सांसद आदर्श गाँव का चयन किया जाना है उसी के क्रम में मेरे द्वारा अति पिछड़े ग्राम शाहपुर का चयन किया गया है ग्राम पंचायत के अंदर सभी तरीके की मूल भुत आवश्यकताओं का पूर्ण रूप से विकास प्रशासन द्वारा किया जायेगा।

सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने ग्राम में संचालित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा नई रौशनी योजना के तहत अल्पसंख्यक महिलाओं का छरू दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। तथा महा चौपाल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।

## दीर्घायु व स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद आपनाएं

रामनगर (**बाराबंकी**)। दीर्घायु व स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद को अपनाएं जिससे शरीर में उत्पन्न हो रहे विकार शत प्रतिशत नष्ट हो।

उक्त बातें विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत बिछलखा निवासी समाजसेवी मनोज मिश्रा ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अंग्रेजी दवाओं का परहेज करना चाहिए। आयुर्वेद का अनुसरण करो जिससे आप निरोग रहेंगे। स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम में अस्थमा, गैस, शुगर, बीपी, बाबासीर, गठिया, बाई- जोड़ों का दर्द, एलजी, स्त्री व पुरुष रोग लीवर टीवी आदि अनेक प्रकार की बीमारियों के बारे में विस्तृत चर्चा डॉक्टर आलोक वर्मा ने की। ग्राम वासियों के निशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सचिन मिश्रा ने बताया कि करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों को निशुल्क दवा वितरण की गई।

## रोके जाने से नाराज किसान नेताओं ने किया आत्मदाह का प्रयास

संवाददाता। बाराबंकी



**लखनऊ** कूच के लिए रोके जाने से नाराज किसान पदाधिकारियों ने सोमवार को नवीन मंडी में मिट्टी का तेल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया मगर मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने ऐसा करने से पहले ही उन्हें अपने कब्जे में ले लिया, जिससे वे आत्मदाह नही कर सके।

इससे पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुच कर अधिकारियों ने मान-मनौव्वल की और मांगो के निस्तारण का आश्वासन दिया, तब जाकर आक्रोशित किसान माने। बताते चले देश मे इस वक्त किसानो के विभिन्न दल प्रदर्शन कर रहे हैं और जिले में भी धान खरीद को लेकर सभी किसान दल आंदोलित हो गए हैं।

जिसके तहत भारतीय किसान यूनियन भानू ने ऐलान किया था कि वो आन्दोलन के समर्थन मेंसोमवार को लखनऊ कूच करेंगे। किसानों के इस ऐलान पर प्रशासन भी सतर्क हो गया था और सुबह से जगह जगह बैरिकेटिंग करने के साथ भारी पुलिसबल को तैनात किया गया था। सोमवार की सुबह जब किसाान कार्यकर्ता निकले तो उन्हें लखनऊ जाने से ही रोक दिया गया इससे नाराज किसानों ने मंडी पर पहुचकर हंगामा किया और सरकार विरोधी नारे लगाये यह सिलसिला चल ही रहा था कि इसी बीच संगठन के पदाधिकारी प्रदेश प्रभारी आशु चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष रोहित द्विवेदी, छात्र संघ जिलाध्यक्ष अपुल वर्मा ने मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी इस बीच मौके पर पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया और इसकी सूचना प्रशासन को दी तो उसके भी होश उड़ गये। जिलाधिकारी सहित अधीनस्थ अधिकारी भी मौके पर पहुच गये और आन्दोलित किसानों की प्रत्येक समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तब जाकर आक्रोशित किसान माने।

## डीएम के निर्देश पर सभी गौशालाओं पर लगाए गए त्रिपाल

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में स्थापित सभी गौशालाओं पर गायों को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था कराई गई है। प्रभारी सीवीओ ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा गौशालाओं पर गायों को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि त्रिपाल लग जाने से गौशाला के अंदर ठंडी हवा प्रवेश नहीं कर पाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि गायों को ठंड से बचाने के लिए जूट के बोरे से निर्मित काऊ कोट की व्यवस्था भी की जा रही है। कड़ाके की ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी गौशालाओं पर त्रिपाल व बिछावन हेतु पराली का उपयोग किया जाए।

### सरकारी गौशालाओं में दम तोड़ रही गाएं: जैन

**ललितपुर**। कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ललितपुर में सरकारी गौशालाओं में गाएं दम तोड़ रही हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। गौशालाओं की हालत बहुत दयनीय है और यहां आए दिन भूख प्यास और उपचार के अभाव में कई गायों की मौत हो चुकी है और हो रही है जिसके चलते जिला अधिकारी द्वारा कुछ संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है गौशालाओं में गायों की मौतों को लेकर सभी राजनैतिक दलों में आक्रोश व्याप्त है।

## ट्रैक्टर के नीचे दब कर किशोर की मौत

संवाददाता। फ्तेहपुर (**बाराबंकी**)

**सोमवार** को बेलहरा कस्बे के जंगरा के निकट ट्रैक्टर पर बैठा किशोर अनियन्त्रित होकर नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

थाना महमूदाबाद के गौरिया निवासी आलोक मौर्या का 17 वर्षीय पुत्र आदित्य ट्रैक्टर ट्राली से रामपुर मथुरा से ईंट उतारकर वापस जा रहा था कि कस्बे के जंगरा के निकट ट्रैक्टर अनियन्त्रित हो गया जिससे उस पर बैठा आदित्य नीचे गिर गयाऔर गम्भीर रूप से घायल हो गया।जब तक उपचार के लिये लोग ले जाते तब तक आदित्य की मौत हो गईसूचना पाकर कर मौकेपर पहुंचे थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र की पुलिस चौकी छेदा प्रभारी छोटू चौधरी ने ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। वही अकेला पुत्र होने के कारण परिवारीजन का रो-रो कर बुरा हाल था।

## दुर्लभ प्रजाति के कछुओं के साथ बाल अपचारी गिरफ्तार



**बाराबंकी**। वन विभाग व पुलिस की टीम ने रविवार की देरशाम एक बाल अपचारी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के छह कछुए व एक सूजा बरामद करके कार्यवाई की है। विवरण के मुताबिक मसौली पुलिस व वनविभाग की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के शहाबपुर जहांगीराबाद मार्ग पर राजकीय इंटर कॉलेज के पास से दो लोगों संदिग्ध हालत में देखा तो उसमे एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया वहां से पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूंछताछ की तो उसने बताया उसे बेचने के लिये 500 रुपये मिलते हैं पुलिस ने उसे हिरासत में लिया उसके कब्जे से पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के छह कछुआ (फ्लेप सेल टरटिल शेड्यूल) व एक सूजा बरामद किया है जबकि दूसरा व्यक्ति मौके से फरार हो गया। बाल अपचारी ने पूछताछ में बताया कि उसका फरार साथी अपने किसी जानने वाले को बेचने जा रहा था उसे इसकी मजदूरी के रूप में पैसे मिलते है बाल अपचारी विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई मसौली पुलिस ने की है।

## भौतिक सुखों में नहीं त्याग करने से मिलता है सुख: विकाम्या माता

फतेहपुर(**बाराबंकी**)। आर्यिका विकाम्या श्री माता जी के संघ का फ्तेहपुर के श्री पार्शनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के त्यागी भवन में प्रवास के चौथे दिन सोमवार को अभिषेक पूजन आरती के बाद प्रवचन में माता जी ने कहा कि जो मनुष्य भौतिक सुखों में न पड़कर त्याग की ओर चलते है वह आगे काफी सुख पाते और जो लोग भौतिक सुख में विलप्त हो जाते हैवो आगे चलकर काफी दुख पाते है। जैसे सोने को जब आग में तपाया जाता हैतो वह खरा सोना बन जाता है। ऐसे ही अपने जीवन मे तप करके जीवन को खरा बनाना है।उहोने कहा कि जैसे सन्त सर्दी,गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना अपनी चर्या करते रहते है और वह अपने को मोक्ष मार्ग की ओर ले जाते है।वैसे ही मनुष्य यदि भोग विलासिता में न पड़े तो वह अपना जीवन सफल बना सकता है। मनुष्य के जीवन मे सुख और दुख दोनों आते है।

## विहिप ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता। रामनगर (**बाराबंकी**)

**विहिप** के जिला उपाध्यक्ष डॉ आरपी दुबे, प्रखंड अध्यक्ष एसपी शुक्ला, प्रखंड मंत्री राहुल कुमार वर्मा, बजरंग दल नगर संयोजक विश्वनाथ शर्मा, प्रखंड गौ सेवा प्रमुख मोहित अवस्थी व राकेश पाठक ने रामनगर तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर धान क्रय केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता की जांच की मांग की है। विहिप के कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय मांग पत्र देकर एसडीएम राजीव कुमार शुक्ला से धान क्रय केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध समिति बनाकर जांच की मांग की। धार्मिक स्थलों व मंदिरों पर निवास करने वाले साध-संतों के लिए कम्बल व अलाव के प्रबंध के साथ ही चौराहा व ग्रामीण अंचल में रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। छुट्टा गौवंशीय पशुओं को गौशालाओं भेजने की मांग के साथ ही गौशालाओं में रह रहे गौवंशीय पशुओं के ठंड से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम किए जाने के मुद्दों को उठाया।

## देश ने खो दिया एक ईमानदार नेता: प्रमोद

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**कांग्रेस** पार्टी के दिग्गज नेता मोती लाल बोरा के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने गहरी पीड़ा व्यक्त की है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोती लाल बोरा के निधन से देश ने एक विश्वस्तरीय पहचान रखने वाले ईमानदार नेता को खो दिया है। वहीं उन्होनें बोरा जी के द्वारा देश तथा प्रदेश व प्रतापगढ़ के विकास मे दिये गये योगदान को सदा सर्वदा के लिए अविस्मरणीय ठहराया।

प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास मे प्रदेश के राज्यपाल के रूप मे बोरा जी के द्वारा सई नदी पर अगई पुल व लालगंज मे एक सौ बत्तीस क्षमता के विद्युत घर व रामपुर बावली पावर हाउस तथा जिले के गायघाट व तेजगढ़ घाट पर पुलों की स्वीकृति को अविस्मरणीय ठहराया है। उन्होने कहा कि राजनीति मे बोरा जी पहचान एक विनम्र तथा सुशील नेता के रूप मे सबको साथ ले चलने की अभूतपूर्व क्षमता भी देश नही भुला सकेगा। प्रमोद तिवारी ने बोरा जी के जिले मे स्वनामधन्य पं. मुनीश्वर दत्त उपाध्याय जी की जयंती पर आगमन के दौरान जिले के विकास की कई घोषणाओं के साथ उनके अनुरोध पर कई विद्यालयों को ग्राण्ट इन ऐड की स्वीकृति प्रदान करने की स्मृति को भी नमन किया। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी बोरा जी के निधन को अत्यन्त दुखद ठहराते हुए इसे पारिवारिक क्षति कहा है। इधर मोती लाल बोरा के निधन की जानकारी होते ही लालगंज नगर स्थित विधायक मोना के कैम्प कार्यालय पर भी कार्यकर्ताओं ने बैठक के जरिये श्रद्धासुमन अर्पित किये। कैम्प कार्यालय पर बोरा के सम्मान मे पार्टी का ध्वज झुका दिया गया।

### प्रमोद को योजना आयोग का उपाध्यक्ष बनाकर बेल्हा का बढ़ाया था सियासी कद

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप मे मोती लाल बोरा का प्रतापगढ़ खासकर रामपुरखास के विकास से गहरा नाता रहा। मोतीलाल बोरा ने राज्यपाल के रूप मे प्रतापगढ़ के सियासी कद को भी बढ़ाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को उन्होनें प्रदेश राज्य योजना आयोग का उपाध्यक्ष बनाकर कैबिनेट मंत्री का रसूख दिया। प्रमोद तिवारी के अनुरोध पर मोती लाल बोरा प्रतापगढ़ जिले मे राज्यपाल के रूप मे कई बार आये। रामपुर खास के लालगंज मे बोरा ने प्रमोद तिवारी के साथ 132 केवीए विद्युत घर का लोकार्पण कर बड़ी सौगात दी। प्रतापगढ़ रायबरेली सीमा के सई नदी के अगई घाट पर पक्के पुल की भी सौगात मोती लाल बोरा ने राज्यपाल शासन मे दी। वहीं रामपुरखास के रामपुर बावली मे भी पावर हाउस की सौगात बोरा ने प्रमोद तिवारी के प्रस्ताव पर प्रदान किया था।

## शहर की पांच दुकानों का शटर तोड़कर चोरी

**प्रतापगढ़**। चौक में मेडिकल स्टोर से हुई पौने चार लाख की चोरी का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि चोरों ने फिर पुलिस को चुनौती दे दी। रविवार रात चोर पांच दुकानों का शटर तोड़कर नकदी व सामान उठा ले गए। चोरों का बेखौफ अंदाज देख पुलिस गश्त पर लोग सवाल उठा रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर मोहल्ले में बंधन बैंक के बगल ब्रांडेड रेडीमेड कपड़े का शोरूम है। रविवार रात चोर शटर को टेढ़ा करके हजारों का सामान व गल्ले में रखे करीब 53 हजार रुपये उठा ले गए। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक भोर में चार बजे दो युवकों ने घटना अंजाम दी है। दोनों चेहरे में मास्क लगाए थे। बोरी में भरकर नए कपड़े भी ले गए। इसी तरह भगवा पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर स्थित अरुण प्रताप सिंह की ऑटो पॉर्ट्स की दुकान से लगभग 32 हजार रुपये व लगभग 20 हजार रुपये कीमत का ऑयल चोरी कर ले गए।

## खुले में शौच मुक्त अभियान को पलीता लगा रहे हैं ग्राम प्रधान और सेक्रेट्री

### दर्जनों गांव में बनने के बाद भी अधूरे पड़े हैं शौचालय

संवाददाता। फतेहपुर (बाराबंकी)

**विकास** खंड सूरतगंज क्षेत्र की अनेकों ग्राम पंचायतों में अधूरे पड़े शौचालय न सिर्फ प्रशासन के वादे की पोल खोल रहे हैं बल्कि सरकार के खुले में शौच मुक्त अभियान को पलीता लगा रहे हैं। जिसके चलते अभी भी दर्जनों ऐसे गांव हैं जहां सैकड़ों लाभार्थियों के शौचालय पूरे नहीं होने से लोग खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं कुछ शौचालय तो जर्जर होने से अपना अस्तित्व तक खोते जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह ग्राम प्रधान व सचिव की मनमानी बताई जा रही है। लगता है ग्राम प्रधान ने सिर्फ पैसा निकाल कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है अधूरे पड़े शौचालय ओडीएफकी हकीकत बयां कर रही हैं।स्थिति यह है कि उक्त गांव में जितने भी शौचालय ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए थे लगभग ज्यादातर शौचालय जर्जर होकर प्रयोग के लायक नहीं बचे हैं किसी में छत नहीं है तो किसी ने दरवाजा नदारद है जिससे मजबूर होकर बच्चे व महिलाएं बाहर खुले में शौच करने को मजबूर हैं लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। प्रधान व सचिव ने शौचालय के नाम पर एक मोटी रकम हासिल कर खानापूर्ति कर अपना दामन झाड़ लिया गांव के लाभार्थियों का कहना है की जर्जर शौचालय में जाना किसी मुसीबत से कम नहीं लाभार्थियों का आरोप है की खस्ताहाल शौचालय दुरुस्त कराने के लिए कई बार गुहार लगाई जा चुकी है मगर ना प्रधान न सचिव कोई भी शिकायत सुनने को तैयार नहीं है जिससे बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### सांड की जोरदार टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**बाराबंकी**। रविवार की देरशाम अपने घर लौट रहे बाइक सवार की आवारा सांड की जोरदार टक्कर सेएक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कटाई मजरे परवरभारी गांव के निवासी ओंकार का (26 वर्ष) का बेटा प्रदीप कुमार पास में स्थित बाजार कुछ सामान खरीदने गया हुआ था देरशाम वापस आते समय गांव के बाहर मौजूद एक आवारा सांड ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

## खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन समिति की बैठक आयोजित

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संकलित किए गए नमूनों की जानकारी लीए जिस पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष 448 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 93 नमूने संकलित किए गए हैं साथ ही 38 प्रकरणों में 454000 का अर्थदंड भी लगाया गया है। इसके साथ ही बिना लाइसेंस के 10 प्रतिष्ठान पर कार्यवाही की गई हैए दूध के 17 नमूने लिए गए जिसमें से 8 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मिलावट को लेकर होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंटोंट, मेडिकल स्टोर, बेकरी, आयल मिल, दूध कलेक्शन सेंटर पर छापेमारी कर अधिक से अधिक नमूने संकलित कर जांच करने के निर्देश दिए।